चैत्र शुक्ल पक्ष द्वितीया
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

बुधवार, 10 अप्रैल 2024
वर्ष-34, अंक-74, पृष्ठ-16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य- 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

मानवीय संकट अस्वीकार्य, गाजा में युद्धविराम की मांग 16

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर 15

रामदेव ने सुप्रीम कोर्ट से मांगी माफी

नई दिल्ली, एजेंसी

योग गुरु रामदेव और पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आचार्य बालकृष्ण ने अपने औषधीय उत्पादों की प्रभावकारिता के बारे में दावे करने वाले विज्ञापनों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में बिना शर्त माफी मांगी है।

कोर्ट में दाखिल दो अलग-अलग हलफनामों में रामदेव और बालकृष्ण ने शीर्ष अदालत के पिछले साल 21 नवंबर के आदेश में दर्ज बयान के उल्लंघन के लिए क्षमा याचना की है। शीर्ष अदालत ने 21 नवंबर, 2023 के आदेश में कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील ने उसे आश्वासन दिया था कि अब से खासकर पतंजलि आयुर्वेद

पतंजलि के विज्ञापन का मामला

- मीडिया में बयान देने पर शीर्ष अदालत ने जताई थी अप्रसन्नता

द्वारा निर्मित और विपणन किए गए उत्पादों के विज्ञापन या ब्रांडिंग के संबंध में किसी भी कानून का उल्लंघन नहीं होगा। पतंजलि ने यह भी कहा था कि प्रभावकारिता के संबंध में या चिकित्सा की किसी भी पद्धति के खिलाफ कोई भी बयान किसी भी रूप में मीडिया में जारी नहीं किया जाएगा। शीर्ष अदालत ने कहा था कि पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड इस तरह के आश्वासन का पालन करने के लिए बाध्य है।

आश्वासन का पालन नहीं करने और उसके बाद मीडिया में बयान जारी किए जाने पर शीर्ष अदालत ने अप्रसन्नता व्यक्त की थी। न्यायालय ने बाद में पतंजलि को कारण बताओ नोटिस जारी किया कि क्यों न उसके खिलाफ अवमानना कार्यवाही शुरू की जाए। शीर्ष अदालत में दाखिल अपने हलफनामे में रामदेव ने कहा है कि मैं विज्ञापनों के संबंध में बिना शर्त माफी मांगता हूं। मुझे इस गलती पर गहरा अफसोस है और मैं अदालत को आश्वस्त करना चाहता हूं कि इसे दोहराया नहीं जाएगा।

हाईकोर्ट ने केजरीवाल की गिरफ्तारी को सही ठहराया

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की उस याचिका को मंगलवार को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में अपनी गिरफ्तारी को चुनौती दी थी। केजरीवाल को संबंधित मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 21 मार्च को गिरफ्तार किया था। अदालत ने कहा कि गिरफ्तारी को लेकर कानूनी प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं हुआ और केजरीवाल के ईडी रिमांड को भी अवैध नहीं ठहराया जा सकता। केजरीवाल वर्तमान में न्यायिक हिरासत में हैं। उन्होंने अपनी गिरफ्तारी के अलावा मामले में अपने ईडी रिमांड को भी चुनौती

दी थी। न्यायमूर्ति स्वर्णकांता शर्मा ने फैसला सुनाते हुए कहा कि ईडी के पास पर्याप्त सामग्री थी जिसके कारण केजरीवाल की गिरफ्तारी हुई और अधीनस्थ अदालत ने एक उचित आदेश के जरिए उन्हें एजेंसी

शराब नीति मामला

- अपनी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली मुख्यमंत्री की याचिका कोर्ट ने खारिज की

की हिरासत में भेज दिया।

उन्होंने कहा कि अदालत का मानना है कि अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन नहीं है। रिमांड को अवैध नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति शर्मा ने 25 मिनट तक फैसला पढ़ा और अपने फैसले के कुछ हिस्सों को हिंदी में भी समझाया। अदालत ने स्पष्ट किया कि वह केजरीवाल की जमानत याचिका पर नहीं, बल्कि कुछ आधारों पर गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली उनकी रिट याचिका पर विचार कर रही है। कोर्ट ने कहा कि कानून सभी पर समान रूप से लागू होता है और अदालतों का सरोकार संवैधानिक नैतिकता से, न कि राजनीतिक नैतिकता से।

आप को अब शीर्ष अदालत से राहत की उम्मीद

दिल्ली उच्च न्यायालय से कोई राहत पाने में असफल होने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ उच्चतम न्यायालय का रुख करेंगे। उच्च न्यायालय का फैसला आने के कुछ देर बाद ही आप के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि उन्हें उम्मीद है कि सुप्रीम कोर्ट अरविंद केजरीवाल को राहत देगा।

बीआरएस नेता कविता की हिरासत 23 तक बढ़ी

दिल्ली की एक विशेष अदालत ने शराब नीति- 2021-2022 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले गिरफ्तार भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) विधान पार्षद के. कविता की न्यायिक हिरासत मंगलवार को 23 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत ने केंद्रीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और आरोपी के वकीलों की दलीलें सुनने बाद यह आदेश पारित किया।

एक नजर

फर्जी दस्तावेज तैयार करने में सद्दाम गिरफ्तार

रांची। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन मामले में फर्जी दस्तावेज तैयार करने के मास्टरमाइंड मोहम्मद सद्दाम को ईडी ने मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। ईडी कोर्ट के आदेश के बाद मंगलवार को फिर से सद्दाम को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। दरअसल ईडी ने सद्दाम को पहले ही एक मामले में गिरफ्तार कर जेल भेजा था। पेशी के दौरान ईडी के विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार ने ईडी के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की कोर्ट से आग्रह किया कि आरोपित से सात दिनों तक पूछताछके लिए रिमांड की अनुमति दी जाए।

कोर्ट का आप विधायक अमानतुल्ला को समन

नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने मंगलवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर एक आवेदन पर आम आदमी पार्टी (आप) के विधायक अमानतुल्ला खान को 20 अप्रैल को उसके सामने पेश होने का निर्देश दिया। एजेंसी ने आवेदन में दावा किया कि दिल्ली वक्फ बोर्ड द्वारा अवैध भर्ती से संबंधित धन शोधन मामले में खान कथित रूप से एजेंसी के समन को नजरअंदाज कर रहे हैं। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दिव्या मल्होत्रा ने ईडी की शिकायत पर संज्ञान लिया और कहा कि ईडी की याचिका के मद्देनजर खान को तलब करने के लिए पर्याप्त आधार है।

चारधाम यात्रा 10 मई से पंजीकरण शुरू

देहरादून। उत्तराखंड में चारधाम यात्रा इस बार 10 मई से शुरू हो रही है। नवसंवत्सर पर मंगलवार को गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहुर्त घोषित कर दिया गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया पर 10 मई को खुलेंगे। बदरीनाथ और केदारनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथियों की घोषणा पहले ही हो चुकी है। मंगलवार को चैत्र नवरात्रि के पहले दिन गंगोत्री धाम के कपाट खुलने की तिथि और शुभ मुहूर्त भी घोषित हो गया। गंगोत्री धाम के कपाट अक्षय तृतीया के पर्व पर 10 मई को 12:25 बजे अभिजीत मुहूर्त में खोले जाएंगे। श्री पंच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष हरीश सेमवाल और सचिव सुरेश सेमवाल ने प्रेस वार्ता में गंगोत्री धाम के कपाट खुलने के लिए तय मुहूर्त की जानकारी दी। 9 मई को मां गंगा भाग मूर्ति को गंगोत्री के लिए रवाना किया जाएगा।

'इंडिया' को आज भी राम मंदिर से नफरत

प्रधानमंत्री ने पीलीभीत में जनसभा में विपक्ष पर छोड़े सियासी तीर

मंदिर वालों ने भेजा निमंत्रण, फिर भी ठुकरा कर किया राम का अपमान

माता यशवंतरी देवी और आदि गंगा गोमती को यादकर जनता को साधा

कार्यालय संवाददाता, पीलीभीत

अमृत विचार: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पीलीभीत में जनसभा के दौरान इंडी गठबंधन पर जमकर सियासी तीर छोड़े। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन को राम मंदिर से पहले भी नफरत थी और आज भी है। अयोध्या में राम मंदिर न बने, इसके लिए कांग्रेस ने लाख कोशिश की, लेकिन जब देश की जनता ने पाई-पाई देकर भव्य मंदिर बना दिया और कांग्रेस के सारे गुनाह माफ कर प्राण प्रतिष्ठा में आमंत्रित किया तो कांग्रेस ने निमंत्रण ठुकराकर भगवान राम का ही अपमान कर दिया।

पीलीभीत के ड्रमंड राजकीय इंटर कॉलेज के मैदान में मंगलवार को भाजपा प्रत्याशी जितिन प्रसाद के समर्थन में जनसभा मेंउन्होंने कहा कि कांग्रेस के मन में इतना जहर भरा है कि जो नेता प्राण प्रतिष्ठा में गए, उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निकाल दिया। उन्होंने कहा कि क्या कभी ऐसा हिंदुस्तान में हो सकता है कि कोई राम की पूजा करे और उसे पार्टी से निकाल दें। सपा, कांग्रेस के इंडी गठबंधन

जनसभा में लोगों का अभिवादन करते प्रधानमंत्री मोदी साथ में मुख्यमंत्री योगी, जितिन प्रसाद, छत्रपाल गंगवार और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी।

को भारत की विरासत की परवाह नहीं है। नवरात्र की शुभकामनाएं देते हुए कि पीलीभीत की धरती पर माता यशवंतरी देवी का आशीर्वाद है। यहां आदि गंगा मां गोमती का उद्गम स्थल है। नवरात्र पर शक्ति की पूजा की जाती है, लेकिन इंडी गठबंधन ने शक्ति को खत्म करने की सौगंध खाई है। शक्ति का कोई भी उपासक इंडी गठबंधन को इस अपमान के लिए माफ नहीं करेगा।

वहीं रामपुर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज भारत बदल गया है। पहले पाकिस्तान भारत में कहीं भी विस्फोट करा देता था, लेकिन आज पटाखा भी फूट जाए तो पाकिस्तान पहले ही सफाई देता है कि हमने कुछ नहीं किया है। दुश्मन को पता है कि भारत की तरफ टेढ़ी नजर से देखेंगे तो वह मांद में घुसकर एयर स्ट्राइक से जवाब देना जानता है। यह वह भारत नहीं है जो विस्फोट और आतंकी घटनाओं पर चुप हो जाता था। मुख्यमंत्री ने भाजपा प्रत्याशी घनश्याम सिंह लोधी के लिए जनता से समर्थन मांगा।

सीएए को लेकर विपक्षियों पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री ने कहा कि तुष्टिकरण के दबाव में सपा और कांग्रेस सीएए का विरोध कर रही हैं। हिंदू और सिखों को भारत नागरिकता नहीं देगा तो कौन देगा। उन्होंने कहा कि तुष्टिकरण के दल-दल में डूबी कांग्रेस ने घोषणा पत्र भी ऐसा दिया है जो मुस्लिम लीग का लग रहा है। कहा कि आज पूरी दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। यह वोट की ताकत है। वोट से मजबूत सरकार बनी है।

सिख गुरुओं को नमन कर दिलाई 84 के दंगों की याद

प्रधानमंत्री ने सिख गुरुओं को नमन कर आने वाले वैसाखी पर्व की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बचपन से सुनते आए हैं कि सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज लड़ाऊं, तबै गुरु गोविंद सिंह नाम कहाऊं...यह बोल भारत की वीर परंपरा के प्रतीक हैं। उन्होंने 84 के दंगों की याद दिलाते हुए कहा कि समाजवादी पार्टी जिस कांग्रेस के साथ खड़ी है, उस कांग्रेस ने सिखों के साथ क्या किया, यह कोई भूल नहीं सकता।

आजीविका है तो आस्था का सम्मान भी है: योगी

जनसभा में मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पहले एक वोट जब गलत हाथों में जाता था, तो भ्रष्टाचारियों को और भ्रष्टाचार करने का मौका मिलता था। आज एक वोट उन्हीं भ्रष्टाचारियों को जेल में डालने का कार्य करता है। पहले देश में पथराव करने वाली, नौजवानों के रोजगार के साथ खिलवाड़ करने वाली, अन्नदाता किसानों को आत्महत्या करने को विवश करने वाली सरकारें आती थीं, लेकिन अब बदलते हुए भारत की तस्वीर और तकदीर लोग देख रहे हैं। कहा कि पीलीभीत से प्रत्याशी जितिन प्रसाद एवं बरेली से प्रत्याशी छत्रपाल गंगवार को अपना आशीर्वाद के रूप में वोट देकर प्रधानमंत्री को तीसरी बार देश का नेतृत्व करने वाली भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनाएं। इस दौरान मुख्यमंत्री ने फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का नारा दिया।

बाबा तरसेम का हत्यारा मुठभेड़ में मारा गया

संवाददाता, देहरादून

अमृत विचार : नानकमत्ता डेरा कार सेवा प्रमुख बाबा तरसेम सिंह की हत्या को अंजाम देने वाले शूटर अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू को एसटीएफ टीमों ने हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में मार गिराया। सोमवार देर रात हुई मुठभेड़ में अमरजीत का साथी भागने में सफल रहा। मौके से 32 बोर एक पिस्टल, तीन कारतूस, तीन खोखे व मोटर साइकिल बरामद हुई है।

पुलिस महानिदेशक अभिनव कुमार ने मंगलवार दोपहर कोर्ट रोड स्थित सरदार पटेल भवन में प्रेस ब्रीफिंग कर मुठभेड़ के बारे में जानकारी दी। एसटीएफ को सोमवार देर शाम सूचना मिली कि बाबा तरसेम सिंह हत्याकांड को अंजाम देने वाले शूटर्स सहारनपुर से हरिद्वार के भगवानपुर-कलियर होकर मुरादाबाद जाने वाले हैं। इसके बाद उत्तराखंड एसटीएफ के उपाधीक्षक आरबी चमोला व कुमाऊं एसटीएफ के निरीक्षक एमपी सिंह के नेतृत्व में टीमों ने पूरे हरिद्वार जिले में संयुक्त रूप से सघन चेकिंग शुरू की। रात्रि 12:30 बजे सटीक

- हरिद्वार के भगवानपुर क्षेत्र में सोमवार देर रात एसटीएफ ने मार गिराया

सूचना मिली कि भगवानपुर थाना क्षेत्र में गागलहेडी की तरफ दो संदिग्ध बदमाश बाइक से आ रहे हैं। चेकिंग प्वाइंट पर बाइक सवार दोनों संदिग्धों को रोकने का प्रयास किया गया तो वे भगवानपुर से इमलीखेड़ा-कलियर की तरफ भागे जहां कुछ दूरी पर मौजूद पुलिस टीमों ने उन्हें घेर लिया। घिर जाने पर बदमाश फायरिंग करने लगे। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश को गोली लगी जबकि दूसरा अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गया। घायल बदमाश को सिविल अस्पताल रुड़की ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक बदमाश का नाम अमरजीत सिंह उर्फ बिट्टू पुत्र सुरेंद्र सिंह पता फतेहगढ़ चूड़ियां रोड नगलीभट्टा अमृतसर पंजाब है। जोकि बाबा तरसेम सिंह की हत्या में शामिल था। उस पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित था।

अब्बास को मुख्तार की कब्र पर फातिहा पढ़ने की इजाजत

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/ कासगंज

अमृत विचार : कासगंज जेल में बंद मुख्तार अंसारी के बेटे और विधायक अब्बास अंसारी को मंगलवार को सुप्रीम कोर्ट ने पिता की कब्र पर 10 अप्रैल को फातिहा पढ़ने की इजाजत दे दी। पिता मुख्तार अंसारी की बीती 28 मार्च को मौत के बाद भी अब्बास बाहर नहीं आ सका था।

सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश दिया है कि अब्बास अंसारी को पर्याप्त सुरक्षा के साथ पुलिस हिरासत में कासगंज जेल से गाजीपुर ले जाया जाए। इसके बाद फातिहा पढ़ने समेत अन्य

कार्यक्रमों में वह शामिल हो सकेगा। 13 अप्रैल को अब्बास अंसारी को वापस कासगंज जेल लाए जाने का आदेश दिया गया है। कासगंज जेल से मंगलवार शाम 7.40 बजे कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच अब्बास को गाजीपुर के लिए रवाना किया गया। कोर्ट ने 11 और 12 अप्रैल को भी अब्बास अंसारी को अपने परिजनों से मिलने की इजाजत दी है।

हेमा पर टिप्पणी करके सुरजेवाला फंसे, मिला नोटिस

नई दिल्ली। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को कांग्रेस नेता रणदीप सुरजेवाला को भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफ कथित

अमर्यादित टिप्पणी पर कारण बताओ नोटिस जारी किया। आयोग ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे से भी जवाब मांगा है कि नेताओं द्वारा सार्वजनिक संवाद के दौरान महिलाओं के सम्मान और गरिमा को बनाए रखने के बारे में दिए गए परामर्श का कड़ाई से अनुपालन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं।

प्रत्याशी के लिए हर चल संपत्ति की घोषणा जरूरी नहीं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि चुनाव लड़ने वाले व्यक्ति को अपने या अपने परिवार के अधीन वाली हर उस चल संपत्ति के विवरण का खुलासा करने की आवश्यकता नहीं, जो मतदान के फैसले को प्रभावित नहीं करता हो। न्यायमूर्ति अनिरुद्ध बोस और न्यायमूर्ति पीवी संजय कुमार ने अरुणाचल प्रदेश विधान सभा के 2019 में हुए चुनाव में तेजू क्षेत्र से निर्दलीय जीत दर्ज करने वाले कारिखो क्रि के चुनाव की वैधता की पुष्टि एक स्पष्टीकरण के साथ

- आदेश परिस्थितिजन्य, मिसाल नहीं माना जाएगा : कोर्ट

करते हुए यह टिप्पणी की।

शीर्ष अदालत ने स्पष्ट किया कि मामले के तथ्यों और परिस्थितियों पर आधारित होने की वजह से उसके इस आदेश को मिसाल नहीं माना जाएगा। पीठ ने कहा कि किसी भी मतदाता का किसी उम्मीदवार के निजी जीवन में झांकने का पूर्ण अधिकार नहीं है। उम्मीदवार के लिए ऐसी प्रकृति की चल संपत्ति का खुलासा किया जाना आवश्यक है जो उक्त मतदान को प्रभावित करने की क्षमता रखता हो। गुवाहाटी उच्च न्यायालय की ईटानगर पीठ ने पिछले साल क्रि के चुनाव को अमान्य घोषित करते हुए रद कर दिया था, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को पलट कर दिया। क्रि ने उच्च न्यायालय के फैसले को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी। क्रि के निर्वाचन को कांग्रेस उम्मीदवार नुनी तायांग ने चुनौती दी थी। आरोप लगाया था कि क्रि ने हलफनामे में गलत घोषणा की थी।

रामलला के गर्भगृह में सोने की रामायण

अयोध्या। रामलला के जन्मोत्सव के लिए मंगलवार को 151 किलो की सोने की रामायण समर्पित की गई। इस पुस्तक में सोने के पन्नों पर पूरी रामायण लिखी गई है, जिसे श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह में स्थान दिया गया है। सेवानिवृत आईएएस अधिकारी लक्ष्मी नारायण ने इसे समर्पित किया।

बच्ची के दोनों पैर काटकर हत्या

कार्यालय संवाददाता, रामपुर/ बिलासपुर

अमृत विचार : रविवार को लापता हुई तीन वर्ष की बच्ची की निर्मम हत्या करके शव बोरे में भरकर फेंक दिया गया। बच्ची के हाथ बंधे थे और दोनों पैर कटे हुए थे। मंगलवार को शव बरामद हो गया। परिजनों ने बच्ची की हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाया। इस मामले में पुलिस ने एक परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। बच्ची की मां रफीकन ने आरोप लगाया कि निकट ही घर में परचून की दुकान चलाने वाली महिला तंत्र-मंत्र करती है। अक्सर दुकान पर बच्चों को जाते देखा गया है।

बिलासपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव धावनी हसनपुर में मंगलवार सुबह

गांव की कुछ महिलाएं भूखंड में कूड़ा डालने गई थीं। वहां उन्होंने एक बोरा पड़ा देखा, जिस पर मक्खियां भिनभिना रहीं थीं। गांव वालों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद क्षेत्राधिकारी रवि खोखर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बोरे से शव निकाला। उसकी शिनाख्त दानिश की बेटी अनायजा नूर के रूप में हुई। रोते-बिलखते परिजनों के साथ गांव के लोग भी घटनास्थल पर एकत्र हो गए। बच्ची के दोनों हाथ रस्सी से बंधे

तंत्र-मंत्र की आशंका

- रविवार सुबह टॉफी लेने जाते समय लापता हो गई थी अनायजा
- बच्ची के घर के करीब भूखंड में बोरे में बंद मिला शव
- पुलिस ने मामले में एक परिवार के 5 लोगों को हिरासत में लिया

थे। दोनों पैर कटे हुए थे और चेहरे पर पॉलीथिन ढकी थी। पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी ने भी घटनास्थल स्थल पर पहुंचकर परिजनों से जानकारी ली। डॉग स्क्वायड व फॉरेंसिक टीम से साक्ष्य एकत्र कराए गए। प्रभारी निरीक्षक बलवान सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपी परिवार के पांच लोगों को हिरासत में लिया है। घटना की जांच की जा रही है।

सर्वेक्षण | लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने किया सर्वे

धर्म-आस्था के अलावा वनस्पतियों का भी केंद्र बिंदु रहा है नैमिषारण्य

खास

जीशान कदीर, लखनऊ

अमृत विचार : सीतापुर जिले में स्थित पौराणिक एवं धार्मिक नैमिष आरण्य में लखनऊ विश्वविद्यालय के प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व विभाग की टीम ने सर्वेक्षण किया है, जिसमें क्षेत्र को आस्था और धर्म के साथ पौराणिक काल में भी वनस्पतियों का केंद्र बिंदु होने की पुष्टि हुई है। उत्खनन के दौरान मिली वस्तुओं पर विशेषज्ञों की एक टीम अध्ययन कर और अधिक जानकारी जुटा रही है।

उत्खनन में मिले प्राचीन काल के खिलौने

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जब उत्खनन कराया तो उसमें कई प्रकार के बर्तन, औजार, शाकाहारी खाद्य पदार्थ, दीवार और फर्श एवं प्राचीनकाल के खिलौने के नमूने प्राप्त हुए। ये सभी नमूने अभी विशेषज्ञों की टीम के द्वारा अध्ययन किए जा रहे हैं।

नैमिष क्षेत्र में समय-समय पर पुरातत्व विभाग की टीम सर्वेक्षण करती रहती है। इस बार के सर्वेक्षण में 15 से अधिक तीर्थों के अलावा 50 से अधिक छोटे- बड़े मंदिरों को जोड़ा गया। पुरातत्व विभाग लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ. डीपी तिवारी के निर्देशन में कराए गए सर्वेक्षण में प्रोफेसर दुर्गेश श्रीवास्तव और डॉ. अरविंद त्रिपाठी शामिल

अरविंद त्रिपाठी दुर्गेश श्रीवास्तव

रहे। सभी ने मिलकर दो माह तक लगातार खोज कार्य किया। आठ स्थानों पर हुए उत्खनन के दौरान मृदभांड और मूर्तियां प्राप्त हुईं। खोज में कुषाण काल और द्वितीय कालखंड के अलावा मध्यकाल की सभ्यता के अवशेष मिले हैं। इससे स्पष्ट हुआ है कि यह क्षेत्र वास्तव में धर्म और आस्था का प्राचीनतम केंद्र रहा ही है।

इन तीर्थ पर अध्ययन

पुरातत्व विभाग की इस टीम ने जिन तीर्थ पर अध्ययन किया, उसमें चक्र तीर्थ, मनु - शतरूपा तपस्थली, देव देवेश्वर, मिश्रिख तीर्थ, सेतु बंधु रामेश्वर, शूल भेद, दशाश्वमेध घाट और काशी कुंड शामिल है। पुरातत्व विभाग की टीम के इस सर्वे से यह तो स्पष्ट हो गया कि नैमिषारण्य क्षेत्र में गोमती नदी के किनारे से ही बस्ती का उद्गम शुरू हुआ। अनुमान लगाया गया कि यहीं से लोगों ने इस अरण्य में बसेरा बनाना शुरू किया और आज यह क्षेत्र एक सनातन सभ्यता और संस्कृति के रूप में विश्वविख्यात है।

एक नजर

अभियान में अब तक 22 करोड़ की नकदी बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि आबकारी, आयकर, पुलिस एवं नार्कोटिक्स विभाग एवं अन्य प्रवर्तन एजेंसियों द्वारा बीते 1 मार्च से 8 अप्रैल तक कुल 13296 .42 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातुएं, मुफ्त उपहार व नगदी आदि जब्त किए गए। इसमें 2211 .16 लाख रुपये नकद धनराशि, 3148 .71 लाख रुपये कीमत की 930045 .32 लीटर शराब, 4996 .70 लाख रुपये कीमत की 8126299 .13 ग्राम ड्रग, 1806 .08 लाख रुपये कीमत की 52778 .86 ग्राम बहुमूल्य धातुएं एवं 1133 .78 लाख रुपये कीमत की अन्य सामग्री जब्त की गई। एजेंसियों द्वारा 8 अप्रैल को कुल 218 .58 लाख रुपये कीमत की शराब, ड्रग, बहुमूल्य धातु व नगदी आदि जब्त किया गया। इसमें 30 .79 लाख रुपये नकद धनराशि 100 .91 लाख रुपये कीमत की 27527 .68 लीटर शराब, 85 .98 लाख की ड्रग समेत अन्य सामग्री जब्त की गई।

एक वर्ष में प्रतापगढ़ में बढ़े सबसे अधिक पेंशनर्स

बुजुर्गों की संख्या बढ़ने के मामले में आजमगढ़ दूसरे व गोरखपुर तीसरे स्थान पर

राजीव शुक्ला, लखनऊ

अमृत विचार : समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित वृद्धावस्था पेंशन का लाभ लेने वालों में प्रतापगढ़ जिला सबसे आगे है। प्रतापगढ़ जिले में एक वर्ष के भीतर 33,798 पेंशनर्स बढ़ गये। जबकि आजमगढ़ दूसरे और गोरखपुर तीसरे स्थान पर रहा।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से बुजुर्गों को पेंशन दी जाती है। बुजुर्गों को एक हजार रुपये प्रतिमाह के हिसाब से पेंशन का भुगतान किया जाता है। प्रत्येक तिमाही में पेंशन की राशि बुजुर्गों के खाते में भेजी जाती है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की जब शुरुआत हुई थी तो तिमाही पेंशन का भुगतान जून 2023 में किया गया था। उस समय प्रदेश में बुजुर्गों की संख्या 4655818 थी। वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर अंतिम तिमाही का भुगतान जब मार्च 2024 में बुजुर्गों को किया गया तो इनकी संख्या बढ़कर 5568590 हो गई। एक वर्ष के भीतर प्रदेश में 9,12,772 पेंशनर्स बढ़ गए।

विभाग की ओर से चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचाने की हर संभव कोशिश की जा रही है। विभाग की मंशा है कि योजनाओं के लाभ से कोई जरूरतमंद वंचित न हो।
–कुमार प्रशांत, निदेशक, समाज कल्याण विभाग

जिला	जून 2023 में संख्या	मार्च 2024 में संख्या	बढ़े पेंशनर्स
प्रतापगढ़	111,290	145,088	33,798
आजमगढ़	142,459	172,464	30,005
गोरखपुर	128,423	157,073	28,650
हरदोई	102,526	125,678	23,152
जौनपुर	156,827	177,855	21028
बलिया	104,278	125,049	20,771
वाराणसी	83,603	102,801	19,198
बरेली	67,358	78469	11,111
अयोध्या	77,343	91,030	13,687
मुरादाबाद	37,682	47,525	9,843
रामपुर	39,336	46,666	7,330
शाहजहांपुर	81,622	89,390	7,768
कानपुर नगर	60,803	78,234	17,431
कानपुर देहात	66,479	74,613	8,134

आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों के चुनावी प्रसारण के संबंध में बैठक करते मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा।

आकाशवाणी व दूरदर्शन पर चुनावी प्रसारण के लिए स्लॉट आवंटित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : आकाशवाणी व दूरदर्शन पर राजनीतिक दलों व प्रत्याशियों के चुनाव प्रसारण के लिए मंगलवार को लॉटरी पद्धति से स्लॉट आवंटित किये गये। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा की अध्यक्षता में हुई स्लाट आवंटन की प्रक्रिया पूरी हुई।

प्रदेश में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय दलों व राज्यीय दलों को आवंटित समय में रिकार्डिंग व प्रसारण तिथि का निर्धारण लॉटरी पद्धति से करने के लिए सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ निर्वाचन कार्यालय में बैठक हुई, जिसमें आकाशवाणी व दूरदर्शन के अधिकारियों की उपस्थिति में लॉटरी निकाली गई।

निकाली गई लाटरी के अनुसार दूरदर्शन में प्रसारण के लिए सपा को कुल 53 मिनट, अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 30 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है। इसी प्रकार आकाशवाणी में प्रसारण के लिए अपना दल (एस) को कुल 27 मिनट, सपा को कुल 53 मिनट, कांग्रेस को कुल 10 मिनट, भाजपा को कुल 25 मिनट व बसपा को कुल 10 मिनट का आवंटन 5-5 मिनट के स्लॉट के लिए किया गया है।

उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने पारित किया महत्वपूर्ण आदेश

आचार संहिता के बाद पूर्व से जारी तबादला आदेश निरस्त

विधि संवाददाता, लखनऊ

- कहा, जल संस्थान झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को क्रियान्वित नहीं किया जा सकता

अमृत विचार : उच्च न्यायालय की लखनऊ बेंच ने एक महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि आचार संहिता के लागू होने के बाद पूर्व से जारी स्थानांतरण आदेश को भी क्रियान्वित नहीं किया जा सकता। न्यायालय ने कहा कि ऐसे स्थानांतरण आदेश के क्रियान्वयन के लिए चुनाव आयोग की अनुमति आवश्यक है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने जल संस्थान, झांसी के महाप्रबंधक के स्थानांतरण आदेश को खारिज कर दिया।

यह आदेश न्यायमूर्ति प्रकाश सिंह की एकल पीठ ने महाप्रबंधक मनोज कुमार आर्या की याचिका पर पारित किया। याची का कहना था कि 28 नवंबर 2023 को ही उसका तबादला झांसी से लखनऊ नगर निगम के वाटर वर्क्स डिपार्टमेंट में किया गया था। कहा गया कि 16 मार्च 2024 को अपरान्ह तीन बजे आम चुनावों की घोषणा के साथ देश में आचार संहिता लागू हो गई, उसी दिन याची का स्थानांतरण आदेश पारित करते हुए, अपरान्ह में ही उसे रिलीव कर दिया गया तथा रिलीव ऑर्डर रात को साढ़े आठ बजे उसे प्राप्त कराया गया। याची की ओर से आचार संहिता लागू होने के आधार पर स्थानांतरण व रिलीव आदेश को चुनौती दी गई। वहीं प्रदेश सरकार की ओर से याचिका का विरोध करते हुए कहा गया कि 16 मार्च को आचार संहिता लागू होने से पूर्व याची का स्थानांतरण व रिलीव आदेश जारी कर दिया गया था।

न्यायालय ने कहा कि मॉडल कोड ऑफ कंडक्ट के प्रावधानों के मुताबिक, अधिसूचना जारी होने के पूर्व में पारित स्थानांतरण आदेश को भी चुनाव आयोग की अनुमति से ही क्रियान्वित किया जा सकता है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने स्थानांतरण व रिलीव आदेश दोनों को निरस्त कर दिया है।

सार्वजनिक होगी वाराणसी रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना

अमृत विचार, लखनऊ : शासन ने वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना के पुनरीक्षित प्रारूप को वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष को भेजते हुए इसे आम लोगों के लिए सार्वजनिक करने का निर्देश दिया है।

शासन के नगर एवं आवास विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. नितिन रमेश गोकर्ण की ओर से दिए गए निर्देश में कहा गया है कि वाराणसी-रामनगर पं. दीनदयाल महायोजना-2031 (पुनरीक्षित) प्रारूप का प्रतिवेदन को शासकीय समिति की बैठक में स्वीकृति दे दी गई है। इसके अनुपालन में प्राधिकरण बोर्ड से पुष्टि के साथ जन सामान्य के लिए महायोजना के मानचित्रों को प्राधिकरण के डिसप्ले बोर्ड पर प्रदर्शित करें। गौरतलब है कि अब मुगलसराय तक होटल, काम्पलेक्स, स्ट्रीट बाजार, सड़क चौड़ीकरण कार्य में आसानी होगी।

तीसरे चरण के लिए नामांकन 12 से

लोस चुनाव के पहले व दूसरे चरण के मतदान की तैयारी शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मतदेय स्थलों पर मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को लू से बचाने की तैयारी

अमृत विचार : प्रदेश में तीसरे चरण की 10 सीटों के लिए 12 अप्रैल से नामांकन प्रक्रिया शुरू होगी। इस बीच, पहले व दूसरे चरण के लिए मतदान की तैयारी शुरू हो गई है। भारत निर्वाचन आयोग ने मतदाताओं व निर्वाचन कर्मियों को गर्मी व लू से बचाने की तैयारी शुरू कर दी है। निर्वाचन अधिकरियों को पुख्ता इंतजाम करने के निर्देश दिये गये हैं।

तीसरे चरण में संभल, हाथरस, आगरा, फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला व बरेली सीटों पर चुनाव होना है। इस चरण में सात मई को मतदान होगा। भारत निर्वाचन आयोग ने अप्रैल-जून की भीषण गर्मी के दौरान हो रहे चुनाव के लिए व्यापक प्रबंध करने के निर्देश दिये हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगों जैसे मतदाताओं के साथ चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मियों की लू से सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं। आयोग के निर्देश पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देशित किया कि मौसम विभाग की लू के सम्बन्ध में की गई भविष्यवाणी के दृष्टिगत मतदेय स्थलों की समय से पहचान कर लें और आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करें।

शीतल जल की व्यवस्था अवश्य की जाए

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने कहा है कि मतदाताओं को धूप से बचाने के लिए मतदेय स्थलों पर पर्याप्त छायादार संरचनाओं जिसमें टेंट, छतरियां, कुर्सियों की व्यवस्था हों। मतदाताओं और मतदान कर्मियों के लिए आरामदायक तापमान बनाए रखने के लिए जहां भी आवश्यक हों, पंखे आदि उपकरण भी लगाये जाएं। साथ ही, सभी मतदेय स्थलों पर पर्याप्त वेंटिलेशन भी हो। सभी मतदेय स्थलों पर शीतल पेयजल की व्यवस्था अवश्य की जाय।

बीमारी से बचाव के लिए भी इंतजाम

निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान मतदेय स्थल के कार्मिकों के लिए आयोजित प्रशिक्षण सत्र में गर्मी से संबंधित बीमारियों के लक्षणों को पहचानने और उनसे बचाव की समुचित प्रक्रियाओं की जानकारी भी दी जाए। लू के प्रभाव को कम करने के लिए अतिरिक्त संसाधनों के साथ ही स्थानीय सरकारी एजेंसियों, स्वास्थ्य विभाग और आपातकालीन सेवाओं के साथ समन्वय भी बनाकर रखें।

जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य

अमृत विचार, लखनऊ : समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव का आरोप है कि भाजपा के कार्यकर्ता से लेकर शीर्ष नेता तक भाषा की मर्यादा को भूल गये हैं। विरोधी दलों और नेताओं पर झूठे आरोप लगाना उनका स्वभाव है। बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार से ध्यान हटाकर जनता को भ्रमित करना ही भाजपा का उद्देश्य रहता है। 10 साल की सरकार में भाजपा सरकार ने जनता की समस्याओं पर कोई काम नहीं किया। सपा प्रमुख ने यहां मंगलवार को जारी एक बयान में आगे कहा है कि भाजपा नेताओं का अहंकार उनके सिर चढ़कर बोल रहा है। उन्होंने कहा, भाजपाई सत्ता के मद में नैतिकता और अनैतिकता में भेद नहीं कर पा रहे हैं।

सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाएंगी रोडवेज बसें

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस की मांग पर परिवहन निगम सात हजार से अधिक बसों को कर रहा तैयार

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में सात चरणों में होने वाले लोकसभा चुनावों के लिए रोडवेज सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए बसें उपलब्ध कराएगा। इसके लिए परिवहन निगम की 7 हजार से अधिक बसों को तैयार किया जा रहा है। इन बसों को चरण वार ड्यूटी में भेजा जाएगा। सुरक्षा बलों को इन मतदान केंद्रों तक पहुंचाने के लिए पुलिस महानिरीक्षक कानून व्यवस्था की ओर से परिवहन निगम को बसें उपलब्ध कराने का पत्र मिला है।

पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं व्यवस्था उत्तर प्रदेश एलआर कुमार की ओर भेजे गए पत्र में निगम से सात चरणों के लिए सुरक्षा बलों को मतदान स्थल तक पहुंचाने के लिए 7051 बसों की मांग की है। 19 अप्रैल को पहले चरण के लिए 608, 26 अप्रैल को दूसरे चरण के लिए 657, 7 मई को तीसरे चरण के लिए 901, 13 मई को चौथे चरण के लिए 1235, 20 मई को पांचवें चरण के लिए 1249, 25 मई को छठे चरण के लिए 1265 और अंतिम चरण एक जून को होने वाले मतदान के लिए 1136 बसों की मांग की गई है।

10 प्रतिशत रहेंगी रिजर्व

पत्र में कहा गया है कि पुलिस बल के साथ जो बस एक बार रवाना होगी, वह बस अगले चरणों में भी उसी पुलिस बल के साथ मूल जनपद में वापसी तक बनी रहेगी। ब्रेक डाउन के चलते 10 प्रतिशत रिजर्व वाहनों की भी आवश्यकता होगी। प्रति बस 45 जवानों के बैठने की व्यवस्था के लिए 52 सीटर बसें उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



दिव्यांग पार्क के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करतीं मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब। अमृत विचार

जुलाई तक पूरा करें दिव्यांग पार्क का कार्य : मंडलायुक्त

अमृत विचार, लखनऊ : मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने जुलाई तक दिव्यांग पार्क का कार्य पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। डॉ. जैकब ने मंगलवार को दिव्यांग पार्क का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पार्क में सिविल कार्य हो रहे थे।

उन्होंने अधिकारियों को गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखने को कहा। कहा कि श्रमिकों की संख्या में बढ़ोतरी करते हुए दिनरात काम किया जाए। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह आदि मौजूद रहे।

किसानों को मिलेंगी विशेष सुविधाएं

किसी भी जिले का किसान किसी और जिले में बेच सकेगा गेहूं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र संचालित, बीते साल की तुलना में 600 अधिक
- 100 क्विंटल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से मिलेगी छूट

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में गेहूं खरीद को लेकर न केवल किसानों को विशेष सुविधा दी जा रही है बल्कि 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लिए 6,414 क्रय केन्द्र भी संचालित हैं, जो बीते साल की तुलना में 600 अधिक हैं।

इन केन्द्रों पर अब तक 2,82,315 किसान पंजीकृत करा चुके हैं। केन्द्र पर दैनिक खरीद की कोई सीमा नहीं है। मोबाइल क्रय केन्द्र के माध्यम से भी गेहूं खरीद की जा रही है। एक जिले का किसान किसी अन्य जिले में भी गेहूं विक्रय कर सकता है। 100 क्विंटल तक गेहूं बिक्री करने वाले किसानों को सत्यापन से छूट प्रदान की गई है। किसान की एक से अधिक तहसीलों में भूमि होने की स्थिति में भी एक साथ क्रय सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र और केंद्रीय सचिव खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति संजीव चोपड़ा ने मंगलवार को गेहूं खरीद की समीक्षा की। बैठक में प्रदेश में 60 लाख मीट्रिक टन गेहूं खरीद के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए चर्चा की गई। इस दौरान मुख्य सचिव ने गेहूं खरीद के लिए किसानों के पंजीकरण की संख्या बढ़ाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि क्रय केन्द्र पर किसानों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिये।

मुख्य सचिव के मुताबिक, बीते सालों में क्रय केन्द्रों पर गेहूं अथवा धान विक्रय करने वाले किसानों को पुनः पंजीकरण कराने की आवश्यकता नहीं है, केन्द्र प्रभारियों के मोबाइल नम्बर पर मिस्ड कॉल करके पंजीकरण, एमएसपी, विक्रय के बाद 48 घंटे में भुगतान, बटाईदारों से खरीद व क्रय केन्द्रों पर किसानों को प्रदान की जा रही सुविधाओं आदि के बारे में जागरूक किया जाये। बैठक में अपर मुख्य सचिव कृषि देवेश चतुर्वेदी, प्रमुख सचिव खाद्य एवं रसद आलोक कुमार, खाद्य आयुक्त सौरभ बाबू समेत अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण आदि मौजूद रहे।

पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा 52 पेटी प्रतिबंधित सिरप पकड़ा

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ तथा खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के संयुक्त प्रयास से मंगलवार को 52 पेटी फेन्सेडिल कफ सिरप बरामद किया गया। यह सिरप नशे के रूप में सेवन करने के लिए पश्चिम बंगाल भेजी जा रही थी। टीम ने 20,800 शीशी कफ सिरप को बरामद करते हुए एक आरोपी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया है। एसटीएफ के उपाधीक्षक लाल प्रताप सिंह ने बताया कि काफी दिनों से कफ सिरप एवं अन्य दवाओं को नशे के रूप में प्रयोग करने के लिए बिहार, असम, पश्चिम बंगाल व बांग्लादेश सप्लाई होने की सूचना मिल रही थी। मंगलवार को सूचना मिली कि ट्रांसपोर्ट नगर लखनऊ से एक टाटा ट्रक सीरप लदकर कूचबिहार एवं पश्चिम बंगाल के लिए निकलने वाला है। इस सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और अहिमामऊ के पास चालक को गिरफ्तार कर लिया। चालक धर्मेंद्र ने बताया कि यह गाड़ी संतोष कुमार यादव की है, जोकि फरीदाबाद हरियाणा का रहने वाला है। बताया कि बहादुरगढ़, हरियाणा एवं पीतमपुरा दिल्ली से सेनेटरी का माल लोड करके असम जाना था। बदरपुर नई दिल्ली में रविन सिंह (आगरा) मिला था, जिसने कहा था कि ट्रान्सपोर्ट लखनऊ से कुछ सामान कूचबिहार (पश्चिम बंगाल) पहुंचाना है। टीम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन के निरीक्षक नीलेश कुमार शर्मा, संदेश मौर्या, सौरभ दुबे, बृजेश कुमार आदि शामिल थे।

मुरादाबाद के लिए शुरू नहीं हो सकी उड़ान

अमृत विचार, लखनऊ : फ्लाईबिग एयरलाइंस एक माह बाद भी मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवा शुरू नहीं कर सका है। एयरलाइंस की ओर से संशोधित शेड्यूल भी जारी नहीं किया गया है। बता दें कि उड़ान योजना के तहत चित्रकूट, श्रावस्ती, आजमगढ़, अलीगढ़ और मुरादाबाद के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जानी थी। दो मार्च को इसके लिए शेड्यूल भी जारी किया गया था मगर संचालन शुरू नहीं हो सका था। एयरलाइंस की ओर से मुरादाबाद को छोड़कर अन्य चार जिलों के लिए उड़ान सेवाएं संचालित की जा रही हैं। एयरलाइंस की ओर से जल्द संचालन शुरू होने की बात कही जा रही है। साथ ही कहा जा रहा है कि वेबसाइट पर नया शेड्यूल अपडेट होगा।

हवाओं ने मोड़ा बादलों का रुख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मौसम में एक बार फिर बदलाव देखने को मिला। सायंकाल लखनऊ और उसके आसपास इलाकों में तेज हवाएं चलीं। जिसने बादलों को उड़ा दिया। कुछ स्थानों पर पेड़ की टहनियां बिजली के तारों पर टूटकर गिरने से कुछ देर के लिए विद्युत व्यवस्था भी बाधित रही।

मंगलवार सुबह तेज धूप निकली। दोपहर बाद बादल छा गए। इसी के बाद तेज हवाएं चलीं। धूल भरी हवाओं से आवागमन में भी लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान अनुसंधान केन्द्र के वैज्ञानिक एके सिंह के मुताबिक, आने वाले दिनों में मौसम बिगड़ सकता है। बारिश की भी संभावनाएं तेजी से बन रही हैं। हालाकि, तेज हवाओं ने बादलों को उड़ा दिया है, लेकिन पश्चिमी विक्षोभ के कारण स्थितियां दोबारा बन रही हैं।

मंडल में लखीमपुर खीरी रहा सबसे गर्म

लखनऊ मण्डल के जनपदों में लखीपुर खीरी जनपद सबसे गर्म रहा। यहां दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस के करीब रिकार्ड किया गया। हरदोई 36 डिग्री, सीतापुर 37 डिग्री और बाराबंकी का तापमान भी इसी के आसपास रहा।

आज आंधी व बारिश की संभावना, बचाएं फसलें

अमृत विचार, लखनऊ : मौसम विभाग ने 10 से 13 अप्रैल तक तेज हवा व बारिश की संभावना जताई है। ऐसे में कृषि विभाग ने किसानों को सचेत किया है और फसलों की कटाई व मड़ाई न करने की सलाह दी है। जिला कृषि अधिकारी तेग बहादुर सिंह ने बताया कि मौसम विभाग के पूर्वानुमान के अनुसार 10 से 13 अप्रैल के बीच मौसम खराब रहेगा। इस बीच तेज हवा के साथ बारिश हो सकती है। किसान रबी फसलों की कटाई व मड़ाई न करें। जो गेहूं आदि फसल काट चुके उन्हें खुले की बजाय सुरक्षित स्थान पर रखें। इससे नुकसान नहीं होगा। आकाशीय बिजली भी गिर सकती है।

पारा 40 डिग्री पार

तेज हवाओं के बावजूद गर्मी का असर कम न रहा। दिन में लखनऊ का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस को पार कर गया। न्यूनतम तापमान 21 डिग्री के करीब रिकार्ड किया गया। हवाओं की रफ्तार 30 किमी प्रति घंटे से अधिक रिकार्ड की गई।

जेल के सिपाही की वजह से वायरल हुआ था प्रश्नपत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मास्टरमाइंड ने वाराणसी जेल में तैनात सिपाही का लिया नाम

अमृत विचार : समीक्षा अधिकारी एवं सहायक समीक्षा अधिकारी प्रश्नपत्र लीक मामले में नया मोड़ आया है। मास्टरमाइंड राजीव नयन ने एसटीएफ की पूछताछ में बताया कि हम लोगों ने पेपर हाथों में लेकर अभ्यर्थियों को पढ़वाया था, लेकिन वाट्सएप ग्रुप पर पेपर वायरल होने का मुख्य कारण वाराणसी जेल में तैनात एक सिपाही है। उसी ने वाट्सएप ग्रुप पर यह पेपर वायरल किया था। वह स्वयं इस परीक्षा में शामिल हो रहा था।

राजीव नयन ने बताया कि 10 फरवरी की रात उसे मधुबनी के रहने वाले सुभाष प्रकाश ने पेपर दिया था। सुभाष प्रकाश को यह पेपर नौ फरवरी को ही प्राप्त हो गया था। बिहार के किसी कोचिंग संचालक ने सुभाष प्रकाश को नौ फरवरी को ही दे पेपर दे दिया था। राजीव ने बताया कि वाट्सएप पर अगर पेपर वायरल न होता तो यह पेपर प्रत्येक अभ्यर्थी के पास तक न पहुंचता। उसने कहा कि इसीलिए उसने आरोग्यम अस्पताल और लखनऊ के विभिन्न स्थानों पर अभ्यर्थियों को बुलाकर पेपर पढ़वाया था। उधर, सुभाष प्रकाश और डॉ शरद सिंह को तलाश करने के लिए एसटीएफ कर्मी लगातार दबिश डाल रहे हैं।

रणनीति | ब्रिटेन, जर्मनी, अमेरिका समेत कई देशों के राजनीतिक दल आमंत्रित

विदेशी नेता भी संभालेंगे भाजपा का चुनाव प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- कई देशों के 15 राजनीतिक दलों की ओर जताई गई सहमति
- विदेशी वालंटियर्स अपने प्रभाव वाले क्षेत्र में रहकर भाजपा के लिए वोट भी साधेंगे

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में इस बार विदेशों की कई राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी भारत आ रहे हैं। अमेरिका, ब्रिटेन, इजराइल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल मॉरीशस, तंजानिया, युगांडा के 15 दलों ने आने की सहमति दे दी है। भाजपा इन्हें अपने बड़े नेताओं की सभाओं में ले जाएगी, साथ ही विदेशी वालंटियर्स के जरिए प्रभाव वाले क्षेत्रों में मोदी के लिए वोट भी जुटाएगी।

लोकतंत्र के महापर्व में भाजपा की विदेश विभाग की टीम ने ब्रिटेन की कंजरवेटिव और लेबर पार्टी, जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स और द सोशल डेमोक्रेट्स और अमेरिका की डेमोक्रेट्स और रिपब्लिकन जैसी सत्ताधारी और विपक्षी पार्टियों को आमंत्रित किया है। नेपाल की सरकार में शामिल पांचों दलों को भी न्योता भेजा गया है। अमेरिका, ब्रिटेन, इजरायल, श्रीलंका, बांग्लादेश, नेपाल, मॉरीशस, तंजानिया और युगांडा के 15 दलों की तरफ से शामिल होने की सूचना मिल गई है।

भाजपा विदेश विभाग के प्रभारी विजय चौथाईवाला के मुताबिक ऐसा पहली बार होगा, जब दूसरे देशों के राजनीतिक प्रतिनिधि चुनाव के साक्षी बनेंगे। भारत में किस तरह से चुनाव होता है, इसे जानने के लिए विदेशों में कई राजनीतिक दल इच्छुक हैं। आने वालों में पक्ष और विपक्ष दोनों दल शामिल हैं। भाजपा के प्रचार करने के तरीके दिखाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा और गृहमंत्री अमित शाह की रैलियों में लेकर जाएंगे।

विदेशी वालंटियर्स भी होंगे चुनाव में सक्रिय

देश के साथ विदेश में भी भाजपा के वालंटियर्स वहां काम करने वाले भारतीयों के घर-घर प्रचार में सक्रिय हैं। अब यह टीम पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान से पहले यहां आकर अपने प्रभाव क्षेत्र में भाजपा के लिए वोट मांगेगी। इसके लिए भाजपा विदेश विभाग ने खास इंतजाम किया है। वालंटियर्स की टीम विदेश से आ रहे कई राजनीतिक दलों के सदस्यों को भी भाजपा के लिए वोट साधने में साथ देने के लिए तैयार करके आ रहे हैं। अमेरिका में इंजीनियर उपेंद्र सिंह और आनंद सिंह ने बताया कि अपने घरवालों को भाजपा के लिए सहेजने का आग्रह किया जा रहा है।

Video Recto Scope
The Ano-Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula) एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
www.anorectalclinic.com | 7388913338, 8005423919

द्वितीय ब्रह्मचारिणी

दूसरे नवरात्र में मां के ब्रह्मचारिणी एवं तपश्चारिणी रूप को पूजा जाता है। जो साधक मां के इस रूप की पूजा करते हैं उन्हें तप, त्याग, वैराग्य, संयम और सदाचार की प्राप्ति होती है और जीवन में वे जिस बात का संकल्प कर लेते हैं उसे पूरा करके ही रहते हैं। देवी ब्रह्मचारिणी की पूजा से मंगल दोष खत्म होता है।
बीज मंत्र-ह्रीं श्री अम्बिकायै नमः।
पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा

एम. के. बन्धानी हींग
हर समझदार गृहणी की पसन्द
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

30वां रोजा

शिया
इफ्तार : 6:40 बजे

सुन्नी
इफ्तार : 6:30 बजे

शहर में आज

- झूलेलाल जयंती पर शिव शान्ति आश्रम से भव्य शोभा यात्रा – 9:00 बजे।
- माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में जबलपुर के वरिष्ठ चित्रकार रघुवीर अम्बर की 23 कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी – 11:00 बजे।
- नटराज संगीत कला केंद्र द्वारा राज्य ललित कला अकादमी में पांच दिवसीय कला उत्सव कलावंतु का आयोजन – 11:00 बजे।
- भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभाग में तबला विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला – 12:00 बजे।
- गोमती नगर स्थित संगीत नाटक अकादमी में पद्मजा कला संस्थान द्वारा 'परंपरा-2024' नाम से वार्षिकोत्सव का आयोजन – 6:00 बजे।
- विनीत खंड, गोमती नगर में विश्व होम्योपैथिक दिवस के अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन – 6:00 बजे।

गोमती नगर क्षेत्र में 100 से अधिक मानक विपरीत मैरिज हॉल संचालित

मनमाने तरीके से 5,000 भवनों में चल रहे स्कूल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, शोरूम व होटल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन जोन एक के गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार क्षेत्र में 100 से अधिक मैरिज हॉल मानक विपरीत संचालित हैं। आवासीय भवनों में संचालित इन मैरिज हॉल की जांच भी कराई गयी लेकिन, रिपोर्ट फाइलों में दब गई। आवासीय भवनों में संचालित इन मैरिज हॉल को एलडीए ने नोटिस तो भेजा पर सीलिंग व ध्वस्तीकरण की कार्रवाई नहीं की।

अभियंताओं और बिल्डर के गठजोड़ से गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, चिनहट, मटियारी, सुल्तानपुर रोड आदि क्षेत्रों में अवैध निर्माण खुलेआम हो रहे हैं। अकेले गोमती नगर और गोमती नगर विस्तार में लगभग 5,000 अवैध रूप से किए गए निर्माण एलडीए की जानकारी में हैं। मनमाने तरीके से इनमें स्कूल, शॉपिंग कॉम्प्लेक्स, शोरूम, होटल, रेस्टोरेंट भी संचालित हो रहे हैं।

यहां मामले आ चुके हैं सामने : गोमती नगर, गोमती नगर विस्तार, जानकीपुरम, पारा, सुल्तानपुर रोड, कानपुर रोड, फैजाबाद रोड, सीतापुर रोड, हरदोई रोड आदि क्षेत्रों में नियम विरुद्ध मैरिज हॉल और बैंक्वेट हॉल संचालित हैं। इनमें से अधिकांश के नक्शे ही पास नहीं हैं। कुछ लोगों ने नक्शा आवासीय का पास कराया और व्यावसायिक इस्तेमाल कर रहे हैं।

गोमती नगर विस्तार में बिना मानचित्र के 2,000 से अधिक निर्माण : गोमती नगर विस्तार इलाके में एलडीए आवासीय भवनों के लिए मानचित्र पास नहीं करता है। इसके बावजूद लगभग 2,000 से अधिक निर्माण हो गए हैं। एलडीए इनको नोटिस भी जारी कर चुका है। सूत्रों का कहना है कि प्रवर्तन जोन के अभियंता और सुपरवाइजर अवैध रूप से किए गए निर्माण करने वालों को सीलिंग का भय दिखाकर धन उगाही करते हैं। भवन स्वामी अपना निर्माण नियमित कराने के लिए एलडीए के चक्कर काट रहे हैं।

गोमती नगर स्थित विवेक खंड में एलडीए द्वारा दो बार सील की गई मानक विपरीत आवासीय भूखंड पर बनी बिल्डिंग। अमृत विचार

▸▸ नोटिस देकर भूले अभियंता सीलिंग की, न ध्वस्तीकरण

आवासीय भूखंडों पर अवैध तरीके से संचालित मैरिज हॉल पर प्रवर्तन जोन के अभियंताओं ने क्या कार्रवाई की है, इसे दिखवाया जाएगा। जिन पर कार्रवाई नहीं की गयी है, उनको सील कराया जाएगा। अभियंताओं की संलिप्तता पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी।

–विवेक श्रीवास्तव, सचिव, लखनऊ विकास प्राधिकरण

अंसल में मानक विपरीत निर्माण दोबारा सील

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 68,000 वर्ग फिट में करा रहे थे व्यावसायिक निर्माण

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने मंगलवार को सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के अंसल एपीआई में मानचित्र के विपरीत किए जा रहे व्यावसायिक निर्माण सहित सात डुप्लेक्स भवन सील कर दिए।

जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन दो देवांश त्रिवेदी ने बताया कि अंसल एपीआई के निदेशक अरुण मिश्रा तथा निर्माणकर्ता 'वन प्लेस ग्रुप' के आरके सिंह द्वारा सेक्टर-बी में भूखण्ड संख्या-सीबी/डी-2 पर लगभग 68,000 वर्गफिट क्षेत्रफल में 'द फतेह रीजेन्टा' नाम से व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था।

इसके अलावा राहुल सिंह व अन्य द्वारा परमहंस नगर, हरिहरपुर में फ्रेन्ड्स कालोनी के पास अवैध रूप से 900-900 वर्ग फिट क्षेत्रफल के सात डुप्लेक्स भवनों का निर्माण कराया जा रहा था।

विहित न्यायालय के आदेश पर इन दोनों स्थलों को पूर्व में सील किया गया था। मंगलवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता प्रमोद कुमार पाण्डेय द्वारा प्राधिकरण पुलिस व स्थानीय थाना पुलिस बल के सहयोग से स्थलों को पुनः सील किया गया।

खनिज भवन में लगी आग, फाइलें जलने की आशंका

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित खनिज भवन की बिल्डिंग में मंगलवार दोपहर आग लग गई। आग पहले बिल्डिंग के पिछले हिस्से में फैले कूड़े में लगी थी, जो भूतल से 5वीं मंजिल तक पहुंच गई। इससे वहां अफरातफरी मच गई। आनन-फानन कर्मचारी भागकर नीचे पहुंचे और फायर फाइटिंग सिस्टम से आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। सूचना पर सीएफओ मंगेश कुमार हाइड्रोलिक प्लेटफार्म समेत तीन दमकल के साथ पहुंच गए। दमकल कर्मियों ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

▸▸ बिल्डिंग के पीछे पत्तों व कूड़े के ढेर में लगी आग 5वीं मंजिल तक पहुंची

▸▸ तीन टैंकरों के पानी से दकमल कर्मियों ने घंटेभर की मशक्कत कर पाया आग पर काबू

बताया जा रहा है कि खनिज भवन के पीछे के हिस्से में दोपहर 2:20 बजे आग की लपटें उठीं। लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही आग ने बिल्डिंग की पांचों मंजिल को चपेट में ले लिया। चीख-पुकार मचाते कर्मचारी बाहर आ गए। हाईड्रेंट से राहत कार्य शुरू किया। इससे समय रहते आग पर काबू पा लिया गया। वाटर स्प्रिंकलर से आग कमरों में नहीं फैली लेकिन, पूरी बिल्डिंग में धुआं भरने से लोगों को सांस लेने में परेशानी हुई। दमकल कर्मियों ने एक घंटे में पूरी तरह से आग पर काबू पा लिया।

खनिज भवन में लगी आग को बुझाते दमकल कर्मी। अमृत विचार

डेकोरेटेड शीट से ऊपरी मंजिल तक पहुंची आग

सीएफओ मंगेश कुमार ने बताया कि बिल्डिंग के पीछे पेड़ के सूखे पत्ते और कूड़े से आग भड़कने की आशंका है। जांच में कारण स्पष्ट होगा। बिल्डिंग के बाहर लगी डेकोरेटेड शीट से आग तेजी से 5वीं मंजिल तक पहुंच गई।

पानी से भी खराब हो गईं फाइलें

आग से कई फाइलों के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। इसके अलावा आग बुझाने के लिए फेंके गए पानी से भी कई फाइलें खराब हो गईं। फिलहाल इस संबंध में कोई जिम्मेदार जानकारी नहीं दे रहा है।

15 प्रतिशत छूट के साथ जमा हुआ एक करोड़ गृहकर

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम के कैश काउंटर मंगलवार को सुबह 10 बजे से गृहकर जमा करने के लिए खुल गए। इस बीच, 15 प्रतिशत छूट के साथ गृहकर जमा करने के लिए भवन स्वामियों की भीड़ लग गई। जिनका बकाया था, उन्हें गृहकर जमा करने पर 10 प्रतिशत छूट मिली। 3 बजे तक काउंटरों पर गृहकर जमा किया गया। शाम तक लगभग 88 लाख रुपये गृहकर जमा हो चुका था। रात 12 बजे तक लगभग एक करोड़ रुपये गृहकर जमा हुआ। यह जानकारी मुख्य कर निर्धारण अधिकारी अम्बी बिष्ट ने दी। 31 मार्च 2023 को वित्तीय वर्ष 2023-24 की समाप्ति के बाद 1 अप्रैल से नगर निगम का सॉफ्टवेयर बंद था, जिससे लोग गृहकर जमा नहीं कर सके। इस बीच, एनआईसी से सॉफ्टवेयर का डाटा अपडेट किया जा रहा था। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए 1 अप्रैल से 30 जून तक गृहकर जमा करने पर 15 प्रतिशत छूट दी गई थी। इससे पहले गृहकर जमा करने पर अधिकतम 10 प्रतिशत छूट दी जाती थी। 15 प्रतिशत छूट का लाभ पाने के लिए पिछला गृहकर बकाया नहीं होना चाहिए।

पांच लाख की आबादी आज झेलेगी बिजली संकट

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अनुरक्षण कार्य के चलते शहर के कई क्षेत्रों की बिजली आपूर्ति बुधवार को बाधित रहेगी। इससे करीब पांच लाख की आबादी को बिजली संकट झेलना होगा। पुरनिया उपकेंद्र से पोषित फीडर के जर्जर कंडक्टर को बदलने का कार्य किया जायेगा। जिसके चलते सेक्टर के,क्यू,पी व विध्यांचल मंदिर के आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी।

चिनहट में फीडरों के मेंटीनेंस कार्य के चलते शिवपुरी, तकरोही देवा, अमराई, मटियारी, चिनहट टाउन, चिनहट बाजार, तिवारीगंज, हरदासी खेड़ा, माही बाबा हॉस्पिटल, हिमसिटी, सत्रिख रोड और बाबा नट बाजार में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली गुल रहेगी। इसके साथ ही इंजीनियरिंग कॉलेज, जानकीपुरम नियर मालवीय स्कूल, सेक्टर-एक, दो, चार, ब्राइट वे स्कूल के पास, गौशाला, सुंदरम पार्क के आसपास, सेक्टर एफ, जानकीपुरम, आलिस नगर चौराहा, सेक्टर आई, साठ फिटा रोड, जानकी विहार, जानकीपुरम विस्तार, सुल्तानपुर गांव में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति प्रभावित रहेगी। विकासनगर से पोषित क्षेत्रों में आरडीएसएस योजना के तहत कार्य किया जाएगा। इसके चलते वृद्धाश्रम कल्याणपुर के आसपास के इलाकों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं, लौलाई उपकेंद्र के माधवग्रीन फीडर से पोषित इलाकों में एलटी के जर्जर तारों और खंभों को बदलने का कार्य किया जायेगा। इससे उसके आसपास के क्षेत्रों में सुबह 10 से शाम 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी।

▸▸ अनुरक्षण कार्य के चलते कई क्षेत्रों में बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

कमरे में खून से लथपथ मिली युवती

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ : चिनहट इलाके में एक मोटर्स कंपनी में काम करने वाली युवती किराए के कमरे में खून से लथपथ अवस्था में मिली। उसके हाथ की नस कटी और गर्दन पर गहरे निशान मिले। मकान मालिक की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लोहिया अस्पताल लेकर गयी। जहां आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है। पुलिस को युवती के होश में आने का इंतजार है।

मूलतः कानपुर के शास्त्री नगर की रहने वाली रुचि (25) पुत्री नागेन्द्र पाल वर्तमान में चिनहट इलाके के सेमरा गांव में सहेली निशा के साथ अभिषेक मौर्य के मकान में किराए पर रहती है। रुचि एक मोटर्स कंपनी में बतौर प्रशिक्षु कार्य करती थी। मंगलवार शाम निशा शिफ्ट पूरी कर कमरे पर लौटी। काफी देर तक दरवाजा खटखटाने के बाद भी जवाब नहीं मिला। इस पर उसने रुचि को फोन किया लेकिन, कॉल रिसीव नहीं हुई। अनहोनी की आशंका पर निशा मकान मालिक को बुला लाई। तब तक पड़ोसी भी आ गए और दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंचे। रुचि मरणासन्न हालत में खून से लथपथ पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस उसे लोहिया अस्पताल ले गयी। इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार, युवती को लोहिया अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। जहां उसकी हालत नाजुक बनी है। पुलिस की सूचना पर अस्पताल पहुंची मां ने बताया, मंगलवार शाम करीब 3 बजे बेटी ने काल कर उनसे काफी देर बात की थी। तब उसने ऐसी कोई बात नहीं बताई, जिससे इस तरह के कदम की आशंका लगे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवती के हाथ की नस कटी होने के अलावा गर्दन में भी गंभीर घाव हैं। पुलिस ने युवती का मोबाइल कब्जे में लिया है। इंस्पेक्टर चिनहट का कहना है कि युवती के होश में आने पर ही घटना का कारण पता चलेगा। अभी परिजन की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिली है।

घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित करते फॉरेंसिक टीम के सदस्य। अमृत विचार

▸▸ हाथ की नस कटी और गर्दन पर मिले गहरे निशान, लोहिया अस्पताल के आईसीयू में भर्ती

▸▸ सहेली के साथ रहती है, पुलिस ने युवती का मोबाइल कब्जे में लिया

▸▸ चिनहट थाना क्षेत्र का मामला कानपुर निवासी मां पहुंची अस्पताल

फॉरेंसिक टीम ने जुटाये साक्ष्य

लखनऊ : घटना की सूचना पर पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। कमरे में फर्श पर काफी खून फैला मिला। इसके अलावा एक चाकू भी फर्श पर खून से सना हुआ मिला है। आशंका जताई जा रही है कि इसी चाकू से हाथ की नस काटी गई है।

आज निकाली जायेगी शोभा यात्रा वैकल्पिक मार्गों से करें आवाजाही

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सुबह 11 बजे से कार्यक्रम के समापन तक लागू रहेगा डायवर्जन

अमृत विचार : शिव संत असूदाराम आश्रम से बुधवार सुबह 11 बजे से शोभा यात्रा निकाली जायेगी।

इसके चलते यात्रा वाले प्रमुख मार्गों पर डायवर्जन लागू किया गया है। डीसीपी यातायात सलमान ताज पाटिल ने बताया, डायवर्जन शोभा यात्रा के समापन तक लागू रहेगा। इस दौरान वाहन चालकों के लिए वैकल्पिक मार्गों का निर्धारण किया गया है।

जानिए किन रास्तों पर यातायात में किया गया बदलाव

- आलमबाग चौराहे से मवैया चौराहे के बीच आवाजाही बंद रहेगी। वैकल्पिक मार्ग आलमबाग टेढ़ी पुलिया चौराहे से फतेह अली तालाब चौराहे, कुंवर जगदीश चौराहे का तय किया गया है।
- चारबाग से वाहन नाका हिण्डोला होकर अमीनाबाद, नजीराबाद, कैसरबाग की तरफ नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग केकेसी होकर तय किया गया है।
- केकेसी तिराहे से चारबाग नहीं जा सकेंगे। केकेसी से लोको चौराहे होते हुए जा सकेंगे।
- कैसरबाग चौराहे से नॉवल्टी चौराहे होकर कैपिटल की तरफ रास्ता बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग बर्लिंग्टन चौराहा होकर मिलेगा।
- कैपिटल तिराहे से नगर निगम नॉवल्टी होकर कैसरबाग नहीं जा सकेंगे। बापू भवन से बर्लिंग्टन चौराहे होकर जा सकेंगे।
- डीएसओ चौराहे से हजरतगंज चौराहे तक आवागमन बंद रहेगा। वैकल्पिक मार्ग सिसेण्डी तिराहा, लालबत्ती चौराहा होकर मिलेगा।
- हजरतगंज चौराहे से हलवासिया होकर सुभाष-परिवर्तन चौराहे नहीं जा सकेंगे। वैकल्पिक मार्ग बापू भवन से होकर तय किया गया है।
- परिवर्तन चौराहे से हजरतगंज नहीं जा सकेंगे। इस रूट के वाहन हनुमंतधाम, चिरैया झील होकर जाएंगे।

ज्वैलरी शोरूम से महिलाओं ने पार किया डेढ़ लाख का सोना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ घटना के 21 दिनों के बाद अमीनाबाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार : अमीनाबाद स्थित एक ज्वैलरी शोरूम में गहने खरीदने पहुंचीं दो महिलाओं ने 24 ग्राम सोना पार कर दिया। झांसा देकर उड़ाए गए सोने की कीमत करीब डेढ़ लाख रुपये है। पूरी घटना शोरूम में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। हालांकि पीड़ित सर्राफ की शिकायत पर पुलिस ने 21 दिनों के बाद एफआईआर दर्ज कर आरोपी महिलाओं की तलाश शुरू कर दी है।

महानगर सेक्टर-सी निवासी सर्राफ राजीव अग्रवाल का झंडेवाला पार्क के पास प्रतिष्ठान है। राजीव ने बताया कि गत 19 मार्च को शाम करीब 5:30 बजे दो महिलाएं गहने खरीदारी करने के लिए शोरूम में आई थीं और नए डिजाइन के गहने दिखाने की बात कही और बातों में कर्मचारी को उलझा कर 24 ग्राम सोना पार कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद महिलाएं वहां से चुपके से निकल गईं। वहीं, जब सीसीटीवी की फुटेज राजीव ने देखी तो घटना की जानकारी हुई। इसके बाद अमीनाबाद थाने में तहरीर दी लेकिन, पुलिस ने घटना के 21 दिनों के बाद एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज के माध्यम से महिलाओं की पहचान कराई जा रही है।

सुरक्षा एजेंसियों की झूठी कहानी की खुल गई कलई

फुटेज ने कस्टम व सीआईएसएफ के झूठ से उठाया परदा, सवाल उठे तो पुलिस से मांगी मदद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर लगे सीसीटीवी कैमरे ने 29 तस्करों के भागने के मामले की कलई खोल दी। फुटेज सामने आते ही कस्टम की धक्का देकर भागने वाली कहानी और सीआईएसएफ की सुरक्षा व्यवस्था से परदा उठ गया। सोने की तस्करी कर लाने वालों को हवाई अड्डे पर रोकने तक का प्रयास नहीं किया गया। गेट के पास सीआईएसएफ का जवान भी मौजूद था। वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हुआ। फुटेज में तस्करों के आराम से निकलने के तरीके ने दोनों विभागों के अधिकारियों और कर्मचारियों की संलिप्तता उजागर कर दी है। वहीं, मलिहाबाद से कस्टम टीम द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लिया गया है। आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

1 अप्रैल को शारजहा से विमान संख्या 6ई-1424 एयरपोर्ट पर पहुंची थी। कस्टम विभाग की टीम ने उक्त विमान से आए 36 तस्करों को हिरासत में लिया था। इनमें 30 तस्कर पेट में सोना छिपाकर लाए थे। 2 अप्रैल की शाम को 29 तस्कर भाग गए थे। 3 अप्रैल को जब तस्करों के भागने की सूचना पुलिस को दी गई तो मामले का खुलासा हुआ। घटना के सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि बीमारी का बहाना बनाने वाले तस्कर को अन्य साथियों ने उठाया और सीआईएसएफ के जवानों को किनारे करते हुए आराम से निकल गए। सुरक्षाकर्मियों ने तस्करों को रोकने का प्रयास तक नहीं किया। खास बात यह है कि मुकदमे में धक्का देकर भाग निकलने की बात कही गई थी। मगर फुटेज में धक्का देने जैसी स्थिति नहीं दिखाई पड़ रही है। दूसरी ओर पुलिस समेत कस्टम और बाकी विभाग के अधिकारी मामले की गंभीरता को देखते हुए अभी कुछ भी बयान जारी करने से बच रहे हैं।

दूसरी ओर, सवाल खड़े हो रहे हैं कि एयरपोर्ट पर सख्त सुरक्षा रहती है और शारजहा, दुबई, बैंकाक, मस्कट एवं सउदी अरब से आने वाले यात्रियों पर विशेष नजर रहती है। ऐसे में 29 तस्करों का भाग निकलना सुरक्षा पर सवाल खड़े करता है। साथ ही, लखनऊ एयरपोर्ट से मुख्य मार्ग तक की दूरी लगभग एक किलोमीटर है। तस्करों को सुरक्षा में तैनात जवानों ने दौड़ाकर क्यों नहीं पकड़ा। दो दिनों तक तस्कर हाल में रहे और सीआईएसएफ जवानों को धक्का देकर भाग निकले। एयरपोर्ट पर तैनात अधिकारियों और कर्मियों की मिलीभगत से इंकार नहीं किया जा सकता है।

साथी को लेकर एयरपोर्ट से निकलते तस्कर। अमृत विचार

▸▸ दो दिनों तक तस्करों से पूछताछ के नाम पर रोकने को लेकर उठ रहे सवाल, साक्ष्य ने कार्रवाई के लिए किया मजबूर

विदेशी सिगरेट की अधिक मांग गुरुग्राम, नोएडा व बंगलुरू में

अमृत विचार, लखनऊ : विदेश से तस्करी कर लखनऊ लाई जाने वाली सिगरेट की सबसे अधिक मांग दिल्ली, गुरुग्राम, नोएडा, फरीदाबाद, पुणे, हैदराबाद और बेंगलुरु में है। इसकी आपूर्ति रिसार्ट और बड़े बार में की जाती है। बड़े लोग सिगरेट की मुंहमांगी कीमत भी देते हैं। प्रदेश के रामपुर जिले से गिरोह सिगरेट की तस्करी में लगा हुआ है। चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर प्रतिमाह लगभग ढाई से पौने तीन करोड़ की सिगरेट पकड़ी जाती है। जबकि कस्टम की नजर में धूल झोंककर तस्कर हवाई अड्डे से सिगरेट निकाल ले जाते हैं। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की सूचना पर ही तस्कर गिरफ्त में आए हैं। जनवरी से अप्रैल के बीच हवाई अड्डे पर सिगरेट तस्करी के 100 से अधिक मामले सामने आ चुके हैं। लगभग 8 करोड़ 47 लाख 80 हजार रुपये की सिगरट पकड़ी गई हैं। सिगरेट की तस्करी में कोई बड़ा गैंग शामिल हो सकता है। विदेशी सिगरेटों को दुबई, शारजाह और बैंकॉक समेत कुछ अन्य जगहों से लाया जाता है।

एक नजर

पुनर्वास विवि ने दिलाई मतदाता जागरूकता की शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय लोकतंत्र की आधारशिला को मजबूत बनाने के उद्देश्य से डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वाधान में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदाता शपथ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विवि के कुलपति प्रो. हिमांशु शेखर झा द्वारा उपस्थित छात्रों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। कुलसचिव रोहित सिंह सहित अन्य जिम्मेदारों की उपस्थिति में शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर संजय सिंह, डॉ. अमित कुमार राय, डॉ. बृजेश कुमार राय, डॉ. प्रज्ञा श्रीवास्तव सहित अन्य उपस्थित रहे।

चित्रकार शिविर रामोत्सव की हुई शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : नटराज संगीत कला केन्द्र द्वारा राज्य ललित कला अकादमी उप्र के सहयोग से पांच दिवसीय कला उत्सव कलावंतु के अन्तर्गत मंगलवार को तीन दिवसीय चित्रकार शिविर रामोत्सव की शुरूआत डॉ. अनीता कन्नौजिया असिस्टेंट प्रो. लखनऊ विश्वविद्यालय एवं उत्कर्ष ललित कला अकादमी के चेयरमैन डॉ. राजेन्द्र सिंह पुण्डीर के दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया है। शिविर में 10 कलाकारों की कृतियों का सृजन किया जा रहा हैं। यह कृतियां 12 अप्रैल को दर्शकों के अवलोकनार्थ प्रदशित की जाएगी।

गर्मी बढ़ी, कभी भी कट सकते हैं विद्यालयों के बिजली कनेक्शन

शहर के विद्यालयों में बकाया बिल जमा करने की स्थिति साफ नहीं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नया शैक्षिक सत्र शुरू हो चुका है और गर्मी भी बढ़ रही है। लेकिन राजधानी में काफी संख्या में ऐसे सरकारी विद्यालय हैं, जहां पर बिजली की समस्या लगताार बनी हुई है। कहीं कनेक्शन कटे हुए हैं तो कहीं पर बिजली का बिल बकाया है इसलिए कनेक्शन कटने की कगार पर हैं। ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों में ग्राम पंचायत स्तर से बिजली का बिल जमा करने का प्रावधान है लेकिन शहर के नगर क्षेत्र में बिल कैसे जमा हो इस पर स्थिति भी स्पष्ट नहीं है। प्रधानाध्यापक किसी तरह से बिजली विभाग को आश्वासन देकर अपना काम चला रहे हैं।

शिक्षकों का कहना है कि अप्रैल माह में ही गर्मी बढ़ती जा रही है ऐसे में बिजली की समस्या को दुरुस्त किया जाना चाहिए नहीं तो आगे और समस्या हो सकती है। वहीं शिक्षकों की मांग है कि सभी प्राथमिक और

▸▸ बिजली विभाग को आश्वासन देकर प्रधानाध्यापक चला रहे विद्यालय

जूनियर विद्यालयों में विद्यालय का संचालन का अब समय घटाया जाना चाहिए। क्योंकि माध्यमिक कॉलेजों में सुबह 8 बजे से दोपहर 12:30 बजे तक पढ़ाई हो रही है। जबकि प्राइमरी और जूनियर में सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक पढ़ाई हो रही है। जिस तरह से गर्मी बढ़ रही है उसमें समय घटाना बहुत जरूरी है।

सरोजनीनगर के दर्जनों स्कूल में कनेक्शन नहीं : सरोजनीनगर ब्लॉक स्थित प्राथमिक विद्यालय धोधनखेड़ा, प्राथमिक विद्यालय डिप्टीगंज सहित दर्जनों विद्यालय ऐसे हैं, जहां बिजली कनेक्शन ही नहीं जुड़ पाया है। शिक्षकों ने बताया कि कुछ विद्यालयों का कनेक्शन जुड़ने लिए बजट आया है, लेकिन बिजली आयेगी कब इस पर स्थिति साफ नहीं है।

बाकी है 50 हजार रुपये का बिल

बख्शी का तालाब ब्लॉक में स्थित प्राथमिक विद्यालय हरदौलपुर में बिजली बिल का 50 हजार रुपये बाकी है। जबकि तीन माह के बकाया बिल पर कनेक्शन काट दिया जाता है। लेकिन विद्यालय के शिक्षकों का कहना है कि किसी तरह से बिजली विभाग को भुगतान का आश्वासन देकर काम चलाया जा रहा है। शिक्षकों ने बताया कि कभी भी कनेक्शन कट सकता है। इस संबंध में बीईओ को भी सूचना भेजी जा चुकी है। इसी तरह से बीकेटी के प्राथमिक विद्यालय धौराहरा, प्राथमिक विद्यालय खेरिया, में मीटर कनेक्शन लेकिन प्रीपेट होने के बाद ऑटो कट मोड में हो गया है। इसलिए यहां भी बिजली की समस्या है।

> विद्यालय संचालन का समय तो पूरे प्रदेश में निर्धारित है। सभी जगह एक ही समय से संचालन हो रहा है। वहीं अप्रैल माह में अभी तो इतनी गर्मी नहीं हो रही है कि विद्यालय का समय घटाने की जरूरत है। जहां बिजली की दिक्कत है उसको दूर किया जायेगा।
> –राम प्रवेश, बेसिक शिक्षा अधिकारी

> विद्यालयों में बिजली की समस्या दूर करना बहुत जरूरी है। कई विद्यालय ऐसे हैं जहां हजारों में बिल बकाया है। लेकिन ये जमा कैसे होगा इस पर विभाग की स्थिति स्पष्ट नहीं है। कनेक्शन कभी भी कट सकते हैं। अभी गर्मी और बढ़ेगी तो ज्यादा समस्या हो सकती है।
> –विनय कुमार सिंह, प्रदेश प्राथमिक शिक्षक प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन

मदरसा बोर्ड : ईद के बाद परीक्षा परिणाम हो सकते हैं घोषित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : यूपी मदरसा बोर्ड की व्यवस्थाओं को लेकर मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार ने बैठक की। कई क्रमों में चली बैठक के दौरान मदरसों के संचालन पर बल दिया गया। इस दौरान मदरसों से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण भी किये गए।

सुप्रीम के आदेश के बाद मंगलवार को मदरसा बोर्ड से जुड़ी दूसरी बैठक आयोजित की गई। मदरसा बोर्ड की रजिस्ट्रार डॉ. प्रियंका अवस्थी ने जिलावार अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारियों को निर्देश दिये कि ईद के बाद से पंजीकृत मदरसों का संचालन सुनिश्चित किया जाए। रजिस्ट्रार ने कई क्रमों में चली बैठक के दौरान मदरसा से जुड़ी समस्याओं के निस्तारण किये गए।

परीक्षा परिणामों की सूची तैयार

परीक्षा परिणामों की सूची तैयार कर ली गई है। बताते हैं कि दिन पर पोर्टल के अंकन को क्रमवार किया गया। कई बिन्दुओं के मिलान भी कराए गए। माना जा रहा है कि ईद पर्व के बाद परीक्षा के परिणाम घोषित हो जाएंगे।

यूपी बोर्ड परीक्षा परिणाम घोषित करने की तैयारियां शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ बोर्ड में बैठक के बाद तय होगी परिणाम जारी करने की तारीख

अमृत विचार : यूपी बोर्ड 10वीं और 12वीं की परीक्षा परिणाम की समीक्षा हो चुकी है। अब परीक्षा परिणाम जारी करने की तिथि इसी सप्ताह होने वाली बैठक के बाद जारी की जायेगी। इस बारे में जानकारी देते हुए माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव दिब्यकांत शुक्ला ने बताया कि परीक्षा परिणाम पारदर्शी तरह से जारी हो इसकी विभागीय स्तर पर पूरी तैयारी चल रही है। कॉपी चेक होने के बाद अब अंकों की गणना के साथ-साथ समीक्षा भी कर ली गई है।

इसी सप्ताह माध्यमिक शिक्षा परिषद और निदेशालय के अधिकारियों की शासन में बैठक होनी है इसी बैठक में तय हो जायेगा कि परिणाम किस तिथि को जारी किया जाये। हालांकि परिणाम जारी करने के संभावित तिथि 22 अप्रैल बताई जा रही है।

बता दें इस बार यूपी बोर्ड परीक्षायें 22 फरवरी से 9 मार्च तक आयोजित हुई थी। परीक्षा में 55 लाख से अधिक परीक्षार्थी रजिस्टर्ड थे इसमें 5 लाख परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी। 50 लाख परीक्षार्थियों का परिणाम जारी होना है।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

अदालती नोटिस

हेतु संदर्भित करने की सूचना/साधारण प्रारूप
बअदालत न्यायालय श्रीमान् जनपद न्यायाधीश, लखनऊ
प्रकीर्ण वाद संख्या–115/2024
ता0पेशी–16.04.2024

मोहम्मद खुशनूद खान आयु लगभग 23 वर्ष पुत्र स्व0 मोहम्मद मकसूद खान निवासी–543/पी एन–102, शेखपुर, हबीबपुर, राजाजीपुरम्, जिला–लखनऊ –प्रार्थी/वादी

बनाम

1–सादिका मकसूद आयु लगभग 14 वर्ष पुत्री स्व0 मकसूद खान निवासिनी–543/पी एन–102, शेखपुर, हबीबपुर, राजाजीपुरम्, जिला–लखनऊ–2–मोहम्मद सऊद खान आयु लगभग 18 वर्ष पुत्र स्व0 मकसूद खान निवासिनी–543/पी एन–102, शेखपुर, हबीबपुर, राजाजीपुरम्, जिला–लखनऊ–3–निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण, उ0प्र0, 620, इन्दिरा भवन, जिला–लखनऊ–4–श्रीमान जिलाधिकारी महोदय, लखनऊ
– विपक्षीगण

जन सामान्य को सूचनार्थ :–

चूंकि उपरोक्त नामांकित–वादी/प्रार्थी ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि आवेदन पत्र अन्तर्गत धारा–7 एवं 10 संरक्षक एवं प्रतिपाल्य अधिनियम हेतु। अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप इस आवेदन के खिलाफ हेतु संदर्भित करने के लिए 16.04.2024 के दिवस को 10.00 बजे पूर्वान्ह में स्वयं या सम्यक रूपेण अनविष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपसंजाता हो और ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा और अवधारित किया जायेगा। मेरे हस्ताक्षर और मोहर न्यायालय की मुद्रा सहित आज दिनांक 31.01.2024 के दिवस को दिखायी गयी।

दस्तखत हाकिम–मोहर अदालत

आरटीई : दूसरे चरण का परिणाम जारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में गरीब बच्चों के प्रवेश के लिए शैक्षिक सत्र 2024-25 के क्रम में दूसरे चरण का परिणाम मंगलवार को जारी हुआ। सभी जिलों में कुल 94 हजार बच्चों ने आवेदन किया, इसमें 47,330 का चयन हुआ है। अब इन्हें स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाया जायेगा।

इस संबंध में शिक्षा महानिदेशक कंचन वर्मा ने भी सभी बीएसए को आदेश जारी करते हुए कहा चयनित बच्चों को निजी स्कूलों में प्रवेश समय से कराया जाए ताकि उनकी पढ़ाई न प्रभावित होने पाए। बता दें आरटीई के दोनो चरणों में अब तक तक 2 लाख 76 हजार से ज्यादा आवेदन आये हैं। पहले चरण में 1 लाख 82 हजार 93 आवेदन फॉर्म आए थे और इसमें से 44 हजार 230 फॉर्म रद कर दिए गए थे। इनमें से 81 हजार 816 को आवंटन किया गया था। अब तक दोनों चरण मिलाकर 1 लाख 29 हजार 146 बच्चों को आरटीई के तहत प्रवेश के लिए स्कूल का आवंटन किया गया हैं। वहीं अकेले राजधानी में पहले चरण में 9,691 बच्चे चयनित हुए। जबकि दूसरे चरण में 6,143 बच्चे चयनित हुए हैं। सभी बच्चों को प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया जारी है।

▸▸ 94 हजार से अधिक हुए थे आवेदन, 47,330 गरीब बच्चों का हुआ चयन

आरटीई का दूसरा चरण

कुल प्राप्त आवेदन	94,005
कुल स्वीकृत आवेदन	68,485
कुल निरस्त आवेदन	25,519
कुल आवंटन	47,330

17 तक पूरे कराये जाएंगे प्रवेश : दूसरे चरण में चयनित बच्चों निजी स्कूलों में निशुल्क प्रवेश दिलाने की प्रक्रिया 17 अप्रैल तक पूरी की जायेगी। इस संबंध में सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों और खंड शिक्षा अधिकारियों की जिम्मेदारी तय की गई है। यदि कोई विद्यालय प्रवेश देने में आनाकानी करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए गये हैं।

तीसरा चरण 15 से : आरटीई के तहत आवेदन का तीसरा व अंतिम चरण 15 अप्रैल से शुरू हो जायेगा। जो 8 मई तक आवेदन लिए जायेंगे। इसके बाद कोई आवेदन स्वीकार नहीं होगा। 23 मई तक इस चरण की आवेदन प्रक्रिया पूरी कर ली जायेगी।

> आरटीई के तहत प्राइवेट विद्यालयों को फीस प्रतिपूर्ति का पैसा भेजा जा चुका है। ऐसे में सभी चयनित बच्चों को एडमिशन समय से कराया जाये इसकी जिम्मेदारी बीएसए और बीईओ की तय की गई है।
> –कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

दो लाख बच्चों को प्रवेश दिलाने का लक्ष्य

इस बार प्रदेश भर में दो लाख गरीब बच्चों को निशुल्क प्रवेश दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। आरटीई के दायरे में कुल 56 हजार प्राइवेट विद्यालय शामिल हैं। स्कूलों को शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि योगी सरकार ने पहले ही भेज दी है। अब 25 प्रतिशत सीटों पर गरीब बच्चों को प्रवेश देना होगा।

मुख्य अतिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते अतिथि। अमृत विचार

कानून का क्रियाशील होना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस के निदेशक ने दिए सुझाव

अमृत विचार : बाबासाहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में भारत में आपराधिक कानूनों में परिवर्तन, भारतीय आपराधिक न्याय प्रणाली का एक नया युग विषय पर आयोजित द्वि-दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। राष्ट्रीय संगोष्ठी में देशभर के विश्वविद्यालयों के प्रतिभागियों ने भाग लिया।

बीबीएयू में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता डीन ऑफ अकेडमिक अफेयर्स प्रो. एस विक्टर बाबू ने की। मुख्य अतिथि के तौर पर यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंस लखनऊ के निदेशक डॉ. जीके गोस्वामी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रो. एस विक्टर बाबू ने कहा कि देश के कानून का क्रियाशील होना जरूरी है, क्योंकि कानून लोगों को एक कर्तव्य बोध कराता है।

आईपीएस अधिकारी डॉ. जीके गोस्वामी ने कहा कि वास्तव में लोगों का यह मानना है कि भारत में कानूनों का उद्देश्य लोगों को न्याय देना कम, उन्हें दंडित करना अधिक है। क्योंकि समय पर न्याय न मिलना भी एक गंभीर समस्या है।

लखनऊ विवि में नौ शिक्षिकाओं का सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : चैत्र नवरात्र के आरंभ पर लखनऊ विश्वविद्यालय ने नौ मातृशक्तियों को सम्मानित किया। आयोजित कार्यक्रम के दौरान महिला सुरक्षा, नारी सशक्तिकरण एवं प्रकृति के साथ संवाद को दोहराया गया। लविवि के मंथन हाल में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर विवि के विभिन्न विभागों में कार्यरत शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया। विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने कहा कि मातृ शक्ति राष्ट्र शक्ति के विचार से प्रेरित कार्यक्रम एक सृजनात्मक प्रयास है। ऐसे आयोजन समुदाय में नारी सशक्तिकरण का संदेश देंगे। सम्मिलित शिक्षिकायों ने अपने-अपने संस्मरण भी साझा किये। विवि में बढ़ती छात्राओं की संख्या पर भी हर्ष व्यक्त करते हुए नौ शिक्षिकाओं को सम्मानित भी किया गया।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

सूचना

सूचित हो कि मैं **विकास यादव पुत्र लाल जी, निवासी–142, ग्राम–मिश्रपुर, पोस्ट–गुडम्बा, कुर्सी रोड, लखनऊ** (उ0प्र0)–226026, मेरे ड्राईविंग लाइसेंस संख्या–UP32A20089003969 में त्रुटिवश मेरा नाम Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav दर्ज हैं जबकि मेरे समस्त दस्तावेर्जो में वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji है। यह कि उपरोक्त दोनों नाम विकास यादव Vikas Yadav / Vikas Kuamr व पिता का नाम Lal Ji/ L.J. Yadav एक ही पिता/पुत्र के नाम हैं। अतः मेरे ड्रांईविग लाईसेंस नं0– UP32A20089003969 में Vikas Kuamr व पिता का नाम L.J. Yadav के स्थान पर वास्तविक व सही नाम विकास यादव Vikas Yadav व पिता का नाम Lal Ji दर्ज किया जाये।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा इण्टरमीडिएट अंकपत्र सह प्रमाण पत्र अनुक्रमांक 1778918 वर्ष 2014 वास्तव में कहीं खो गया है। अथक प्रयास करने के बावजूद नही मिल सका है। **बबीता यादव पुत्री बैजनाथ यादव, निवासिनी– ग्राम–खरगापुर रानी बाजार, आयोध्या।**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम यादव प्रद्युम्मन कुमार पुत्र रामहरख से बदलकर प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए। **–प्रद्युम्मन कुमार यादव पुत्र रामहरख यादव, निवासी– ग्राम– मठिया उर्फ अटकहा, पोस्ट फरदहा, थाना कप्तानगंज, तहसील हाटा, जिला कुशीनगर**

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा हाई स्कूल वर्ष–2018 अनुक्रमांक 2320645 अंकपत्र व सह प्रमाण पत्र कहीं खो गया है। **प्रीती मौर्या पुत्री सूर्यलाल, निवासी– ग्राम– हररैया माथेपुर, पोस्ट– बनकटवा देहात, जनपद– गोंडा, मोबाइल नं– 723486942**

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम STUTI के स्थान पर STUTI MISHRA रख लिया है अब मुझे इसी नाम से जाना एवं समझा जाए STUTI MISHRA पुत्री ANIL KUMAR MISHRA निवासी– ग्राम–धरमपुरा पोस्ट–लहुरा देवा थाना कोतवाली खलीलाबाद जिला संत कबीर नगर –272175

सार-संक्षेप

पीसीएस में चयनित हुए छात्र रजत अवस्थी को पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित करते कॉलेज प्रबंधक शिवाशीष घोष। अमृत विचार

पीसीएस बने विद्यांत कॉलेज के छात्र ने समझाई बारीकी

अमृत विचार, लखनऊ : विद्यांत महाविद्यालय में मंगलवार को 2023 हरियाणा पीसीएस में चयनित पूर्व छात्र रजत अवस्थी सम्मान किया गया। इस दौरान रजत ने मध्यकालीन और आधुनिक इतिहास विभाग की ओर से आयोजित यूजीसी–जेआरएफ/नेट और प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए प्रभावी तैयारी पर व्याख्यान के दौरान छात्रों का मार्गदर्शन किया। रजत ने विद्यांत हिंदू पीजी कॉलेज में स्नातकोत्तर की पढ़ाई के दौरान नेट में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। सत्र के दौरान कॉलेज के प्रबंधक शिवाशीष घोष ने रजत अवस्थी को बधाई देते हुए उत्कृष्ट उपलब्धियों की चर्चा करते हुए छात्रों के लिए प्रेरणादायी बताया। विभाग के प्रमुख प्रो. अमित वर्धन ने अवस्थी की सफलता को विभाग और कॉलेज के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि बताया। सम्मान समारोह विद्यांत हिंदू इंटर कॉलेज के उप प्रबंधक अविक भट्टाचार्य, प्रो उषा देवी, डॉ. अनित श्रीवास्तव, डॉ. राकेश कुमार, डॉ. शहादत हुसैन समेत अन्य शिक्षक सहित संकाय सदस्य शामिल रहे।

स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : बप्पा श्री नारायण वोकेशनल स्नातकोत्तर कॉलेज की एनसीसी नेवल विंग ने मंगलवार को शुरू हुए भारतीय नव वर्ष शुक्ल पक्ष प्रतिपदा विक्रम संवत 2081 के मौके पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर (डॉ.) संजय मिश्र ने किया। इस कार्यक्रम में रक्तदान के अतिरिक्त रक्त संबंधी सभी जांच निशुल्क की गई। महाविद्यालय के छात्र- छात्राओं, अध्यापकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सम्मिलित होते हुए रक्तदान किया। कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर प्रणव मिश्र ने कहा कि राष्ट्र निर्माण में युवाओं की महती भूमिका से ही हम विकसित भारत की कल्पना को सार्थक कर सकते है। यह कार्यक्रम चिकित्सालय हेल्थ सिटी ट्रॉमा एंड हेल्थ केयर सेंटर गोमती नगर द्वारा आयोजित किया गया। जिसमें चिकित्सालय के प्रबंधक ऋषभ, डॉ.अनुभव, मोहित, महाविद्यालय के अध्यापक गण छात्र- छात्राएं एवं एनएनसी के कैडेट्स आदि प्रमुख लोग उपस्थित थे।

रक्तदान करते बीएसएनवी कॉलेज का छात्र। अमृत विचार

बीएसएनवी कॉलेज में प्राचार्य के पदभार को लेकर खींचतान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अविलम्ब नियुक्ति सुनिश्चित कराये जाने के दिये निर्देश

अमृत विचार : प्राचार्य पदभार ग्रहण कराने को लेकर बीएसएनवी पीजी कॉलेज में खींचतान चल रही है। शैक्षणिक कार्य में आ रही बाधा का संज्ञान लेते हुए क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी ने प्रबंधक से जवाब तलब किया है। नियुक्ति को लेकर निर्देश भी प्रशासनिक अधिकारी की ओर से जारी हुए हैं।

बप्पा श्री नारायण वोकेशनल पीजी कॉलेज में प्राचार्य पद के रूप में डॉ. अशोक कुमार दुबे का चयन हुआ था। इसको लेकर शासन की ओर इसी वर्ष जनवरी माह में प्रबंधन को निर्देश जारी किये गए। शासन के आदेशों के बावजूद प्राचार्य को पदभार ग्रहण नहीं कराया गया। ऐसे में कॉलेज कार्य बाधित हुए। कॉलेज में बढ़ती समस्याओं का संज्ञान क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी डॉ. सुधीर कुमार ने लिया। प्रशासनिक अधिकारी द्वारा प्रबंधक को पत्र भेजते हुए सवाल पूछे गए। विवि नियमावली का हवाला देते हुए कहा गया है कि यदि समय रहते प्राचार्य को पदभार ग्रहण नहीं कराया जाएगा तो कॉलेज प्रबंधन को उप्र राज्य विवि अधिनियमों के अन्तर्गत कार्रवाई का सामना करना पड़ सकता है।

उप विजेता टीम के साथ क्लब के सदस्य। अमृत विचार

कौशिकी व आदित्य बने प्रो. बोनो प्रतियोगिता के उपविजेता

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के प्रो बोनो क्लब के एसोसिएट कौशिकी शर्मा व आदित्य राज सोनी ने यूपीईएस देहरादून द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रो बोनो सेवा पुरस्कार प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। प्रो क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक यादव ने बताया कि आयोजित प्रतियोगिता एसोसिएट ने क्लब द्वारा संपादित गतिविधियों की रिपोर्ट के आधार पर प्रस्तुत की थी। इसके लिए क्लब को उपविजेता घोषित किया गया। पदक के साथ – साथ 10 हजार रुपये का पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। संकाय प्रमुख प्रो. डॉ बीडी सिंह ने बताया कि इस तरह की प्रतियोगिता से बच्चों का मनोबल बढ़ता है। उधर प्रतियोगिता की उपविजेता बनी कौशिकी शर्मा और आदित्य राज सोनी ने इस सफलता का श्रेय संकाय प्रभारी और क्लब के सदस्यों को दिया है।

प्रिज्म से मिली टीम वर्क की सीख : विजय कुमार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं तकनीकी संकाय में प्रिज्म 2024 टेक्निकल फेस्ट में 4 प्रतियोगिताओं के अलावा 6 क्विज आयोजन किये गए। इसमें 550 से अधिक छात्रों ने प्रतिभाग किया।

टेक्निकल फेस्ट के समापन समारोह मुख्य अतिथि के रूप में शामिल पूर्व डीजीपी विजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि प्रिज्म में युवाओं को अपने हुनर को प्रदर्शित करने का मौका मिला, जिसमें छात्रों ने अपनी बुद्धिमत्ता, रचनात्मकता और टीमवर्क का अद्वितीय प्रदर्शन किया है। उन्होंने बताया कि आज के युग में तकनीक और तकनीकी विकास का महत्व अनेक गुना बढ़ गया है। इस तरह के इवेंट अपने ज्ञान और समर्थ्य को प्रदर्शित करने का एक अच्छा मंच है। अभियांत्रिकी संकाय के डीन प्रोफेसर एके सिंह ने कहा कि यह एक ऐसा टैक्निकल इवेंट था, जो नए विचारों को, नए अविष्कारों को और नए युग की तकनीकी को साझा करने का एक माध्यम बना। कार्यक्रम में पूर्व डीजीपी विजय कुमार ने विजेताओं को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

पूर्व डीजीपी के साथ प्रतियोगिता में विजयी रहे छात्र–छात्राएं। अमृत विचार

▸▸ 550 से अधिक छात्र-छात्राओं ने किया प्रतिभाग

प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :–
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

मुख्य अभियंता ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

अमृत विचार, लखनऊ : सिस गोमती के मुख्य अभियंता ने मंगलवार को सरोजनीनगर उपकेंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्बाध बिजली आपूर्ति और राजस्व की वसूली के लिए निर्देश दिये। साथ ही कार्य में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों को कार्रवाई की चेतावनी भी दी। मुख्य अभियंता रजत जुनेजा ने बताया कि उन्होंने उपकेंद्र पहुंचकर अधिकारियों को गर्मी में उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति के लिए तैयारियां पूरी रखने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही बकाये बिलों के भुगतान के लिए अभियान चलाने को कहा गया है।

निराला नगर उपकेंद्र का सर्वर डाउन, उपभोक्ता हुए परेशान

अमृत विचार , लखनऊ: निरालानगर उपकेंद्र पर मंगलवार को सर्वर डाउन होने के चलते उपभोक्ता खासा परेशान रहे।इस दौरान प्रीपेड मीटरों को रिचार्ज कराने से लेकर बिल जमा करने वाले उपभोक्ताओं को घंटों इंतजार करना पड़ा।

ट्रांसगोमती के निरालानगर में सुबह दस बजे अचानक सर्वर की आवाजाही शुरू हो गई। जिसके कारण प्रीपेड मीटर को रिचार्ज कराने और बिल को जमा करने के लिए लोग घंटों इंतजार करते रहे। इस बीच कई उपभोक्ताओं ने अधिकारियों को फोन भी मिलाया, लेकिन उनका फोन नहीं उठा। प्रीपेड मीटर रिचार्ज कराने आए शंकरनगर निवासी चेतन सिंह ने बताया कि उनके घर में लगे मीटर का रिचार्ज खत्म हो गया है। जिसकी वजह से लाइट चली गई है। यहां आने पर मीटर रिचार्ज नहीं हो रहा है। कर्मचारी सर्वर की आवाजाही के कारण मीटर रिचार्ज नहीं होना बता रहे हैं। सर्वर कब तक सामान्य होगा, कर्मचारी यह भी नहीं बता रहे हैं। वहीं बिल जमा करने आए भिडियाटोला निवासी अवधेश ने बताया कि कैश काउंटर पर कोई कर्मचारी मौजूद नहीं है।

नवरात्र शुरू, मां के जयकारों से गूंज उठे मंदिर

माता के मंदिरों व घर-घर भजन-पूजन का क्रम शुरू, प्रथम शैलपुत्री के समक्ष श्रद्धालुओं ने नवाया शीश

चौक स्थित काली मंदिर पर प्रसाद चढ़ाते श्रद्धालु। अमृत विचार

नवरात्र के प्रथम दिवस पर चौक स्थित काली मंदिर में देवी की आरती करते पुजारी और भक्तगण। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कलश स्थापना के साथ ही मंगलवार से नवरात्र उत्सव शुरू हो गया। देवी मंदिरों में माता ज्वाला ज्योति को स्थापित किया गया। लगातार नौ दिनों तक चलने वाला देवी पाठ का क्रम भी आज से प्रारंभ हो गया। देर रात तक देवी मंदिर परिसर मां के जयकारों से गूंजते रहे। मंदिरों के कपाट खुले रहे। रात तक भक्त माता के दर्शन करते देखे गए। मंदिरों में सुबह से ही भारी भीड़ और कतारें देखने को मिलीं। घर-घर माता के प्रथम शैलपुत्री स्वरूप के समक्ष श्रद्धालुओं ने अपना शीश नवा आर्शीवाद मांगा।

चौक कालीजी समेत नगर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता: चौक कालीजी, शास्त्रीनगर दुर्गा मंदिर, सिद्धनाथ पीठ, शीतला माता मंदिर, चुन्नी लाल ठाकुरद्वारा मंदिर, दुर्गा-काली, राजेंद्र नगर, रानीगंज, गणेशगंज, अमीनाबाद, पांडेयगंज, नादान महल रोड, सुभाष मार्ग, इंदिरा नगर, आलमबाग, चारबाग, नाका हिंडोला, डालीगंज, अलीगंज समेत शहर के सभी प्रमुख मंदिरों से सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। रात तक कतारें लगी रहीं। आरती के दौरान यह कतारें और लंबी हो गईं। परिसर के बाहर लोगों माता के दर्शनों के लिए अपनी बारी की प्रतीक्षा करते नजर आए। नेहरू क्रास स्थित माता मंदिर के बाहर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ जुटी रही। चुन्नी ठाकुरद्वारा के पुजारी पं. ओम प्रकाश दुबे ने बताया कि ज्योति स्थापित कर दी गई है। जो लगातार अनवरत रूप से नौ दिन तक प्रज्जवलित रहेगी। आयोजक सुनील दुबे का कहना है कि भक्तों और खासतौर पर महिला श्रद्धालुओं के लिए अलग कतारें बनवाई गई हैं। प्रसाद वितरण का क्रम लगातार जारी रहता है। मां के दर्शन के लिए भारी भीड़ मंदिर परिसर में मौजूद रहती है। आरती के वक्त महिला श्रद्धालु की भीड़ ज्यादा हो जाती है। माता प्रतिमा का नित्य श्रृंगार शुरू हो गया है। ज्वाला ज्योति का विसर्जन 18 अप्रैल को गोमती नदी में किया जाएगा। यही हाल चौक के मंदिरों में देखने को मिला। पुलिस बल की तैनाती में श्रद्धालुओं को दर्शन कराया जाता रहा। महिला भक्तों के लिए कतार और आवागमन के रास्ते अलग-अलग बनाए गए थे। शास्त्रीनगर दुर्गा जी मंदिर में बाकायदा पुलिस बल की तैनाती के साथ अव्यवस्था से बचने के लिए एक कार्यालय बना महिला और पुरुष श्रद्धालुओं को एनाउंसमेंट कर जानकारी दी जा रही थी। चप्पल जूतों के लिए पादुका रखने का स्थान बनाया गया जहां भक्त टोकन लेकर अपनी पादुकाओं को जमा कर सकें। इसके लिए परिसर के बाहर कैडेट तैनात किए गए थे। यहियागंज व्यापार मंडल के युवा अध्यक्ष कुश मिश्र ने बताया कि बाजार में भीड़ रहती है। भक्तों को दिक्कत न होने पाए इसके लिए तमाम इंतजाम किए गए हैं। पुलिस की निगरानी रहती है। संकरी गलियों से गुजरकर आज बड़ी संख्या श्रद्धालुओं ने यहियागंज के शीतला मां मंदिर पहुंचे और दर्शन कर पूजा-अर्चना की।

देवी की आरती करती महिला।

हुसैनगंज स्थित मंदिर में पूजा पाठ करते श्रद्धालु। अमृत विचार

मनोकामना पूर्ति हेतु प्रार्थना करती युवती।

घरों में भी हुई घट स्थापना

न केवल मंदिरों में घरों में भी ज्वाला ज्योति और घट स्थापना कर भजन-पूजन शुरू कर दिया गया। श्रद्धालुओं ने विभिन्न मंदिरों में लाई गई माता की ज्योति के दर्शन किए और माता से आर्शीवाद मांगा।

▸▸ **कलश स्थापना के साथ नवरात्र शुरू, प्रथम दिन शैलपुत्री से मांगा आशीर्वाद**

बैंड बाजों के साथ घरों को लाई गई ज्योति

माता वैष्णों देवी और ज्वाला जी से लाई गई ज्योति को लोग बैंड बाजों के साथ शहर के अलग-अलग मंदिरों और घरों में स्थापित करने के लिए ले गए। ज्योति के आगे महिला श्रद्धालु तन्मयता के साथ बैंड की धुनों पर नृत्य कर जयकारे लगाती रहीं। साथ ही गुजर रहे लोगों को प्रसाद वितरण किया जाता रहा।

मंदिर में लगे घंटे को बजाता बच्चा।

नवरात्र पर 24 घंटे बिजली देने को पॉवर कारपोरेशन तैयार

▸▸ **चंद्रिका देवी मंदिर में बिजली कटने से हुए हंगामे के बाद सतर्क हुए अधिकारी**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: नवरात्र पर चौबीस घंटे बिजली सप्लाई के लिए पॉवर कारपोरेशन ने तैयारियां पूरी कर ली हैं। बीती रात चंद्रिका देवी मंदिर में हुए हंगामे के बाद विभाग को राजधानी के भी मंदिरों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति के निर्देश जारी किए हैं। साथ ही मंदिरों के बिजली से जुड़े मामलों को तुरंत निपटाने के लिए कार्रवाई करने का मुख्य अभियंता को एक्शन लेने के लिए कहा है। इसके अलावा जरूरत के मुताबिक ही कर्मचारी को शटडाउन मिलेगा। साथ ही फॉल्ट को ठीक करने की समय सीमा को भी तय किया गया है।

नवरात्रि में सुचारू बिजली सप्लाई के लिए हर उपकेंद्र पर लगे उच्च क्षमता के ट्रासफार्मरों का मेंटीनेंस कार्य को पूरा कर लिया गया है। साथ ही खंभों पर लटकते तारों और पेटीफ्यूज, जम्फर, पेड़ों की कटाई-छटाई के कार्य को भी पूरा कर लिया गया है। विभाग की ओर से मंदिरों को होने वाली सप्लाई वाले जिसमें हनुमान सेतु, खाटू श्याम ,मनकामनेश्वर,कालीजी मंदिर,काली बाड़ी मंदिर और दुर्गा माता मंदिर के फीडर, ट्रांसफार्मर सहित सभी तरह के अनुरक्षण कार्य को पूरा कर सप्लाई को निर्बाध बनाने के लिए दिशा निर्देश जारी किये है।

> नवरात्रि मे निरंतर सप्लाई के सभी तैयारियां पूरी है। मंदिरों को होने वाली सप्लाई वाले फीडर, ट्रांसफार्मर, सहित सभी तरह के अनुरक्षण कार्य को भी कर लिया गया है। तकनीकी खामी के चलते विद्युत आपूर्ति के बाधित होने पर वैकल्पिक इंतजाम भी किये गये है। मंदिरों की ओर से मिलने वाली शिकायतों को तत्काल दूर करने के आदेश दिया गया है।
>
> **-सुनील कपूर, मुख्य अभियंता ट्रांसगोमती**

विक्रम संवत से होते हैं धार्मिक और शुभ कार्य

अमृत विचार : भारतीय अपने सभी धार्मिक और शुभ कार्य विक्रम संवतानुसार ही करते हैं। लेकिन, अंग्रेजों द्वारा बनाए गए नव वर्ष को मनाने में पीछे नहीं हटते हैं। यह बातें नववर्ष चेतना समिति के अध्यक्ष डॉ. गिरीश गुप्ता ने कही। मंगलवार को नव वर्ष चेतना समिति ने खाटू श्याम मंदिर परिसर में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को भारतीय नव वर्ष का स्वागत किया। सचिव डॉ. सुनील अग्रवाल ने कार्यक्रम की शुरुआत की जबकि अध्यक्षता मुख्य संरक्षक रेखा त्रिपाठी ने की। मुख्य अतिथि अपरिमेय श्याम दास अध्यक्ष इस्कान लखनऊ एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ अधिवक्ता उच्चतम न्यायालय विष्णु शंकर जैन व वरिष्ठ अधिवक्ता उच्च न्यायालय डॉ. एलपी मिश्रा रहे। इस दौरान वार्षिक पत्रिका नव चैतन्य का विमोचन किया गया। पत्रिका की संपादक डॉ. निवेदिता रस्तोगी यह पत्रिक श्री राम को समर्पित है।

नृत्य व नाट्य माध्यम से मंच पर अवतरित हुईं भगवती

अमृत विचार, लखनऊ : तुलसी शोध संस्थान, श्रीराम लीला समिति ऐशबाग के तत्वावधान में मंगलवार से परिसर में भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव-2024 शुरुआत हुई। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से मंच पर अवतरित हुईं भगवती देवी दुर्गा के भव्य रूप को दर्शकों ने जयकारे लगाए। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद राज्य सभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा को पं. आदित्य द्विवेदी, हरीश चन्द्र अग्रवाल और प्रमोद अग्रवाल ने पुष्प गुच्छ, अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। भारतीय नववर्ष मेला एवं चैती महोत्सव का शुभारंभ नवयुग कन्या महा-विद्यालय की छात्राओं ने विभिन्न प्रस्तुतियों से किया। इसके बाद वर्तिका,यशप्रिया और श्रेया, आन्या, खुशी, व्याख्या, मिष्ठी, मृन्या, लक्ष्मी, गायत्री, अर्चना, हरगुन, ज्योति, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर भाव विभोर कर दिया।

1,014 मस्जिदों व ईदगाहों में होगी नमाज

▸▸ **पीएसी,अर्धसैनिक बल समेत भारी संख्या में पुलिस फोर्स तैनात**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: ईद-उल-फितर के अवसर पर राजधानी में शिया और सुन्नी समुदाय से जुड़े लोग भारी संख्या में मस्जिदों में नमाज अदा करेंगे। इन स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया।

संयुक्त पुलिस आयुक्त कानून एंव व्यवस्था उपेंद्र अग्रवाल ने बताया कि ईद-उल-फितर पर होने वाली नमाज के मद्देनजर कुल 1014 मस्जिदों व ईदगाहों पर सकुशल नमाज सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। इस अवसर पर एक पुलिस उपायुक्त, एक अपर पुलिस उपायुक्त, चार सहायक पुलिस आयुक्त, 41 निरीक्षक, 200 उपनिरीक्षक, 10 महिला उपनिरीक्षक, 800 मुख्य आरक्षी/आरक्षी, 150 महिला आरक्षी, 03 कम्पनी पीएसी, 02 टीम ड्रोन कैमरा, 06 घुड़सवार पुलिस, 79 क्लस्टर मोबाइल, 13 क्यूआरटी टीम की तैनाती की गई है। शांति एवं कानून व्यवस्था को बरकरार रखने के लिए उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय द्वारा दो अपर पुलिस अधीक्षक, चार पुलिस उपाधीक्षक, 04 कम्पनी पीएसी, 02 कम्पनी आरआरएफ , 04 कम्पनी अर्धसैनिक बल (01 आरएएफ, 01 बीएसएफ, 01 सीआरपीएफ एवं 01 असम सशस्त्र बल) भी उपलब्ध कराया गया है।

संवेदनशील इलाकों में ड्रोन से निगरानी

डीसीपी पश्चिम डॉ. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि संवेदनशील इलाकों में ड्रोन कैमरों से निगरानी की जाएगी। इस दौरान अभिसूचना तन्त्र सक्रिय रहेगा। सोशल मीडिया फेसबुक, ट्वीटर, वाट्सएप, इन्स्टाग्राम आदि पर तकनीकी टीमों (सर्विलांस सेल) द्वारा विशेष निगरानी रखी जायेगी। उपद्रवी और शरारती तत्वों द्वारा की जाने वाली किसी भी प्रतिकूल पोस्ट/प्रतिक्रिया पर तत्काल विधिक कार्रवाई की जायेगी।

इस सप्ताह तीन दिन बंद रहेंगे बैंक

अमृत विचार,लखनऊ: त्योहार और दूसरे शनिवार के चलते इस हफ्ते तीन दिन बैंक बंद रहेंगे। गुरूवार को ईद का त्योहार है, शनिवार को दूसरे शनिवार के चलते और अगले दिन रविवार का अवकाश रहने के कारण तीन दिन बैंक बंद रहेंगे।

बैंक संबंधी कार्यों के लिए ग्राहकों को वापस लौटना पड़ सकता है। एसबीआई बैंक अधिकारी मधुकर अग्रवाल ने बताया कि तीन दिन बैंक बंद होने से लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ सकता है। इसलिए ग्राहकों को जो भी जरूरी कार्य हो बुधवार और शुक्रवार को निपटा लें।

भारतीय नवसंवत्सर का व्यापारियों ने किया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल ने भारतीय नव संवत्सर विक्रम संवत् 2081 चैत्र शुक्ल प्रतिपदा का भव्य स्वागत किया। दारुलसफा स्थित पार्टी कार्यालय में व्यापारियों ने शुभकामनाएं दीं। इस दौरान संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के विभाग प्रचारक अनिल, मंगलमान अभियान के संयोजक डॉ. रामकुमार तिवारी, प्रदेश अध्यक्ष रिपन कंसल, महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी ने लोगों को तिलक लगाकर बधाई दी।

इस अवसर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल द्वारा पहली बार भारतीय नव वर्ष की दैनिक दैनंदिनी, कैलेंडर एवं स्टीकर का प्रकाशन कराया और मौजूद लोगों को वितरित किया। इसमें हिंदी नव वर्ष के हिसाब से सभी त्योहारों और तिथियों का संपूर्ण विवरण दिया गया है। इस दौरान युवा अध्यक्ष अश्वन वर्मा, युवा प्रदेश महामंत्री आकाश गौतम, महामंत्री शुभम मौर्य, प्रदेश संगठन मंत्री जावेद बेग, राजीव कक्कड़, अनुज गौतम,दीपेश गुप्ता, राजीव अरोरा,रमेश सिंह, पतंजलि सिंह ,सनत गुप्ता,संजय निधि अग्रवाल, आर के मिश्रा, अरविंद मित्तल, रमेश शुक्ला, प्रदेश महिला महामंत्री एकता अग्रवाल, नगर अध्यक्ष कजरा निगम,महामंत्री बीनू मिश्रा, उपाध्यक्ष मृदुला भार्गव मौजूद रहे।

भारतीय नव वर्ष के कैलेंडर व संबंधित स्टीकर को दिखाते अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के पदाधिकारी। अमृत विचार

▸▸ **कैलेंडर एवं स्टीकर को वितरित किया गया**

राजधानी स्थित बाजारों में ईद की रौनक बनी हुई है, इसी क्रम में नक्खास बाजार में खरीदारी करने को उमड़े लोग। अमृत विचार

सिविल में क्यूआर कोड से शुल्क लेने की सुविधा शुरू

▸▸ **सभी तरह की जांचें व ऑपरेशन का ऑनलाइन होगा पेमेंट**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में इलाज के लिए आने वाले मरीजों को ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए सभी काउंटरों पर क्यूआर कोड लगा दिए गए है।

अस्पताल के निदेशक सुनील भारतीय ने बताया कि सरकार की डिजिटल पेमेंट योजना को ध्यान में रखते हुए इस व्यवस्था की शुरुआत की गई है। अब इलाज के लिए आने वाले मरीजों के पास नगद न होने पर वह इस सुविधा का लाभ ले सकेंगे। सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव ने बताया कि बैंक से क्यू आर कोड जनरेट हो चुके हैं। जिन्हें सभी काउंटरों पर लगा दिया गया है। इसके अलावा कैश पेमेंट की सुविधा भी रहेगी। अब पंजीकरण से लेकर ब्लड जांच और ऑपरेशन तक सभी जीचों का शुल्क ऑनलाइन जमा कराया जा सकेगा।

मथुरा तक वंदे भारत एक्स. ट्रेन शुरू करने की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ से धर्मनगरी मथुरा तक वंदे भारत एक्सप्रेस की सुविधा का लाभ उन्हें मिले।

इस संदर्भ में धर्म रक्षा संघ के प्रदेश अध्यक्ष मोहित शर्मा के द्वारा राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा को ज्ञापन दिया गया। उन्होंने इस संदर्भ में आश्वस्त किया कि जल्दी ही नियमानुसार सरकार एवं रेलवे के अधिकारियों के समक्ष बात रख आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। इस अवसर पर धर्म रक्षा संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी रिद्धि किशोर गौड़, आशीष अग्रवाल, पुनीत एवं अजय मेहरोत्रा उपस्थित रहे।

फुट ओवर ब्रिज मरम्मत के चलते कई ट्रेनें प्रभावित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: त्तर रेलवे के लखनऊ स्टेशन पर स्थित फर्स्ट क्लास फुट ओवर ब्रिज को डिसमेंटल किये जाने के कारण 11 से 13 अप्रैल तक रेलवे ने ब्लॉक ले रखा है। इसके चलते लखनऊ-बनारस इण्टरसिटी सहित कई ट्रेनें प्रभावित रहेंगी।

उत्तर रेलवे की वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबन्धक रेखा शर्मा ने बताया कि 13 अप्रैल को ट्रेन नंबर 15108 लखनऊ - बनारस इंटरसिटी एक्सप्रेस लखनऊ स्टेशन से दोपहर 1:10 के स्थान पर 3:30 बजे संचालित की जायेगी। 12 अप्रैल को ट्रेन नंबर 12875 नीलांचल एक्सप्रेस मार्ग में 90 मिनट व ट्रेन नंबर 15066 पनवेल - गोरखपुर एक्सप्रेस मार्ग में 30 मिनट और 13 अप्रैल को ट्रेन नंबर 13168 आगरा छावनी - कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस मार्ग में 50 मिनट नियंत्रित कर चलाई जाएगी । 11 अप्रैल को ट्रेन न नंबर 15024 यशवंतपुर -गोरखपुर एक्सप्रेस परिवर्तित मार्ग से चलाई जाएगी।

होम्योपैथिक उपचार मधुमेह के मरीजों के लिए वरदान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : होम्योपैथिक उपचार मधुमेह मरीजों के लिए एक वरदान है, क्योंकि ये समस्या का इलाज करने के साथ-साथ व्यक्ति के सामान्य स्वास्थ्य को भी बेहतर करता है।

होम्योपैथिक इलाज अग्नाशय के कार्य पर सीधा काम करता है। होम्योपैथिक दवाओ से मरीज का इंसुलिन का स्तर स्थिर रहता है और रक्त शर्करा भी नियंत्रित रहता है। इसके अलावा, हाथ-पैर सुन्न होना, झुनझुनी महसूस होना और किडनी, लीवर व आंखों से संबंधित समस्याओं को भी होम्योपैथिक दवाओं से समय के साथ ठीक किया जा सकता है।

विश्व होम्योपैथिक दिवस

यह कहना है डॉ. अर्चना श्रीवास्तव का। उन्होंने विश्व होम्योपैथिक दिवस पर होम्योपैथिक उपचार को लेकर जानकारी साझा की। डॉ. अर्चना ने बताया कि होम्योपैथी सुरक्षित और सौम्य चिकित्सीय पद्धति है जो कई प्रकार की गंभीर बीमारियों के उपचार में कारगर है। होम्योपैथिक दवाओं की आदत नहीं पड़ती है अर्थात रोगी को जीवन पर्यंत दवाओं पर निर्भर नही रहना पड़ता है और साथ ही इसके किसी भी प्रकार के दुष्प्रभाव भी नहीं है।

वेलनेस केंद्रों पर एलटी की तैनाती न होने से खून की जांच में परेशानी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर शहर में खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (आरोग्य मंदिर) में लैब टेक्नीशियन (एलटी) की तैनाती न होने के कारण खून जांच नहीं हो पा रही है। मरीजों को सीधे सीएचसी जाने की सलाह दी जा रही है। हलांकि, कई केंद्र खून का नमूना लेकर जांच के लिए सीएचसी भेज रहे है। जहां से रोपोर्ट दो दिन बाद उपलब्ध कराए जाने पर इलाज में देरी हो रही है।

शहर में कुल 108 केंद्र शुरू होने हैं। अभी 75 केंद्र पर डॉक्टर व स्टॉफ तैनात हैं। इन केंद्रों पर मरीजों की ओपीडी भी बहुत सीमित है। जांच के पुख्ता इंतजाम केंद्र पर न होने से यहां पर ओपीडी का ग्राफ नहीं बढ़ रहा है। मरीजों को सेंटर में सिर्फ डॉक्टर का परामर्श ही मिल रहा है। जांच के लिए उन्हें निजी केंद्र या फिर सीएचसी नमूना भेजा जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामान्य खून से जुड़ी जांच की सुविधा केंद्रों पर नहीं कर रखी है।

निजी सेंटरों पर जाने को मजबूर होते है मरीज

सामाजिक कार्यकर्ता ममता त्रिपाठी का कहना है कि अप्रशिक्षित डॉक्टरों पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने मोहल्ला क्लीनिक की तर्ज पर इन सेंटरों को शुरू किराया है। जो काफी सराहनीय है। लेकिन इन सेंटरों में जांच की सुविधा न होने कारण मरीज सीएचसी जाते है। जहां पहले से ही मरीजों का लोड होने के कारण जांच दो दिन बाद मिलती है। लिहाजा मरीज मजबूर होकर जांच के लिए निजी सेंटर जाते है।

ताड़ीखाना वेलनेस सेंटर से डॉक्टर नदारत

सीतापुर रोड स्थित सत्यलोक गेटेट कॉलोनी में खुले हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में मंगलवार को डॉक्टर मौजूद नहीं थे। इससे मरीजों को वापस लौटना पड़ा। मौजूद कर्मचारी को भी डॉक्टर ने गायब जानकारी नहीं दे राखी थी। सत्यलोक गेटेट कॉलोनी में मानको की अनदेखी करके सेंटर को खोला गया है। यहां तैनात डॉक्टर अक्सर नदारत रहते है। श्री नगर कॉलोनी निवासी धीरेन्द्र ने बताया कि बुखार की शिकायत होने पर वह मंगलवार दोपहर करीब 2 :15 बजे सेंटर गया था। सेंटर पर कोई डॉक्टर मौजूद नहीं था। सिविल ड्रेस में एक युवक मिला। पूछने पर बताया कि डॉक्टर नहीं आए है। न आने की वजह भी उसे पता नहीं है। युवक ने कहा दवा लेनी है तो कल सुबह 9 :30 बजे आएं।

ताड़ीखाना स्थित हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर।

> वेलनेस सेंटरों पर एलटी की तैनाती अभी नहीं है। हालांकि, खून जांच के लिए नमूना लेकर सीएचसी भेजा जा रहा है। यदि किसी सेंटर पर नमूना लेने से मना किया जा रहा है तो शिकायत मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। सत्यलोक कॉलोनी के सेंटर के डॉक्टर के गैर हाजिर होने की सूचना नहीं है। इसकी जांच कराई जाएगी। डॉक्टर की लापरवाही मिलने पर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
>
> **-डॉ. आरएन सिंह, नोडल, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरबरेली**

एक ट्रिप के लिए चलेगी स्पेशल ट्रेन

अमृत विचार, लखनऊ : यात्रियों की मांग को देखते हुए रेल प्रशासन ट्रेन नंबर- 05616 गुवाहाटी-श्री गंगानगर वाया लखनऊ एक ट्रिप के लिए 15 अप्रैल को संचालित करेगा। ट्रेन नंबर 05616 गुवाहाटी-श्री गंगानगर 15 अप्रैल को गुवाहाटी से शाम 6 बजे प्रस्थान कर कामाख्या, गोलपारा टाउन, न्यू बोंगाईगांव, कोकराझार, अलीपुर द्वार जं., दूसरे दिन दलगांव, न्यू जलपाई गुडी, किशनगंज, बरसोई जं., कटिहार जं., नौगछिया, खगड़िया जं., बेगूसराय, बरौनी जं., समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर जं., हाजीपुर, छपरा, सीवान, भटनी, देवरिया सदर, गोरखपुर, मनकापुर, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैण्ट, तीसरे दिन लखनऊ तड़के 2 :20 बजे, कानपुर सेण्ट्रल, इटावा, शमशाबाद टाउन, आगरा कैण्ट, भरतपुर जं., बांदीकुंई जं., गांधीनगर जयपुर, जयपुर जं., सीकर जं., चुरू, रतनगढ़, श्री डूंगरगढ़, चौथे दिन बीकानेर, लूनकरनसर, अरजनसर, सूरतगढ़ जं., रायसिंह नगर और श्री करनपुर से होकर श्री गंगानगर सुबह 6 :45 बजे पहुंचेगी।

एक नजर

निर्माण कार्य रुकवाने पहुंचे लेखपाल से अभद्रता

अमृत विचार, मलिहाबाद : सरकारी जमीन पर निर्माण रुकवाने पहुंचे लेखपाल से अभद्रता करने वाले आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम पतौना के हल्हा इंचार्ज लेखपाल कुमार सौरभ के पास शिकायत आई थी। इसमें पतौना स्थित ग्राम समाज की भूमि अवैध निर्माण कराया जाना बताया गया गया था। लेखपाल ने 6 अप्रैल को मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य रुकवा दिया। लेखपाल का आरोप है कि दूसरे दिन लखनऊ के पाण्डेय का तालाब ऐशबाग निवासी धीरेन्द्र कुमार, शोभित कुमार व अनुज कुमार ने उनसे अभद्रता की। लेखपाल की तहरीर पर सोमवार को माल पुलिस ने तीनों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

रुपये लेकर नहीं किया बैनामा, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, मलिहाबाद : मलिहाबाद इलाके में रुपये लेकर एग्रीमेंट करने के बाद जमीन का बैनामा न कर रुपये हड़पने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत खरियाही, सआदतगंज निवासी दिलशाद व मो. परवेज का आरोप है कि भूमि का एग्रीमेंट मलिहाबाद के मोहम्मडन टोला निवासी मो .कामिल से एक लाख 90 हजार देकर 2021 में तीन वर्ष के लिये कराया था। खरीदार का आरोप है कि 19 फरवरी को बैनामा करने कहा तो कामिल टालमटोल कर मारपीट करने लगे। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दिलशाद ने कामिल पर धोखाधड़ी कर रुपये हड़पने का मामला दर्ज किया है।

10 लीटर कच्ची शराब बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : अवैध मदिरा के निर्माण, बिक्री और तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत मंगलवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र 4, द्वारा मयस्टॉफ थाना माल अंतर्गत ग्राम भभूतीखेड़ा, नारूखेड़ा, वीरपुर में संदिग्ध घरों, खेतों, बगीचों एवं तालाबों के किनारे के संदिग्ध स्थानों पर दबिश और छापेमारी की गई। इस दौरान दबिश मौके से लगभग 10 लीटर कच्ची शराब बरामद करते हुए एक अभियोग पंजीकृत किया गया।

नौकरी का लालच देकर दो युवकों को म्यांमार में बनाया बंधक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- इंजीनियर को छुड़वाने के लिए भाई ने आरोपियों के बताए खाते में ट्रांसफर किए 8.14 लाख रुपये
- पीड़ित ने शासन-प्रशासन से भाई को मुक्त कराने की गुहार लगाते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में दर्ज कराई प्राथमिकी

सिविल इंजीनियर सागर चौहान

अमृत विचार : गुडम्बा के आधारखेड़ा निवासी सिविल इंजीनियर सागर चौहान और उसके दोस्त को नौकरी का झांसा देकर म्यांमार में बंधक बना लिया गया है। आरोप है कि उनको बंदूक की नोंक पर साइबर ठगी करने के लिए मजबूर किया जा रहा है। मना करने पर उनकी पिटाई होती है। दोनों ने किसी तरह परिजनों से संपर्क कर मदद मांगी। सागर के भाई ने बंधक बनाने वालों के खाते में 8.14 लाख रुपये ट्रांसफर किए। इसके बाद भी दोनों युवकों को नहीं छोड़ा गया। सिविल इंजीनियर के भाई ने एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में एफआईआर दर्ज कराई है।

छोड़ने के लिए वसूले 8.14 लाख रुपए

जोगिंदर ने बताया कि मानव तस्करी से जुड़े रॉबिन हुड को सागर व उसके दोस्त अजय को छोड़ने के एवज में 8.14 लाख रुपए उनके खाते में ट्रांसफर किए। बावजूद इसके बाद आरोपियों ने दोनों को अपने चंगुल से नहीं छोड़ा। किसी अनहोनी की आशंका पर पीड़ित ने गुडंबा थाने में भी लिखित शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने डालीगंज स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में राहुल उर्फ आरूष गौतम व रॉबिन हुड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

व्हाट्सएप पर वीडियो भेजकर दी जानकारी, मांगी मदद

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी निरीक्षक दशरथ सिंह के मुताबिक, मूलरूप से देवरिया निवासी रियल एस्टेट व स्टील कारोबारी जोगिंदर चौहान ने एफआईआर दर्ज कराई है। कारोबारी जोगिंदर परिवार सहित गुडंबा के आधारखेड़ा में रहते हैं। उनका छोटा भाई सागर चौहान सिविल इंजीनियर है। वह विदेश में नौकरी की तलाश कर रहा था। इस सिलसिले में भाई की मुलाकात गुडंबा के चेतनपुरवा निवासी राहुल उर्फ आरुष गौतम से हुई। बातचीत में राहुल ने उनके भाई को मलेशिया में नौकरी दिलाने का दावा किया था। इसके लिए उसने एजेंट रॉबिन हुड से बात कराई। इसके बाद 26 मार्च को राहुल उर्फ आरुष गौतम उनके भाई सागर व दोस्त अजय को मलेशिया लेकर गया। आरोप है कि, वे लोग सागर को मलेशिया की जगह म्यांमार ले गए। फोन और वाट्सएप कॉल के जरिए भाई सागर ने परिजनों को इस बात की जानकारी दी थी। उसने व्हाट्सएप पर लिखा कि ये लोग बहुत खतरनाक हैं और मुझे सबके साथ बंधक बना लिया है। इसका वीडियो भी सिविल इंजीनियर ने परिजनों को भेजा है।

तीन माह पूर्व मलेशिया में करता था नौकरी

कारोबारी जोगिंदर ने बताया कि, नामजद आरोपी राहुल उर्फ आरुष गौतम तीन माह पूर्व मलेशिया में नौकरी करता था, लेकिन कुछ माह बाद वह वतन लौट गया। मलेशिया जाने और राहुल के संपर्क में आने यह सारी बातें सागर ने परिजनों को बताई थी। सागर ने बताया कि था कि मलेशिया में नौकरी पाने के लिए एजेंट रॉबिन हुड से राहुल ने संपर्क किया है। उसके कहने पर सागर दोस्त अजय के साथ मलेशिया के लिए निकले और म्यांमार पहुंच गए।

अपने चंगुल से नहीं छोड़ा। किसी अनहोनी की आशंका पर पीड़ित ने गुडंबा थाने में भी लिखित शिकायत की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद पीड़ित ने डालीगंज स्थित एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में राहुल उर्फ आरूष गौतम व रॉबिन हुड के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई।

फंदे से लटके मिले दो महिलाओं के शव

संवाददाता, काकोरी/बीकेटी

- काकोरी और इंटौजा थानाक्षेत्र से सामने आए आत्महत्या के मामले
- मृतका के परिजन ने दहेज हत्या का लगाया आरोप

पूजा

अंतिमा यादव

अमृत विचार : काकोरी के मेहंदीनगर गांव में मंगलवार को अंतिमा यादव (34) का शव फंदे से लटका मिला। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या कर शव को फंदे से लटकाए जाने का आरोप लगाया है। वहीं, इटौंजा के मालपुर बेलवा गांव में पूजा (26) की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। दोनों ही मामलों में पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

प्रभारी निरीक्षक नवाब अहमद के मुताबिक, कूड़ा ईंट गांव निवासी गुरु प्रसाद ने बताया कि बेटी अंतिमा की शादी आठ साल पहले रजनीश यादव से हुई थी। आरोप है कि ससुराल में दहेज की मांग को लेकर बेटी को प्रताड़ित किया जाने लगा। उनका कहना है कि मंगलवार सुबह सभी लोगों ने मिलकर बेटी से मारपीट की। जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद उसका शव कमरे में फंखे से साड़ी के सहारे लटका दिया, जिससे यह लगे कि बेटी ने फंदा लगा खुदकुशी कर ली। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

वहीं, बीकेटी के नगवामऊ निवासी शिव प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2020 दिसंबर में पूजा की शादी ललित से की थी। शादी के बाद ललित के नशे का आदी होने की जानकारी मिली। यही नहीं दहेज कम लाने को लेकर पूजा को प्रताड़ित करने लगा। प्रताड़ना से पूजा तंग हो चुकी थी। पति नशे की हालत में पूजा की पिटाई करता था। मंगलवार की सुबह सूचना मिली की पूजा की मृत्यु हो गई है। उनका आरोप है कि पति ललित, ससुर दिनेश, समेत अन्य लोगों ने मिलकर हत्या की है। एसीपी बीकेटी सुजीत दुबे ने बताया कि जल्द ही आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी।

गाड़ी टकराने पर सर्राफ की पिटाई कर छीनी ज्वैलरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बदमाशों की तलाश में घटनास्थल के पास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

अमृत विचार : चिनहट थाना अंतर्गत कमता में गाड़ी टकराने पर भड़के युवकों ने सर्राफ की पिटाई कर उसकी ज्वैलरी छीन ली। शोर मचाने पर युवक सर्राफ को धमकी देते घटनास्थल से भाग निकले। हालांकि, पीड़ित की लिखित शिकायत पर पुलिस युवकों की तलाश में जुटी है।

मूलरूप बाराबंकी जनपद के सफदरगंज थाना अंतर्गत उधोली गांव निवासी सर्राफ निखिल सोनी की चिनहट मुलायमनगर में दुकान है। लिखित शिकायत में सर्राफ ने बताया कि रविवार रात करीब 9 बजे वह दुकान बंद कर बुलेट से घर की तरफ लौट रहे थे। आरोप है कि कमता में अंग्रेजी शराब की दुकान के सामने तीन लोगों ने उनकी गाड़ी में टक्कर मार दी है। जिसके बाद आरोपी बीच सड़क पर झगड़ने लगे। हालांकि, राहगीरों के हस्तक्षेप से मामला रफादफा हो चुका था, लेकिन चिनहट तिराहे पहुंचने पर दबंगों ने उन पर पीछे से हमला कर सोने की जंजीर और अंगूठी छीनकर भाग निकले। प्रभारी निरीक्षक अश्वनी चतुर्वेदी ने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

भतीजे ने घर से चाची के गहने और 30 हजार रुपये पार किए

अमृत विचार, लखनऊ : गुडम्बा इलाके में भतीजे द्वारा चाची के घर से नगदी और गहने पार करने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत सेक्टर एम निवासी सुनीता पत्नी नारेंद्र मौर्य ने बताया कुछ दिन पहले वह घर से बाहर गईं थी। इस दौरान उनके देवर रमेश के पुत्र विवेक मौर्य ने घर में घुसकर 30 हजार रुपये नकद, मंगलसूत्र, बाली और मोबाइल चुरा लिया। बताया कि बेटी लड़की काजल छत पर थी। उसने विवेक को घर में घुसते व कुछ देर बाद बाहर निकलते देखा, लेकिन वह आरोपी की मंशा नहीं समझ सकी। सुनीता घर लौटीं तो कमरे में सामान बिखरा देख रुपये व गहने चोरी होने की जानकारी हुई। सुनीता ने आरोपी भतीजे के खिलाफ तहरीर दी है। इंस्पेक्टर गुडम्बा नीतेश कुमार श्रीवास्तव ने बताया विवेक के खिलाफ चोरी के मामले की रिपोर्ट दर्ज की है।

हादसे के बाद चेते जिम्मेदार, लगाया संकेतक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- विधानसभा के गेट नंबर 8 के समीप दो गाड़ियां थीं टकराईं

अमृत विचार : विधानसभा के गेट नंबर आठ पर माल एवेन्यू स्थित प्रेरणा केंद्र के पास रोड पर 4 दिन पहले दो चार पहिया वाहन आपस में टकरा गये थे। यहां डिवाइडर पर संकेतक नहीं लगे थे। जागरूक व्यक्ति ने इसकी शिकायत की तब चेते निर्माण विभाग के अफसरों ने यहां पर संकेतक लगवाया है।

बता दें कि चार दिन पहले यहां पर रोड के बीच बने डिवाइडर पर संकेतक नहीं होने के चलते दो चार पहिया वाहन आपस में टकरा गये थे। हादसे को लेकर संजीव कुमार पाल नामक शिकायतकर्ता ने लोक निर्माण विभाग के सोशल मीडिया हैंडल पर शिकायत दर्ज कराई थी। इसे संज्ञान में लेते हुये विभागीय अफसरों ने मंगलवार को डिवाइडर पर संकेतक लगावाया। इसकी विभागीय हैंडल पर जानकारी दी गयी है।

बता दें माल एवेन्यू, प्रेरणा केंद्र, विधानसभा के गेट नंबर आठ पर माल एवेन्यू स्थित प्रेरणा केंद्र के पास सड़क के डिवाइडर पर संकेत नहीं लगे थे। इसके चलते आये दिन यहां पर वाहन टकरा जाते थे।

बच्चों में कहासुनी, आरोपियों ने घर में घुसकर दंपति को पीटा

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा इलाके में बच्चों के बीच हुई कहासुनी में आरोपियों द्वारा घर में घुसकर दंपति को पीटने का मामला सामने आया है। थाना अंतर्गत कटौली गांव निवासी विमला ने बताया कि सोमवार को उनके बेटे रमन व पड़ोसी के बेटे निर्मल में किसी बात को लेकर विवाद हो गया। उन्होंने दोनों बच्चों को समझा कर मामला शांत करा दिया। इसके थोड़ी देर बाद विपक्षी अनुज, रामेश्वर, गुरचरन, सुरेश सहित तीन से चार अन्य न घर में घुस उसे व पति जगदीश को पीट दिया। इससे दोनों को गंभीर चोटें आईं।

मां बाराही देवी मंदिर से निकली कलश यात्रा में शामिल महिलाएं। अमृत विचार

बाराही देवी मंदिर में चैत्र नवरात्र में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ काआयोजन

अमृत विचार, मलिहाबाद : विकासखंड माल की ग्राम पंचायत सस्पन के अटेर गांव स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर प्रांगण में चैत्र नवरात्र में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया है। जिसकी शुरुआत आज कलश यात्रा के साथ हुई। कलश यात्रा के दौरान हर तरफ भक्ति का माहौल रहा। गांव में कलश यात्रा की तैयारी सुबह से शुरू हुई। इस दौरान महिलाओं व बालिकाओं की संख्या काफी बढ़ गई। भक्तिगीतों के बीच आगे-आगे शोभा यात्रा में शामिल लोग अबीर-गुलाल उड़ा रहे थे तो पीछे कलश लिए महिलाएं व बालिकाएं आगे बढ़ रही थीं। कलश यात्रा सस्पन, गहदो, माल होते हुए घटघटा बाबा पर पहुंचने पर कुंवारी कन्याओं ने जल भरा। इसके बाद पुन : यज्ञ स्थल पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच कलश को स्थापित किया गया।

प्रतियोगी परीक्षा से एक दिन पहले छात्र ने फंदा लगा कर दी जान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मड़ियांव निवासी था छात्र, पिता हैं काशी विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी
- आत्महत्या करने से पहले साथी से इंस्टाग्राम पर की थी चैटिंग

अमृत विचार : मड़ियांव में जेई मेंस परीक्षा की तैयारी कर रहे वित्त अधिकारी के बेटे ने परीक्षा के एक दिन पहले फंदा लगा की जान दे दी। आत्मघाती कदम उठाने से पहले उसने साथी से इंस्टाग्राम पर चैटिंग की थी। चैट में साथी ने आत्महत्या न करने की बात लिखी थी। छात्र के कान में ईयर फोन लगा मिला।

मड़ियांव आईआईएम रोड साईं सिटी निवासी संतोष शर्मा वाराणसी के काशी विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी हैं। वह पत्नी संग विश्वविद्यालय कैंपस में रहते हैं। बेटा पूर्णांक शर्मा (19) बड़ी बहन चिंकी के साथ मड़ियांव स्थित घर पर रह पढ़ाई करता था। संतोष के मुताबिक सोमवार रात पूर्णांक ने चिंकी से पढ़ने की बात बोल कमरे का अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। चिंकी खाना खाने बुलाने गई तो दरवाजा खट खटाने पर जवाब नहीं मिला। उसने खिड़की से झांका तो पूर्णांक फंदे से लटका दिखा। पड़ोसियों की मदद से चिंकी दरवाजा तोड़ फंदे से उतार भाई को ट्रामा ले गई। जहां डॉक्टरों ने पूर्णांक को मृत घोषित कर दिया। संतोष ने बताया बेटे का मंगलवार को जेई मेंस का पेपर था। शाम को देहरादून निवासी दोस्त से इंस्टाग्राम पर चैटिंग की थी। इंस्पेक्टर मड़ियांव ने बताया कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। मोबाइल जांच के लिए भेजा है।

सार-संक्षेप

महिला आयोग की फटकार के बाद पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

अमृत विचार, लखनऊ : मड़ियांव कोतवाली अंतर्गत की रहने वाली महिला ने ससुराल पक्ष वालों पर गंभीर आरोप लगाते हुए राज्य महिला आयोग से मदद की गुहार लगाई। अयोग की फटकार के बाद मड़ियांव पुलिस पांच लोगों पर डीपी एक्ट समेत गर्भपात, मारपीट व गाली-गलौज की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की है। मूलरूप से श्रावस्ती जनपद के भिंगा रजानगर निवासी आराधना रस्तोगी की शादी सितम्बर 2023 को मड़ियांव के आईआईएम इंद्रपुरी कॉलोनी निवासी वरूण रस्तोगी से हुई थी। महिला का आरोप है कि ससुराल में उसे छोटी-छोटी बातों को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। गर्भावस्था में पति कई बार उससे मारपीट कर चुका है। इसी बीच पति ने दवाई खिला उसका गर्भपात करा दिया। इस सम्बन्ध में महिला ने मड़ियांव कोतवाली में तहरीर दी। बावजूद इसके पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। इसके बाद महिला ने राज्य महिला आयोग से मदद की गुहार लगाई। आयोग की फटकार के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक शिवानंद मिश्र ने बताया कि महिला के पति समेत पांच लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

जहरखुरान गिरोह ने ई-रिक्शा चालक को बनाया शिकार

अमृत विचार, लखनऊ : अमीनाबाद थाने में ई-रिक्शा चालक ने जहरखुरान गिरोह के खिलाफ लिखित शिकायत देते हुए कार्रवाई किए जाने की मांग की है। नाका हिंडोला थाना अंतर्गत फतेहगंज गल्ला मंडी निवासी ई-रिक्शा चालक प्रिंस गुप्ता ने दो लुटेरों के खिलाफ अमीनाबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। लिखित शिकायत में पीड़ित ने बताया कि गत 5 अप्रैल की दोपहर करीब 12 बजे वह अमीनाबाद तिराहे से दो सवारियां बैठाकर ऐशबाग स्टेशन जाने लगा। रास्ते में ई-रिक्शा में सवार लुटेरों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलकर दे दिया। जिसके सेवन से वह बेसुध हो गया। होश आने पर पीड़ित ने टिकैतराय तालाब के पास सड़क किनारे पड़ा पाया। इस दौरान उसका ई-रिक्शा और जेब में रखी 800 रुपये की नकदी भी गायब थी। उसी शाम पीड़ित ने अमीनाबाद थाने में तहरीर दी, लेकिन पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद एफआईआर दर्ज की है। प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार आजाद ने बताया कि चौराहे पर लगे सीसीटीवी फुटेज के माध्यम बदमाशों की तलाश की जा रही है।

नाबालिग को ले जाने में दो पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, काकोरी : दुबग्गा थाने में पुलिस ने युवक के खिलाफ नाबालिग को ले जाने की रिपोर्ट दर्ज की है। पीड़ित पिता ने तहरीर में बताया कि नाबालिग पुत्री कक्षा 10 की छात्रा है। सोमवार की सुबह करीब 4 से 5 की बीच गायब हो गई। पीड़ित ने अदनान व उसके साथी पर रिपोर्ट दर्ज कराई है।

घर में घुसकर महिलाओं को लात घूसों से पीटा

अमृत विचार, मलिहाबाद : दलित के घर में घुसकर महिलाओं को पीटने वालों पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। माल थाना क्षेत्र के ग्राम टिकरीकला निवासी किसान प्रसादी ने बताया 23 मार्च की रात गांव के अनिल सिंह के घर के बाहर बैठा था। तभी राजेन्द्र सिंह जातिसूचक गालियां देने लगे। विरोध करने पर राजेन्द्र पीड़ित को जान से मारने की धमकी दे भाग गया। 24 मार्च को प्रसादी के घर में घुस राजेन्द्र सिंह ने पीड़ित की पत्नी व बहू को पीट दिया। पुलिस ने एससीएसटी एक्ट सहित गंभीर धाराओं में आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज की है।

सिटी बस से टकराकर सड़क पर पलटी मारुति वैन

अमृत विचार, सरोजनीनगर : स्कूटर्स इंडिया चौराहे के पास सिटी बस ने मोड़ने के दौरान पीछे से आ रहीं मारुति वैन में टक्कर मार दी। जिससे वह पटल गई और उसमें बैठी कुछ सवारियां गायल हो गई। पुलिस ने कार में फंसे सभी लोगों को बाहर निकाला और अस्पताल भिजवाया। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने बताया कि घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : पारा में बुद्धेश्वर चौराहा के पास सोमवार देर रात पैदल घर जा रहे 40 वर्षीय दीपेंद्र श्रीवास्तव को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। पुलिस ने आननफानन अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भपटामऊ नाजिम नगर निवासी आंनद ने बताया कि आदर्श विहार निवासी दीपेंद्र श्रीवास्तव घर में ही जनसेवा केंद्र चलाता था। दीपेन्द्र के मित्र आंनद ने मुकदमा दर्ज कराया है।

रंजिश में डंडों से पीटा, दोनों पक्ष पर रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर : बंथरा के खसरवारा में रंजिश में दो पक्षों में मारपीट का मामला सामने आया है। गांव निवासी कृष्ण कुमारी ने धावापुर में रहने वाले श्यामलाल, बीनू, हरिश्चंद्र और बबलू पर उसके बेटे शिवम पाल को पीटने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। मामले में दूसरी ओर से धावापुर के नरेंद्र कुमार ने शिवम पाल, तन्नू पाल, विनीत सिंह, भूपेंद्र सिंह और धर्मेंद्र सिंह के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है।

सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में मनाया शौर्य दिवस

अमृत विचार, सरोजनीनगर : सरोजनीनगर के बिजनौर स्थित सीआरपीएफ ग्रुप केंद्र में मंगलवार को शौर्य दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ रेंज के उप महानिरीक्षक भूपेंद्र कुमार ने शहीद स्थल पर कमांडेंट एसएसएच रिजवी और उप कमांडेंट ओम प्रकाश के साथ जांबाज शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की। परिवार कल्याण केंद्र में कावा के तत्वाधान में बच्चों के बीच प्रतियोगिताएं हुईं। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पाने वाले विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

आशा कार्यकर्ता ने बीसीपीएम पर लगाया अपमानित करने का आरोप

संवाददाता, मलिहाबाद

- संगिनी के फोन पर सीएचसी मीटिंग में शामिल होने के लिए बिना ड्रेस में पहुंच गयी थी आशा

अमृत विचार : आशा कार्यकर्ता ने बीसीपीएम पर अपमानित कर मीटिंग हाल से भगाने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने तहरीर थाने पर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नगर पंचायत के ग्राम सरावां निवासिनी आशा ज्योति रावत ने बताया प्रत्येक शुक्रवार को समीक्षा बैठक सीएचसी पर होती है। इसमें ड्रेस कोड का पालन अनिवार्य है। 4 अप्रैल को वह मलिहाबाद बाजार गयी थी। तभी आशा संगिनी के फोन पर सीएचसी मीटिंग में शामिल होने बिना ड्रेस में पहुंच गयी। इससे भड़की बीसीपीएम मिथलेश सिंह ने सेवा समाप्त करने की धमकी दे जाति सूचक शब्दों का प्रयोग कर अपमानित कर मीटिंग से भगा दिया। पीड़िता ने थाने पर तहरीर दी है। सीएचसी अधीक्षक ने बताया मामला संज्ञान में आया था। दोनों पक्षों से बातचीत का प्रयास किया था। मीटिंग में ड्रेस पहनकर न आने पर बीसीपीएम से बाद विवाद हुआ था। प्रभारी निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया कि जांच कर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

फरार सोना तस्करों को पकड़ने को हल्द्वानी-बरेली में दबिश

संवाददाता सरोजनीनगर

फॉलोअप

- मलिहाबाद से कस्टम टीम द्वारा एक आरोपी को हिरासत में लिया गया

अमृत विचार : एयरपोर्ट से फरार सोना तस्करों की गिरफ्तारी के लिए सरोजनीनगर पुलिस टीम ने मंगलवार को उत्तखंड के हल्द्वानी (किच्छा) व बरेली के बहेड़ी में छापेमारी है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक रामपुर के टांडा में छापेमारी के दौरान उन्हें किच्छा व बहेड़ी में सोना तस्करों के छिपे होने के सुराग मिले थे। उधर, मलिहाबाद इलाके में रहने वाले गुड्डू नाम के एक व्यक्ति को कस्टम द्वारा, हिरासत में लेने की चर्चा है, लेकिन स्थानीय पुलिस ऐसी किसी जानकारी से इनकार कर रही है।

चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से 1 अप्रैल को को फरार हुए 30 तस्करों का एयरपोर्ट से निकलते हुए सीसीटीवी फुटेज मंगलवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस वीडियो वायरल होने के बाद कस्टम व केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के जवानों की कार्यशैली पर सवालिया निशान उठने लगे।

चौधरी चरण सिंह अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर 1 अप्रैल को कस्टम ने 36 संदिग्धों को हिरासत में लिया था। इनके कब्जे से तीन करोड़ 12 की सिगरेट बरामद की थी। कुछ यात्रियों के पेट में सोना होने की जानकारी के बाद राजस्व खुफिया निदेशालय के अधिकारियों ने पूछताछ के लिए संदिग्धों को एयरपोर्ट पर तैनात कस्टम टीम के हवाले कर दिया था। इसमें से 2 अप्रैल की शाम 29 तस्कर भाग निकले थे। मामले में कस्टम विभाग ने सरोजनीनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। मंगलवार को सामने आए सीसीटीवी फुटेज में साफ दिख रहा है कि एक तस्कर ने बीमारी का बहाना बनाया था। इसके बाद साथियों ने उसे उठा सुरक्षा घेरा तोड़ एयरपोर्ट से बाहर निकल गए। सुरक्षाकर्मियों ने रोकने का प्रयास भी नहीं किया। जबकि एफआईआर में दावा किया था कि सुरक्षाकर्मियों ने तस्करों को रोकने की कोशिश किया, तो धक्का देकर भाग निकले थे। फिलहाल मलिहाबाद इलाके में रहने वाले जिस युवक को कस्टम द्वारा पकड़ने की चर्चा है। बताया जा रहा है कि वह सोना कहां-कहां कौन-कौन लोगों को तस्करी करनी है। इसी के जिम्मे था।

फुटेज में दिखे जवान ने किया किनारा

सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में दिख रहा है जब तस्कर साथी को उठाकर बाहर निकले तो एक सुरक्षाकर्मी सामने आया। जो बिना रोके ही किनारे हो गया। जबकि एक अन्य सुरक्षाकर्मी तस्करों के पीछेआराम से जाता दिखा। जबकि एफआईआर में तस्करों के धक्का देकर भागने का जिक्र है।

शिकायतकर्ता पर धमकाने का आरोप, अन्य से कराएं जांच

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दखिना शेषपुर में पौधरोपण के लिए बनाए गए ट्री गार्ड में धांधली की शिकायत की गई। पूर्व प्रधान का आरोप है कि शिकायतकर्ता द्वारा धमकाया जा रहा है। जांच अन्य ब्लॉक से कराने की मांग की है। 2018-19 में मनरेगा योजना के तहत पौधरोपण के लिए 100 ट्री-गार्ड का निर्माण कराया गया। इसमें एक व्यक्ति ने धांधली का आरोप लगा शिकायत की। इसकी टीम बनाकर जांच कराई गई। पूर्व प्रधान अशोक तिवारी के मुताबिक उन्होंने बयान और साक्ष्य दिए। श्रमिकों ने भी शपथ पत्र दिए। इसके बाद भी शिकायतकर्ता द्वारा धमकाया जा रहा है। जांच अधिकारियों व श्रमिकों पर दबाव बनाया जा रहा है। इससे निष्पक्ष जांच नहीं हो सकती है। उन्होंने सीडीओ से अन्य विकास खंड से जांच कराने की मांग की है।

बंथरा पुलिस ने किया खुलासा | लुटेरों ने उन्नाव में भी सर्राफ से लूट की वारदात को कबूला

सर्राफ से बदला लेने के लिए की थी लूट, पांच आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ/ सरोजनीनगर

पुलिस की गिरफ्त में पांचों आरोपी। अमृत विचार

अमृत विचार : बंथरा में सर्राफ से लूट की वारदात गिरोह के सरगना राजेंद्र रावत ने साथियों संग पुराने विवाद के चलते अंजाम दी थी। डीसीपी दक्षिण ने वारदात का खुलासा किया। बताया पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ में उन्नाव में एक अन्य सर्राफ से भी गिरोह द्वारा लूट की जानकारी मिली। उन्नाव पुलिस ने भी पूछताछ की है। उक्त मामले में आरोपियों के खिलाफ डकैती की धाराएं भी बढ़ाई जायेंगी। डीसीपी दक्षिण तेज स्वरूप सिंह ने बताया कि मूलतः उन्नाव जनपद निवासी सुरेंद्र कुमार बंथरा में किराए के मकान में रह कर काकोरी के बेहटा में ज्वेलर्स की दुकान करते हैं। सुरेंद्र 4 अप्रैल को रात करीब 9 बजे बेटे के साथ दुकान बंद कर बाइक से बंथरा लौट रहे थे। रास्ते में तीन बाइक से पहुंचे पांच बदमाश तमंचा के बल पर नकदी व गहने लूट फरार हो गये थे। रिपोर्ट दर्ज कर वारदात का खुलासा करने के लिए पुलिस टीमें लगाईं थी। मंगलवार को टीम ने मवई पड़ियाना चौराहा से दो बाइक पर सवार पांचों बदमाशों को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपियों ने सुरेंद्र से लूट का जुर्म कुबूल किया। आरोपियों की पहचान राजेंद्र रावत, सुभाष रावत, अमित वर्मा, निवासी दरियापुर, थाना बाजार खाला, नवीन राजपूत निवाड़ी मुजफ्फर नगर, चौधरी खेड़ा थाना काकोरी और गोविंद कुमार रावत निवासी अशोक नगर काला पहाड़, ठाकुरगंज के रूप में हुई। इनके कब्जे से 11 हजार नकदी, तमंचा कारतूस, दो बाइक, एक जोड़ी पायल आदि बरामद हुए हैं।

इंस्पेक्टर बंथरा हेमंत कुमार राघव ने बताया कि मास्टर माइंड राजेंद्र गिरोह का सरगना है। जो दिन में ई रिक्शा चलाता था। बीस वर्ष पहले भी वह चोरी में जेल जा चुका है, जिसका ट्रायल केस चल रहा है। राजेंद्र पर तीन मामले, नवीन, गोविंद, सुभाष पर दो- दो व अमित वर्मा पर चार मामले दर्ज हैं।

मेले में गाड़ियों की टक्कर होने पर हुआ था विवाद

डीसीपी ने बताया सरगना राजेंद्र करीब दो माह पहले मेला देखने बंथरा गया था। जहां पर सर्राफ सुरेंद्र और राजेंद्र की गाड़ी में टक्कर पर विवाद हो गया। तब सुरेंद्र ने राजेंद्र की पिटाई कर दी थी। इसी का बदला लेने के लिये राजेंद्र ने रेकी कर सुरेंद्र से लूट की वारदात अंजाम दी। वहीं सोहरामऊ पुलिस ने सर्राफ की तहरीर पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की थी। अब चोरी की धारा डकैती में तब्दील की जाएगी।

एक नजर

अतुल की घूमतीं गेंदों में फंसा स्पोर्ट्स गैलैक्सी

अमृत विचार, लखनऊ : गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के गेंदबाज अतुल विश्वकर्मा (7 विकेट) की घूमती गेंदों के सामने स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब के बल्लेबाजों ने घुटने टेक दिया। कॉलेज के मैदान पर मंगलवार को प्रथम एमएल मिश्रा स्मारक क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में 105 रनों की जीत के साथ ही स्पोर्ट्स कॉलेज ने सेमीफाइनल में जगह बनाई। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्ट्सकॉलेज ने 40 ओवर में 6 विकेट खोकर 270 रनों को स्कोर बोर्ड पर टांगा। कुशाग्र ने शानदार बल्लेबाजी की और 109 गेंदों में 13 चौको की सहायता से 106 रन बनाए। कृष्ण साहू ने (52 रन) ने अर्धशतक जड़ा और टम को मजबूत स्कोर तक ले गए। जवाब में स्पोर्ट्स गैलेक्सी क्रिकेट क्लब की टीम 31.2 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर सभी विकेट खोकर 115 रन जोड़ सकी। अंकित यादव ने सबसे अधिक 45 रन बनाए। तीन अन्य बल्लेबाज दहाई के अंक तक पहुंच सके। अन्य बल्लेबाज जल्द ही आउट हो गए। स्पोर्ट्स कॉलेज की ओर से दाएं हाथ के लेग स्पिनर अतुल विश्वकर्मा ने शानदार गेंदबाजी की 7 विकेट लिए। घूमती गेंदों को गैलेक्सी के बल्लेबाज खेल नहीं सके और जल्द ही आउट हे गए।

इकाना में आसान नहीं है दिल्ली की जीत

गेंदबाजों के साथ बल्लेबाजों को भी करना होगा दमदार प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आईपीएल के 17वें सीजन में दिल्ली कैपिटल्स ने अब तक पांच मैचों में मात्र एक में जीत हासिल की है। इसके साथ ही टीम अंक तालिका में सबसे नीचे पहुंच गई है। दिल्ली कैपिटल्स के लिए लखनऊ सुपरजायंट्स को उसके घर में चुनौती देना आसान नहीं होगा। 12 अप्रैल इकाना स्टेडियम में मुकाबले में उतरने से पहले दिल्ली कैपिटल्स को गेंदबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लचर गेंदबाजी के चलते विरोधी टीमों ने दो बार 200 का आकंड़ा पार कर लिया। टीम के सबसे अनुभवी गेंदबाज ईशांत शर्मा ने 11.09 और दक्षिण अफ्रीका के एनरिक नॉर्खिया ने 13.43 की इकोनॉमी रेट से रन लुटाए हैं।

बल्लेबाजी में भी ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मिचेल मार्श फार्म में नहीं नजर आ रहे हैं। टीम को उनसे दमदार प्रदर्शन की उम्मीद है। उन्होंने चार मैचों में महज 61 रन बनाए। क्रिकेट विशेषज्ञों के

▸▸ लखनऊ सुपर जायंट्स और दिल्ली कैपिटल्स आज करेंगी अभ्यास

अनुसार लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में दिल्ली के गेंदबाजों को नियंत्रण रखना होगा। गेंदबाजी पर नियंत्रण खोते ही लखनऊ टीम में डिकॉक, पूरन, स्टॉयनिस और केएल राहुल जैसे दिग्गज बल्लेबाज उनकी जमकर खबर लेंगे। लंबे समय वापसी करने वाले दिल्ली के कप्तान ऋषभ पंत बल्ले से तो प्रभावी दिखे हैं, लेकिन उन्हें कप्तानी में सुधार लाना होगा और मैच में गेंदबाजों को उनकी क्षमता के अनुसार बाल पकड़ानी होगी।

गांगुली के आज आने की संभावना : दिल्ली कैपिटल्स की टीम अपने चीफ कोच रिकी पोंटिंग के साथ बीते सोमवार देर लखनऊ पहुंची। विलंब होने के कारण टीम प्रबंधन ने मंगलवार को इकाना स्टेडियम में प्रस्तावित अभ्यास सत्र रद्द कर दिया। कप्तान ऋषभ पंत मंगलवार दोपहर अकेले लखनऊ पहुंचे। मेंटर और पूर्व भारतीय कप्तान सौरभ गांगुली के बुधवार को टीम के अभ्यास सत्र में पहुंचने की संभावना है। यह सत्र शाम को छह से नौ बजे तक आयोजित किया जाएगा। इस दौरान लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम भी इकाना स्टेडियम में अभ्यास करेगी।

किन मुकाबलों में हारा दिल्ली कैपिटल्स और विरोधी टीमों ने कितने रन बनाए -

तारीख	परिणाम	विरोधी टीमों ने कितने रन बनाए
23 मार्च	हार	पंजाब ने छह विकेट पर 177 रन बनाए
28 मार्च	हार	राजस्थान ने पांच विकेट पर 185 रन बनाए
31 मार्च	जीत	चेन्नई ने छह विकेट पर 171 रन बनाए
3 अप्रैल	हार	कोलकाता ने सात विकेट पर 272 रन बनाए
7 अप्रैल	हार	मुंबई ने पांच विकेट पर 234 रन बनाए

इनका प्रदर्शन रहा प्रभावी

▸▸ बल्लेबाजी

एस स्टब्स ने पांच मैच में 58 की औसत ने 174 रन बनाए (स्ट्राइक रेट- 193.33)

डेविड वार्नर ने पांच मैच में 31.60 की औसत ने 158 रन बनाए (स्ट्राइक रेट- 142.34)

ऋषभ पंत ने पांच मैच में 30.60 की औसत ने 153 रन बनाए (स्ट्राइक रेट- 154.54)

▸▸ गेंदबाजी

खलील अहमद ने पांच मैच में 24.28 की औसत सात विकेट लिए (इकोनॉमी रेट- 8.50)

अक्षर पटेल ने पांच मैच में 29.75 की औसत से चार विकेट लिए (इकोनॉमी रेट- 7.43)

शहर में मौजूद लखनऊ सुपर जांयट्स की टीम के कई खिलाड़ी हजरतगंज स्थित गोल्फ क्लब पहुंचे। यहां पर उन्होंने गोल्फ में हाथ आजमाए। इनफार्म बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक के साथ ही जॉटी रोड्स व प्रशिक्षक जस्टिन लैंगर ने यहां पर गोल्फ खेला। ● अमृत विचार

स्टेडियमों में प्रशिक्षण के लिए उमड़े अभ्यर्थी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ क्रिकेट के प्रशिक्षण को सबसे अधिक पहुंच रहे छात्र

▸▸ तैराकी सीखने के लिए दाखिला लेने वालों की कतार

अमृत विचार : शहर में मौजूद खेल विभाग के स्टेडियमों में प्रशिक्षण लेने को खिलाड़ियों की भीड़ उमड़नी शुरू हो गई है। इनमें सबसे अधिक दाखिले क्रिकेट में लिए जा रहे हैं। इसके बाद इस मौसम में शौकिया तैराकी सीखने वालों की भीड़ बढ़ जाती है। ताइक्वांडो और जूडो जैसे खेलों में दाखिला लेने में लड़कियां आगे हैं। इसके बाद एथलेटिक्स, वॉलीबाल, फुटबाल, बैडमिंटन सहित अन्य खेल हैं। विभागीय अधिकारियों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु वर्ग के खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

शहर में चार स्टेडियम केडी सिंह बाबू, चौक, गोमती नगर में मिनी और विजयंत खंड स्टेडियम मौजूद हैं। इन स्टेडियमों में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण दिया जाता है। इनमें वॉलीबाल, क्रिकेट, हैंडबाल, ताइक्वांडो, तैराकी, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, एथलेटिक्स, भारोत्तोलन, टेनिस के साथ विभिन्न खेलों के लिए खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया जाता है।

विभागीय अधिकारियों के अनुसार स्कूल, कॉलेजों में वार्षिक परीक्षाएं खत्म हो गई है। इसके बाद फिटनेस के लिए अधिकांश सभी स्टेडियमों में प्रशिक्षण के लिए बालक-बालिकाएं दाखिले के लिए अपने अभिभावकों के साथ पहुंचते हैं। इन खिलाड़ियों के प्रशिक्षण के लिए खेल विभाग स्थानीय शिविर का संचालन करता है। इनमें तदर्थ प्रशिक्षकों को नियुक्त किया जाता है जो आने वाले खिलाड़ियों को प्रशिक्षण देते हैं। क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी अजय कुमार सेठी ने बताया कि खिलाड़ियों को प्रशिक्षण के लिए तदर्थ प्रशिक्षकों की नियुक्त कर दी गई है। खिलाड़ी प्रशिक्षकों से मिल कर दाखिले की औपचारिकता पूरी कर प्रशिक्षण लेना शुरू कर सकते हैं।

मैच के दौरान बीबीडी यूनिवर्सिटी टीम की खिलाड़ी। अमृत विचार

बीबीडी यूनिवर्सिटी बनी उपविजेता

अमृत विचार, लखनऊ : श्री रामलाल मेमोरियल बास्केटबॉल टूर्नामेंट के बालिका वर्ग का फाइनल मुकाबला मंगलवार को लखनऊ पब्लिक कॉलेज ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज के मैदान पर हुआ। लखनऊ क्रिश्चियन कॉलेज और बाबू बनारसी दास यूनिवर्सिटी के बीच हुए कांटे के मैच में बीबीडी यूनिवर्सिटी उपविजेता बनी।

बीबीडी की स्पोटर्स अधिकारी डॉ. तरन्नुम रफीक और तंवर ने बताया कि प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों ने हिस्सा लिया था। जिसमें बीबीडी ने पूरी प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल में कड़े मुकाबले में हार का सामना करना पड़ा।

साई सेंटर में शुरू हुआ नया सत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ खिलाड़ियों को दी गई योजनाओं की जानकारी

अमृत विचार : लखनऊ साई सेंटर में नेशनल सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (एनसीओई) के प्रशिक्षुओं का नया सत्र शुरू हो गया है। मंगलवार को प्रवेश लेने वाले 55 प्रशिक्षुओं को एनसीओई स्कीम के नियमों की जानकारी दी गई।

खिलाड़ियों को केंद्र सरकार की ओर से उच्चस्तरीय ट्रेनिंग के यहां पर तमाम अन्य सुविधाएं दी जा रही है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षुओं को फॉरेन कंपटीशन एक्सपोजर (दो लाख रुपए प्रति खिलाड़ी), राष्ट्रीय और राज्य स्तर की प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर अनुदान (50 हजार रुपये प्रति खिलाड़ी), शिक्षा व्यय (दस हजार रुपए प्रति खिलाड़ी), डाइट (550 रुपये प्रतिदिन प्रति खिलाड़ी) और मेडिकल इश्योरेंस (पांच लाख रुपये) और विविध व्यय (5000 रुपये की दवाई- प्रति खिलाड़ी) का नियम है।

साई के निदेशक आत्मप्रकाश ने बताया कि सेंटर में पूर्व सत्र के दौरान 184 खिलाड़ियों को एनसीओई स्कीम के तहत प्रशिक्षित किया गया था, लेकिन इस वर्ष यह संख्या बढ़ाकर 245 कर दी गई है। साथ ही एथलेटिक्स का कैंप बंद करके पैरा ताइक्वाडो के दस खिलाड़ियों को नए सत्र में जोड़ा गया है।

यजात के शतक से जेएनएम पीजी कॉलेज फाइनल में

अमृत विचार, लखनऊ : आरबी कैम्पस क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में मंगलवार को जेएनएमपीजी कॉलेज ने मुमताज कॉलेज को 101 रनों से हरा कर फाइनल में जगह बनाई जहां उसका मुकाबला लखनऊ क्रिश्चियन कालेज से होगा। आज डीएवी खेल मैदान पर खेले गए मुकाबले में जेएनएमपीजी कॉलेज ने पहले बल्लेबाजी की और 3 विकेट खोकर 206 रन बनाए। यजात सिंह ने 40 गेंदों में 100 रन बनाए। उन्होंने 12 चौके और 5 छक्के जड़े। जवाब में मुमताज कॉलेज की टीम सभी विकेट खोकर 105 रन जोड़ सकी। अंकित यादव ने सबसे अधिक 47 रनों की पारी खेली। चार बल्लेबाज बिना खाता खोले ही लौट गए। दो अन्य बल्लेबाज दहाई के आंकड़े तक पहुंच सके।

समर गंजिंग कॉर्निवल में स्वदेशी वस्तुओं की हुई बिक्री

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ मेट्रो की देखरेख में आयोजित दो दिवसीय समर गंजिंग कॉर्निवल आयोजित किया गया, इसक समापन मंगलवार को हुआ।

हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर आयोजित मेगा गंजिंग कार्निवल में 'मेक इन इंडिया' स्वदेशी वस्तुओं का प्रदर्शन किया गया। साथ ही बिक्री के लिए यहां पर करीब 40 स्टॉल बनाए गए। मेट्रो यात्रियों की भारी भीड़ हस्तशिल्प उत्पादों को खरीदने के लिए उत्साहित दिखी। लखनऊ मेट्रो ने छोटे एवं मझौले विक्रेताओं को मंच देने के लिए मेट्रो स्टेशनों पर स्टॉल लगाने की सुविधा दी है। लखनऊ मेट्रो ने पिछले एक साल में ऐसे करीब 40 आयोजन किए हैं जहां स्थानीय प्रतिभाओं को मंच मिला है।

लखनऊ मेट्रो ने चारबाग एवं हजरतगंज मेट्रो स्टेशन पर पुस्तक मेले का भी आयोजन किया है। चारबाग मेट्रो स्टेशन पर 12 मार्च से बुकलैंड बुक फेयर जारी है जो 24 अप्रैल तक चलेगा।

श्रीसंकट हरण पंचमुखी हनुमान मंदिर का 17वां स्थापना दिवस 13 को

अमृत विचार, लखनऊ : बीरबल साहनी मार्ग बंधा रोड पुराना हैदराबाद में गोमती तट स्थित श्रीसंकट हरण पंचमुखी हनुमान मन्दिर ट्रस्ट के अध्यक्ष आरपी शर्मा ने बताया कि मंदिर का 17वां स्थापना दिवस चैत्र शुक्ल पक्ष पंचमी तदनुसार शनिवार 13 अप्रैल को मनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में 13 अप्रैल को सुबह सात बजे से श्रीहनुमत सहस्त्रार्चन शुरू होकर नौ बजे तक चलेगा। भंडारे का दोपहर साढे 12 बजे से शुरू होगा। भक्ति रस भरी भजन संध्या मंदिर परिसर में शाम सात बजे से रखी गई है। भजन संध्या में प्रेम शर्मा, डॉ. विनीता सिंह, राधे-राधे, राजेश श्रीवास्तव आदि प्रस्तुतियां देकर उपस्थित दर्ज करायेंगे।

राष्ट्रवाद के मोर्चे पर भाजपा विफल : दीपक मिश्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र ने मुलाकात की।

दीपक मिश्र ने कहा कि भारतीय राष्ट्रवाद की कटिबद्ध कसौटियों पर भाजपा की केंद्र सरकार पूर्णतया विफल है। भारत की लगभग 43 हजार 1 सौ 80 वर्ग किलोमीटर पर चीन जबरन काबिज है। जिसमें हिंदुस्तान की 5 हजार 1 सौ 80 वर्ग किलोमीटर भूमि पाकिस्तान ने चीन को गिफ्ट दे रखा है। भारत की 78 हजार वर्ग किलोमीटर जमीन पर पाकिस्तान अपना झंडा फहरा रहा है। पिछले 10 सालों में मोदी सरकार 10 इंच जमीन भी वापस नहीं ले सकी। पवित्र कैलाश मानसरोवर विदेशी कब्जे में है। शिवस्थान जाने के लिए चीन से वीजा लेना पड़ता है।

भाजपा ने राष्ट्र को केवल चुनावी नारा बना कर छोड़ दिया है। भाजपा पहले अपने एक दशक के कार्यकाल का हिसाब दे फिर पिछली सरकारों पर प्रश्नचिन्ह लगाए। दीपक ने बताया कि बौद्धिक सभा नवसंवत्सर से प्रतिदिन राष्ट्रहित से जुड़े हुए एक प्रश्न को उठाएगी और सरकार से जवाब मांगेगी। यह अभियान 2 जून तक चलेगा।



सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव से मुलाकात करते बौद्धिक सभा के अध्यक्ष दीपक मिश्र। अमृत विचार

सार-संक्षेप

सराका आर्ट गैलरी में प्रदर्शित चित्रों का अवलोकन करतीं महिलाएं। अमृत विचार

मेघदूतम चित्रकला प्रदर्शनी आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : महाकवि कालिदास की काव्यकृति मेघदूत पर आधारित वरिष्ठ चित्रकार रघुबीर अंबर के कलाकृतियों की एकल प्रदर्शनी मंगलवार को माल एवेन्यू स्थित सराका आर्ट गैलरी में शुरू हुई। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन कवि नरेश सक्सेना ने किया। रघुबीर अंबर ने महाकवि कालिदास के अमिट काव्य की वाणी को रंग और रेखाओं की दृश्य भाषा दी। प्रदर्शनी की क्यूरेटर डॉ. वंदना सहगल ने बताया कि मेघदूतम महानतम संस्कृत कवियों में से एक है। इसकी स्मृति में एक डाक टिकट भी है, जहां पहला छंद एक कलाकार द्वारा चित्रित किया गया है। अद्भुत रंग कल्पना और संयोजन से बनी कलाकृतियां बरबस ही मेघदूत को जीवंत करती हैं। प्रदर्शनी आगामी 30 तक कला प्रेमियों के लिए लगी रहेगी।

नए सत्र में खेल व योग शिक्षा पर जोर

अमृत विचार, लखनऊ : नये शैक्षिक सत्र 2024-25 में सरकारी विद्यालयों में न्यू एजुकेशन पॉलिसी 2020 के तहत योग और खेल शिक्षा पर विशेष जोर रहेगा। प्रत्येक विद्यालय में योग का आयोजन हर दिन किया जायेगा। इस संबंध में सभी शिक्षकों को भी खेल गतिविधि में तेजी लाने के निर्देश बेसिक शिक्षा विभाग की ओर से जारी किए गये हैं। सरकारी स्कूलों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से खेलो इंडिया-फिट इंडिया अभियान को प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में गति देने का लक्ष्य पहले ही तैयार किया गया था। जिसके क्रम में राजधानी के सरकारी विद्यालयों में खेल व योग शिक्षा को बढ़ावा देने पर जोर दिया जा रहा है। अभी अप्रैल माह में बच्चों की प्रवेश प्रक्रिया चल रही है इस स्थिति में सभी स्कूलों के लिए निर्देश जारी किए गये हैं कि विद्यालय में नियमित प्रार्थना सभा के साथ-साथ योग शिक्षा और खेल शिक्षा को भी बढ़ावा दिया जाये। बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश ने बताया कि स्कूलों में पारंपरिक खेलों के साथ ही एथलेटिक्स, बैडमिंटन, शतरंज व कैरम आदि में भी दक्ष बनाया जाएगा।

विश्व कल्याण के लिए सनातन की तरफ लौटना ही पड़ेगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ भारतीय नव वर्ष के स्वागत उत्सव पर खाटू श्याम मंदिर परिसर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

अमृत विचार : विश्व कल्याण के लिए प्राणिमात्र को सनातन की तरफ लौटना ही पड़ेगा और इसके लिए पौराणिक और वैज्ञानिक मान्यताओं पर आधारित पिंगल नवसंवत्सर निश्चित ही एक संकल्प के तौर पर आज के परिवेश में प्रदर्शित हो रहा है। मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के 84वें वंशज सम्राट विक्रमादित्य के द्वारा ही विक्रम संवत का प्रतिपादन किया गया है।

ये बातें इस्कॉन लखनऊ के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास ने कही। वह मंगलवार को गोमती नदी तट पर खाटू श्यामज मंदिर प्रांगण में नव वर्ष चेतना समिति की और से आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।

वार्षिक पत्रिका नव चैतन्य का विमोचन करते अतिथि। अमृत विचार

कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि मौजूद उच्चतम न्यायालय के अधिवक्ता विष्णु शंकर जैन ने कहा कि हम भारतीय अपने सभी धार्मिक और शुभ कार्य विक्रम संवतानुसार ही करते हैं, परन्तु नए वर्ष के रूप में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए परतंत्रता की मानसिकता के चिन्ह, आंग्ल नव वर्ष को मनाने में पीछे नहीं हटते, इससे बचना चाहिए। इस अवसर पर समिति द्वारा वार्षिक पत्रिका नव चैतन्य का भी विमोचन किया गया।

बीमारियों से रोकथाम के बताये उपाय

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय की इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मास्यूटिकल साइंसेज में एमिनेंट लेक्चर सीरीज 2023-24 के अंतर्गत ड्रग डिस्कवरी से सम्बंधित नव अनुसन्धानों पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को दवा वितरण और बीमारियों से जुड़ी जानकारियां साझा की गईं।

लविवि में आयोजित कार्यक्रम का संचालन असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. आकांक्षा मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीएसआईआर - सीडीआरआई की पूर्व निदेशक डॉ. मधु दीक्षित ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। बताया कि प्री क्लीनिकल फेज की दस हजार ड्रग्स में से केवल 250 ड्रग्स ही अगले फेज में जाती हैं। उनमें से केवल एक ड्रग्स ही प्रामाणिक होकर मार्केट में पहुंचती है। उन्होंने छात्रों को दवाओं की खोज से सम्बंधित तथ्य एवं अनुसंधानों की जानकारी दी। छात्र-छात्राओं को स्थानीय बीमारियों से रोकथाम को लेकर प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रो. अशोक कुमार सिंह, प्रो. पुष्पेंद्र कुमार त्रिपाठी सहित शिक्षकों एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

नगर निगम ने अमौसी में खाली करायी 6.80 करोड़ की जमीन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 27,232 वर्गफिट भूमि पर प्रापर्टी डीलरों ने कर लिया था कब्जा

अमृत विचार : नगर निगम ने मंगलवार को सरोजनी नगर तहसील के ग्राम अमौसी में 6.80 करोड़ मूल्य की लगभग 27,232 वर्गफिट भूमि खाली कराई। भूमि पर किये गए निर्माण को बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिया।

खसरा संख्या 2798 क्षेत्रफल 0.2210 हेक्टेयर ऊसर, खसरा संख्या 1953 क्षेत्रफल 0.0630 हेक्टेयर, खसरा संख्या 1957 क्षेत्रफल 0.9360 रास्ता व खसरा संख्या 1956 क्षेत्रफल 0.0760 हेक्टेयर राजस्व अभिलेखों में बंजर के खाते में दर्ज है। उक्त खसरा संख्याओं की भूमि पर प्रापर्टी डीलरों नेअवैध कब्जा कर लिया था। प्रभारी अधिकारी (सम्पत्ति) संजय यादव के आदेश पर तहसीलदार संजय सिंह कनौजिया, नायब तहसीलदार, नीरज कटियार, लेखपाल तनुज मदान, राहुल यादव, मृदुल मिश्रा, लेखपाल व थानाध्यक्ष थाना सरोजनी नगर की उपस्थिति में पुलिस बल व नगर निगम की ईटीएफ टीम के सहयोग से अवैध कब्जे हटवा दिए गए।

कुड़िया घाट पर बनाए गए बांध से बहता गोमती नदी का पानी। अमृत विचार

सिंचाई विभाग ने शुरू की गोमती बैराज के दोनों गेटों की मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : सिंचाई विभाग ने मंगलवार सुबह गोमती बैराज के गेट की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया। पहले दिन गेट नंबर एक और नौ बाहर निकालने का काम हुआ। गेट बाहर निकालने के बाद जरूरी मरम्मत कार्य कराके नये गेट लगाये जाएंगे। इसमें 10 दिन लग सकते हैं। हालांकि सिंचाई विभाग को 25 अप्रैल तक यह काम पूरा करना है।

1090 चौराहे के पास गोमती नदी पर लगे नौ में से दो गेटों से पानी रिसता है। गेट नंबर एक और नौ की मरम्मत की जरूरत थी। गऊघाट पम्पिंग स्टेशन को जरूरत के हिसाब से जलापूर्ति के लिए सिंचाई विभाग के पास व्यवस्था न होने से पिछले वर्ष भी इनकी मरम्मत नहीं हो पाई थी। पम्पिंग स्टेशन से पुराने लखनऊ की लगभग 10 लाख आबादी को ऐशबाग और बालागंज वाटर वर्क्स से जलापूर्ति की जाती है।

2 अप्रैल से सिंचाई विभाग ने दोनों गेट मरम्मत के लिए पूरे खोल दिए थे। इसके बावजूद गऊघाट के पास गोमती का जलस्तर मेनटेन है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता सत्यप्रिय ने बताया कि गऊघाट से सामान्य तरीके से जलापूर्ति की जा रही है। यहां से पानी की आपूर्ति के लिए 340.7 फिट का स्तर होना चाहिए। मंगलवार को यह स्तर 349 फिट बना हुआ था, जो लगभग सवा दो फिट अधिक है।

बैराज के पास गोमती में दिखने लगी गंदगी

गोमती नदी का जलस्तर कम हो जाने से कीचड़ ओर गंदगी साफ दिखने लगी है। कुड़ियाघाट के पास बने बंधे के पास गोमती नदी का पानी रोके जाने से पक्का पुल से लेकर गोमती बैराज के पास जलस्तर काफी कम हो गया है। झूलेलाल पार्क के पास गोमती नदी में विसर्जित की गयीं मूर्तियां साफ दिखने लगी हैं।

एक नजर

आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर थाने पर हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : वाणिज्यकर विभाग की स्टेनो रचना देवी की मौत के मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर मंगलवार को परिजनों ने पारा थाने पर हंगामा किया। एसीपी काकोरी शकील अहमद ने कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत किया।रचना के परिजन का कहना है कि पुलिस ने आरोपी पति देवेश कुमार को गिरफ्तार किया था। जबकि अन्य आरोपियों की गिरफ्तार नहीं की जा रही है। इसी की मांग को लेकर थाने पर एकत्रित होकर हंगामा किया। करीब एक घंटे बाद एसीपी समेत अन्य अधिकारी पहुंचे और समझाकर शांत किया। पारा इंस्पेक्टर ब्रजेश कुमार वर्मा ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिंग आई है। पति देवेश को जेल भेज दिया है।

तिलक लगाकर दी हिंदू नववर्ष की बधाई

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय हिंदू नववर्ष पर ट्रांस गोमती जन कल्याण महासमिति समारोह का आयोजन किया। इस दौरान समिति के लोगों ने एक दूसरे को चंदन का तिलक लगाया और बधाई दी। अध्यक्ष अभिनव नाथ त्रिपाठी और महासचिव प्रवीण श्रीवास्तव ने कहा कि अक्टूबर 2023 में स्वच्छता और हरियाली के अभियान को महासमिति पूरा कर रही है। अब तक एक हजार पौधे रोपे जा चुके हैं। महासमिति ने नगर निगम से प्याऊ लगवाने, सफाई और फॉगिंग कराने की मांग की। इस दौरान पार्षद अरुण राय, संजय सिंह राठौर, रामकुमार वर्मा, उपाध्यक्ष शैलेंद्र राय "डब्बू", उपाध्यक्ष अभिषेक राय, मधु चौधरी, डॉ दुर्गेश, मिथिलेश मिश्र, हिमांशु भट्ट, अभय सिंह, पल्लव शर्मा, रूद्र प्रताप सिंह, सिद्दार्थ शर्मा, अनिता तिवारी, मनीष श्रीवास्तव, ज्योति गुप्ता, आकाश दूबे, विकास शर्मा, नितिन पटेल, केके पाण्डेय उपस्थित रहे।

मरीजों को नहीं मिल रहा भर पेट भोजन

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में तीमारदार को भी रहना पड़ रहा भूखा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : हजरतगंज स्थित डॉ, श्यामा प्रसाद मुखर्जी (सिविल) अस्पताल में भर्ती मरीज भर पेट भोजन के लिए तरस रहे है। तीमारदार को तो भोजन मांगने पर फटकार कर भगाया जा रहा है। मंगलवार को इस मामले का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वॉयरल हुआ। जिसमें मरीज और तीमारदार भोजन न मिलने की बात कह रहे है।

दरअसल, सभी सरकारी अस्पतालों में मरीज और तीमारदार को निशुल्क भर पेट भोजन देने का नियम है। लगभग सभी अस्पतालों में इसका पालन कराया जा रहा है। लेकिन सिविल अस्पताल में जिम्मेदारों की अनदेखी के कारण मरीजों को भर पेट भेजन नहीं मिल पा रहा। मंगलवार को वॉयरल हुए वीडियों में अस्पताल में भर्ती मरीज करन, राजेश, प्रेम चंद्र सहित कई पुरुष व महिला मरीजों ने कम भोजन देने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि थाल में आधा चम्मच दाल और थोड़े चावल दिए जा रहे है। भर पेट मांगने पर फटकार दिया जाता है। वहीं, तीमारदार कमलेश, मोहित, सुनीता सहित अन्य तीमारदारों ने बताया कि किसी भी तीमारदार को भोजन नहीं दिया जा रहा है।

वार्ड के बाहर खाना बांटता कर्मचारी। अमृत विचार

दिए गए भोजन को दिखाता मरीज प्रेम चंद्र

> मरीज और तीमारदार दोनों को भरपेट खाना दिया जा रहा है। यदि कर्मचारी इसमें लापरवाही कर रहे है तो जांच करा कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> – सुनील भारतीय, निदेशक सिविल अस्पताल

आवास विकास में ऑनलाइन पेमेंट सिस्टम से कर्मचारी परेशान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ कई कर्मचारियों व पेंशनरों का नहीं आया वेतन व पेंशन

अमृत विचार : आवास विकास में आधी अधूरी तैयारी के बीच एक अप्रैल से इंटीग्रेटेड फायनेंशियल अकाउंटिंग सिस्टम (आईएफएएस) लागू किये जाने से कर्मचारी व पेंशनर परेशान हैं। इसका असर यह हुआ कि पहले कर्मचारियों का वेतन जहां एक या दो तारीख को आ जाता था अब इसमें देरी हो रही है। 9 अप्रैल तक कई पेंशनर और कर्मचारियों का वेतन व पेंशन नहीं आया था। कर्मचारी दबे स्वर में इस व्यवस्था का विरोध कर रहे हैं।

आवास विकास में 31 मार्च 2023 तक कर्मचारियों व पेशनरों और ठेकेदारों का वेतन व पेंशन और भुगतान चेक के जरिये किया जाता था। माह की 25 तारीख तक आवास विकास के सम्बंधित डिवीजन के कर्मचारियों के वेतन का भुगतान करने के लिए डिवीजन स्तर से चेक काट दी जाती थी। जो कर्मचारियों के बैंक खाते में एक या दो अप्रैल तक क्रेडिट हो जाती थी। नए वित्त नियंत्रक महेश चंद्र पांडेय ने 1 अप्रैल से सभी भुगतान सेंट्रलाइज व्यवस्था से शुरू करने का निर्णय लिया है। परिषद के वित्त नियंत्रक महेश चन्द्र पांडे ने बताया कि जिनकी लॉग-इन आईडी नहीं बन पायी है उनका ही वेतन नहीं आ पाया है। वित्तीय वर्ष की शुरुआत होने के कारण भी देरी होती है।

नशीले इंजेक्शन के ओवर डोज से युवती की हुई थी मौत, आरोपी गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ घर के पास से ले गया था आरोपी परिजन ने दर्ज कराई थी हत्या की रिपोर्ट

अमृत विचार: चिनहट इलाके में नशीले इंजेक्शन की ओवरडोज से न्यू हैदराबाद निवासी युवती की मौत हो गई। साथी युवक उसे लोहिया अस्पताल में छोड़ भाग गया था। मृतका की ने इलाके में रहने वाले विवेक मौर्या पर हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। मामले में डीसीपी पूर्वी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

डीसीपी ने बताया कि मुस्कान (18) मूलतः बहराइच की हजूरपुर की रहने वाली थी। वह परिवार के साथ यहां न्यू हैदराबाद में किराए पर रहती थी। मां शांति ने बताया मोहल्ला में रहने वाला विवेक मौर्या उनकी बेटी को अपने साथ ले गया था। इसके बाद नशे के इंजेक्शन की ओवरडोज देने के कारण बेटी की मौत हो गई थी। तब आरोपी उसकी बेटी को राम मनोहर लोहिया अस्पताल में छोड़कर फरार हो गया था। डीसीपी ने बताया कि आरोपी जांच में हत्या का आरोप न पाए जाने पर गैर इरादतन हत्या की धारा लगाई गई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

बंगलुरु जाने की बात बोल कर निकली थी मुस्कान

एसीपी विभूतिखंड अनिद्य विक्रम सिंह ने बताया कि मुस्कान बैंगलोर में रहकर नौकरी करती थी। घर पर बैंगलोर जाने की बात कह कर निकली थी। बताया पूछताछ में आरोपी ने बताया कि मुस्कान ने उसे फोन कर बुलाया था। स्मैक में दवा मिला इंजेक्शन खुद को और मुस्कान को लगाया था। इससे मुस्कान की मौत हो गई थी। विवेक बाराबंकी के एक युवक से स्मैक खरीदता था।

तीन दिवसीय तबला कार्यशाला शुरू

अमृत विचार, लखनऊ : भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय लखनऊ में तालवाद्य विभाग में तबला विषय पर तीन दिवसीय कार्यशाला मंगलवार को शुरू हुई। कार्यशाला 11 अप्रैल तक चलेगी। कार्यशाला में विषय विशेषज्ञ नैनीताल विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. विजय कृष्णा ने 12 बजे से 04 बजे तबला वादन के बारे में जानकारी दी। प्रो. विजय फरुखाबाद घराने के तबलावादक उस्ताद दाऊद के भी शिष्य रहे हैं। कार्यशाला के पहले दिन प्रो. विजय कृष्णा ने विद्यार्थियों से संवाद करने के बाद 30 मिनट का स्वतंत्र तबला वादन प्रस्तुति किया। राईस खान ने सारंगी पर सहयोग दिया। कार्यशाला में तालवाद्य विभाग के बीपीए, एमपीए, प्रबुद्ध व पारंगत कक्षाओं के विद्यार्थियों को अजराडा घराने के कायदे पलटे सहित बताया। विश्वविद्यालय के तालवाद्य विभाग के अध्यक्ष डॉ. मनोज कुमार मिश्रा, अरूण भट्ट, सारंग पांडेय, जान सिंह पटेल, देवानंद पांडेय मौजूद थे।

अतिक्रमण से ठहराव स्थल बाधित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ स्थानीय दुकानदारों द्वारा खड़ी की जाती हैं गाड़ियां

अमृत विचार: अवध चौराहे पर तीन ठहराव स्थल बनाए गए है। इनमे दो ठहराव स्थल संचालित हैं और तीसरा ठहराव स्थल अतिक्रमण के कारण संचालित नही हो सका है। ठहराव स्थल पर स्थानीय दुकानदारों द्वारा जबरन गाड़ियां खड़ी की जाती है। जिसकी वजह से ऑटो-रिक्शा खड़े नहीं हो पा रहें है। रोजाना ऑटो-रिक्शा के सड़क पर सवारियां भरने की वजह से जाम की स्थिति बनी रहती हैं।

नगर निगम ने ऑटो संयुक्त मोर्चा एसोसिएशन को अवध चौराहे पर ऑटो-टैंपो के लिए ठहराव स्थल उपलब्ध कराया है। लेकिन स्थानीय दुकानदारों द्वारा ठहराव स्थल को कार पार्किंग स्थल बना दिया गया है। ठहराव स्थल पर जगह न मिलने के कारण ऑटो-टैंपो चालक सवारियों को सड़क पर भरते-उतारते है जिसकी वजह से रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। और आम नागरिकों को भी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।

उल्लेखनीय है कि नगर निगम ने शहर को जाम से मुक्त करने के लिए पांच ठहराव स्थल बनाए हैं जिसमें से अवध चौराहा भी एक है। ऑटो-टैंपो संयुक्त मोर्चा ने चौराहे पर जाम न लगे इसके लिए यातायात सहायकों को नियुक्त किया है लेकिन इन यातायात सहायकों को स्थानीय दुकानदारों द्वारा रोका जा रहा है। स्थानीय दुकानदारों के यहां खरीदारी करने आने वाले ग्राहक भी इसी ठहराव स्थल पर अपनी गाड़ी खड़ी करते है।

> नगर निगम ने संयुक्त मोर्चा को ठहराव स्थल आवंटित कर दिया है। बावजूद इसके स्थानीय दुकानदारों द्वारा जबरन ठहराव स्थल पर गाड़ी खड़ी की जा रही हैं। ठहराव स्थल न मिलने से ऑटो-टैंपो का संचालन सुचारू रूप से क्रियान्वित नहीं हो पा रहा है और जाम की स्थिति भी पैदा हो रही हैं।
>
> –पंकज दीक्षित, अध्यक्ष-टैम्पो-टैक्सी एवं ऑटोरिक्शा संयुक्त मोर्चा

अमीनाबाद क्षेत्र में अतिक्रमण हटाता नगर निगम का बुलडोजर। अमृत विचार

अतिक्रमण हटाने के दौरान व्यापारियों का हंगामा

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम ने अमीनाबाद में भूमिगत पार्किंग के पास बीएन रोड से गुईन रोड तक अतिक्रमण के विरूद्ध अभियान चलाया। बड़ी जाफर मंजिल के बाहर सड़क पर अतिक्रमण ध्वस्त करने के दौरान नगर निगम टीम को दुकानदारों के विरोध का सामना करना पड़ा। दुकानदारों से टीम की नोकझोंक हुई। पुलिस बल की मौजूदगी में नगर निगम ने सड़क पर किये गए अस्थायी अतिक्रमण ध्वस्त कर दिए। अभियान में दो गन्ने के काउंटर, दो लोहे की मेज, छह फोल्डिंग मेज, आठ प्लास्टिक की कुर्सियों समेत एक ट्रक सामान जब्त किया।

अभियान जोनल अधिकारी जोन एक अमरजीत यादव के नेतृत्व में चलाये गए अभियान में कर अधीक्षक ओपी सिंह, विनय कुमार मौर्या, सहायक अभियंता किशोरी लाल और राजस्व निरीक्षक राजेश पांडेय और प्रवर्तन दल की टीम उपस्थित रही।

प्रधानमंत्री पर फिल्म बनाने का झांसा दे हड़पे एक करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ गुजरात के रहने वाले हैं आरोपी मुनाफे का दिया था झांसा

अमृत विचार : राजधानी के प्रोड्यूशन कंपनी के मालिक से गुजरात के कुछ लोगों द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जीवन पर फिल्म बनाने के नाम पर एक करोड़ की ठगी का मामला सामने आया है।

पीड़ित हेमंत राय की श्रेया इण्टरटेनमेण्ट एण्ड प्रोडक्शन नाम की कंपनी है। सितंबर 2023 को पीड़ित के परिचित संजय सिंह ने मुंबई के एक होटल में सिकंदर खान व शब्बीर कुरैशी में मुलाकात करवाई थी। आरोपियों ने एक नया सवेरा नामक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जीवन पर आधारित फिल्म का प्रोडक्शन करने की बात कही। संजय सिंह ने हेमंत से अच्छी फिल्म होने की बात कही। बताया कि फिल्म मेकिंग के लिए सभी विभागों से एनओसी ले ली गई है। सिर्फ पीएमओ कार्यालय से एनओसी लेना है और दस दिन की शूटिंग बची है। एक करोड़ रुपये की जरूरत है। पीड़ित का कहना है कि भरोसे में आकर उसने आरोपियों को एक करोड़ दे दिये। जब फिल्म रिलीज नहीं हुई तो, रुपये मांगने पर चेक दी जो बाउंस हो गयी। खोजबीन में पता चला कि आरोपी एक मॉडल को आगे कर लोगों से पैसे ठगते हैं। फर्जी मुकदमों में फंसाने को धमकी देते हैं। इंस्पेक्टर पीजीआई ने बताया मामले की जांच कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

सार-संक्षेप

मिनरल वाटर फैक्ट्री में छापा, सीज

अमृत विचार, काकोरी : काकोरी इलाके में मंगलवार को कोल्ड ड्रिंक मिनरल वाटर की फैक्ट्री में फूड डिपार्टमेंट ने छापा मार नकली माल बरामद किया। फैक्ट्री मोहद्दीनपुर, नबी नगर में संचालित थी। टीम ने पुलिस के साथ मंगलवार रात करीब 11 बजे छापा मारा। इस दौरान पेय पदार्थ का भंडारण मिला। परिसर में कोई नहीं मिला। टीम ने फैक्ट्री सीज कर दी। कार्रवाई में एफएसडीए के अधिकारी मिश्री लाल एफएसओ, देवेश सिंह एफएसओ, कमलेश शुक्ला एफएसओ, अजय कुमार मौर्य एफएसओ सहित काकोरी पुलिस रही।

होली मिलन कार्यक्रम के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

श्री राम राणा आदर्श परिवार का होली मिलन समारोह आयोजित

अमृत विचार, लखनऊ : श्री राम राणा आदर्श परिवार का होली मिलन समारोह आवास विकास बीबी खेड़ा पारा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे संरक्षक डॉक्टर चेत नारायण सिंह ने कवि सम्मेलन की शुरुआत करते हुए उपस्थित स्वजातीय बंधुओं का आभार व्यक्त करते हुए समाज की एकता पर बल दिया। कवियों ने भी अपनी कविताओं से श्रोताओं का दिल जीता। समिति के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह, महामंत्री बृजेंद्र सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान, मीडिया प्रभारी मारकंडेय सिंह, उमेश प्रताप सिंह ने मुख्य अतिथियों का माला पहनकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे क्षत्रिय बंधुओं ने एक दूसरे के गुलाल लगाकर और फूलों की वर्षा कर होली की शुभकामनाएं दीं।

वाहन की टक्कर से युवक की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : पारा में बुद्धेश्वर चौराहा के पास सोमवार देर रात पैदल घर जा रहे 40 वर्षीय दीपेंद्र श्रीवास्तव को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया। पुलिस ने आननफानन अस्पताल भिजवाया, जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। भपटामऊ नाजिम नगर निवासी आंनद ने बताया कि आदर्श विहार निवासी दीपेंद्र श्रीवास्तव घर में ही जनसेवा केंद्र चलाता था। पुलिस ने बताया कि दीपेन्द्र के मित्र आंनद ने रिपोर्ट दर्ज कराई है।

खनन करने वालों को ग्रामीणों ने खदेड़ा, पुलिस ने संभाली स्थिति

अमृत विचार, लखनऊ : निगोहां के मदाखेड़ा गांव में ग्रामीणों ने मंगलवार को खनन करने वालों और डंपर चालकों को दौड़ा लिया। बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने राजस्व टीम की निशानदेही के बाद ही खनन शुरू होने का हवाला देकर ग्रामीणों को शांत किया। बता दें कि ग्रामीण और महिलाओं ने मदाखेड़ा गांव के बाहर खनन करने वालों को घेर लिया। खोदाई करने वालो से खनन की अनुमति के कागजात मांगे तो नहीं दिखा सके। इससे उन्होंने हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पुलिस पहुंची तो ग्रामीण और उग्र हो गए। इस बीच खनन करने वाले वाहनों समेत भाग निकले। निगोहां एसआई अमित वर्मा ने बताया कि बवाल की सूचना पर पुलिस मौके पर गई थी। ग्रामीणों को शान्त कराकर निशानदेही तक खनन बन्द करा दिया गया है।

राष्ट्रीय गणित प्रतियोगिता में छात्र को ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक

अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के कक्षा-8 के छात्र समर्थ तयाल ने अखिल भारतीय स्तर पर आयोजित गणित प्रतियोगिता 'द रामानुजम चैलेन्ज' में ऑल इण्डिया द्वितीय रैंक अर्जित किया है। प्रतियोगिता का आयोजन शैक्षिक संस्था यूधिष्ठान फाउण्डेशन के तत्वावधान में किया गया। मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि इस प्रतियोगिता में देश भर के विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान का प्रदर्शन किया। विभिन्न चरणों में आयोजित इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के इस मेधावी छात्र ने न सिर्फ गणितीय अवधारणाओं की गहरी समझ का प्रदर्शन किया अपितु जटिल सवालों को हल करने की रचनात्मक सोच का प्रदर्शन भी किया।

मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए किया जागरूक

अमृत विचार, लखनऊ : लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान कराने के उद्देश्य से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। छात्र-छात्राओं को आसपड़ोस के लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित करने की शपथ दिलाई गई। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देश पर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। मंगलवार को महाविद्यालय अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में मानव श्रृंखला बनाकर मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक किया। महामाया राजकीय महाविद्यालय महोना लखनऊ में मतदाता जागरूकता के लिए सेल्फी प्वाइंट बनवाए गए हैं। सेल्फी प्वाइंट का निर्माण महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं छात्र-छात्राओं ने मिलकर किया है। सेल्फी प्वाइंट पर महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. शहला नुसरत किदवई ने स्वयं सेवकों के साथ सेल्फी ली। महाविद्यालय की प्राचार्य ने छात्र-छात्राओं से 20 मई को मतदान करने की अपील की।

भाई का आरोप, युवक के धमकी देने से डरी बहन ने दी थी जान

संवाददाता, सरोजनीनगर

फॉलोअप

▸▸ भाई की शिकायत पर सरोजनीनगर पुलिस ने मामले की शुरू की जांच

अमृत विचार: सरोजनीनगर इलाके में पिछले माह एक किशोरी का फंदा से शव लटका मिला था। भाई ने मोहल्ला निवासी एक युवक पर बहन का वीडियो वायरल करने की धमकी देने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि घटना वाले दिन ही मोहल्ला की एक और किशोरी ने आत्महत्या का प्रयास किया था। उसी किशोरी ने युवक की करतूत बताई है। भाई की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

मूलतः गोण्डा जिले के कोटिया गांव निवासी विवेक सिंह परिवार के साथ सरोजनीनगर के बेहसा में किराये पर रहते हैं। विवेक का कहना है कि 12 मार्च को वह माता-पिता संग उन्नाव गये थे। वहां से लौटे तो बहन का शव कमरे में दुपट्टे से लटका मिला था। विवेक का आरोप है कि इसी दिन मोहल्ले में रहने वाली एक अन्य किशोरी ने आत्महत्या की कोशिश की थी। उन्होंने किशोरी से अपनी बहन की आत्महत्या को लेकर पूछा तो पता चला कि मोहल्ला निवासी युवक उसकी बहन से जबरन दोस्ती का प्रयास कर रहा था। बहन के इनकार करने पर आरोपी ने उसे कमरे में बंद कर वीडियो भी बनाया था। आरोप है कि उक्त युवक उसकी बहन के अलावा दूसरी किशोरी का भी वीडियो बना रखा था, जिसे वायरल करने की धमकी दे रहा था। इसी डर से उसकी बहन ने आत्महत्या की थी और किशोरी ने जान देने की कोशिश की थी। इंस्पेक्टर ने मामले आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

झूले लाल जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल सिंधी समाज के लोग। अमृत विचार

कार, गेहूं की फसल और घर में लगी आग

▸▸ ठाकुरगंज और निगोहां इलाके में हुई घटना

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : आग का कहर जारी है। मंगलवार को ठाकुरगंज इलाके में सीएनजी कार और एक घर में आग लग गई। जबकि निगोहां में आग ने तीन किसानों की गेहूं की फसल राख कर दी। फिलहाल दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। जनहानि की सूचना नहीं है।

ठाकुरगंज में रिंग रोड पर मंगलवार को चलती सीएनजी कार में आग लग गई। चालक ने गाड़ी रोक कूदकर जान बचाई। बालागंज के बरौरा हुसैनबाड़ी निवासी अमन हुसैन कार से दुबग्गा से बुद्धेश्वर जा रहे थे। भूहर पुल के पास बोनट से लपटें उठतीं देख कार से बाहर निकले। पीछे से आये दुबग्गा के बरावन कला निवासी राहुल मौर्य ने यातायात रोकने का प्रयास किया और दमकल को सूचना दी। मौके पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने आग बुझाई। इस दौरान एक घंटे सड़क पर जाम की स्थिति रही। पुलिस ने डायवर्जन कर यातायात सामान्य किया। एफएसओ चौक पुष्पेंद्र कुमार ने गाड़ी में शॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही।

उधर, निगोहां के ककुहाखेड़ा गांव के पास वन विभाग के जंगल में लगी आग से किसान कमलाकांत, राजाराम व सुंदर की गेहूं की फसल राख हो गयी। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने दो टैंकर पानी से आग पर काबू पाया। तीनों किसानों की डेढ़ बीघा फसल जल गई। ग्राम प्रधान सुरेश कुमार ने लेखपाल को घटना की सूचना दी। इधर, ठाकुरगंज के सरदार नगर में सेजल निषाद के घर में सिलेंडर में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने 15 मिनट में आग बुझा ली।

निगोहां के ककुहाखेड़ा गांव में आग से जली फसल को दिखाता ग्रामीण। अमृत विचार

झूलेलाल जयंती की पूर्व संध्या पर 90 फीसद अंक लाने वाले बच्चे पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ डांडिया नृत्य कर जताया हर्ष आज निकलेगी शोभायात्रा

अमृत विचार: भगवान झूलेलाल जयंती की पूर्व संध्या पर इंद्रानगर सिंधी पंचायत ने हाई स्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में 90 फीसद अंक लाने वाले सिंधी बच्चों को पुरस्कृत किया। जयंती पर ढोल-नगाड़ों को धुन पर डांडिया नृत्य कर मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सिंधी समाज के लोगों की मौजूदगी रही।

मेला कमेटी के प्रवक्ता अशोक मोतियानी, श्याम कृष्नानी, अध्यक्ष रतन मेघानी, महामंत्री संजय जसवानी, कोषाध्यक्ष सतेंद्र भावनानी, राजू जसवानी ने संयुक्त रूप से बताया कि 10 अप्रैल को सुबह शिव शान्ति आश्रम से भव्य शोभा यात्रा निकला जाएगी। इसमें महिलाएं सिंगार नगर से कलश यात्रा लेकर निकलेंगी। आलमबाग संत कंवर राम चौराहा पहुंचकर उसका स्वागत किया जाएगा। क्षेत्रों में प्रसाद वितरण किया जायेगा। इसके अलावा शोभायात्रा पर पुष्प वर्षा की जाएगी। झूले लाल जयंती के अवसर पर शनिदेव मंदिर पर नवजात शिशुओं का मुंडन संस्कार एवं जनेऊ संस्कार कराए जायेंगे। वाटिका में भव्य मेले का आयोजन किया जाएगा।

एक नजर

चोरी की 10 बाइकों के साथ शातिर गिरफ्तार

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : दरियाबाद ओवरब्रिज के पास ग्राम धरौली पर वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने एक शातिर आटोलिफ्टर सुशील कुमार को मंगलवार को गिरफ्तार कर लिया। वह दरियाबाद थाना क्षेत्र के बीकापुर का रहने वाला है। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 10 बाइकें बरामद कीं। चोरी हुईं मोटरसाइकिलों को लेकर शहर कोतवाली में अज्ञात के खिलाफ केस पहले से दर्ज है। पकड़े गये सुशील मिश्रा से प्रभारी निरीक्षक रामसनेही घाट ओम प्रकाश तिवारी ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि उसका एक गिरोह है जो आस पास के जनपदों के भीड़-भाड़ वाले इलाकों से पुरानी बाइक चोरी कर नम्बर प्लेट व चेसिस नम्बर बदल कर दलाल के जरिये इसे बेच देते थे। पैसे को वह गिरोह के सदस्यों में बांट देते थे। प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश तिवारी ने बताया गिरोह के तीन और फरार सदस्यों की तलाश की जा रही है।

निरीक्षण में विद्यालय से गायब मिली शिक्षिका

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : सभासद की शिकायत पर खंड शिक्षा अधिकारी ने मंगलवार को नगर पंचायत सुबेहा के सराय चंदेल वार्ड स्थित प्राथमिक विद्यालय खानपुर द्वितीय का निरीक्षण किया। इस दौरान सहायक अध्यापिका विद्यालय से नदारद पाई गई। उनका दो दिन का वेतन रोकने की कार्रवाई की गई है। उल्लेखनीय है कि सरायचंदेल वार्ड की सभासद सुनीता ने शिकायत की थी कि उनके वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय खानपुर द्वितीय पर तैनात हेडमास्टर 31 मार्च को रिटायर्ड हो चुकी हैं और सहायक अध्यापिका जो कभी विद्यालय नहीं आती हैं और शिक्षामित्र के भरोसे विद्यालय संचालित किया जा रहा है जिससे बच्चों का भविष्य चौपट हो रहा है। सभासद की शिकायत का संज्ञान लेते हुए खंड शिक्षा अधिकारी सुनील कुमार गौड़ ने मंगलवार को विद्यालय पहुंचकर निरीक्षण किया। इस दौरान शिक्षा मित्र तो उपस्थित थीं परन्तु सहायक अध्यापिका बिना सूचना के विद्यालय से गायब मिलीं।

तीसरी मंजिल से रामलला के ललाट पर उतरेंगी सूर्य की किरणें

ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम का हो रहा प्रयोग, दर्पण से परिवर्तित होकर आएंगी किरणें

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे सूर्य की किरणें राम मंदिर के गर्भगृह में विराजमान रामलला का मस्तिकाभिषेक करेंगी। इसके लिए राम मंदिर के तीसरी मंजिल पर स्थाई रूप से ऑप्टोमैकेनिकल सिस्टम को स्थापित किया गया है। जहां से सूर्य की किरणें दर्पण से परिवर्तित होकर वर्टिकल पाइप के जरिए गर्भगृह में रामलला के मस्तक पर पांच मिनट तक 75 मिमी आकार का गोलाकार तिलक बनाएगी।

राम मंदिर के गर्भगृह में सूर्य की किरणों को पहुंचाने के लिए बीते 15 दिन से कार्य किया जा रहा था, जिसमें सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट

राम मंदिर।

रुड़की के वैज्ञानिकों ने सूर्य किरणों को रिफ्लेक्टर, दो दर्पण, तीन लेंस और वर्टिकल पाइप के माध्यम से मार्ग परिवर्तित करने का सफल परीक्षण किया है, जिसके लिए सबसे पहले तीसरी मंजिल पर एक रिफ्लेक्टर बॉक्स को लगाया गया है, जिसमें एक मुख्य लेंस है जो बिना बिजली के 19 गियर के जरिए काम करेगा। वहीं प्रथम और द्वितीय तल से वर्टिकल पाइप को गर्भगृह में उतारा गया है, जिसके अंदर तीन स्थान पर लेंस लगाया गया है। जहां से सूर्य की किरणें गर्भगृह में लगे दर्पण पर पड़ने के बाद 60 डिग्री में परिवर्तित होकर सीधे रामलला के मस्तक पर सुशोभित होंगी।

सेकेंड्स में दर्पण व लेंस बदलेंगे चाल: सीबीआई रुड़की के वैज्ञानिक डॉ. प्रदीप चौहान के मुताबिक राम मंदिर में सूर्य तिलक रामनवमी के दिन दोपहर 12 बजे समय पर हो। इसके लिए सिस्टम में 19 गियर लगाए गए हैं। सिस्टम पर किरणों के पड़ते ही सेकेंड्स में दर्पण और लेंस चाल बदलेंगे। इसके बाद सूर्य की किरणें सीधे गर्भगृह में पहुंचेंगी।

पहली बार रामलला के वस्त्रों की बदली गई शैली

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : चैत्र शुक्ल नवरात्र प्रारंभ होने के साथ ही अयोध्या में रामनवमी मेले का आगाज हो गया है। पहले दिन दो लाख श्रद्धालुओं ने सरयू नदी में डुबकी लगाई। हनुमान गढ़ी और राम मंदिर में दर्शन पूजन किया। राम मंदिर में नवरात्र प्रारंभ पर सुबह चार बजे रामलला का जलाभिषेक कर श्रंगार पूजन किया गया। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात पहली बार प्रभु के वस्त्रों की शैली को बदला गया है। मयूर व अन्य वैष्णव चिह्नों को रंग-बिरंगे रेशम के साथ सोने और चांदी के तारों से कढ़ाई किए गए सूती वस्त्र में श्रद्धालुओं को रामलला अद्‌भुत दर्शन हुआ। मंदिर परिसर में 11.30 मिनट पर गर्भगृह में चांदी का कलश स्थापित किया गया। दशरथ महल में डॉ. रामानंद दास, बड़ा भक्तमाल की बगिया में रमेश भाई ओझा, राम वल्लभा कुंज में प्रेमभूषण, सियाराम किला में प्रभंजनानंद शरण, हिंदू धाम डॉ. रामविलास दास वेदांती, आचार्य लक्ष्मण दास और अन्य मंदिरों में भी रामकथा का संगीतमयी आयोजन लोगों के लिए आकर्षण बना हुआ है।

दो चरणों में किया गया ट्रायल: अनिल मिश्र: श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र के मुताबिक वैज्ञानिकों ने उपकरण को गर्भगृह के ठीक ऊपर तीसरी मंजिल पर लगाया है, जिसका ट्रायल दो चरणों में किया गया है। रामनवमी पर रामलला का सूर्य की किरणों से तिलक होना तय हो गया है।

पूर्व मंत्री और पूर्व विधायक समेत 11 लोग दोषमुक्त

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : निषेधाज्ञा के उल्लंघन के एक मामले में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पूर्व विधायक जयशंकर प्रसाद बार एसोसिएशन के पूर्व मंत्री मंसूर इलाही तथा अब भाजपा नेता गिरीश पांडे उर्फ डिंप्पुल समेत 11 लोगों को कोर्ट ने दोष मुक्त कर दिया है।

दो अभियुक्तों ने पहले ही जुर्म स्वीकार कर लिया था जबकि एक की मौत हो गई थी। यह फैसला विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए कोर्ट प्रशांत शुक्ला की अदालत से मंगलवार को हुआ। अधिवक्ता गणेश दत्त पांडेय और रोहित मेहरोत्रा ने बताया कि घटना 22 फरवरी 2011 दिन में करीब 3:30 बजे की है। पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय के नेतृत्व में करीब 25-30 सपा कार्यकर्ता मजिस्ट्रेट की अनुमति एवं सूचना के बिना सपा कार्यालय गुलाब बाड़ी से जुलूस की शक्ल में बैनर लिए सरकार के विरुद्ध नारेबाजी करते हुए चौक घंटाघर जाकर रोड जाम करते हुए जिले में लागू निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया।

पूर्व विधायक जयशंकर पांडेय एवं उनके अन्य सहयोगी पूर्व मंत्री बार एसोसिएशन मंसूर इलाही, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय, पप्पू हलीम, इश्तियाक, गिरीश कुमार पांडेय उर्फ डिंपल, जसबीर सिंह सेठी, सूर्यकांत पांडेय, मनोज जायसवाल, वसीम हैदर उर्फ गुड्डू आदि द्वारा जानबूझकर निषेधाज्ञा का उल्लंघन किया गया।

सिद्धार्थनगर में गबन के 44 लाख बरामद, दरोगा गिरफ्तार

गोरखपुर

अमृत विचार। गाड़ियों की चेकिंग के दौरान 50 लाख रुपए की हेराफेरी के आरोप में दरोगा आलोक सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी सिटी ने बताया कि दरोगा के पास से 44 लाख रुपए बरामद हो गए हैं। गोरखपुर पुलिस के उच्चाधिकारी सोमवार से ही इस मामले की जांच में जुटे थे। अधिकारियों को 50 लाख रुपए की हेराफेरी की आशंका थी।

जानकारी के अनुसार शाहमारूफ में दुकान चलाने वाला एक व्यापारी हवाला के धंधा से जुड़ा है। वह नेपाल बॉर्डर पर

हवाला कारोबारी के पास से बरामद किए थे 85 लाख

किसी को 85 लाख रुपए देने के लिए निकला था। इस दौरान जरिए मुखबिर पुलिस को सूचना मिली कि गाड़ी से 85 लाख रुपये लाया जा रहा है। इस सूचना पर बेनीगंज चौकी प्रभारी आलोक सिंह ने चेकिंग की और एक कार से रुपया बरामद भी कर लिया। लेकिन, उन्होंने इसकी सूचना न तो अपने थानेदार को दी और न ही किसी अन्य अफसर को और 50 लाख रुपये अगला हेराफेरी कर लिया।

अधिकारियों को बाद में पता चला कि बरामद 85 लाख में से 50 लाख रुपये दरोगा ने रख लिए और एनकाउंटर की धमकी देते हुए 35 लाख रुपये लौटाकर व्यापारी को भगा दिया। इसके बाद एसपी सिटी की टीम की गोपनीय जांच में आरोप सही पाये गए और दरोगा आलोक सिंह के पास से 44 लाख रुपए बरामद कर लिये। आरोपी दरोगा के खिलाफ कोतवाली थाने में गबन और भ्रष्टाचार का केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। दरोगा की हेराफेरी का ये मामला गोपनीय जांच से पकड़ा गया है। इसी जांच के दौरान 24 घंटे के अंदर मामला सुलझ गया।

पूर्व थानाध्यक्ष तोमर की बढ़ी मुश्किलें, कोर्ट में तलब

सुलतानपुर, अमृत विचार : महिला आरक्षी से दुराचार करने के आरोपी हलियापुर के पूर्व थानाध्यक्ष नीशू तोमर की मुश्किलें फिर बढ़ी हैं। सीजेएम कोर्ट ने नीशू तोमर को विवेचक के राहत देने वाली रिपोर्ट खारिज कर दुराचार तथा अन्य आरोपों में मुकदमा चलाए जाने के लिए संज्ञान ले लिया है तथा पूर्व थाना अध्यक्ष को 30 अप्रैल जरिए सम्मन तलब किया है। साल 2021 में हलियापुर थाने में तैनात रही महिला आरक्षी ने तत्कालीन थानाध्यक्ष नीशु तोमर पर मानसिक तथा शारीरिक रूप से प्रताड़ित करने का आरोप लगाया अश्लील वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देते हुए कई बार दुराचार करने का आरोप भी लगाया। पुलिस ने निशु तोमर को दीवानी कोर्ट के बगल से गिरफ्तार किया था। इसके बाद से नीशू तोमर का पता नहीं चल सका इससे संबंधित हाई कोर्ट में भी याचिका दाखिल की गई लेकिन उसके बारे में ठोस जानकारी पुलिस नहीं दे सकी इस बीच विवेचक ने मामले की जांच पूरी कर बीते साल नीशु तोमर पर अपमानित करने तथा धमकी देने के आरोपों में चार्जशीट देते हुए आईटी एक्ट दुराचार और अन्य आरोपी से क्लीन चिट दे दी थी।

विजय हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: प्रॉपर्टी डीलर विजय नारायण सिंह हत्याकांड में पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। घटना के मुख्य आरोपी महरुआ अंबेडकर नगर के अजय सिंह को कोतवाली नगर और बंधुआ कला पुलिस ने दूबेपुर में मुठभेड़ के दौरान पकड़ लिया है। उसके पैर में गोली लगी है। इलाज के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। उसके पास से बिना नंबर की बाइक और पिस्टल बरामद हुई है।

अजय सिंह व उसके साथियों ने रविवार की देर शाम करीब साढ़े आठ बजे पल्लवी होटल में नरायनपुर के विजय नारायण सिंह की पार्टी के दौरान विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी थी। इस घटना में शास्त्री नगर निवासी अनुज शर्मा भी घायल हुआ है, जिसका इलाज लखनऊ ट्रामा सेंटर में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार ने बताया कि घटना के राजफाश के लिए पुलिस ने छह टीमें गठित की है। मृतक विजय नारायण सिंह चिकित्सक डॉ. घनश्याम तिवारी हत्याकांड में सह अभियुक्त था। अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही है। उधर, विजय नारायन सिंह हत्याकांड में शामिल आरोपियों पर विवेचक पर अनुचित लाभ व संबंध दर्शाते हुए विवेचक नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय से विवेचना स्थानांतरित कराये जाने की मांग मृतक विजय नारायन के भाई सतीश नारायन सिंह ने एसपी व पुलिस महानिदेशक से मांग की है। आरोप है कि नगर कोतवाल अभियुक्तगण के अनुचित प्रभाव में हैं।

पुलिस ने पकड़ी शस्त्र फैक्ट्री

सीतापुर, अमृत विचार: पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र के निर्देशानुसार अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉ.प्रवीन रंजन सिंह के निकट पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी महमूदाबाद दिनेश शुक्ला के नेतृत्व में थाना महमूदाबाद पुलिस टीम ने एक अवैध शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। मौके से दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। साथ ही आधा दर्जन से ज्यादा निर्मित-अर्द्धनिर्मित अवैध असलहे, कारतूस सहित अन्य सामान बरामद किया गया है। चेकिंग के दौरान महमूदाबाद पुलिस ने राजेन्द्र पासी पुत्र रामपाल ग्राम मोहाला थाना सदरपुर व रोहित लोनिया पुत्र सोमवारी निवासी गढीपुरना मजरा खानपुर भोईया थाना रेउसा, सीतापुर को भरहरमऊ महमूदाबाद के पास से अवैध शस्त्रों का निर्माण करते हुए गिरफ्तार किया।

सार-संक्षेप

हावड़ा-हिसार-हावड़ा स्पेशल रेल सेवा का संचालन

नई दिल्ली, अमृत विचार : रेलवे द्वारा अतिरिक्त यात्री यातायात को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु हावडा-हिसार-हावडा (01 ट्रिप) स्पेशल रेलसेवा का संचालन किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जन संपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाडी संख्या 03007, हावडा-हिसार स्पेशल रेलसेवा 15 अप्रैल 24 को हावडा से 23.00 बजे रवाना होकर 17 अप्रैल 24 को जयपुर स्टेशन पर 07.15 बजे आगमन व 07.25 बजे प्रस्थान कर 14.50 बजे हिसार पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 03008, हिसार-हावडा स्पेशल रेलसेवा 19 अप्रैल 24 को हिसार से 22.00 बजे रवाना होकर 20 अप्रैल 2024 को जयपुर स्टेशन पर 04.50 बजे आगमन व 05.00 बजे प्रस्थान कर 21 अप्रैल 24 को 19.30 बजे हावडा पहुँचेगी। यह रेलसेवा मार्ग में बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किउल, मोकामा, बख्तियारपुर, पटना, दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीनदयाल उपाध्याय, प्रयागराज, कानपुर सेट्रल, इटावा, शमशाबाद टाउन, आगराकैंट, अछनेरा, भरतपुर, बांदीकुई, जयपुर, रींगस, सीकर, झुंझुनू, लोहारू व सादुलपुर स्टेशनों पर ठहराव करेगी। इस रेलसेवा में 01 सैकण्ड एसी, 05 थर्ड एसी, 10 द्वितीय शयनयान, 02 साधारण श्रेणी व 02 गार्ड डिब्बो सहित 20 डिब्बे होंगे।

उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक ने अधिकारियों के साथ की बैठक

नई दिल्ली, अमृत विचार : उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ संरक्षा, समय पालनबद्धता, व्यापार विकास और माल लदान पर एक कार्य निष्पादन समीक्षा बैठक का आयोजन किया। महाप्रबंधक ने कहा, उत्तर रेलवे संरक्षा उपायों को बढ़ाने, रेलवे संपत्तियों के रखरखाव को सुनिश्चित करने और संरक्षा और बुनियादी ढांचे के काम की व्यापक समीक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध है। कार्य-निष्पादन समीक्षा के अलावा, महाप्रबंधक ने यात्रियों और रेल संपत्ति की संरक्षा और सुरक्षा में उच्च मानकों को बनाए रखने में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले 7 सजग कर्मचारियों को संरक्षा पुरस्कार प्रदान किया। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय रेलवे के सभी जोनल रेलवे और उत्पादन इकाइयों के बीच स्क्रैप बिक्री में उत्तर रेलवे वित्त वर्ष 2023-24 में 603.79 करोड़ रुपये के स्क्रैप का निपटान करके पहले स्थान पर है, जोकि 500 करोड़ रुपये के वार्षिक बिक्री लक्ष्य से अधिक है। फ्रेट बिजनेस डेवलपमेंट पर बात करते हुए महाप्रबंधक ने बिजनेस डेवलपमेंट यूनिटों को रेल उपयोगकर्ताओं के बीच विश्वास और सहयोग का वातावरण बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि रेलवे द्वारा दी जाने वाली रियायतें उसके सभी ग्राहकों तक पहुंचनी चाहिए। इसके अलावा, श्री. चौधुरी ने इस बात पर जोर दिया कि रेलवे संपत्तियों का रखरखाव ट्रेनों के सुचारू संचालन और यात्री सुविधा सुनिश्चित करने का एक महत्वपूर्ण पहलू है।

भाजपा ने प्रभु राम व उनके नाम को बेचा

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने मंगलवार को यहां कहा कि भाजपा ने प्रभु राम और उनके नाम को बेचा है। लेकिन अब जनता सब समझ चुकी है। बाराबंकी लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में मंगलवार को कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना और केन्द्रीय चुनाव समिति के सदस्य व पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया ने चुनाव घोषणापत्र के बारे में

न्याय पत्र के साथ कांग्रेस नेता आराधना मिश्रा व पूर्व सांसद पीएल पुनिया।

जानकारी दी। आराधना मिश्रा मोना ने कहा कि कांग्रेस इस लोकसभा चुनाव में पांच न्याय के तहत 25 गारंटियों के माध्यम से देश की तस्वीर बदलने का संकल्प ले चुकी है। कांग्रेस संकल्प ले चुकी है कि वह भाजपा के अन्याय को खत्म कर इंडिया गठबंधन के न्याय का राज स्थापित करेगी।

किशोर को बंधक बना वाहन में लाद ले गए 16 बकरियां

सतरिख, बाराबंकी, अमृत विचार : किशोर को बंधक बनाकर फार्म हाउस से बदमाश 16 बकरियां पिकअप में लाद ले गए। मुकदमा दर्ज कर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुट गयी है। सतरिख थाना क्षेत्र के शरीफाबाद निवासी निसार अली का पचासी गांव के पास एक बाग में फार्म हाउस है। निसार सोमवार की शाम बकरियों को चारा पानी देने के बाद तालाबंद करके चले गए थे। निसार का 13 वर्षीय बेटा इमरान अली फार्म हाउस पर बकरियां देखने आया और बाहर पड़े तख्त पर सो गया। इसी दौरान पिकअप से पहुंचे बदमाशों गमछे से उसके हाथ-पैर बांध दिए। इसके बाद 16 बकरियां वाहन में लाद ले गए।

भाजपा की मजबूत कड़ी हैं पन्ना प्रमुख : अवनीश

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : जैदपुर विधानसभा की कोर कमेटी की बैठक में एमएलसी व जिला प्रभारी अवनीश सिंह पन्ना प्रमुख अभियान की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल की सबसे मजबूत बूथ संरचना की सबसे मजबूत कड़ी पन्ना प्रमुख ही हैं। पन्ना प्रमुख सौ प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने में अहम किरदार निभायेंगे। उन्होंने पन्ना प्रमुख को पार्टी के विस्तार और मजबूत नींव तैयार करने का श्रेय देते हुए उन्हें पार्टी की शक्ति बताया। उन्होंने सभी पन्ना प्रमुखों को मैं भी पन्ना प्रमुख हैशटैग के साथ सेल्फी सोशल मीडिया पर साझा करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मोदी-योगी सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने में जुटें।

वर्ग पहेली-35

बाएं से दाएं

1. पिटवाना, पीटने का काम दूसरे से कराना।
2. अनुज अर्थात छोटे भाई के साथ।
4. देह, काया, शरीर।
5. 1. ढीला करना, कसा या तना हुआ न रखना 2. किसी डोर या रस्सी की लंबाई बढ़ाना; तान को ढीली करना 3. बंधनमुक्त करना, छोड़ देना 4. किसी गाढ़ी चीज़ को पतला करना 5. नियंत्रण मुक्त करना, थोड़ी आज़ादी या छूट देना।
7. 1. फैलना, छा जाना, व्यापना 2. आरंभ होना
9. सुख या आनंद देने वाला, सुखद, सुखदायी।
10. 1. मुस्लिम धर्म अर्थात शरीअत के मुताबिक धर्म-अधर्म संबंधी विवादों पर न्याय करने वाला, न्यायकर्ता, मुंसिफ, विचारक 2. निकाह पढ़ाने वाला मौलवी।

ऊपर से नीचे

1. गेहूं या जौ आदि का आटा।
2. 1. दो वस्तुओं को आपस में मिलाना, मिश्रित करना, सम्मिलित करना 2. गूंथना 3. किसी व्यक्ति को अपराध आदि में लपेटना या सम्मिलित करना।
3. जल से पूर्ण या जलनिर्मित।
4. 1. गवाहों को बुलाने के लिए न्यायालय में जमा किया जाने वाला ख़र्च 2. मालगुज़ारी समय से न जमा किए जाने पर लगने वाला अर्थदंड।
6. चरखे में लगी हुई चमड़े की चकती जिसमें तकला या तकुआ पहनाया जाता है।
8. 1. यज्ञवेदी, यज्ञ के लिए ठीक किया गया स्थान 2. आंगन के बीच में बना चबूतरा।



वर्ग पहेली -34 का हल

		1 अं		2 म	ति	
3 उ	प	धा	नी			4 वा
		धुं		5 सु	रा	ही
	6 थुं	ध	7 का	र		
8 से			9 ला	सा		10 गु
ब			प			ड़ी
	11 पि	स	न	हा	री	

सुडोकू-114

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

2				9				3
			8			9	7	
	1	7		3				5
				1			3	
		9				6		
8	4			2				
		5		8		4	2	
	7	2			9			
4				5				7

सुडोकू -113 का हल

3	2	9	5	1	6	4	7	8
6	4	7	3	8	2	9	5	1
8	1	5	7	4	9	6	2	3
7	6	4	2	3	1	8	9	5
5	3	2	6	9	8	1	4	7
1	9	8	4	7	5	3	6	2
9	7	6	8	5	3	2	1	4
4	8	1	9	2	7	5	3	6
2	5	3	1	6	4	7	8	9

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 10 अप्रैल बुधवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-चैत्र, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-द्वितीया 17.32 तक तत्पश्चात तृतीया।

आज का पंचांग



दिशाशूल-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, कर्क, तुला, वृश्चिक, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद।
नक्षत्र-भरणी 11 अप्रैल 03.05 तक तत्पश्चात कृत्तिका।

मेष — आज व्यवसाय में वृद्धि करने के लिए बड़ा धन निवेश करने की योजना बना सकते हैं। अनुभवी लोगों से मार्गदर्शन प्राप्त होगा। जल्दबाजी में कोई नया कार्य शुरू न करें। विदेश में व्यवसाय कर रहे लोगों के लिए दिन काफी शुभ है।

वृष — आज किसी अप्रिय खबर के मिलने से मन व्यथित हो सकता है। व्यर्थ के कार्यों में आपका समय बर्बाद न हो इसका ध्यान रखें। ध्यान और योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। दोस्तों से ज्यादा मदद की उम्मीद न करें।

मिथुन — आज जॉब में मनोनुकूल कार्यभार मिलने से उत्साहित रहेंगे। घर के लिए कुछ आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी कर सकते हैं। परिवार में किसी कार्यक्रम को लेकर विचार-विमर्श हो सकता है। आय के नए स्रोत विकसित होने की संभावना बन रही है।

कर्क — आज समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। आपकी रचनात्मकता से लोग आकर्षित रहेंगे। अपने काम की चुनौतियों और कमजोरियों को लेकर गंभीर रहेंगे। नए उद्यम की शुरुआत कर सकते हैं। महत्वपूर्ण कार्यों को जल्द पूर्ण करें।

सिंह — आज लोगों से अपनी प्रशंसा की ज्यादा इच्छा न रखें। दार्शनिक विषयों के चिंतन में रुचि लेंगे। उच्च शिक्षा के लिए छात्रवृत्ति मिल सकती है। आप प्रकृति के बीच एकांत समय बिताना पसंद करेंगे। दूसरों की सलाह पर निर्भर न रहें।

कन्या — आज उधार लेन-देन बिल्कुल न करें। बच्चों की गतिविधियों और स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें। जीवनसाथी से अपने मन की बातें शेयर अवश्य करें। किसी जरूरी कार्य में बाधा आ सकती है, किंतु वे आपकी बातों को लोग ज्यादा गंभीरता से नहीं लेंगे।

तुला — आज व्यवसायियों की रुकी हुई पेमेन्ट मिल सकती है। जीवनसाथी के साथ कहीं घूमने जा सकते हैं। जॉब में आपको बोनस मिल सकता है। भविष्य की किसी परियोजना के लिए धन जुटा सकते हैं। शत्रुओं और विरोधियों पर आप भारी पड़ेंगे।

वृश्चिक — आज अधिकारी वर्ग से आपको काफी सम्मान मिलेगा। प्रेम संबंधों में रुकावट जैसी उत्पन्न हो सकती है। व्यवसाय में नया तरीका प्रयोग करने से बचें। करियर में स्वयं को साबित करने के उत्तम अवसर मिलेंगे।

धनु — आज घर का वातावरण आनंद और उत्साहपूर्ण रहेगा। किसी महत्वपूर्ण कार्य के पूरा होने से प्रसन्नता रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य को लेकर मन में चिंता रहेगी। नौकरीपेशा लोग अपने काम के प्रति समर्पित रहेंगे।

मकर — आज संपत्ति विवाद जन्म ले सकते हैं। जल्दबाजी में कोई नया काम शुरू न करें वरना आपके काम बिगड़ सकते हैं। ऑफिस की परिस्थितियां आपके लिए कुछ प्रतिकूल रहने वाली है। आकस्मिक धन हानि होने के योग बन रहे हैं।

कुंभ — आज का दिन विशेष रूप से आपके लिए शुभ रहने वाला है। अपनी कूटनीतिक योग्यता का परिचय देंगे। पारिवारिक मुद्दों को लेकर गलतफहमी दूर होगी। शाम के समय दोस्तों के साथ बातचीत करेंगे। कार्यक्षेत्र में नए मित्र बन सकते हैं।

मीन — आज सामाजिक क्षेत्र से जुड़े लोगों को अपनी सुरक्षा का विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। आप ऑनलाइन शॉपिंग में व्यस्त रहेंगे। दांपत्य रिश्तों को लेकर कुछ तनाव हो सकता है। आपको धैर्यवान रहना चाहिए।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
- **जुआरी** — सुबह : 10.53
- **बादशाह** — रात : 07.01

&pictures
- **सैंडविच** — सुबह : 10.43
- **प्लेयर्स** — शाम : 04.22

SONY PIX
- **एनाकोंडा** — सुबह : 09.44
- **बैड बॉयज़ II** — रात : 09.00

ZEE CINEMA
- **बाम्बे टू बैंकॉक** — सुबह : 10.15
- **दीवार** — रात : 07.05

StarGold SELECT
- **छपाक** — सुबह : 10.15
- **वीरे की वेडिंग** — रात : 09.00

आज की सुपरहिट फिल्म

एंड पिक्चर्स परसुबह : 10.43 बजे

जोक्स ऑफ द डे

गर्लफ्रेंड - जानू, मेरे सिर में बहुत दर्द है।
ब्वॉयफ्रेंड ने लड़की के सिर को चूमते हुए पूछा - अब सही हुआ?
गर्लफ्रेंड - हां, अब बिल्कुल सही हो गया।

पास में ही खड़ा एक डॉक्टर मन ही मन में भुनभुनाते हुए - लानत है मेरी एमबीबीएस की डिग्री पर!

गोलू- एक पड़ोसी से- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह।
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं।
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

एक : पापानि कुरुते फलं भुङ्क्ते महाजन : ।
भोक्तारो विप्रमुच्यन्ते कर्ता दोषेण लिप्यते ।।

मनुष्य अकेला पाप करता है और बहुत से लोग उसका आनंद उठाते हैं। आनंद उठाने वाले तो बच जाते हैं, पर पाप करने वाला दोष का भागी होता है।

संपादकीय

मतदान बढ़ाने की कोशिशें

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश को गारंटी दे रहे हैं कि उनके तीसरे कार्यकाल के दौरान भारत विश्व की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनेगा। ऐसे में भारत को उन देशों के विशिष्ट क्लब में शामिल होने की भी आकांक्षा करनी चाहिए, जहां लोकतांत्रिक चुनावों में 80 प्रतिशत मतदान होता है। लेकिन कम मतदान की समस्या भारत के निर्वाचन आयोग के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आयोग ने 266 ऐसे संसदीय क्षेत्रों की पहचान की है, जहां पिछले चुनाव में मतदान का प्रतिशत राष्ट्रीय औसत से भी कम रहा था। लोकतांत्रिक अपेक्षाओं और कसौटियों के लिहाज से वास्तव में यह चिंताजनक है। देश के शहरी नागरिकों पर अक्सर आरोप लगाया जाता है कि वे चुनावी प्रक्रिया में दिलचस्पी तो रखते हैं, लेकिन शामिल नहीं होते। यानि मतदाताओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा राजनीति और चुनावों के प्रति उदासीन रहता है। केंद्रीय निर्वाचन आयोग में इस बात को लेकर लगातार मंथन हो रहा है कि इस बार के लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत कैसे बढ़ाया जाए। चुनाव आयोग के मुताबिक कम मतदान वाले 215 ग्रामीण और 51 शहरी क्षेत्र हैं। बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तराखंड, तेलंगाना, गुजरात, पंजाब, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर और झारखंड और केंद्र शासित प्रदेशों में 2019 के लोकसभा चुनावों में राष्ट्रीय औसत 67.40 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। पिछले दिनों मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने नगर निगमों के आयुक्तों और बिहार, उत्तर प्रदेश जैसे कई राज्यों के जिला निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में कहा कि 'एक जैसा रुख सभी के लिए उपयुक्त है' वाला दृष्टिकोण इस मामले में काम नहीं आएगा। वास्तव में विभिन्न क्षेत्रों और खंडों के लिए अलग-अलग रणनीतियों पर काम करने की जरूरत है। ऐसे में जानना जरूरी है कि 2024 के लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए आयोग की मतदान कार्यान्वयन योजना (टीआईपी) क्या है। यह एक लक्षित मतदाता पहुंच पहल है। टीआईपी का लक्ष्य चार प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करके मतदान प्रतिशत को 70 प्रतिशत से आगे बढ़ाना है।

यह मतदाताओं की उदासीनता का मुकाबला करने और युवा और शहरी मतदाताओं जैसे उदासीन समूहों को शामिल करने के लिए विशिष्ट संचार प्रयासों की आवश्यकता पर भी जोर देता है। गौरतलब है कि चुनावी भागीदारी कार्यक्रम के परिणामस्वरूप भारत ने 2014 के चुनावों में मतदान का रिकॉर्ड बनाया। 2009 में, मतदान 58 प्रतिशत था, जो 2014 में 66.4 और 2019 में 67.6 प्रतिशत हो गया। आयोग को इसे 70 प्रतिशत से बढ़ने की उम्मीद है। मतदान में बढ़ोतरी के लिए चुनाव आयोग की कोशिशें स्वागत योग्य हैं। जरूरी है कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

ईद, सीएए और बदला हुआ शाहीन बाग

विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है।

रमजान के महीने के अंत के बाद आज ईद मनाई जा रही है। इस बार की रमजान पर राजधानी दिल्ली के शाहीन बाग में जिस तरह का खुशगवार माहौल बना रहा उससे सारे देश और दुनिया में एक संदेश तो साफ तौर पर चला गया कि नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) अब मुसलमानों के लिए कोई मुद्दा नहीं रहा।

याद करें कि इसी शाहीन बाग में सीएए के खिलाफ महिलाओं ने लंबा धरना दिया था। धरने देने वाली महिलाएं कह रही थीं कि सीएए के बहाने मुसलमानों को प्रताड़ित किया जाएगा। धरना कोविड फैलने के कारण सरकार ने सख्ती से बंद करवा दिया था। उस समय धमकी दी जा रही थी कि सीएए के खिलाफ धरना फिर शुरू होगा,पर यह नहीं हुआ। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार मुसलमानों को भरोसा देते रहे कि सीएए से उन्हें घबराने की कोई वजह नहीं है। इसका सकारात्मक असर हुआ। जब केन्द्र सरकार ने सीएए की पिछली 11 मार्च को अधिसूचना जारी की तो एक बार लगा कि इसका विरोध होगा,पर कहीं कुछ नहीं हुआ। लोकसभा चुनाव की घोषणा से पहले सीएए की अधिसूचना के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस और अन्य विपक्षी दल सीएए को लागू करने के मसले को लोकसभा चुनाव में उठाएंगे, लेकिन हैरानी की बात है कि किसी भी दल ने इसे मुद्दा नहीं बनाया।

दरअसल लोकसभा चुनावों का एजेंडा इस बार कुछ बदला-बदला सा है। आम तौर पर कांग्रेस और अन्य भाजपा विरोधी पार्टियां मोदी को कट्टर हिन्दुत्ववादी बताकर सेकुलर एजेंडे के साथ चुनाव मैदान में उतरती हैं,पर इस बार मुद्दा ईडी,सीबीआई और तानाशाही को बनाया जा रहा है। कांग्रेस भी उन मुद्दों को चुपचाप किनारे रखकर आगे बढ़ रही है,जिन पर भाजपा को घेरती रही है। सीएए,एनआरसी और धारा-370 जैसे मुद्दे कांग्रेस के घोषणापत्र से ही गायब हैं। आम आदमी पार्टी मुख्यमंत्री केजरीवाल जेल की सलाखों के पीछे वाली तस्वीर को अपनी चुनावी कैंपेन में प्रमुखता से पेश कर रही है। आपको याद होगा कि पिछली बार विधान सभा के चुनाव से पहले दिल्ली में सीएए से संबंधित चर्चाएं, विरोध प्रदर्शन या हिंसा की घटनाएं सबसे ज्यादा हुईं। केवल भारत से संबंध रखने वाले समुदायों के भीतर ही सीएए या एनआरसी के बारे में ही चिंताएं व्यक्त नहीं की गई,बल्कि दुनिया के कई अन्य देशों में भी यही के कुछ ताकतों ने भारत के विधेयकों के खिलाफ,रैलियां,सेमिनार या विरोध प्रदर्शन आयोजित करवाए। उनका उद्देश्य सीएए और उससे जुड़ी नीतियों के पक्ष या विपक्ष में केवल जागरूकता बढ़ाना नहीं था,बल्कि यह दिखाना भी था कि मोदी सरकार मुसलमानों के विरुद्ध काम कर रही है। उन प्रदर्शनों में अराजकता साफ दिखी। यह साबित करने की भी कोशिश हुई कि इस अधिनियम के माध्यम से मुसलमानों की नागरिकता का दोहन किया जाएगा।

> सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है,लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम 1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

सीएए पर दिल्ली से शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन देश के अन्य हिस्सों में फैल गया और जल्दी ही यह हिंदू-मुस्लिम मुद्दे में बदल गया। दिल्ली में सार्वजनिक संपत्ति को खूब नुकसान पहुंचाया गया और विरोध प्रदर्शन हिंसक भी हुए। एक लोकतांत्रिक देश में हर मुद्दे पर विरोध का अधिकार है,लेकिन क्या सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने का भी हक है। जबकि विधेयक में पहले दिन से कहा गया था कि यह केवल उन शरणार्थियों पर लागू किया जाएगा जो धर्म के आधार पर उत्पीड़न के कारण भारत में शरण लेने के लिए मजबूर थे। महत्वपूर्ण है कि भारतीय संविधान में नागरिकता अधिनियम,1955 से ही मौजूद हैं। सीएए में किसी भी तब के प्रावधानों को नहीं छेड़ा गया है। नागरिकता अधिनियम, 1955 के अनुसार कोई भी विदेशी,चाहे वह किसी भी जाति या धर्म का हो,भारतीय नागरिकता के लिए आवेदन कर सकता है और इससे पहले पाकिस्तान के कई लोगों (मुसलमानों को भी) को इसी आधार पर भारतीय नागरिकता दी गई है। बस प्रतीक्षा अवधि केवल 12 वर्ष की होती है।

राजधानी दिल्ली में शाहीन बाग और कुछ हद तक खुरेजी के धरने देश के लिए सबक थे। सीएए के विरोध के नाम पर मंच सजते थे, जहां पर दिए जाने वाले सांप्रदायिक भाषण बहुत परेशान करने वाले थे। ओखला निर्वाचन क्षेत्र के नेताओं से लेकर जामिया विश्व विद्यालय के छात्र नेता तक ने सांप्रदायिक तनाव बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक वर्ग के लोगों को यहां तक कहा गया कि मोदी मुसलमानों को डिटेंशन कैंप में भेज देंगे। अब उसी दिल्ली में सीएए का कोई विरोध नहीं है,क्योंकि अब दिल्ली के मुसलमान इसका हिस्सा नहीं बनना चाहते। प्रख्यात लेखक और इतिहासकार फिरोज बख्त अहमद कहते हैं कि सीएए में केवल सताए गए धार्मिक अल्पसंख्यकों का उल्लेख है,जो स्पष्ट रूप से पाकिस्तान और बांग्लादेश में रहने की स्थिति में नहीं हैं। उन्हें यह भी मालूम है कि अहमदिया मुसलमान भी पाकिस्तान में उत्पीड़न का सामना कर रहे हैं। यदि वे भी चाहे तो पुराने कानून के अनुसार अन्य गैर भारतीयों की तरह नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। दिल्ली में बड़ी संख्या में बांग्ला और पाक 'शरणार्थी' जिनमें काफी संख्या में मुसलमान हैं,पिछले 20-30 सालों से आ रहे हैं। उनमें से अधिकतर के पास अब मतदाता पहचान पत्र,आधार कार्ड और पासपोर्ट भी हैं। जाहिर है इसका काफी कुछ श्रेय कांग्रेस को जाता है।

पूरे देश में मुस्लिम घुसपैठियों की संख्या तीन से चार करोड़ मानी जाती है। प्रधानमंत्री मोदी ने तब ही कह दिया था कि शाहीन बाग एक 'प्रयोग' है,जो लोग सीएए का विरोध कर रहे हैं, उन्हें नागरिकता संशोधन विधेयक,2019 के वास्तविक प्रावधानों के बारे में अच्छी तरह से जानकारी ही नहीं है। इसमें कहीं भी यह नहीं कहा गया है कि मुसलमानों को भारत की नागरिकता के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं है। जेल में जाने से पूर्व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा था कि यदि सीएए से अधिक लोगों को नागरिकता दे दी जाएगी तो बेरोजगारी के आंकड़े ऊपर की ओर बढ़ जाएंगे। हालांकि अभी कोई सरकारी आंकड़ा सामने नहीं आया है,लेकिन एक अनुमान बताया जा रहा है कि 30 से 40 हजार लोगों को नागरिकता दी जाएगी। 4 करोड़ अवैध घुसपैठियों के मुकाबले 40 हजार लोगों को नागरिकता हमारे रोजगार पर कितना असर डाल सकती है,समझा जा सकता है। रमजान के महीने के जुमा अलविदा के मौके पर शाहीन बाग में बहुत सारे नौजवान एक आइसक्रीम पार्लर में आइसक्रीम खा रहे थे। वहां उनसे सीएए को लागू करने के बारे में पूछे गए एक सवाल पर सब एक जैसी प्रतिक्रिया थी- "सीएए के लागू होने से हमें कोई फर्क नहीं पड़ेगा। गृहमंत्री अमित शाह बार-बार कह तो रहे हैं।"

प्रसंगवश

चर्चित समय का इतिहास

रश्मि त्रिपाठी
गोरखपुर

क्या आप जानते हैं कि जर्मनी अपने देश के इतिहास में हिटलर को नहीं पढ़ाता। जबकि अगर कहा जाए तो वो ही उस देश के सबसे चर्चित समय का इतिहास है। रोमन लोग डेन्यूब नदी के नार्थ की तरफ रहने वाले कुछ खूंखार कबीलों को जर्मनिया कहते थे हिंदी में गेर्मानिया, जो बाद में जर्मनी हुआ। इसलिए ही शायद आप विश्व इतिहास पढ़े तो जर्मन ज्यादातर खलनायक ही मिलेंगे, पर आज वहां ये सभी किस्से उनके यहां मैमोरियल,म्यूजियम और लाइब्रेर में मिलेंगे पर स्कूली किताबों में नहीं। आज का जर्मनी अपने बच्चों को लोकतंत्र पढ़ाना चाहता है वो सभ्य हो गया है। बच्चों के लिए उनका इतिहास वीमर रिपब्लिक से शुरू होता है,जो कि लोकतांत्रिक सरकार थी और पहले विश्वयुद्ध के बाद बनी थी,हालांकि ये सरकार हिटलर को उभरने से रोक नहीं पाई,पर वो लोकतांत्रिक थी इसलिए बच्चों को बताना जरूरी समझा गया। वे लोग अब सभ्य और सफल हैं,वे लोकतंत्र में सम्मानजनक आस्था रखते हैं। इसलिए उन्होंने इसे बताना जरूरी समझा। बच्चों को ज्यूस की डायरियां और कविताएं पढ़ाई जाती हैं और मीन काम्फ भी। ताकि लोग हिटलर की कथनी और करनी में अंतर समझ सकें। उस दौर का प्रमुख व्हाइट रोज संगठन जो कि नाजियों के खिलाफ खड़ा था, उसे या जो भी और नाजियों के खिलाफ थे सभी हीरो हैं वहां। वे युद्ध में नाजियों की जीत नहीं बताते, बल्कि उनके द्वारा किए अत्याचार बताते हैं। यहां तक की जर्मनी की बर्बादी भी नाजियों के सिर ही मढ़ी गई है,जोकि नाजियों ने एलाई फौजों को रोकने के लिए पुल और इमारतें वगैरह तोड़ी थीं। हिटलर हों या गोयबल्स सभी की सुसाइड को कायरों की तरह समझा जाता है और सार्वजनिक रूप से उनके बारे में बात तक नहीं की जाती है वहां पर। यहां तक कि नाजियों से जुड़ा कोई भी स्मृति चिन्ह या साहित्य सभी कुछ बैन है। लगातार नाजियों के खिलाफ माहौल बनाकर दशकों बाद जर्मनी की दीवार तोड़ी गई। और ये सब हेल्मेट कोल जैसे नेताओं की मेहनत का फल था। कोई भी देश अपने लिए विकास और विनाश के रास्ते खुद बनाता है। बस समय कुछ महान लोगों के हिस्से ही ये जिम्मेदारी सौंपता है।

लोक, जनसभा, रैली और भीड़

डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

> भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए, उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं।

जनसभा जनसभा होती है और भीड़ भीड़ होती है। दोनों में अंतर है। जनसभा में विचार केन्द्र में होता है,जबकि भीड़ में उत्तेजना होती है, संवेग होता है,उन्माद होता है। हालांकि उसे अब रैली कहने लगे हैं। उस भीड़ का बौद्धिक-स्तर लुप्त-प्राय होता है या निम्नस्तर का होता है। इसलिए भीड़ सामूहिक-विचार नहीं कर सकती,भीड़ तालियां बजा सकती है,जय जयकार कर सकती है और अपने नेता को सुन सकती है। अनेक मनोवैज्ञानिकों ने तो भीड़ को तर्क के विरुद्ध अबौद्धिक की पूजा कहा है। उस पर अपने नेता की मामूली दलीलों का भी असर होता है।

नेता का निर्देश ही भीड़ का नियामक होता है। नेता समूह के साथ अपनेपन का भाव जगाता है,लोक प्रचलित उपमाओं का, कहावतों का,मुहावरों का प्रयोग करता है और इस प्रकार से किस्से सुनाता है,नारे लगाता है,भीड़ को कहीं हंसाता है तो कहीं उसमें क्रोध और घृणा का भाव जगाता है। कहने को तो हम भीड़ को जनता ही कहते हैं,किंतु जनता शब्द की अवधारणा बहुत व्यापक है। क्राउड और पब्लिक दोनों में अंतर है। झुंड किसी खास उद्देश्य से इकट्ठा किया गया है,जबकि जनता में सभी के समन्वय का भाव होता है,एक व्यापक सामाजिक प्रक्रिया होती है।

भीड़ का उद्देश्य बहुत सीमित होता है। जनता में क्षणिक उत्तेजना नहीं होती जबकि भीड़ क्षणिक उत्तेजना से ही परिचालित होती है। भीड़ जुटाने पर बहुत धन खर्च किया जाने लगा है। सुनने में तो यहां तक आया है कि भोजन के साथ ही पांच-पांच सौ रुपया देकर दिहाड़ी मजदूरों को भेड़ों की तरह हांक कर लाया जाता है। हांकने वालों का पेमेंट अलग से होता है। भीड़ में विवेक नहीं होता। किसी ने पीछे से कह दिया कि पुल का पिलर गिर रहा है,भागो और भगदड़ मच गई,दस आदमी कुचल गए। किसी ने कह दिया कि यह बच्चा चोर है,लोग उसे मारने लगे।

पिछले बरसों में भीड़तंत्र के ऐसे कई उदाहरण सामने आए हैं। भीड़ का कोई आकार-प्रकार और मूड निश्चित तो होता नहीं। विवेक ही नहीं, तो कोई विध्वंसक नारा दिया जा सकता है और कितना ही बड़ा विध्वंस कराया जा सकता है। विवेक ही नहीं है,तब कारण-परिणाम के सोचने समझने का सवाल ही नहीं उठता। भीड़ क्या है? यूथ। बड़ा झुंड। यूथ जानवरों के भी होते हैं। जानवरों के यूथ में भी भय और क्रोध का संचार बिजली की तरह होता है। मनोविज्ञान वाले इसे मिलनसार वृत्ति कहते हैं।

भीड़ को हम न तो समाज कह सकते हैं, न जनता कह सकते हैं और न लोक ही कह सकते हैं। भीड़ के लक्षण हैं,असहनशीलता का विस्फोट होना,उत्तरदायित्व का अभाव,सब कुछ कर सकने का नशा और अपने किसी आदमी की बात पर विश्वास। जन-समूह की मानसिकता में छिपी हुई अशांति,असंतोष, अव्यवस्था और अस्थिरता का नाम भीड़ है। इन भावनाओं को कोई सुलगा देता है,भाव का विस्फोट कर देता है और फिर उस बवंडर में छिप जाता है। भीड़ में सभी पहचान गुम हो जाती हैं,भीड़ में व्यक्तिचेतना सम्मोहित हो जाती है। इसलिए उत्तरदायित्व की बुद्धि भी समाप्त हो जाती है। इस स्थिति में कोई कुछ भी सही गलत कर सकता है,क्योंकि वह समझता है कि उसे कोई पकड़ नहीं पाएगा,पहचान ही नहीं पाएगा।

भीड़ का काम विवेक सम्मत होता,तब तो देश में क्रांति हो चुकी होती। एक भी बलात्कारी,अपराधी और भ्रष्टाचारी न बचा होता। सच्चाई यह है कि भीड़ में आदिम मानस जागरित होने का भय बना रहता है। पता नहीं भीड़ कब हिंसक और क्रूर बन जाए,उन्माद की स्थिति में वह कुछ भी कर सकती है। आजकल नेता लोग भीड़ को महत्व देने लगे हैं। भीड़ जुटाने को अपना पराक्रम और पुरुषार्थ समझने लगे हैं। रोड शो अर्थात् देवता भक्तों को दर्शन देने की कृपा कर रहे हैं। भीड़-मत को उभारना पशुता को उभारने जैसा है। यह लोकतंत्र के लिए शुभ नहीं है। लोकतंत्र को भीड़तंत्र में परिवर्तित करना आज की बात नहीं है,इसको कई दशक हो चुके हैं, हां,अब वह खतरे के निशान के आस-पास पहुंच चुका है।

सोशल फोरम

जनसंख्या को दक्ष नहीं बनाया

शैलेन्द्र प्रताप सिंह
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

हमारे देश में मानव श्रम बहुत है। जापान मानव श्रम से ही विकसित राष्ट्र बन,मानव को संसाधन बनाने से बना। आपदाओं से भरा देश,जहां कृषि कभी फायदे का धंधा नहीं रही, जहां कृषि उत्पाद आयात किए जाते है,वहां मानव ही पूंजी है,मानव ही संसाधन है। बच्चा पैदा करने पर खूब पैसा मिलता है। हम रोना रोते हैं कि हमारे पास जनसंख्या बहुत है,पर इसका प्रमुख कारण है कि हमने अपनी जनसंख्या को संसाधन बनाया ही नहीं,उन्हें दक्ष बनाया ही नहीं। कभी आईआईटी संस्थाएं बनी थी तो दुनिया में उनसे निकले स्नातकों की धाक थी,पर उनके लिए हम काम नहीं दे पाए। रिसर्च पर खर्च बहुत कम था। आज का युवा मारा-मारा फिर रहा है, कोई पूछने वाला नहीं है। शिक्षा व्यवस्था भी ऐसी है कि डिग्री और व्यावसायिक ज्ञान का कोई संबंध नहीं है। डिग्री ऐसी कि ग्रेजुएट हो गए हैं,पर दो लाइनें भी लिख नहीं सकते। आज शिक्षा संस्थाओं से क्वालिटी पैदा ही नहीं हो रही। डिग्री वाला संख्या बल टहल रहा है। पढ़ने वाला भी सुस्त,पढ़ाने वाला भी सुस्त। युवा हैं,डिग्री है, मोबाइल है,खाना खिलाने की मां बाप की जिम्मेदारी है,चप्पलें घिसने के लिए सड़क हैं। बेरोजगार युवाओं को कोई चिंता नहीं। यही हमारे भारतीय समाज का वास्तविक चेहरा है। जापान में सड़कों पर पुरुषों से ज्यादा महिलाएं दिखती हैं। लगता है वे शत प्रतिशत संसाधन बनी हुई हैं। जबकि हमारी आधी आबादी का मात्र 10-15 प्रतिशत ही संसाधन के रूप में काम कर रहा है। कल हरीशंकर परसाई जी को पढ़ रहा था। उन्होंने लिखा है-विवाह का दृश्य बड़ा दारुण होता है। विदा के वक्त औरतों के साथ मिलकर रोने को जी करता है। लड़की के बिछुड़ने के कारण नहीं,उसके बाप की हालत देखकर लगता है,इस कौम की आधी ताकत लड़कियों की शादी करने में जा रही है। पाव ताकत छिपाने में जा रही है-शराब पीकर छिपाने में,प्रेम करके छिपाने में,घूस लेकर छिपाने में,बची हुई पाव ताकत से देश का निर्माण हो रहा है तो जितना हो रहा है,बहुत हो रहा है। आखिर एक चौथाई ताकत से कितना होगा?

-फेसबुक वॉल से

मौसम का बदलता मिजाज और उत्तर भारत में लू

डॉ.पवन कुमार सिंह
सहायक प्रोफेसर, बरेली।

> भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है।

"मौसम की तरह तुम बदल तो नहीं जाओगे!" भारतीय जनमानस में गूंजती यह संगीत की धुन आज कितना यथार्थ परिलक्षित हो रही है। आजकल मौसम का मिजाज बहुत तीव्र गति से बदल रहा है। जैसे आम में असमय बौर का लगना,विश्व का सबसे खतरनाक मच्छरों का अचानक जनसंख्या विस्फोट आदि-आदि। वैसे परिवर्तन प्रकृति का शाश्वत नियम है,परंतु असमय परिवर्तन प्रकृति की असंतुलित अवस्था का परिणाम है। मार्च महीने से ही भीषण लू का चलना प्रारंभ हो गया है। उत्तर भारत में गर्मी के दिनों में पश्चिम से पूर्व की ओर चलने वाली गर्म,धूल भरी,उष्ण एवं शुष्क हवाओं को लू कहा जाता है,परंतु अभी मार्च महीने में ही इसका चलना हमारे लिए कोई अच्छा संकेत नहीं है। मौसम वैज्ञानिकों एवं उत्तर प्रदेश सरकार को अभी से ही बचाव हेतु एडवाइजरी जारी कर लोगों को सचेत करना पड़ रहा है। ताकि लोग जागरूक रहें और जानमाल की कोई अधिक क्षति न हो।

लू क्या है? क्यों चलती है? शायद सर्वविदित है। परंतु लू का स्वरूप भीषण एवं विकराल क्यों हो रहा है? एक ज्वलंत प्रश्न है। इसका जिम्मेदार कौन है? शायद इंसान स्वयं है। मानवीय क्रियाकलापों एवं प्राकृतिक संसाधनों का अत्यधिक दोहन का परिणाम ही है कि वातावरण में तापमान अत्यधिक बढ़ रहा है। ग्लोबल वार्मिंग के कारण ही वायुमंडल का तापमान बढ़ता जा रहा है। वो दिन दूर नहीं जब विश्व के बड़े-बड़े ग्लेशियरों का पिघलना तीव्र गति से प्रारंभ हो जाएगा। ऐसे में समुद्र के किनारे बसे देश समुद्र में डूब जाएंगे। अर्थात् मानव अस्तित्व के विलुप्त होने का खतरा बढ़ रहा है। वाह रे मानव!! अपने सर्वश्रेष्ठ होने के बौद्धिक खिताब पाने के मद में भूल गया है कि प्रकृति का अत्यधिक दोहन विनाशकारी सिद्ध होता है। सृष्टि एवं प्राकृतिक संसाधन स्वयं मानव के भोग के लिए ही सृजित है जिसका संतुलित भोग एवं उपयोग ही मानव की पीढ़ी दर पीढ़ी खुशहाल जिंदगी के लिए उपयोगी एवं लाभकारी सिद्ध होगी। मानव प्रकृति का हिस्सा है प्रकृति का भोग मानव को आवश्यकतानुसार ही करना चाहिए। आज मानव द्वारा हद से ज्यादा कार्बन का उत्सर्जन मानव सृष्टि को ही खतरे में डाल रही है।

आज वैश्विक राष्ट्राध्यक्षों द्वारा कार्बन उत्सर्जन को रोकने हेतु विभिन्न सम्मेलनों में भाग तो लिया जाता है,परंतु जिस वातानुकूलित साधनों का प्रयोग वह करते हैं,यही ग्लोबल वार्मिंग का प्रमुख कारण भी सिद्ध हो रहा है। मानव मन सुख की अनंत कामना की चाह लिए विकास की जिस अंधी दौड़ लगा रहा है, निस्संदेह भावी पीढ़ी को अपंग एवं असहाय बना देगा। मानव जीवन खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,जरूरी है प्रकृति सदृश आचरण करें। मानव सृष्टि की कार्य कुशलता मानवीय कार्य व्यापार पर आधारित होता है। भारतीय सांस्कृतिक विरासत सत्यमेव जयते,वसुधैव कुटुंबकम्,सर्वे भवंतु सुखिनः,अहिंसा परमो धर्मः,अधर्म का नाश,धर्म की स्थापना आदि आदि सूत्र वाक्यों से अलंकृत एवं विभूषित है,परंतु फिर भी मानव प्रकृति के प्रति उदासीन दिखता है। आज लू जैसी कई समस्याएं मुंह खोले खड़ी हैं। मानव का पुनीत कर्तव्य है कि जीवन को "जियो और जीने दो" की अवधारणा को चरितार्थ करते हुए प्रकृति का संरक्षण करे और सृष्टि संतुलन की अनमोल विचारधारा को आत्मसात कर प्राकृतिक नियमों का पालन करे।

भावी पीढ़ी खुशहाल एवं स्वस्थ रहे,इसके लिए हमें उसके सुंदर भविष्य को ध्यान में रखते हुए। आज जन जागरण एवं जन-जन जागरूकता अभियान चलाने की महती आवश्यकता है। आज जरूरत है एक कठोर एवं सार्वजनिक कदम उठाने की। बदलते मौसम और बढ़ते तापमान को प्रमुखता से विश्व समुदाय के समक्ष उठाना चाहिए और कठोर से कठोर नीति बनाने की सर्व सम्मति होनी चाहिए। अभी दिल्ली का हाल देखकर आंखे खुली की खुली रह गई। मानव प्रजाति को बचाना है तो मानव को संयम से काम लेना होगा। आइए हम सभी मिलकर पर्यावरण की रक्षा करें। ग्लोबल वार्मिंग के बढ़ते खतरे को कम करें। प्रकृति के साथ खिलवाड़ न करें। प्रकृति इंसानों का अपना घर है। अतः पर्यावरण सुरक्षित रखें तभी हम सभी खुशहाल एवं सुरक्षित हो सकेंगे।

शिव भी निःशक्त हैं जिनके बिना

रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

देवो के भी देव महादेव यानी शंकर जी भी जिस शक्ति से अनुप्राणित होते हैं और जिसके बिने स्पंदनहीन होते हैं,वह परम शक्ति भगवती दुर्गा हैं,जो सबसे ऊपर हैं। 'सौंदर्य लहरी' के प्रथम श्लोक में ही आदि शंकराचार्य भी ऐसा ही कहते हैं,"शिवः शक्त्यायुक्तो यदि भवति शक्तः प्रभवितुम्। न चेदेवं देवो न खलु कुशलः स्पन्दितुमपि'। यही नहीं उनके अति घोर काली रूप की उग्रता शांत करने के लिए तो भगवान शिव को उनके पैरों के नीचे आना पड़ा था। धोखे से पति पर पड़े पैर से काली मां एकदम ठिठक गईं, दांतों तले जीभ दबा ली,उग्रता शांत हो गई और तब देवताओं और दुनिया ने चैन की सांस ली,अन्यथा वे असुरों पर हुए क्रोध के कारण प्रलयकारी रूप में आ गई थीं।

भगवान विष्णु से भी वार्ता करते हुए, देवी भागवत में जब नारद ने उन्हें त्रैलैक्य में सर्वोपरि बताया,तो वे बोले 'नहीं नारद! मैं सबसे बड़ा नहीं हूं। मैं तो उन आदि शक्ति देवी के अधीन कार्य करता हूं,जो भुवनेश्वरी हैं और त्रिभुवन संचालन करती हैं। राम जब रावण से युद्ध हेतु तत्पर हुए तो नारद ने उन्हें शारदीय नवरात्र व्रत रखने और देवी पूजने की सलाह दी। राम ने वैसा ही किया और नौमी तक व्रत रखकर दशमी को विजय प्रयाण किया तथा अंततः उन्हें सफलता हासिल हुई। उन मां के नाना रूप,भेद,वर्गीकरण और ध्यान मुद्राएं हैं जिनका सम्यक वर्णन करने की सामर्थ्य शेष और शारदा में भी नहीं है। फिर भी वे चिद्रूपिणी महासरस्वती,सद्रूपिणी महालक्ष्मी और आनंद रूपिणी महाकाली रूपा हैं जिनके सिद्ध बीज मंत्र क्रमशः "ऐं ह्रीं क्लीं" हैं। वे आठ मातृकाओं के रूप में भी जानी जाती हैं।वे हैं,ब्राह्मी,वैष्णवी,माहेश्वरी,ऐन्द्री, कौमारी,वाराही,चामुंडा और नारसिंही।

माता के नौ रूप वाला वर्गीकरण ज्यादा लोक प्रचलित है और नवरात्र इन्हीं में से हर एक रूप के पूजन हेतु रखा जाता है। ये श्रीविग्रह हैं- शैलपुत्री, ब्रह्मचारिणी, चन्द्रघंटा, कूष्मांडा, स्कंदमाता, कात्यायनी, कालरात्रि, महागौरी तथा सिद्धिदात्री। इनके अतिरिक्त वे दस महाविद्याओं के रूप में भी अर्चनीया हैं। इनका तंत्र में भी बड़ा महत्व है तथा हिन्दू धर्म के दशावतारों से भी जोड़कर देखी जाती हैं। ये हैं- काली, तारा, छिन्नमस्ता, षोडशी, भुवनेश्वर, त्रिपुर भैरवी, धूमावती, बगलामुखी, मातंगी और कमला। शुंभ दैत्य ने युद्धकाल में जब देवी के अनेक रूपों पर आपत्ति उठाई,तब वे बोलीं 'एकैवाहं जगत्यत्र द्वितीया का ममापरा। पश्यैता दुष्टमय्येव विशन्त्यो मद्विभूतयः।। यानी अरे दुष्ट! मैं सृष्टि में अकेली ही हूं,मेरे समान भला कौन है? देख! ये सब मेरी ही विभूतियां हैं और मूझ में प्रविष्ट हो रही हैं'। फिर सभी विग्रह उन अंबिका में प्रवेश कर गए। उन अनेक रूपा एक की महिमा अपरंपार है।

एक नजर

गलत खबर दिखाने पर कांग्रेस ने की आयोग से शिकायत

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश कांग्रेस ने एक चैनल के गलत खबर दिखाए जाने पर मंगलवार को भारत निर्वाचन आयोग से शिकायत की। आयोग से चैनल के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई है।

मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ सीपी राय ने बताया कि आयोग को भेजी गई शिकायत में कहा गया है कि इलेक्ट्रानिक मीडिया के एक चैनल ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष पूर्व मंत्री अजय राय के बारे में गलत नीयत से झूठी और पूरी तरह आधारहीन खबर चलाई। चैनल का आचरण पूरी तरह से पत्रकारिता के सिद्धान्तों के खिलाफ है।

पशु चराने गए बुजुर्ग को बाघ ने बनाया निवाला

पीलीभीत, अमृत विचार : जंगल किनारे जानवर चराने गए बुजुर्ग को बाघ ने निवाला बना लिया। घटना माला रेंज की जंगल सीमा पर पुरैनी दीपनगर क्षेत्र में हुई। कलीनगर तहसील क्षेत्र के गांव रानीगंज निवासी भोलेराम (60) मंगलवार अपराह्न गांव से करीब डेढ़ किमी दूर माला जंगल के किनारे जानवर चरा रहे थे। इसी बीच बाघ भोलेराम को जंगल में खींच ले गया। ये देख बड़ी संख्या में ग्रामीण जंगल में घुस गए। तब तक बाघ ने भोलेराम को मार दिया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व के डिप्टी डायरेक्टर मनीष सिंह ने बताया कि बाघ हमले में एक ग्रामीण की मौत हुई है। घटना जंगल क्षेत्र के अंदर हुई है। ग्रामीण जंगल के अंदर गया हुआ था।

ईमेल से मिली सूरत के मॉल में बम होने की सूचना

सूरत : गुजरात में सूरत शहर के उमरा क्षेत्र में मंगलवार को एक मॉल में बम होने का ईमेल मिला जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मॉल में खरीददारी करने आए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। तलाशी के दौरान कोई संदिग्ध सामान नहीं मिला।

गुड़ी पड़वा पर राज ठाकरे ने की नयी शुरुआत

मनसे प्रमुख ने बिना शर्त प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और महायुति को दिया समर्थन

मुंबई, एजेंसी

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के अध्यक्ष राज ठाकरे ने मंगलवार को राज्य में सत्तारूढ़ 'महायुति' को बिना शर्त समर्थन देने की घोषणा की और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को समर्थन जताया।

'महायुति' में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार नीत राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) घटक हैं। राज ठाकरे का यह कदम आगामी लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ गठजोड़ की संभावनाओं को मजबूत कर सकता है। गुड़ी पड़वा पर मनसे की रैली को संबोधित करते हुए

ठाकरे ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का समर्थन करने की घोषणा की और कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव देश का भविष्य तय करेगा।

ठाकरे ने कहा कि वह उम्मीद करते हैं कि प्रधानमंत्री मोदी युवाओं की चिंताओं पर ध्यान देंगे और महाराष्ट्र को उसकी कर अदायगी को ध्यान में रखते हुए केंद्रीय राजस्व का बड़ा हिस्सा मिलना चाहिए। राज ठाकरे ने कहा कि मेरी कोई आकांक्षा नहीं है। जब देश में मजबूत नेतृत्व की जरूरत है तो महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बिना शर्ता भाजपा, शिवसेना और राकांपा का समर्थन करेगी। यह केवल नरेन्द्र मोदी के लिए है।

मुख्यमंत्री शिंदे ने राज ठाकरे के समर्थन के लिए आभार जताया। राज्य के उप मुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने राज ठाकरे की घोषणा की सराहना की। हालांकि ठाकरे ने यह स्पष्ट नहीं किया कि उनकी पार्टी लोकसभा चुनाव लड़ेगी या नहीं। मनसे ने चुनाव में अब तक कोई प्रत्याशी नहीं उतारा है। ठाकरे ने पार्टी कार्यकर्ताओं से राज्य विधानसभा चुनाव की तैयारी करने को भी कहा जो इस साल के अंत में होने हैं। मनसे नेता ने शिवाजी पार्क में आयोजित रैली में इस बारे में विस्तार से बात रखी कि मोदी को लेकर उनके रुख में बदलाव कैसे आया है। उन्होंने कहा कि 2014 के बाद जब मैंने देखा कि (प्रधानमंत्री के) भाषणों में कही गई बातें जमीन पर नहीं उतर रहीं तो मैंने उनका खुलकर विरोध किया। लेकिन जब भी उन्होंने कुछ अच्छा किया, जैसे अनुच्छेद 370 की मिसाल ले लें, तो मैंने इसका स्वागत किया।

ईद को लेकर असमंजस, 11 को ईद मनाने के पक्ष में बहुमत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ अब्बास नकवी की तरफ से देर रात में कारगिल में चांद देखे जाने और आकाये सीस्तानी का हवाला देते हुए एलान किया गया कि ईद-उल-फित्र 10 अप्रैल को मनाई जाएगी। जबकि मौलाना सैफ अब्बास शाम 7.30 बजे चांद के न होने का एलान करते हुए यह बता चुके थे कि ईद 11 अप्रैल को होगी।

मौलाना सैफ अब्बास का बयान आने के बाद पूरे देश मे ईद को लेकर असमंजस की स्थिति पैदा हो गई। सुन्नी मुसलमानों की तरफ



▸▸ मौलाना सैफ अब्बास का बयान आने के बाद पूरे देश मे ईद को लेकर असमंजस की स्थिति

से 11 अप्रैल को ही ईद मनाने की बात कही गई क्योंकि चांद नहीं देखा गया। टीले वाली मस्जिद के शाही इमाम मौलाना फजले मन्नान ने 11 अप्रैल को ही ईद मनाने की बात कही।

रात 12.15 बजे ऐतिहासिक आसिफी मस्जिद के इमामे जुमा मौलाना कल्बे जवाद ने एलान किया कि ईद 11 अप्रैल को ही मनाई जाएगी क्योंकि चांद देखा नहीं गया और आकाये सीस्तानी की वेबसाइट पर ऐसा कहीं नहीं दिख रहा है कि उन्होंने ऐसा कोई एलान किया हो।

इसलिए ईद 11 अप्रेल को ही होगी। 11 अप्रैल को 11 बजे आसिफी मस्जिद में ईद की नमाज होगी। जामा मस्जिद में ईद की नमाज सुबह 10 बजे होगी। कश्मीरी गेट दिल्ली के इमाम मौलाना मोहसिन तकवी ने भी 11 अप्रैल को ही ईद का एलान किया है।

कंगना रनौत के दावे पर सुभाष चंद्र बोस के पौत्र ने कहा

नेताजी अविभाजित, अखंड भारत के पहले और आखिरी प्रधानमंत्री थे

कोलकाता, एजेंसी

स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के एक परिजन ने मंगलवार को कहा कि नेताजी को अखंड और अविभाजित भारत का पहला और आखिरी प्रधानमंत्री कहा जा सकता है। नेताजी के पौत्र चंद्र बोस की यह टिप्पणी अभिनय से राजनीति में आईं कंगना रनौत के इस दावे के कुछ दिन बाद आई है कि सुभाष चंद्र बोस भारत के पहले प्रधानमंत्री थे।

कई हलकों से इस टिप्पणी के

दावा

▸▸ आजाद हिंद सरकार ने घोषित किया था प्रधानमंत्री

लिए आलोचना का सामना करने के बाद, रनौत ने बाद में कहा कि बोस ने 1943 में खुद को आजाद हिंद का प्रधानमंत्री घोषित किया था। चंद्र बोस ने संवाददाताओं से कहा कि नेताजी को अविभाजित और अखंड भारत के पहले और आखिरी प्रधानमंत्री के रूप में संबोधित किया जा सकता है, न कि विभाजित भारत के प्रधानमंत्री के रूप में। उन्होंने खुद को प्रधानमंत्री घोषित नहीं किया था, बल्कि निर्वासन के दौरान आजाद हिंद सरकार में उन्हें प्रधानमंत्री घोषित किया गया था। नेताजी ने 21 अक्टूबर, 1943 को सिंगापुर में आजाद हिन्द प्रांतीय सरकार के गठन की घोषणा की थी। हाल में सामने आई एक वीडियो क्लिप में, रनौत को कथित तौर पर यह कहते हुए सुना गया, जब हमें आजादी मिली तब भारत के पहले प्रधानमंत्री सुभाष चंद्र बोस कहां चले गए थे?

स्वास्थ्य विभाग को एक खरब से ज्यादा का बजट

अमृत विचार, लखनऊ : स्वास्थ्य विभाग को नये वित्तीय वर्ष 2024-25 के लिए प्रावधानित एक खरब 57 करोड़ 62 लाख के बजट को शासन द्वारा वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। यह बजट चालू योजनाओं एवं औषधि व रसायन मद में उपयोग किया जायेगा।

यह स्वीकृत पत्र विशेष सचिव शिव सहाय अवस्थी द्वारा स्वास्थ्य महानिदेशक को मंगलवार को भेजा गया है। वहीं गोमती नगर स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान को भी गैर वेतन मद में 33 करोड़ 33 लाख रुपये अवमुक्त किये गये हैं। उक्त धनराशि नये वित्तीय वर्ष के प्रावधानित बजट से दी गई है।

इसरो अध्यक्ष एस. सोमनाथ मंगलवार को लुधियाना में संत पॉल मित्तल स्कूल की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर पहुंचे। यहां उन्होंने छात्रों के साथ बातचीत भी की।

अजय राय के मामले में सरकार से जवाब-तलब

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ हाई कोर्ट ने अगली सुनवाई 19 अप्रैल को सुनिश्चित की

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के खिलाफ वाराणसी में वर्ष 2015 में गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान हुए लाठी चार्ज के मामले में दर्ज मुकदमे पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए कोर्ट ने सरकारी अधिवक्ता से हलफनामा मांगा।

जिस पर सरकारी अधिवक्ता ने बताया कि इस मामले में 82 आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ आरोप पत्र प्रस्तुत किया गया था, जिनमें से 81 व्यक्तियों के खिलाफ आपराधिक मुकदमा राज्य सरकार द्वारा उचित कार्रवाई के बाद वापस ले लिया गया है। यह नीतिगत मामला है और जहां तक याची अजय राय का सवाल है, उनके संबंध में निर्णय चुनाव के बाद लिया जाएगा। याचिका पर अगली सुनवाई आगामी 19 अप्रैल को सुनिश्चित की गई है। मालूम हो कि वाराणसी में वर्ष 2015 में गंगा में गणेश प्रतिमा विसर्जन की मांग कर रहे स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सहित अन्य लोगों पर लाठी चार्ज किया गया। इसके विरोध में 5 अक्टूबर 2015 को मैदागिन स्थित टाउन हॉल मैदान से अन्याय प्रतिकार यात्रा निकाली गई, जिसमें साधु-संतों ने बड़ी मात्रा में हिस्सा लिया था। स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के नेतृत्व में सभी लोग जब गोदौलिया चौराहे पर पहुंचे तो वहां खड़े एक सांड के अचानक भड़क जाने पर भगदड़ मच गई। मौका देखकर अराजक तत्वों ने पुलिस बूथ और एक सरकारी गाड़ी में आग लगा दी।

कमलेश तिवारी के हत्यारोपी को जमानत देने से किया इनकार

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ कोर्ट ने गवाहों को प्रभावित करने की जताई आशंका

अमृत विचार : इलाहाबाद हाइ कोर्ट ने पैगंबर मुहम्मद के खिलाफ की गई कथित टिप्पणी को लेकर हिंदू समाज पार्टी के नेता कमलेश तिवारी की हत्या की साजिश रचने के आरोपी व्यक्ति को जमानत देने से इनकार करते हुए कहा कि यह अत्यधिक सांप्रदायिक घृणा का मामला है, जिसमें मृतक की दिनदहाड़े क्रूर हत्या कर दी गई।

मृतक पर न केवल चाकू से कई घाव किए गए बल्कि उसका गला भी काट दिया गया और आग्नेयास्त्र का भी प्रयोग किया गया। इसके साथ ही मुख्य हमलावरों की पहचान दो गवाहों द्वारा की गई है। हमले के तरीके और बड़ी साजिश को देखते हुए गवाहों को प्रभावित किए जाने की उचित आशंका होने के कारण आरोपी को जमानत नहीं दी जा सकती है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौरभ श्याम शमशेरी की पीठ ने कथित साजिशकर्ता सैयद असीम अली को जमानत देने से इनकार करते हुए पारित किया। कोर्ट ने आगे कहा कि इस बात के पर्याप्त साक्ष्य हैं कि आरोपी अपराध में शामिल था और एक बड़ी साजिश का हिस्सा था। उसे मुख्य हमलावरों को गिरफ्तार किए जाने की स्थिति में कानूनी सहायता देने के लिए विशिष्ट भूमिका सौंपी गई थी। कोर्ट ने यह भी कहा कि इस बात के इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य हैं कि आरोपी ने घटना से ठीक पहले मुख्य हमलावरों को कई बार फोन किया।

हालांकि याची के अधिवक्ता ने कोर्ट को बताया कि सह अभियुक्त मोहम्मद जाफर सादिक कुप्पेलूर को इस न्यायालय ने जुलाई 2023 में जमानत दे दी है और दूसरे सह अभियुक्त फैजान की जमानत याचिका खारिज कर दी गई है। मालूम हो कि पहले आरोपी व्यक्तियों द्वारा दाखिल एक स्थानांतरण आवेदन पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा पारित एक आदेश द्वारा मुकदमे को लखनऊ पीठ से इलाहाबाद पीठ में स्थानांतरित कर दिया गया था।

समझौते के आधार पर अपराध रद करना उचित नहीं

प्रयागराज : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने पॉक्सो अधिनियम के तहत आरोपी की जमानत याचिका पर विचार करते हुए कहा कि भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम और पॉक्सो जैसे विशेष कानून के अंतर्गत किए गए अपराधों को केवल पीड़ित और अपराधी के बीच समझौते के आधार पर रद्द नहीं किया जा सकता है। कोर्ट ने आगे कहा कि जहां आरोपी दुष्कर्म जैसे अपराध के लिए मुकदमे का सामना कर रहा है, वहां समझौते का प्रयास उसके लिए किसी भी तरह मददगार साबित नहीं हो सकता है। दुष्कर्म जैसे अपराध किसी महिला के सम्मान के खिलाफ अपराध है और कानून किसी महिला के सम्मान को समझौते की वस्तु नहीं मानता है। ऐसी स्थिति में आरोपी के खिलाफ गठित अपराध शमनीय नहीं है। उक्त टिप्पणी न्यायमूर्ति समित गोपाल की एकलपीठ ने आईपीसी और पॉक्सो एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत आपराधिक कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग करने वाली याचिका को खारिज करते हुए की।

धीरेंद्र शास्त्री का सिर तन से जुदा करने की धमकी

बरेली, अमृत विचार : बागेश्वरधाम के पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री का सिर तन से जुदा करने की धमकी दी गई है। फेसबुक पर धमकी की पोस्ट से नाराज राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आंवला थाने में हंगामा किया। जिलाध्यक्ष की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अलावा इज्जतनगर में भी एक व्यक्ति ने धीरेंद्र कृष्ण के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट की। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

राष्ट्रीय बजरंग दल के आंवला जिला अध्यक्ष पवन ने बताया कि आंवला निवासी फैज राजा ने फेसबुक पर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री का फोटो लगाकर उनका सर तन से जुदा करने और अशब्द लिखते हुए स्टेट्स लगाया है। इसमें सिर तन से जुदा का गाना भी शामिल किया है। इससे माहौल खराब हो सकता है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इसके अलावा इज्जतनगर में सलमान ने अभद्र टिप्पणी की। हिमांशु पटेल ने एक्स पर अधिकारियों से शिकायत की। पुलिस ने आरोपी सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया है।

चार अपात्रों को आवास वसूली न होने पर नोटिस

अमृत विचार, लखनऊ : मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत राती में चार अपात्रों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास आवंटित किए गए। रिकवरी के आदेश हुए लेकिन, धनराशि जमा नहीं की। इस पर दोबारा नोटिस जारी किया गया है।

ग्राम पंचायत राती में आवास अपात्रों को आवंटित करने की शिकायत की गई। इसकी जांच जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के परियोजना निदेशक ने कराई। जांच में चार अपात्र मिले। सभी से रिकवरी के आदेश जारी हुए और नोटिस दिया गया लेकिन, अपात्रों ने रुपये जमा नहीं किए। इस पर संबंधित बीडीओ ने कार्रवाई की चेतावनी देकर धनराशि विभागीय खाते में जमा करने के लिए दोबारा नोटिस जारी किया है।

पूर्णागिरि मंदिर में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

संवाददाता, टनकपुर

अमृत विचार : चैत्र नवरात्र के पहले दिन सुप्रसिद्ध मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। पहले दिन 50 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने मां पूर्णागिरि धाम में शीश नवाकर मन्नत मांगी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने पूर्णागिरि क्षेत्र में जाकर मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। चैत्र नवरात्र पर्व को देखते हुए सोमवार रात्रि से मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं का पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था।

मंगलवार सुबह एकाएक श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। उत्तर प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों से बड़े वाहनों के एकाएक मेला क्षेत्र

मां पूर्णागिरि धाम के पास दर्शन के लिए कतार में खड़े श्रद्धालु। ● अमृत विचार

में पहुंचने से अफरा-तफरी मच गई। इस दौरान पुलिस प्रशासन के साथ-साथ एसएसबी की टीम को व्यवस्थाओं को संचालित करने में भारी मशक्कत करनी पड़ी। बड़े वाहनों को पूर्णागिरि मार्ग में बने पार्किंग स्थल के साथ ही अन्य स्थानों पर भी रोकना पड़ा। वहीं मां पूर्णागिरि धाम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़भाड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन को भैरव मंदिर से मुख्य मंदिर तक जगह-जगह बैरिकेटिंग लगाकर रोकना पड़ा। इस दौरान श्रद्धालुओं को मां पूर्णागिरि धाम

▸▸ माता के दर्शन को कतार में खड़े होकर घंटों करना पड़ा इंतजार

तक पहुंचने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। श्रद्धालु परिवहन निगम की बसों, ट्रेन, चार्टर बसों, निजी वाहनों, दुपहिया वाहनों, साइकिलों और पैदल भी मां के डोलों के साथ दर्शन के लिए पहुंचे। वहीं ठुलीगाड़ मेला क्षेत्र में लगाए गए भंडारे से भी श्रद्धालुओं को काफी राहत मिली। चैत्र नवरात्र और अन्य दिनों में भी यहां पर तमाम भक्तगणों द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। इस दौरान पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने कालिका मंदिर पूर्णागिरि मेला क्षेत्र तक मेले की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने श्रद्धालुओं को फल वितरित किए।

सत्ता में आये तो चालू करेंगे सेना की पुरानी भर्ती योजना : अजय

मथुरा : उत्तर प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अजय राय ने मंगलवार को कहा कि इण्डिया समूह के सत्ता में आने पर वर्तमान अग्निवीर योजना को समाप्त कर दिया जाएगा और पुरानी भर्ती योजना को फिर चालू किया जायेगा। कांग्रेस विधानमंडल दल के पूर्व नेता प्रदीप माथुर की उपस्थिति में उन्होंने कहा कि सेना में भर्ती की पुरानी स्कीम को फिर से चालू किया जाएगा। चुनाव में उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की संभावनाओं को लेकर उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस बार प्रदेश में कांग्रेस का प्रदर्शन बेहतर होगा। कहा कि लोग महंगाई, भ्रष्टाचार, झूठे वायदे, गन्ना किसानो का भुगतान न होने जैसे मुद्दों से परेशान हैं और अब जनता का भाजपा से मोह भंग हो गया है।

प्रधानमंत्री को खत्म करना चाहते हैं भ्रष्टाचारी : हुसैन

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन देर रात रामपुर पहुंचे। यहां उन्होंने कहा कि हम हर चुनाव मजबूती से लड़ते हैं। दावा किया कि लोकसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में 80 की 80 सीटें भाजपा और गठबंधन को मिल रही हैं।

बीएसएनएल कालोनी स्थित गुड्डू नाहीद के घर भाजपा के प्रवक्ता ने रोजा इफ्तार किया। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में कहा कि जिस तरह लालू की पार्टी बिहार में जीरो पर आउट हो गई। इस बार यूपी में समाजवादी पार्टी भी जीरो पर आउट हो जाएगी। जैसे बहन जी को विधानसभा में एक सीट मिली थी, लेकिन लोकसभा में कुछ नहीं मिला था। वही हाल होने वाला है सपा, बसपा और कांग्रेस का। तेजस्वी यादव पर कहा कि वह रोजाना कुछ न कुछ बोलते रहते हैं। उनका कहना है कि भाजपा अपने को भगवान समझती है। हम तो अल्लाह के बन्दे हैं। हम लोग अगर कोई बात कहते हैं तो अच्छे से कहते हैं।

चकबंदी प्रक्रिया में प्रयोग होगा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस

चकबंदी आयुक्त ने प्रस्तुत की वार्षिक रिपोर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ भूमि की धोखाधड़ी रोकने के लिए चकबंदी का पूरा ब्योरा होगा डिजिटाइज

अमृत विचार : चकबंदी प्रक्रिया में अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भी प्रयोग करने की तैयारी शुरू हो गई है। इसके लिए नया सॉफ्टवेयर विकसित किया जा रहा है। भूमि की धोखाधड़ी रोकने के लिए इसके सभी ब्योरों को डिजिटाइज किया जाएगा।

यह जानकारी देते हुए चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन कुमार ने चकबंदी निदेशालय में मंगलवार को वार्षिक रिपोर्ट 2023-24 प्रस्तुत की। कहा कि आधुनिक तरीके से चकबंदी कराने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व ब्लाक चेन के सहारे सर्वे का काम कराया जायेगा। आधुनिकीकरण की प्रक्रिया अभी प्रारंभिक स्तर पर है। इसके पूरे हो जाने पर चकबंदी प्रक्रिया में तेजी आएगी और भू-चित्र त्रुटिरहित बनेंगे। चकबंदी की पूरी प्रक्रिया भी पारदर्शी होगी।

बताया कि जनप्रतिनिधियों की मांग पर वित्तीय वर्ष 2023-24 में कुल 958 नये गांवों में चकबंदी लागू की गई। इसी वर्ष 2023-24 में कुल 781 गांवों में चकबंदी प्रक्रिया पूरी कराई गई। न्यायिक प्रक्रिया के तहत पारित आदेशों के विरुद्ध किसानों द्वारा हाईकोर्ट में याचिकाएं दाखिल की गई थीं। इसके चलते 180 गांवों की चकबंदी प्रक्रिया रुकी हुई थी। समस्या का समाधान करते हुए चकबंदी प्रक्रिया शुरू कराई गई। उदाहरण के लिए मथुरा में चकबंदी की कार्यवाही 40 सालों से रुकी हुई थी। इसे भी शुरू कराया गया है।

पीएम सिर्फ चुनाव के समय तमिलनाडु आते हैं : स्टालिन

मदुरै, एजेंसी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह केवल चुनाव के मौसम में राज्य का दौरा करते हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री पर विपक्षी दलों के शासन वाले राज्यों में केंद्रीय एजेंसियों के दुरुपयोग का आरोप भी लगाया।

स्टालिन ने यहां द्रमुक और उसके सहयोगी दलों के उम्मीदवारों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश के अधिकतर गैर-भाजपा शासित राज्यों की स्थिति एक जैसी है जहां केंद्रीय एजेंसियों और यहां तक कि राज्यपालों ने राज्य सरकारों के सामने समस्या पैदा कर रखी है। उन्होंने कहा कि यह मोदी का भारत है। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि क्या तमिलनाडु प्रधानमंत्री के लिए पक्षी अभयारण्य है कि वे चुनाव के मौसम में यहां आते हैं? क्या तमिल इस देश के नागरिक नहीं हैं। स्टालिन ने कहा कि द्रमुक हिंदुओं की दुश्मन नहीं है और उसने हिंदू धार्मिक और परमार्थ कार्य विभाग के माध्यम से अनेक पहल संचालित की हैं।

राज्यपाल के समक्ष प्रस्तुत किया वार्षिक प्रतिवेदन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ लोकायुक्त कार्यालय में परिवादों पर कार्यवाही और निस्तारण की स्थितियों से अवगत कराया

अमृत विचार : लोकायुक्त कार्यालय की ओर से मंगलवार को राज्यपाल के समक्ष लोकायुक्त प्रशासन का वार्षिक प्रतिवेदन 2023 प्रस्तुत किया गया। प्रतिवेदन के माध्यम से अवगत कराया गया कि लोक आयुक्त प्रशासन में वर्ष 2023 में कुल 2480 परिवाद प्राप्त हुए, जिसमें पूर्व से लंबित 2152 परिवादों को सम्मिलित किये जाने पर कुल 4632 परिवादों पर कार्यवाही की गई। वर्ष 2023 में कुल 2316 परिवादों को निस्तारित कराया गया। 31 दिसम्बर 2021 तक कुल 2316 परिवाद लम्बित थे, जिन पर अब कार्रवाई जारी है। पद के दुरुपयोग अथवा पदीय कर्तव्यों का निर्वहन न करने अथवा कुप्रशासन के परिणामस्वरूप जिन परिवादियों को अन्याय एवं अनुचित कष्टकारी हुआ था, उनको लोक आयुक्त प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही के आधार पर वर्ष 2023 में लगभग धनराशि 3,02,14,267 का भुगतान कराया गया, जिसमें सेवानिवृत्त संबंधी मामलों में राहत पहुंचाए जाने के प्रकरण सम्मिलित है। लोक आयुक्त एवं उप लोक आयुक्त द्वारा वर्ष 2023 में उत्तर प्रदेश लोक आयुक्त तथा उप लोक आयुक्त अधिनियम, 1975 अन्तर्गत ग्रहण किए गए नियमित परिवादों में अन्वेषणों के बाद एक जनवरी 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक कुल 58 प्रतिवेदन, एक अन्तरिम प्रतिवेदन, आठ विशेष प्रतिवेदन एवं दो संस्तुतियों सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित की गई हैं। पीआरओ ने बताया कि वर्ष 2023 में विभिन्न विश्वविद्यालयों में अध्ययनरत 90 विद्यार्थियों को ग्रीष्मकालीन एवं शीतकालीन अवकाशों में व्यवहारिक प्रशिक्षण कराया गया। इस मौके पर उप लोकायुक्त शंभू सिंह यादव, उप लोकायुक्त दिनेश कुमार सिंह, उप लोकायुक्त सुरेन्द्र कुमार यादव, राजेश कुमार, कार्यवाहक सचिव, जनसंपर्क अधिकारी अवनीश शर्मा, समीक्षा अधिकारी अंकित अग्रवाल मौजूद रहे।

बदली अयोध्या तो बदल गया सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित

मंदिर आंदोलन के विरोध ने बढ़ाई सपा की ताकत, अयोध्या की सोशल इंजीनियरिंग ने दिखाई बसपा को नई राह

राजेंद्र कुमार पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार: अयोध्या बदलने लगी तो सपा-बसपा के वोटों का अंकगणित भी बदल गया। लगभग डेढ़ दशक से दोनों दलों के वोटों में गिरावट लगातार जारी है। इस चुनाव में क्या होगा यह तो समय बताएगा लेकिन दोनों दलों के प्रदर्शन पर सबकी निगाहें है।

उत्तर प्रदेश में दोनों दलों को ऊर्जा अयोध्या से मिली। समाजवादी पार्टी का जन्म ही अयोध्या के राम मंदिर आंदोलन से हुआ। विवादित ढांचा ढहाए जाने के बाद 1992 में सपा का गठन हुआ। जैसे-जैसे विरोध के स्वर तेज हुए अल्पसंख्यकों का साथ बढ़ता गया। जातीय सियासत और आंदोलन के विरोध ने सपा को फर्श से अर्श तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता से देश में 36 सीटें जीतने का रिकॉर्ड बना दिया। सीटों की दृष्टि से सपा लोकसभा चुनाव 2004 में अपने शीर्ष पर रही, जब उसने महज 4.32 फीसदी वोट के साथ 36 सीटें जीती।

बसपा की स्थापना तो 14 अप्रैल 1984 में ही हो गई थी, लेकिन अयोध्या (अविभाजित फैजाबाद) में नब्बे के दशक से शुरू हुई बसपा की सोशल इंजीनियरिंग ने उसे भी प्रदेश की सत्ता शीर्ष तक पहुंचा दिया। प्रदेश की सत्ता में तो वह बाद में आई लेकिन अपनी ताकत का अहसास कराना 2004 से ही शुरू करा दिया था। सन् 2004 के लोकसभा चुनाव में 5.33 फीसदी वोट के साथ बसपा ने 19 सीटें जीती। यह दौर बसपा और सपा का था। सन् 2007 के विधानसभा चुनाव में बसपा ने प्रदेश की सत्ता पर कब्जा कर लिया। सन् 2009 के लोकसभा चुनाव में पार्टी ने 21 सीटें जीतकर इतिहास रच दिया। बसपा को इस चुनाव अब तक के सबसे ज्यादा 6.17 फीसदी वोट प्राप्त हुए। उत्तर प्रदेश की सत्ता के साथ ही बसपा की ताकत घटने



का दौर भी शुरू हो गया।

सन् 2009 के चुनाव में सपा अपना सन् 2004 के लोक सभा चुनाव का पुराना प्रदर्शन तो नहीं दोहरा पाई लेकिन लगभग 5.8 फीसदी वोटों के साथ उसने 22 सीटें जीती। 2012 का विधानसभा चुनाव आते-आते सपा की ताकत चरम पर पहुंच गई। सपा ने बसपा से सूबे की सत्ता छीन ली और यूपी की सत्ता पर काबिज हो गई। वोटों के लिहाज से इक्कीसवीं शताब्दी के पहले 12 साल प्रदेश में इन्ही दोनों दलों को सिक्का चला। कभी साथ चले तो कभी एक-दूसरे को पटकनी देने के लिए चरम के वाकयुद्ध तक पहुंच गए। इस दौर में वोटों का ध्रुवीकरण कुछ इस तरह हुआ कि यूपी में सत्ता संघर्ष के साथ लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन को लेकर आमने-सामने रहीं। सन् 1998 और 2004 के लोकसभा चुनाव में सबसे बेहतर प्रदर्शन करने वाली सपा और 2009 में अपना बेहतर प्रदर्शन करने वाली बसपा के शताब्दी के दूसरे दशक से फिर उसे दोहराने का प्रयास ही करती रह गई। इनके वोटों में गिरावट का दौर थमा नहीं । 2014 के लोकसभा चुनाव में बसपा अपने 4.2 फीसदी वोट को सीट में नहीं तब्दील कर पाई लेकिन 2019 के लोकसभा चुनाव में 3.66 फीसदी वोट को ही उसने 10 सीटों में तब्दील किया, लेकिन सपा उछाल नहीं भर पाई। वह इन दोनों चुनावों में 3.44 फीसदी और 2.55 फीसदी वोट पाने के बावजूद पांच ही सीटों पर स्थिर रह गई।

इसके पीछे कारण राम मंदिर आंदोलन, ध्रुवीकरण और जातीय सियासत ही रही। सन् 2014 का लोकसभा चुनाव आते आते सियासी परिदृश्य बदलने लगा। सियासत की अंतरधारा में राम मंदिर निर्माण के लिए आंदोलन की बजाए अंदरखाने में मोदी के नेतृव में मंदिर निर्माण शुरू कराने की ऐतबार जागृत करने का प्रयास शुरू हो गया। भाजपा ने इसके जरिए सूबे में बसपा की सोशल इंजीनियरिंग की

सपा-बसपा को लोकसभा चुनावों में मिले वोटों का प्रतिशत

साल	बसपा	सपा
1996	4.02	3.28
1998	4.67	4.93
1999	4.16	3.8
2004	5.33	4.32
2009	6.17	5.8
2014	4.19	3.4
2019	3.66	2.55

धार कुंद करनी शुरू कर दी। जातीय समीकरण छिन्न-भिन्न होने लगा। सपा का आंदोलन विरोध धीमा पड़ने लगा। सत्ता के दौरान कानून व्यवस्था मुद्दा बनने लगा तो उसके वोट भी तितर-बितर हो गए। परिणाम रहा कि सन् 2014 में भाजपा के सामने दोनों दल टिक नहीं पाए। सन् 2019 का लोक सभा चुनाव आते-आते फिर एक बार राम मंदिर पर लगातार सुनवाई और फैसले की सुगबुगाहट ने सियासी माहौल को बदले रखा। मशक्कत के बाद भी सपा-बसपा भाजपा की बढ़त को रोक नहीं पाए।

मिलता-जुलता चुनाव चिन्ह बदला जाये : रालोद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

मांग

- **लोकसभा सीट बिजनौर में गैस सिलेंडर में निकले पाइप को लेकर आयोग को रालोद ने सौंपा ज्ञापन**

अमृत विचार। लोकसभा सीट बिजनौर में प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में वितरित किये जा रहें बैलेट पेपर की डमी पर रालोद ने ज्ञापन देकर आपत्ति दर्ज कराई है। रालोद ने निर्वाचन आयोग से चुनाव चिन्ह हैंडपंप के ऊपर मिलता जुलता गैस सिलेंडर में पाइप चुनाव निशान का क्रम या चुनाव चिन्ह बदलने की मांग की गई है ।

रालोद के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने मंगलवार को मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में निष्पक्ष मतदान कराने सम्बन्धित ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा है कि सर्वे हेतु बैलेट पेपर द्वारा जनमत भारत में अंकित हैंडपंप चुनाव चिन्ह के ऊपर जय समता पार्टी के चुनाव निशान गैस सिलेंडर, ठीक हैण्डपम्प से मिलता जुलता छापा गया है। उक्त सिलेंडर में पाइप निकाला गया है जिससे चुनाव की निष्पक्षता प्रभावित होगी। राष्ट्रीय प्रवक्ता ने लोकसभा बिजनौर के बैलेट पेपर की क्रम संख्या-तीन के उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह गैस सिलेंडर का क्रम बदलने व चुनाव चिन्ह सिलेंडर से पाइप हटाने के आदेश दिये जाने की मांग की है।

नारी शक्ति का 'वंदन' नहीं दिख रहा चुनाव में

पहले व दूसरे चरण के चुनाव में महिला प्रत्याशियों की संख्या कम, ज्यादातर दलों ने दी पुरुष प्रत्याशियों को तरजीह

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव 2024 में राजनीतिक दलों ने महिला प्रत्याशियों को टिकट देने में ज्यादा रूचि नहीं दिखाई है। पहले व दूसरे चरण की आठ-आठ सीटों पर उतारे गये प्रत्याशियों में महिला प्रत्याशियों की संख्या केवल चार है। ज्यादातर सीटों पर दलों ने जातीय व क्षेत्रीय आधार पर प्रत्याशी चुनाव में उतारे हैं।

केंद्र सरकार ने बीते साल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 फीसदी सीटें आरक्षित करने वाला नारी शक्ति वंदन विधेयक संसद में पेश किया था, जिसे राष्ट्रपति से मंजूरी मिल चुकी है, पर तकनीकी वजहों से फिलहाल अभी यह लागू नहीं हो पाया है, पर महिलाओं में यह उम्मीद थी कि इस चुनाव में सभी राजनीतिक दल महिलाओं को प्रत्याशी बनाने में रूचि दिखाएंगे, पर किसी दल से ऐसा नहीं किया। ज्यादातर सीटों पर पुरूष प्रत्याशी लोकसभा में जाने के लिए अपनी किस्मत अजमा रहे हैं।

पहले चरण की सीटें

रामपुर, सहारनपुर, पीलीभीत, नगीना, बिजनौर, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर और कैराना

रामपुर सीट के प्रत्याशी
भाजपा- घनश्याम सिंह लोधी
सपा- मोहिबुल्लाह नदवी
बसपा- जीशान खां

सहारनपुर सीट के प्रत्याशी
बसपा- माजिद अली
कांग्रेस-इमरान मसूद
भाजपा-राघव लखन लाल शर्मा

पीलीभीत सीट के प्रत्याशी
भाजपा-जितिन प्रसाद
सपा-भगवत शरण गंगवार
बसपा अनीस अहमद खां उर्फ फूल बाबू

नगीना सीट के प्रत्याशी
बसपा- सुरेंद्र पाल सिंह
भाजपा- ओम कुमार
सपा- मनोज कुमार

बिजनौर सीट के प्रत्याशी
राष्ट्रीय लोकदल- चंदन चौहान
सपा-दीपक
बसपा-विजेंद्र सिंह

मुरादाबाद सीट के प्रत्याशी
भाजपा- सर्वेश सिंह
सपा- रूचि वीरा
बसपा- इरफान सैफी

मुजफ्फरनगर सीट के प्रत्याशी
भाजपा- संजीव बालियान
सपा- हरेंद्र मलिक
बसपा- दारा सिंह प्रजापति

कैराना सीट के प्रत्याशी
भाजपा- प्रदीप कुमार
सपा- इकरा हसन
बसपा- श्रीपाल सिंह

दूसरे चरण की सीटें

अमरोहा, मेरठ, बागपत, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, अलीगढ़ व मथुरा

अमरोहा सीट के प्रत्याशी
भाजपा- कंवर सिंह तंवर
कांग्रेस- कुंवर दानिश अली
बसपा- मुजाहिद हुसैन

मेरठ सीट के प्रत्याशी
भाजपा- अरूण गोविल
बसपा- देवव्रत कुमार त्यागी,
समाजवादी पार्टी- अतुल प्रधान

बागपत सीट के प्रत्याशी
सपा- मनोज चौधरी
बसपा- प्रवीण बंसल
रालोद- राजकुमार सांगवान

गाजियाबाद सीट के प्रत्याशी
बसपा- नन्द किशोर पुण्डीर
भाजपा- अतुल गर्ग
कांग्रेस- डाली शर्मा

गौतमबुद्धनगर सीट के प्रत्याशी
भाजपा- डॉ महेश शर्मा
सपा- महेंद्र सिंह नागर
बसपा- राजेंद्र सिंह सोलंकी

बुलन्दशहर (अजा) सीट के प्रत्याशी
भाजपा- डॉ भोला सिंह,
बसपा- गिरीश चन्द्र
कांग्रेस- शिवराम वाल्मीकि

अलीगढ़ सीट के प्रत्याशी
भाजपा- सतीश कुमार गौतम
सपा- बिजेन्द्र सिंह
बसपा- हितेन्द्र कुमार

मथुरा सीट के प्रत्याशी
भाजपा- हेमा मालिनी
कांग्रेस- मुकेश धनगर
बसपा- सुरेश सिंह



आईना : बाराबंकी लोकसभा सीट

2019 चुनाव का लेखा जोखा



उम्मीदवार	वोट
उपेन्द्र सिंह रावत	5,35,917
राम सागर रावत	4,25,777
तनुज पुनिया	1,59,575

2014 में किसको कितने वोट



दल	उम्मीदवार	वोट
भाजपा	प्रियंका सिंह रावत	4,54,214
कांग्रेस	पन्ना लाल पुनिया	2,42,336
बसपा	कमला प्रसाद रावत	1,67,150
सपा	राज रानी रावत	1,59,284

बाराबंकी के क्षेत्र

2014	प्रियंका सिंह	भाजपा
2019	उपेंद्र सिंह रावत	भाजपा

निर्वाचित सांसदों की सूची

वर्ष	प्रत्याशी का नाम	पार्टी
1951	गंगा देवी	कांग्रेस
1957	राम सेवक यादव	निर्दल
1962	राम सेवक यादव	एसओसी
1967	आर एस यादव	एसएसपी
1971	कुंवर रुद्र प्रताप सिंह	कांग्रेस
1977	राम किंकर	बीएलडी
1980	राम किंकर	आईएनपी(एस)
1984	कमला प्रसाद	कांग्रेस
1989	राम सागर	जेडी
1991	राम सागर	जेपी
1996	राम सागर	समाजवादी पार्टी
1998	बैजनाथ रावत	भाजपा
1999	राम सागर	समाजवादी पार्टी
2004	कमला प्रसाद	बीएसपी
2009	डॉ .पीएल पुनिया	कांग्रेस

2009 चुनाव के आंकड़े



17 लोकसभा चुनाव, 7 बार 50 फीसदी से कम वोटर पहुंचे बूथ

नितिन श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : आजादी के बाद हुए पहले लोकसभा चुनाव में बाराबंकी के मतदाताओं ने लोकतंत्र के उत्सव पर ज्यादा दिलचस्पी नहीं दिखाई थी। वहीं 2019 में यहां के वोटरों ने अब तक के सबसे ज्यादा मतदान कर कीर्तिमान स्थापित किया।

इस बार भी प्रशासन 2019 का रिकार्ड तोड़ने के लिए भरपूर प्रयास में लगा है। जिलाधिकारी सत्येंद्र

- **2019 में बना कीर्तिमान, 1951 में सबसे कम हुआ मतदान**
- **स्थानीय प्रशासन ने 70 फीसदी से ज्यादा मतदान का बनाया लक्ष्य**

कुमार ने इस बार 70 फीसदी से ज्यादा मतदान कराने का लक्ष्य बनाया है। वर्ष 1951 के चुनाव में मात्र 34.10 प्रतिशत ही मतदाता बूथ पर पहुंचे थे। लेकिन दूसरे लोकसभा चुनाव में वर्ष 1957 में जरुर मतदान प्रतिशत बढ़ा और 44.91 फीसदी मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

1967 में वोटरों ने जबरदस्त उत्साह दिखाया। और 53.97 प्रतिशत मतदान कर अपने सांसद का चुनाव किया। वही अब तक हुए 17 लोकसभा चुनावों में सात बार जिले के 50 प्रतिशत से कम लोग बूथ तक मताधिकार का प्रयोग करने पहुंचे। वहीं सबसे अधिक मतदान वर्ष 2019 में हुआ था। इस चुनाव में 63.5 प्रतिशत मतदाताओं ने

> मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए जागरुकता अभियान चलाया जा रहा है। 20 मई को घर से निकल अपने बूथ पर जाकर पहले मतदान करें इसके बाद कोई दूसरा काम करें।
>
> -सुनील पांडेय, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी

बूथों पर पहुंच कर मतदान किया था। जो कि अब तक का कीर्तिमान बना हुआ है।

लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत

चुनाव वर्ष	प्रतिशत	चुनाव वर्ष	प्रतिशत
1951	34.10	1989	52.59
1957	44.91	1991	51.19
1962	53.97	1996	46.23
1967	46.79	1998	52.59
1971	35.38	1999	57.93
1977	50.72	2004	44.47
1980	47.59	2009	52.30
1984	55.93	2014	62.00
		2019	63.05

सुलतानपुर में पंत व कैप्टन के पंजे से फिसल गई थी जीत

स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे पर दोनों नेताओं को मिली थी शिकस्त, गनपत सहाय ने निर्दलीय के रूप में लहराया जीत का परचम

मनोज कुमार मिश्र

सुलतानपुर, अमृत विचार: सुलतानपुर के मतदाताओं ने कई चुनावों में बेहद रोचक नतीजे दिए हैं। स्थानीय बनाम बाहरी के मुद्दे ने जहां गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्णचन्द्र पंत को धूल चटा दी। वहीं कैप्टन सतीश शर्मा को भी शिकस्त का मुंह देखना पड़ा।

कृष्णचन्द्र पंत को जिले के मशहूर अधिवक्ता गनपत सहाय ने हरा दिया। कैप्टन सतीश शर्मा को मो. ताहिर खान से मुंह की खानी पड़ी। कैप्टन सतीश शर्मा चुनाव में तीसरे नंबर पर रहे। बाहरी और स्थानीय उम्मीदवार की लड़ाई का सबसे दिलचस्प नजारा इस सीट पर 1961 के उपचुनाव में देखने को मिला था। उस उपचुनाव की चर्चा से पहले इस सीट की सियासी पृष्ठभूमि देखना होगा। अमेठी नाम से संसदीय सीट के सृजन से पहले सुलतानपुर जिले में दो संसदीय सीटें थीं। 1951-52 के पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट का नाम था सुलतानपुर जिला उत्तर साथ फैजाबाद जिला दक्षिण पश्चिम। अमेठी सीट पहले चुनाव में सुलतानपुर (दक्षिण) और 1957 के दूसरे चुनाव में मुसाफिरखाना संसदीय क्षेत्र कहलाई।

कृष्णचन्द्र पंत

कैप्टन सतीश शर्मा

कांग्रेस ने दोनों ही चुनावों में दोनों ही सीटों पर बाहरी उम्मीदवार दिए और वे जीते। पहले आमचुनाव में सुलतानपुर सीट पर इलाहाबाद के एडवोकेट एमए काजमी कामयाब रहे। उन्हें 46,901 और सुरेंद्र प्रताप शाही (आरआरपी) को 27,324 वोट मिले थे।

1957 में इस सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार थे पंडित मदन मोहन मालवीय के पुत्र गोविंद मालवीय। उनके विरुद्ध भारतीय जनसंघ के भास्कर प्रताप शाही चुनाव लड़ें थे। सफल मालवीय को 72,227 और निकटतम प्रतिद्वंद्वी शाही को 49,394 मत प्राप्त हुए। इन दोनों मौकों पर अमेठी सीट (पहले सुलतानपुर दक्षिण और फिर मुसाफिरखाना) में कांग्रेस ने महाराष्ट्रवासी बालकृष्ण विश्वनाथ केसकर को उम्मीदवार बनाया था। केसकर दोनों बार जीते और पंडित नेहरू कैबिनेट में भी शामिल किए गए और लम्बे समय तक सूचना प्रसारण मंत्री रहे। जिले की दोनों सीटों पर बाहरी प्रत्याशी थोपे जाने से खासतौर पर कांग्रेसी खेमे में असंतोष था। पंडित गोविंद मालवीय के असामयिक निधन के कारण 1961 में सुलतानपुर संसदीय सीट पर

सन- 1961 (उपचुनाव)

बाबू गनपत सहाय	निर्दलीय	37,785
कृष्णचंद्र पंत	कांग्रेस	36,656

वर्ष : 2004

मो . ताहिर	बसपा	2,61,564
शैलेंद्र प्रताप सिंह	सपा	1,59,754
कैप्टन सतीश शर्मा	कांग्रेस	1,54,245
वीणा पांडेय	भाजपा	91328

उपचुनाव हुआ। कांग्रेस ने फिर परंपरा दोहराई। इस बार उसकी ओर से उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री और बाद में केंद्र में गृहमंत्री रहे पंडित गोविंद बल्लभ पंत के पुत्र कृष्ण चंद्र पंत को उम्मीदवार बनाया गया। जिले के दिग्गज कांग्रेसी नेता और मशहूर एडवोकेट बाबू गनपत सहाय विद्रोही निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर मैदान में उतरे। वह सुलतानपुर जिला पंचायत अध्यक्ष, पालिकाध्यक्ष व विधायक रह चुके थे। अधिवक्ता भी थे और उनकी जनता में खासी पकड़ थी। यह पंडित नेहरू और कांग्रेस के वर्चस्व का दौर था, लेकिन कड़े मुकाबले में बाबू गनपत सहाय ने जीत दर्ज करके प्रदेश और केंद्र में हलचल मचा दी थी। इस उपचुनाव में बाबू गनपत सहाय को 37,785 और पंत को 36,656 वोट मिले थे। इस नतीजे का असर यह रहा कि 1962 के चुनाव और बाद के कुछ चुनावों में जिले की दोनों सीटों पर कांग्रेस ने बाहरी उम्मीदवारों से परहेज किया। हालांकि, कुछ समय के बाद फिर से चुनावी सियासत उसी पुराने ढर्रे पर लौट गई। अब बात करते हैं नेहरू गांधी परिवार के खासमखास कैप्टन सतीश शर्मा की।

कांग्रेस ने 2004 में कैप्टन साहब को सुलतानपुर सीट पर उतारा। बड़े-बड़े दिग्गज यहां प्रचार को आए। कैप्टन की बेटी सारिका शर्मा से लेकर राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी कार्यकर्ताओं में दम भरा। खूब खर्चे भी हुए। पर, नतीजा आया तो कांग्रेसी खेमे में मायूसी छा गई। इस चुनाव में कैप्टन सतीश शर्मा तीसरे नंबर पर रहे। बसपा से चुनाव मैदान में उतरे स्थानीय चेहरे मो. ताहिर खां के सिर पर जीत का सेहरा सजा। मो. ताहिर 2,61,564 वोट पाकर सांसद बन गए। दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के स्थानीय उम्मीदवार शैलेंद्र प्रताप सिंह को 1,59,754 वोट मिले। कांग्रेस उम्मीदवार कैप्टन सतीश शर्मा को 1,54,245 मत ही प्राप्त हो सके।

चुनावी गतिविधियां

- मतदाताओं को जागरूक करने के लिए प्रयोग की जा रही डमी बैलेट यूनिट व पेपर वास्तविक यूनिट व पेपर से अलग होने चाहिए। भारत निर्वाचन आयोग ने इस सिलसिले में दिशा-निर्देश जारी किये हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि मतदाताओं को जागरूक करने व प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से प्रत्याशियों व राजनीतिक दलों द्वारा तैयार की गई डमी बैलेट यूनिट के संबंध में आयोग को कोई आपत्ति नहीं है। डमी बैलेट यूनिट लकड़ी, प्लास्टिक या प्लाई बोर्ड बक्सों से बनी हो सकती है, जो अधिकारिक बैलेट यूनिट के आधे आकार की हो सकती है और इसे भूरे, पीले व स्लेटी कलर से रंगी जा सकती है। उन्होंने बताया कि डमी बैलेट पेपर की तरह ही डमी बैलेट यूनिट में भी उम्मीदवार का क्रमांक, नाम और प्रतीक दिखाने का प्रावधान हो सकता है।

नगीना लोकसभा सीट उत्तर प्रदेश की 17 आरक्षित सीटों में शामिल है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की यह सीट वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव से पहले ही अस्तित्व में आई थी। नगीना क्षेत्र बिजनौर जिले की तहसील है। पहले यह बिजनौर लोकसभा क्षेत्र का ही हिस्सा था। इस लोकसभा सीट के तहत आने वाले नजीबाबाद को 'गेटवे ऑफ हिमालय' पुकारा जाता है। नगीना की गिनती आज दलित राजनीति की प्रयोगशाला के रूप में की जाती है। लोकसभा क्षेत्र बनने के बाद हुए तीन चुनावों में इस सीट पर किसी एक दल को जीत नहीं मिली है। 2009 में यहां से सपा जीती तो 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने कमल खिलाया था। 2019 के चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हुआ और यह सीट बसपा के खाते में आई तो बसपा ने भाजपा को हरा दिया। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि नगीना के 16 लाख 38 हजार से अधिक मतदाता इस बार के चुनाव में 19 अप्रैल को किस राजनीतिक दल की अंगूठी की शोभा बढ़ाने के लिए मतदान करेंगे।

किस दल की अंगूठी में सजेगा इस बार नगीना

मनोज त्रिपाठी

अमृत विचारः नगीना लोकसभा सीट इस बार बसपा के लिए प्रतिष्ठा का सवाल बन गई है। पार्टी यहां 2019 में मिली जीत की लय को बरकरार रखना चाहती है। लेकिन उसके सामने भाजपा और सपा-कांग्रेस गठबंधन के प्रत्याशियों से बड़ी चुनौती भीम आर्मी चीफ तथा आजाद समाज पार्टी के अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद हैं, जो उसके ही वोट बैंक पर ताल ठोंक रहे हैं। आजाद बीते एक साल से इस सीट से लोकसभा में पहुंचने के लिए मेहनत कर रहे हैं। उन्हें वाई श्रेणी सुरक्षा मिली हुई है। आजाद की चुनौती से निपटने के लिए ही बसपा सुप्रीमो मायावती के भतीजे और पार्टी के नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद ने तीन दिन पहले अपने चुनाव प्रचार अभियान का आगाज यहां से किया और पहली ही रैली में चंद्रेशखर आजाद पर दलित युवकों को गुमराह करने, झगड़ा करवाने, मदद से पीछे हटने और उनका करियर बर्बाद करने जैसे आरोप लगाते हुए जमकर हमला बोला। आकाश आनंद ने नाम लिए बिना कहा कि वो दलित युवकों को आंदोलनों, प्रदर्शनों और झगड़ों में ले जाते हैं, इसके चलते युवाओं के खिलाफ मुकदमे दर्ज हो रहे हैं। बाद में नेता मदद के नाम पर गायब हो जाते हैं। युवकों को मुकदमों के कारण सरकारी नौकरी नहीं मिल पाती। बहन जी इस तरह का कल्चर कतई पसंद नहीं करती हैं। दरअसल नगीना में मुस्लिम और दलित मतदाता कुल वोटरों के आधे से ज्यादा हैं। दलित के साथ मुस्लिम मतदाता पश्चिमी उत्तर प्रदेश की जिन सीटों पर बसपा को पसंद करते हैं, उनमें नगीना प्रमुख है। ऐसे में नगीना सुरक्षित सीट पर सभी प्रत्याशी दलित वोटों की सेंधमारी में लगे हुए हैं। राजनीतिक जानकारों का कहना है कि यह वोट जिधर मुड़ जाएंगे, उस पार्टी के प्रत्याशी की जीत आसान होने की संभावना है। दलित वोटों के इस घमासान के बीच बसपा और आजाद समाज पार्टी मुस्लिम मतदाताओं से भी अपने पक्ष में उम्मीद लगाए बैठे हैं, जबकि सपा यह मानकर चल रही है कि मुस्लिम वोटर उसके प्रत्याशी के पक्ष में ही मतदान करेंगे। इन परिस्थितियों में नगीना सीट पर इस बार मुकाबला कांटे का होने के आसार हैं।

पिछले तीन चुनावों में जनता ने हर बार नया दल और नया सांसद चुना

- सपा-बसपा की राह में बड़ा कांटा बनते नजर आ रहे हैं चंद्रशेखर आजाद
- मुस्लिम-दलित बाहुल्य सीट पर वोटों के बंटवारे से भाजपा के लिए मौका







विधानसभा वार मतदाताओं की संख्या

विधानसभा	पुरुष	महिलाएं	अन्य	कुल मतदाता
नजीबाबाद	186699	165469	19	352187
नगीना (सु.)	185663	164416	12	350091
धामपुर	161460	142520	18	303998
नहटौर (सु.)	162497	144680	04	307181
नूरपुर	172951	151912	09	324872

पांच विधानसभा सीटों में तीन पर सपा काबिज

नगीना लोकसभा क्षेत्र में पांच विधानसभा सीटें आती हैं। इनमें से नगीना, नजीबाबाद और नूरपुर सीट पर समाजवादी पार्टी काबिज है। जबकि धामपुर और नहटौर सीट पर भाजपा का कब्जा है।

प्रत्याशी प्रोफाइल

ओम कुमार – भाजपा

भाजपा प्रत्याशी विधायक ओम कुमार नगीना लोकसभा क्षेत्र में आने वाली नहटौर विधानसभा सीट से जीत की हैट्रिक लगा चुके हैं। वर्ष 2012 में नहटौर सीट अस्तित्व में आई थी, तभी से वह इस पर काबिज हैं। एक बार बसपा तो दो बार भाजपा से विधायक चुने गए हैं। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे हैं। रालोद के साथ गठबंधन होने के कारण इलाके में उनकी स्थिति मजबूत मानी जा रही है।

चंद्रशेखर आजाद - आजाद समाज पार्टी

युवा चेहरा हैं। दलित युवाओं में अच्छी पैठ है। मुस्लिमों के बीच भी कुछ प्रभाव रखते हैं। जाटव बिरादरी से आते हैं। भीम आर्मी बनाकर शोषित–वंचित समाज की आवाज उठानी शुरू की। चार साल पहले आजाद समाज पार्टी बनाई थी, जिसके अध्यक्ष हैं। सहारनपुर के होने के बावजूद आजाद नगीना क्षेत्र में लंबे समय से सक्रिय हैं। सपा से बात नहीं बनने के बाद अकेले मैदान में उतरे हैं।

सुरेंद्र पाल सिंह – बहुजन समाज पार्टी

बसपा प्रत्याशी सुरेंद्र पाल इससे पहले पार्टी के टिकट पर पुरकाजी विधानसभा से 2022 में चुनाव लड़ चुके हैं, जिसमें उन्हें हार का सामना करना पड़ा था. वह तीसरे नंबर पर रहे थे। लोकसभा का पहला चुनाव है। स्थानीय न होना कमजोरी माना जा रहा है। इस बार बसपा का किसी से गठबंधन नहीं होने से अकेले ही पार्टी कॉडर वोट के साथ अन्य वर्गों के वोट संभालने की चुनौती है।

मनोज कुमार –समाजवादी पार्टी

सपा ने अनुसूचित जाति से आने वाले पूर्व जज मनोज कुमार को प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने न्यायिक सेवा से वीआरएस लेकर अपने राजनीतिक सफर की शुरुआत की है। वह बिजनौर में ही जज के पद पर कार्यरत थे। कांग्रेस से गठबंधन के बाद नगीना सीट इस बार सपा के कोटे में आई थी। जज का पद छोड़कर राजनीति में आने के सवाल पर मनोज कुमार का कहना है कि यह वह मंच है, जहां नीतियां बनाई जाती हैं।

लोकतंत्र का पर्व लोकसभा चुनाव में भाजपा को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ता खूब मेहनत कर रहे हैं। देहरादून में महिला कार्यकर्ताओं ने हथेली पर पार्टी मेहंदी से कमल का निशान बनवाया।

महाराष्ट्र में किसका खेल बिगाड़ेंगी बसपा सुप्रीमो

नागपुर। नामांकन के बाद शहर व जिले में केवल महायुति व महाविकास आघाड़ी के उम्मीदवारों का चुनाव प्रचार ही जोरों से नजर आ रहा था लेकिन अब बसपा के कार्यकर्ता भी उत्साह व जोश से भर गए हैं। इसकी वजह, पार्टी प्रमुख मायावती का चुनाव प्रचार के लिए आना है। बसपा सुप्रीमो की सभा 11 अप्रैल को उत्तर नागपुर के बेझनबाग मैदान पर होगी। बसपा ने राज्यभर की सभी 48 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारे हैं।

नागपुर जिले की दोनों सीटों पर नागपुर से योगेश लांजेवार और रामटेक से संदीप मेश्राम बसपा के उम्मीदवार हैं। दोनों ही उम्मीदवारों और उनके समर्थकों में मायावती के आने से नई ऊर्जा का संचार हुआ है, वे अब पूरे जोश से प्रचार में जुट गए हैं।

पाटी के प्रदेश मीडिया प्रभारी उत्तम शेवडे ने दावा किया कि मायावती की सभा से बसपा का सोया हुआ कैडर वोट जागने वाला है और जो वोट अन्य पार्टियों की ओर डायवर्ट होते रहे हैं वे भी वापस लौटेंगे। यूपी सहित पूरे देश में बसपा के वोट का प्रतिशत घटता जा रहा है। ऐसे में मायावती ने अपने भांजे को पार्टी के संभावित चेहरे के रूप में सामने किया है। महाराष्ट्र की सभी 48 सीटों पर उम्मीदवार दिये हैं। पार्टी में फिर से जान फूंकने के लिए वे खुद प्रचार-प्रसार के लिए मैदान में उतर रही हैं। नागपुर की सभा में राष्ट्रीय समन्वयक व महाराष्ट्र प्रदेश मुख्य प्रभारी सांसद राम गौतम, नितिन सिंह, प्रदेश अध्यक्ष परमेश्वर गोणारे सहित उम्मीदवार उपस्थित रहेंगे। बसपा के पूरे जोश से मैदान में आने से दूसरी पार्टियों का वोट प्रतिशत भी गड़बड़ा सकता है।

- नागपुर में कल मायावती करेंगी जनसभा, राज्य में सभी 48 सीटों पर बसपा ने उतारे हैं उम्मीदवार

मांगा समर्थन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु की साउथ चेन्नई लोकसभा सीट से चुनाव लड़ रहे भाजपा प्रत्याशी के लिए रोड शो किया तो भारी भीड़ मोदी...मोदी नारे लगाती रही।

अखिलेश पीलीभीत से शुरू करेंगे चुनाव प्रचार अभियान

पीलीभीत । सपा मुखिया अखिलेश यादव की लोकसभा चुनाव के लिए पहली रैली ईद के अगले दिन पीलीभीत में 12 अप्रैल को होगी। भाजपा ने यहां वरुण गांधी का टिकट काटकर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद को मैदान में उतारा है। सपा ने पूर्व मंत्री भगवतशरण गंगवार को प्रत्याशी बनाकर सामाजिक समीकरणों पर नजर गड़ाई है। यहां कुर्मी वोटरों की बहुतायत है। वरुण की उदासीनता के बीच सपा अपने लिए संभावनाएं देख रही है।

अखिलेश यादव ।

बेटे को हराने में जुटे कांग्रेस नेता एके एंटनी

नई दिल्ली। केरल के पथानामथिट्टा लोकसभा सीट भाजपा के उम्मीदवार अनिल एंटनी के लिए उनके पिता एके एंटनी ने ही मुश्किल खड़ी कर दी है। बेटे अनिल एंटनी के भाजपा में जाने से आहत कांग्रेस के दिग्गज नेता एवं पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी उन्हें हराने की मुहिम में जुट गए हैं। कुछ माह पहले ही अनिल एंटनी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों में विश्वास जताते हुए भाजपा का दामन थाम लिया था। भाजपा ने भी उन्हें उम्मीदवार बनाकर मैदान में उतार दिया।

अनिल एंटनी।

एके एंटनी।

बेटे पर हमलावर पूर्व रक्षा मंत्री एके एंटनी ने कहा कि कांग्रेस के खिलाफ लड़ रहे बेटे अनिल का चुनाव हारना जरूरी है। नाराज एंटनी ने कहा कि दक्षिण केरल से चुनाव लड़ने वाले एंटो एंटनी को चुनाव जीतना चाहिए। उन्होंने कांग्रेस को ही खुद का धर्म बताया।

दलित वोट बैंक 2014 में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर लहराया था जीत का परचम, पिछली बार बसपा ने झटक ली थीं दो सीटें

भाजपा यूपी में आरक्षित सीटों से करेगी मिशन–80 को सुरक्षित

महेश शर्मा

नई दिल्ली। कांग्रेस का कभी परंपरागत वोट कहा जाने वाला दलित (अनुसूचित जाति) सामाजिक परिवर्तन का प्रभाव और सामाजिक न्याय की लड़ाई लड़ते-लड़ते इतना समझदार हो गया है कि वह अब किसी दल का वोट बैंक नहीं रहा। लेकिन उत्तर प्रदेश में दलित वोटों का भाजपा की तरफ झुकना बसपा, सपा और कांग्रेस जैसे दलों के लिए चिंता का सबब नहीं, खतरे की घंटी है कि जल्दी ही राजनीति नहीं बदली तो एक बड़े सामाजिक आधार का समर्थन खो देना तय है। पिछले दो लोकसभा चुनावों में इसकी बानगी नजर भी आ चुकी है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि इस बार दलितों का वोट किधर जाएगा। भाजपा ने मिशन -80 का लक्ष्य पूरा करने के लिए एक बार फिर सभी 17 आरक्षित सीटों पर कमल खिलाने की रणनीति बनाई है।

वर्ष 2014 के चुनाव में भाजपा ने प्रदेश की सभी 17 आरक्षित सीटों पर जीत का परचम लहरा दिया था। लेकिन पिछले चुनाव में उसे दो सीटों का नुकसान उठाना पड़ा था। सपा के साथ गठबंधन के चलते बसपा ने नगीना और लालगंज उससे छीन ली थी। भाजपा के हाथ 15 सीटें लगी थीं। इस चुनाव में फिर से भाजपा ने सभी 17 सीटों पर जीत के लिए अपनी पूरी ताकत लगाई है। भाजपा के वरिष्ठ नेता दावा कर रहे हैं कि दलित वोटों का रुझान पार्टी की तरफ तेजी से बढ़ रहा है। 2014 की तरह इस बार भी सुरक्षित सीटों पर भाजपा का स्ट्राइक रेट शत-प्रतिशत रहेगा।

सुरक्षित सीटों का महत्व अनुसूचित जाति के वोटरों की पर्याप्त उपस्थिति के कारम माना जाता है। यही राज्य की कुल आबादी का 21 फीसदी हिस्सा बनाते हैं। सबसे ज्यादा करीब 11 फीसदी जाटव, 3.3 फीसदी पासी, 3.15 वाल्मीकि, 1.2 गोंड, धानुक, खटिक और 1.6 फीसदी अन्य में अनुसूचित जातियां बंटी हैं। इन्हें लुभाने के लिए भाजपा ने जयंत चौधरी की आरएलडी, ओपी राजभर की सुभासपा, संजय निषाद की निषाद पार्टी, अनुप्रिया पटेल की अपना दल (एस) समेत छोटे जाति आधारित समूहों को शामिल करके एनडीए का विस्तार किया है। बीते दो चुनाव देखें तो पता चलता है कि भाजपा ने गैर जाटव अनुसूचित जातियों व गैर यादव ओबीसी और ऊंची जातियों पर जमकर फोकस किया है। आमतौर पर जाटव बसपा तो यादव सपा के पक्ष में रहते हैं। विपक्षी गठबंधन इंडिया ब्लाक सत्ताधारी गठबंधन एनडीए के खिलाफ मजबूती से खड़ा होने का दम भर रहा है, लेकिन भाजपा की सोशल इंजीनियरिंग के आगे दलित वोटरों को लुभाना उसके लिए आसान नहीं दिखता। बसपा पहले ही इंडिया ब्लाक से दूरी बनाकर चुनाव लड़ रही है। विश्लेषक मानते हैं कि पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक) फार्मूला पर सवारी गांठने के बावजूद सपा को उन दलितों को समझाना मुश्किल होगा जो सपा के पिछले शासनकाल को अपने शत्रुतापूर्ण व्यवस्था मानते हैं।

केंद्र सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय की वेब साइट के अनुसार यूपी में 66 जातियां हैं। पिछले चुनाव में कांग्रेस ने आरक्षित 17 सीटों में 6 जाटव, पांच पासी, दो दुसाध, दो खटिक व दो धोबी प्रत्याशी उतारे थे। सपा-बसपा व आरएलडी गठबंधन में 10 बसपा व 7 सीटें सपा-आरएलडी को मिली थीं जिसमें बसपा ने अपने हिस्से वाली सीटों में 9 पर जाटव व एक पर पासी प्रत्याशी खड़ा किया था। सपा ने 3 पासी, एक जाटव, एक वाल्मीकि, एक कोल व एक धानुक को टिकट दिया था। दूसरी तरफ भाजपा ने 17 आरक्षित सीटों में से 16 पर अपने प्रत्याशी लड़ाए थे। एक सीट अपना दल (एस) को दे दी थी। भाजपा ने 16 में 6 पासी, 3 खटिक, 2 जाटव, एक धानुक, एक वाल्मीकि, एक गोंड, एक कोरी व एक गडेरिया जाति का प्रत्याशी उतारा था।

इनमें भाजपा के 14 प्रत्याशी जीते थे। एक सीट सहयोगी दल अपनादल (एस) ने जीती थी। इस प्रकार 17 जीते उम्मीदवारों में 06 पासी, 03 जाटव, 02 खटिक, 01 धानुक, 01 वाल्मीकि, 01 गोंड, 01 कोरी, 01 कोल और 01 गडेरिया जाति से शामिल था।

लोकसभा की आरक्षित सीटों पर दलीय प्रदर्शन

वर्ष	भाजपा	बसपा	सपा	कांग्रेस	अन्य
2004	03	05	07	01	01
2009	02	02	10	02	01
2014	17	--	--	--	--
2019	15	02	--	--	--

विधानसभा चुनाव में सत्ता की चाबी हैं सुरक्षित सीटें

- प्रदेश की विधान सभा में कुल 86 सीटें आरक्षित हैं। इनमें दो सीटें एसटी के लिए सुरक्षित हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन ने 65 सीटों पर जीत का परचम लहराया था। इससे पहले 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 70 सीटें हासिल की थीं। दोनों ही बार उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी। इसी तरह वर्ष 2012 के चुनाव में सपा ने 58 सुरक्षित सीटें जीती थीं और प्रदेश में सरकार बनाई थी। वर्ष 2007 के चुनाव में बसपा ने 61 आरक्षित सीटें जीतकर सत्ता का दरवाजा खोला था।

इन जिलों में एक चौथाई से ज्यादा दलित आबादी

- सोनभद्र –41.92, कौशांबी –36.10, सीतापुर –31.87, हरदोई– 31.36, उन्नाव –30.64, रायबरेली –29.83, झांसी –28.07, औरैया –27.69, जालौन –27.04, बाराबंकी –26.89

ये हैं आरक्षित 17 लोकसभा सीटें

- यूपी में 17 सुरक्षित लोकसभा सीटें नगीना, बुलंदशहर, हाथरस, आगरा, शाहजहांपुर, हरदोई, मिश्रिख, इटावा, बहराइच, जालौन, मोहनलालगंज, कौशांबी, बाराबंकी, लालगंज, मछली शहर, राबर्ट्सगंज और बांसगांव हैं। ये सीटें पश्चिमी से पूर्वी यूपी तक फैली हुई हैं।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक-1000 फ्लैग-1110 डीएमओ-890 बोल्ड-1170
चन्दौसी- शिवालिक-1010 फ्लैग- 1110 बोल्ड- 1160 डीएमओ- 890

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल

गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000

चावल प्रति कुन्तल

चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500

दाल दलहन

चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबुली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	2000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000

जीएसटी वृद्धि दर में महाराष्ट्र और गुजरात से आगे निकला उत्तर प्रदेश

राजस्व में देश की उपलब्धि 11.7 तो यूपी की वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंची

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सचल इकाइयों को सख्त कर 21 फीसदी अधिक अर्थदंड वसूला

अमृत विचार: जीएसटी वृद्धि दर में भी यूपी ने महाराष्ट्र, गुजरात और कर्नाटक जैसे प्रदेश को पीछे छोड़ते हुए आगे निकल गया है। राज्यवार आंकड़ों के अनुसार यूपी की जीएसटी वृद्धि दर 16 प्रतिशत पहुंच गई है। जबकि 2023-24 में देश के जीएसटी राजस्व में भारत सरकार की उपलब्धि 11.7 प्रतिशत वृद्धि हुई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि इस बार शासन द्वारा दिए गए लक्ष्य की पूर्ति के लिए पूरा प्रयास किया जा रहा है।

अफसरों ने बताया कि आर्थिक एवं औद्योगिक विकास की दृष्टि से महाराष्ट्र में 15 प्रतिशत, कर्नाटक में 15 प्रतिशत, तमिलनाडु में 13 प्रतिशत, गुजरात में 10 प्रतिशत, राजस्थान में 12 प्रतिशत, हरियाणा में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। यही नहीं नियमित वास्तविक वैट संग्रह विगत वित्तीय वर्ष के सापेक्ष 5.4 फीसदी अधिक हो गई है। अफसरों ने बताया कि विभाग द्वारा राजस्व चोरी रोकने के लिए सचल दल इकाइयों को सख्त किया गया। इस दौरान वित्तीय वर्ष 2023-24 में 603.93 करोड़ आरोपित कर एवं अर्थदंड जमा कराया गया, जो विगत वर्ष संगत अवधि तक 498.61 करोड़ आरोपित जमा अर्थदंड से 21 प्रतिशत अधिक है। इसी प्रकार वित्तीय अनुशासन इकाइयों द्वारा 874.50 करोड़ जमा कराया गया है। जो गत वर्ष मार्चतक कजमा राजस्व 439.90 करोड़ से 98.8 प्रतिशत अधिक है।

1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य, 73.6 फीसदी वसूली

2023-24 के लिए विभाग को 1.5 लाख करोड़ का लक्ष्य प्राप्त हुआ था, जिसके सापेक्ष 73.6 प्रतिशत लक्ष्य हासिल किया गया। वित्त विभाग द्वारा प्रकाशित प्रदेश के सभी सकल कर राजस्व की औसत लक्ष्य पूर्ति 74.3 प्रतिशत है। राज्य कर विभाग का जीएसटी एवं वैट की सम्मिलित लक्ष्य पूर्ति भी इसके समकक्ष है। सम्मिलित रूप से राज्य कर विभाग द्वारा जीएसटी एवं वैट के नियमित राजस्व से गत वर्ष से तुलनात्मक रुपए 14,790 करोड़ अधिक अर्थात 16.2 प्रतिशत अधिक राजस्व जमा किया गया है।

240 लाख एमटी आलू का उत्पादन तेज भाव से निर्यात को हुआ नुकसान

प्रशांत सक्सेना, लखनऊ

- दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश में 2023-24 में 6.96 लाख हेक्टेयर में 240 लाख मीट्रिक टन आलू का उत्पादन हुआ है। इसमें 136 लाख मीट्रिक टन (77 फीसद) कोल्ड स्टोर (शीतगृह) में भंडारित हो चुका है। लेकिन, बाजार में आलू की उपलब्धता न होने के कारण भाव तेज है। इस वजह से कोल्ड स्टोर बंद नहीं हो पाए कि किसान आलू का भंडारण करने के साथ निकासी कर उत्तर प्रदेश के अलावा चेन्नई, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तिरुवनंतपुरम, पश्चिम बंगाल आदि राज्यों में बेचने लगे हैं। यहां अच्छे दाम मिलता देख निर्यात पर जोर नहीं है। बढ़े भाव की वजह इस बार आलू का कम उत्पादन होना और पिछले वर्ष कम दाम के कारण डंप न होना है। जबकि पिछले वर्ष 6.94 लाख हेक्टेयर में 242 लाख मीट्रिक टन उत्पादन हुआ था। दो माह बाद 30 से 35 रुपये किलो तक दाम पहुंचने की संभावना है।

वर्तमान में आलू का भाव

थोक : 850-1100 रुपये (55 किलो पैकेट)
फुटकर : 20-25 रुपये किलो

कानपुर, आगरा और अलीगढ़ में अधिक पैदावार

आगरा मंडल में 46 लाख, कानपुर मंडल में 32.24 लाख व अलीगढ़ मंडल में 18.91 लाख मीट्रिक टन आलू का भंडारण हुआ है। इन मंडलों में अधिक पैदावार हुई है। जबकि सहारनपुर में 50,281, मेरठ 5,23,827, बरेली 6,42,284, मुरादाबाद 5,15,734, प्रयागराज 4,83,660, झांसी 11,172, चित्रकूट 1048, वाराणसी 2,37,764, मिर्जापुर 4,865 व आजमगढ़ मंडल में 65,620 एमटी भंडारण हुआ है।

> आलू का भाव तेज है। इसलिए किसान शुरुआत से ही बिक्री में लगे हैं। पिछले वर्ष से कम उत्पादन हुआ है, जिससे पूरे वर्ष अच्छे दाम मिलने की उम्मीद है। **-कौशल कुमार नीरज**
> उप निदेशक (आलू) उद्यान एवं प्रसंस्करण विभाग

सर्राफा

कानपुर

चाँदी 999 (प्रति किलो)	84,500
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	85,000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	90,000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	73,650
गिन्नी (प्रति नग)	54,900-55,100

लखनऊ

सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,550
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,400
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	81,000
चांदी तैयार	81,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

बरेली

सोना जेवरात पक्के	72,000
सोना जेवरात गिन्नी	71,000
चांदी पक्की	793 (अनुमानित)

मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग की नई भर्तियों की मंशा 3% गिरी

मुंबई, एजेंसी

- समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा में सालाना 6% की बढ़त

चालू साल की पहली छमाही में मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में पढ़ाई कर निकले युवाओं को भर्ती करने की मंशा में तीन प्रतिशत की गिरावट आई है।

टीमलीज एडटेक की तरफ से जनवरी-जून 2024 के लिए जारी करियर परिदृश्य रिपोर्ट कहती है कि मीडिया एवं मनोरंजन उद्योग में युवाओं की भर्ती करने के मामले में अन्य उद्योगों के उलट रुझान दिखा रहा है। अगर समूचे उद्योग जगत की भर्ती मंशा को देखें तो इसमें सालाना आधार पर छह प्रतिशत की बढ़त हुई है। यह रिपोर्ट देश के 18 विभिन्न उद्योगों से संबंधित 526 छोटी, मझोली एवं बड़ी कंपनियों के बीच कराए गए सर्वेक्षण पर आधारित है। मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में भर्ती के रुझान में भी शहरों में नौकरी की भूमिकाओं के लिए अलग-अलग प्राथमिकताएं पाई गईं। वीडियो संपादन में 27 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ दिल्ली का दबदबा रहा जबकि बेंगलुरु 23 प्रतिशत के साथ उत्पादन सहायकों में आगे है।

सेंसेक्स ने 75,000 अंक को किया पार, निफ्टी ने भी उच्चस्तर छुआ

मुंबई। शेयर बाजारों में तेजी पर मंगलवार को विराम लगा और बीएसई सेंसेक्स 59 अंक के नुकसान में रहा। शुरुआती कारोबार के दौरान बीएसई सेंसेक्स एक समय पहली बार 75,000 अंक के स्तर को पार कर गया था। वहीं निफ्टी ने भी नया सर्वकालिक उच्चस्तर छुआ था। सेंसेक्स 58.80 अंक यानी 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 74,683.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 381.78 अंक चढ़कर रिकॉर्ड 75,124.28 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 23.55 अंक यानी 0.10 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,642.75 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 102.1 अंक यानी 0.45 प्रतिशत की तेजी के साथ उच्चतम स्तर 22,768.40 अंक पर पहुंच गया था। सेंसेक्स की कंपनियों में टाइटन, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एशियन पेंट्स, टेक महिंद्रा, इंडसइंड बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो और आईटीसी प्रमुख रूप से नुकसान में रहीं।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक, सीईओ ने दिया इस्तीफा

नई दिल्ली। मुश्किलों में घिरी भुगतान कंपनी पेटीएम पेमेंट्स बैंक के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सुरिंदर चावला ने इस्तीफा दे दिया है। चावला ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है जब पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) आरबीआई की सख्त कार्रवाई का सामना कर रही है। पेटीएम ब्रांड का संचालन करने वाली कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस ने मंगलवार को शेयर बाजार को इस इस्तीफे की सूचना दी। कंपनी ने कहा, चावला ने व्यक्तिगत कारणों और बेहतर करियर की संभावनाएं तलाशने के लिए आठ अप्रैल को इस्तीफा दे दिया।

जनवरी-मार्च में घरों की बिक्री 68% बढ़कर हुई 1.1 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली। इस साल जनवरी-मार्च तिमाही के दौरान मूल्य के लिहाज से घरों की बिक्री 68% बढ़कर 1.11 लाख करोड़ रुपये पहुंच गई। रियल एस्टेट ब्रोकरेज फर्म प्रॉपटाइगर के अनुसार इस दौरान प्रमुख शहरों में मात्रा और मूल्य दोनों के लिहाज से तेजी रही। प्रॉपटाइगर डॉट कॉम की तिमाही रिपोर्ट रियल इनसाइट रेजिडेंशियलः जनवरी-मार्च 2024 में कहा कि मूल्य के लिहाज से आवास बिक्री इस साल जनवरी-मार्च में 1,10,880 करोड़ रुपये रही, जो पिछले साल की समान अवधि में 66,155 करोड़ थी। आरईए इंडिया के समूह मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) और प्रॉपटाइगर डॉट कॉम के कारोबार प्रमुख विकास वधावन ने कहा, घरों की बिक्री में मात्रा और मूल्य, दोनों लिहाज से वृद्धि समग्र अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा संकेत है, क्योंकि सीमेंट और इस्पात सहित 200 से अधिक सहायक उद्योग इस पर निर्भर हैं। पहली तिमाही में आवास बिक्री 63 प्रतिशत बढ़कर 16.2 करोड़ वर्ग फुट हो गई, जो पिछले वर्ष की समान अवधि में 9.9 करोड़ वर्ग फुट थी।

राष्ट्रीय

प्राथमिकी रद कराने कोर्ट पहुंची एनआईए

भूपतिनगर मामला: प. बंगाल पुलिस के कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश

कोलकाता, एजेंसी

- ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा महिला का शील भंग करने का लगाया है आरोप

एनआईए ने विस्फोट मामले की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के भूपतिनगर में छापा मारने गए अपने अधिकारियों के खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने का अनुरोध करते हुए मंगलवार को कलकत्ता हाईकोर्ट पहुंची।

एनआईए के वकील अरूण कुमार मोहंती ने कहा कि न्यायमूर्ति जय सेनगुप्ता ने एनआईए को दिन में भोजनावकाश के बाद सत्र में आवेदन दायर करने और अदालत में जाने की अनुमति दी। याचिका में पश्चिम बंगाल पुलिस द्वारा एनआईए अधिकारियों के खिलाफ कोई भी दंडात्मक कार्रवाई किए जाने से अंतरिम संरक्षण की भी गुजारिश की गयी है। शनिवार को पूर्व मिदनापुर जिले के भूपतिनगर में भीड़ ने एनआईए अधिकारियों पर कथित तौर पर हमला किया था, जिसमें एक अधिकारी घायल हो गया था। ये अधिकारी दिसंबर, 2022 के एक विस्फोट मामले के सिलसिले में दो व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लौट रहे थे। दिसंबर, 2022 में हुए इस विस्फोट में तीन लोगों की जान चली गयी थी। भूपतिनगर में एनआईए अधिकारियों की शिकायत के आधार पर एक प्राथमिकी दर्ज की गयी। साथ ही, कुछ ग्रामीणों की शिकायत पर एनआईए अधिकारियों के खिलाफ भी मामला शुरू किया गया। इन ग्रामीणों ने एनआईए अधिकारियों पर चोरी तथा एक महिला का शील भंग करने का आरोप लगाया है।

एनआईए अधिकारी को जारी किया समन

कोलकाता। प. बंगाल पुलिस ने मंगलवार को एनआईए के उस अधिकारी को समन जारी किया है, जो पूर्व मेदिनीपुर जिले में पिछले हफ्ते छापेमारी के दौरान उनकी टीम पर हुए कथित हमले में घायल हो गए थे। पुलिस ने अधिकारी को 11 अप्रैल को भूपतिनगर पुलिस थाने में जांच अधिकारियों के सामने पेश होने के लिए कहा है। एक अधिकारी ने बताया कि भूपतिनगर पुलिस थाने के जांच अधिकारी ने एनआईए से शनिवार को हुए हमले के दौरान क्षतिग्रस्त वाहन को भी साथ लाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि वे वाहन की फोरेंसिक जांच कराना चाहते हैं। पुलिस अधिकारी ने एनआईए अधिकारियों पर हमले के संबंध में भूपतिनगर के तीन ग्रामीणों को भी पूछताछ के लिए बुलाया है। उस दौरान जांच एजेंसी के अधिकारी पूर्व मेदिनीपुर जिले के भूपतिनगर में साल 2022 में हुए विस्फोट के संबंध में दो मुख्य साजिशकर्ताओं को गिरफ्तार करने गये थे, लेकिन लोगों ने टीम पर कथित तौर पर हमला कर दिया था। इस विस्फोट में तीन लोग मारे गये थे। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि एनआईए के अधिकारी को पुलिस थाने में 11 अप्रैल को पेश होने के लिए कहा है। हमने उस वाहन को भी लाने के लिए कहा है जो इस कथित हमले में क्षतिग्रस्त हो गया था।

द्रमुक के पूर्व पदाधिकारी जाफर एवं अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी

चेन्नई। ईडी ने द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के पूर्व पदाधिकारी जाफर सादिक और अन्य के खिलाफ मादक पदार्थों की तस्करी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के तहत तमिलनाडु के कई शहरों में मंगलवार को छापेमारी की।

अधिकारियों ने बताया कि निदेशालय के अधिकारी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की मदद से धन शोधन निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत राज्य की राजधानी चेन्नई, मदुरै और तिरुचिरापल्ली में 25 परिसर की तलाशी ले रहे हैं। इस दौरान कुछ दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जब्त किए गए हैं। अधिकारियों ने बताया कि सादिक, फिल्म निर्देशक अमीर और कुछ अन्य लोगों के परिसर पर छापेमारी की जा रही है।

टीएमसी नेताओं ने 24 घंटे बाद दिल्ली में थाने के सामने प्रदर्शन किया समाप्त

नई दिल्ली, एजेंसी

निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर धरने के दौरान दिल्ली पुलिस द्वारा हिरासत में लिए गए तृणमूल कांग्रेस के नेताओं ने 24 घंटे के बाद मंगलवार शाम को मंदिर मार्ग पुलिस थाने के समक्ष अपना धरना सामप्त कर दिया। सौरभ भारद्वाज और दिलीप पांडे समेत आप नेताओं ने तृणमूल नेताओं के साथ मुलाकात की और समर्थन दिया।

तृणमूल के दस सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को निर्वाचन आयोग की पीठ से मुलाकात की और मांग की कि ईडी, सीबीआई, एनआईए और आयकर विभाग के प्रमुखों को बदला जाए क्योंकि वे सत्तारूढ़ भाजपा के इशारे पर काम कर रहे हैं। तृणमूल नेताओं ने बाद में घोषणा की कि वे आयोग कार्यालय के बाहर 24 घंटे के धरने पर बैठ रहे हैं।

टीएमसी का धरना ध्यान भटकाने की कोशिश : भाजपा

कोलकाता। भाजपा ने टीएमसी नेताओं के दिल्ली में निर्वाचन आयोग के कार्यालय बाहर धरने को मंगलवार को 'नाटक' करार दिया और दावा किया कि यह लोकसभा चुनाव से पहले उसके नेताओं के 'कुकर्मों' से ध्यान भटकाने की कोशिश है। टीएमसी नेताओं को दिल्ली पुलिस ने धरने के दौरान हिरासत में ले लिया था। उन्होंने मंदिर मार्ग थाने में मंगलवार को सुबह अपना धरना जारी रखा। भाजपा नेता राहुल सिन्हा ने कहा, टीएमसी नेता असली मुद्दों से बचने के लिए भारत निर्वाचन आयोग के कार्यालय के बाहर तमाशा खड़ा कर रहे हैं। अगर उन्हें कोई शिकायत है तो वे अदालत का रुख कर सकते हैं।

एक नजर

नफरत भरे भाषणों पर प्राथमिकी दर्ज कर करें सूचित : बॉम्बे हाईकोर्ट

मुंबई। बंबई उच्च न्यायालय ने महाराष्ट्र के विधायकों नीतीश राणे, गीता जैन और टी राजा के नफरत भरे भाषणों के रिकॉर्डिंग की व्यक्तिगत जांच करने के बाद प्राथमिकी दर्ज होने पर अदालत को सूचित करने के लिए मुंबई और पड़ोसी मीरा भायंदर पुलिस आयुक्तों को निर्देश दिये हैं। न्यायमूर्ति रेवती मोहिते डेरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की पीठ ने सोमवार को पुलिस को यह सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने के भी निर्देश दिया कि 17 अप्रैल को रामनवमी के अवसर पर कोई सांप्रदायिक हिंसा न हो और कानून-व्यवस्था सामान्य रहे।

लिव-इन में रहने वाले युवक ने खुदकुशी की

नोएडा। उत्तर प्रदेश में गौतमबुद्धनगर जिले के थाना बिसरख क्षेत्र के गौर सिटी सोसाइटी में लिव- इन रिलेशनशिप में रहने वाले एक युवक ने 'पार्टनर' से हुए झगड़े के बाद कथित रूप से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। थाना बिसरख के प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि गौर सिटी सोसाइटी में रहने वाले प्रशांत का अपने 'पार्टनर' से सोमवार को झगड़ा हो गया जिसके बाद महिला फ्लैट से कहीं चली गई।

चंडीगढ़ के पार्क में महिला को जिंदा जलाया, आरोपी गिरफ्तार

चंडीगढ़, एजेंसी

- युवती ने पीजीआईएमईआर में उपचार के दौरान दम तोड़ा

चंडीगढ़ के पार्क में एक व्यक्ति ने अपनी महिला मित्र को आग के हवाले कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि आरोपी की पहचान विशाल के रूप में हुई है, जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। घटना सेक्टर 35 पेट्रोल पंप से सटे पार्क में सोमवार रात को घटी।

पुलिस ने बताया कि वहां से गुजर रहे व्यक्ति ने चीख-पुकार सुनी और पार्क में महिला को आग की लपटों में देखा, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। पुलिस के मुताबिक, आरोपी मौके से भाग निकला। मृतका की उम्र 28 वर्ष के आस-पास थी और वह मोहाली के सोहना की रहने वाली थी। पुलिस के मुताबिक, शुरुआती जांच में यह खुलासा हुआ है कि उसके और विशाल के बीच प्रेम संबंध थे। घटना में युवती 80 फीसदी तक झुलस गयी थी। उसे आनन-फानन में सेक्टर 16 के गवर्नमेंट मल्टी स्पेशियलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उसे पीजीआईएमईआर स्थानांतरित कर दिया गया। सेक्टर 36 थाने के प्रभारी ओम प्रकाश ने बताया, युवती ने मंगलवार को पीजीआईएमईआर में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। प्रकाश ने बताया, हमने मुकदमा दर्ज कर विशाल को गिरफ्तार कर लिया, जो मोहाली के खरार कस्बे का रहने वाला है। अदालत ने उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेजा है।

फिरौती के लिए 4 साल की बच्ची का अपहरण, हत्या

नई दिल्ली। पश्चिमी दिल्ली के मोती नगर में एक व्यक्ति ने कथित तौर पर अपने पड़ोसी की चार वर्षीय बेटी का अपहरण करने के बाद उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने बताया कि 30 वर्षीय आरोपी की पहचान अजीत कुमार के रूप में हुई है जिसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस के अनुसार, अजीत ने अपने घर के बाहर खेल रही बच्ची का अपहरण करने के एक दिन बाद उसे रिहा करने के बदले पांच लाख की फिरौती मांगी थी। अजीत बच्ची की तलाश में जुटे परिजनों और पुलिस के साथ था। पुलिस उपायुक्त (पश्चिम) विचित्र वीर ने कहा कि मंगलवार सुबह साढ़े नौ बजे किराने की दुकान पर फिरौती का फोन आया, जिसमें पांच लाख की मांग की। तकनीकी निगरानी पर अजीत कुमार पर संदेह हुआ। उससे पूछताछ की गई और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों से उसका सामना कराया गया तो उसने अपराध कबूल कर लिया।

मप्र : बैतूल से बसपा प्रत्याशी की मौत, चुनाव प्रक्रिया रुकी

बैतूल (मप्र), एजेंसी

मध्यप्रदेश के बैतूल जिले में बसपा उम्मीदवार की मौत के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी ने चुनाव प्रक्रिया रद्द कर दी है। जिला निर्वाचन अधिकारी और जिला कलेक्टर नरेंद्र सिंह रघुवंशी ने बताया कि जन प्रतिनिधित्व अधिनियम के प्रावधानों के तहत, चुनाव प्रक्रिया रोक दी गई है और 26 अप्रैल को होने वाला मतदान स्थगित कर दिया गया है। रघुवंशी ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि इससे पहले शाम को मध्यप्रदेश के बैतूल लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ रहे बसपा के उम्मीदवार अशोक भलावी का मंगलवार को निधन हो गया है। निजी अस्पताल चलाने वाले डॉ. मनीष लश्करे ने कहा कि बसपा नेता को दिल का दौरा पड़ा और जब उन्हें अस्पताल लाया गया, तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

द्रविड़ आंदोलन के अगुआ वीरप्पन का निधन

चेन्नई। द्रविड़ आंदोलन के शीर्ष नेताओं में एक और तमिल फिल्मों के दिग्गज निर्माता आरएम वीरप्पन का मंगलवार को निजी अस्पताल में उम्र संबंधी स्वास्थ्य समस्याओं से 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वीरप्पन, पूर्व मुख्यमंत्री एमजी रामचन्द्रन और जानकी रामचन्द्रन व जे. जयललिता की सरकार में मंत्री पद पर रहे थे।

भर्ती घोटाले में कोर्ट ने बंगाल सरकार से 23 तक फैसला करने के लिए कहा

कोलकाता। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को प. बंगाल के मुख्य सचिव को राज्य में स्कूल नौकरी घोटाला मामले में कई आरोपियों पर मुकदमा चलाने की मंजूरी देने के संबंध में 23 अप्रैल तक निर्णय लेने का निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि सीबीआई जो हाईकोर्ट के आदेश पर घोटाले की जांच कर रहा है, उसका मंजूरी देने के लिए आवेदन लंबित है। कोर्ट ने कहा कि यदि अभियोजन एजेंसी को इसी परिस्थिति में काम करना है, तो क्या उसके पास समान अवसर होंगे? देरी पर नाखुशी व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने मुख्य सचिव को 23 अप्रैल तक स्कूल नौकरी घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों के खिलाफ मुकदमा चलाने की मंजूरी देने पर 'स्वतंत्र और सकारात्मक' निर्णय लेने का निर्देश दिया।

बिहार : 22 सीट पर राजद ने की उम्मीदवारों की घोषणा

पटना। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने लोकसभा चुनाव को लेकर मंगलवार रात को राज्य की 22 सीट पर उम्मीदवारों की घोषणा कर दी, जिनमें पार्टी अध्यक्ष लालू प्रसाद की बेटियां रोहिणी आचार्य और मीसा भारती भी हैं।

बिहार में विपक्षी महा गठबंधन के बीच सीट बंटवारे को लेकर बनी सहमति के अनुसार राजद राज्य की 40 सीट में से 26, कांग्रेस नौ और वामदल पांच सीट पर चुनाव लड़ रहे हैं। पिछले सप्ताह राजद ने बिहार के पूर्व मंत्री मुकेश सहनी की पार्टी के साथ समझौता कर अपने हिस्से की तीन सीटें दी थीं। 22 सीटों में से पांच पर शुरुआती दो चरणों में चुनाव होना हैं। रोहिणी आचार्य (सारण), सुधाकर सिंह (बक्सर), अली अशरफ फातमी (मधुबनी) और सुरेंद्र प्रसाद (जहानाबाद) सहित कई नामों को पहले ही लालू मंजूरी दे चुके हैं। सूची में अनिता महतो (मुंगेर) भी हैं। कुमार सर्वजीत (गया), श्रवण कुशवाहा (नवादा), बीमा भारती (पूर्णिया), अर्चना रविदास (जमुई) और अभय कुशवाहा (औरंगाबाद) नामांकन कर चुके हैं। बिहार में मतदान सात चरणों में 19, 26 अप्रैल, सात, 13, 20, 25 मई और एक जून को होगा।

हरियाणा में कांग्रेस को मिली ताकत बीरेंद्र सिंह की घर वापसी

नई दिल्ली, एजेंसी

पूर्व केंद्रीय मंत्री चौधरी बीरेंद्र सिंह भाजपा से एक दशक पुराना रिश्ता खत्म कर मंगलवार को फिर से कांग्रेस में शामिल हो गए। बीरेंद्र सिंह ने कहा कि यह पार्टी में उनकी सिर्फ 'घर वापसी' नहीं है, विचारधारा की वापसी है। उनकी पत्नी व पूर्व विधायक प्रेमलता भी कांग्रेस में शामिल हुईं।

बीरेंद्र सिंह और उनकी पत्नी ने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मुकुल वासनिक, हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा, महासचिव रणदीप सुरजेवाला, प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष उदयभान और कुछ अन्य नेताओं की मौजूदगी में सदस्यता ग्रहण की। सिंह ने कहा, मेरा कांग्रेस में शामिल होना न सिर्फ घर वापसी है, बल्कि ये विचारधारा की वापसी भी है। मैं ये बात इसलिए कह रहा हूं, क्योंकि मैंने मान्यताओं को निभाया है। देश में नेताओं के लिए व्यावहारिक रूप से कुछ गरिमा व मान्यताएं हैं, जिन्हें निभाना चाहिए, क्योंकि मान्यताओं को निभाने से ही हमारा देश मजबूत होगा।

मुख्य चुनाव आयुक्त को जेड श्रेणी की सुरक्षा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार को सशस्त्र कमांडो की जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की है। आधिकारिक सूत्रों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को इस कार्य के लिए करीब 40-45 कर्मियों/जवानों की एक टुकड़ी उपलब्ध कराने का जिम्मा सौंपा है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा तैयार खतरा संबंधी धारणा रिपोर्ट में मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार के लिए कड़ी सुरक्षा की सिफारिश की गयी है। यह कदम आम चुनाव की तैयारियों के बीच उठाया गया है। आम चुनाव 19 अप्रैल से शुरू होगा। सशस्त्र कमांडो यात्रा के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त के साथ रहेंगे। कुमार 1984 बैच के सेवानिवृत आईएएस हैं। उन्होंने 15 मई, 2022 को 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त बने था। 1 सितंबर, 2020 को निर्वाचन आयोग में चुनाव आयुक्त बनाया था।

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	05	316
साई सुदर्शन (गुजरात टाइटंस)	05	191
हेनरिक क्लासेन (एसआरएच)	05	186

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
मुस्तफिजुर रहमान (सीएसके)	04	09
युजवेंद्र चहल (आरआर)	04	08
अर्शदीप सिंह (पंजाब किंग्स)	05	08

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	टाई	अंक	रन रेट
राजस्थान रॉयल्स	04	04	00	00	08	+1.120
कोलकाता नाइट राइडर्स	04	03	01	00	06	+1.528
लखनऊ सुपर जायंट्स	04	03	01	00	06	+0.775
चेन्नई सुपरकिंग्स	05	03	02	00	06	+0.666
सनराइजर्स हैदराबाद	05	03	02	00	06	+0.344
पंजाब किंग्स	05	02	03	00	04	-0.196
गुजरात टाइटंस	05	02	03	00	04	-0.797
मुंबई इंडियंस	04	01	03	00	02	-0.704
रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	05	01	04	00	02	-0.843
दिल्ली कैपिटल्स	05	01	04	00	02	-1.370

खेल डायरी

पाकिस्तान के सहायक कोच बनेंगे अजहर महमूद

लाहौर। पाकिस्तान के पूर्व हरफनमौला अजहर महमूद को सभी प्रारूपों में टीम का सहायक कोच बनाया जा सकता है। महमूद को न्यूजीलैंड के खिलाफ 18 अप्रैल से शुरू हो रही घरेलू श्रृंखला के लिये अंतरिम मुख्य कोच बनाया गया। बोर्ड ने अभी तक विदेशी कोचों आस्ट्रेलिया के जैसन गिलेस्पी और दक्षिण अफ्रीका के गैरी कर्स्टन के साथ दीर्घकालीन अनुबंध का ऐलान नहीं किया है। गिलेस्पी टेस्ट क्रिकेट में मुख्य कोच होंगे जबकि कर्स्टन सफेद गेंद के प्रारूप में यह जिम्मा संभालेंगे। तीनों प्रारूपों में महमूद को सहायक कोच बनाया जा सकता है।

मोंटे कार्लो मास्टर्स में नहीं खेलेंगे अल्कारेज

मोनाको। दो बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन कार्लोस अल्काराज दाहिने हाथ की मांसपेशियों में चोट के कारण मंगलवार को क्ले कोर्ट टेनिस टूर्नामेंट मोंटे कार्लो मास्टर्स से हट गए। विंबलडन चैंपियन अल्कारेज अपनी बांह पर पट्टी बांधकर साधारण ट्रेनिंग कर रहे थे और उन्होंने घोषणा की कि वह खेलने में असमर्थ हैं। अल्काराज ने 'एक्स' पर लिखा, 'मैं मोंटे कार्लो में ट्रेनिंग कर रहा था और उबरने की कोशिश कर रहा था लेकिन अंतिम लम्हों में दाईं बांह में चोट लग गई और मैं नहीं खेल सकता।' उन्होंने लिखा, 'मैं खेलने को लेकर काफी उत्सुक था।'

जोकोविच ने उम्रदराज खिलाड़ी फेडरर का रिकॉर्ड तोड़ा

लंदन। नोवाक जोकोविच ने रोजर फेडरर का एक और रिकॉर्ड तोड़ दिया और एटीपी टूर की कम्प्यूटरीकृत रैंकिंग में नंबर एक पर रहने वाले सबसे उम्रदराज खिलाड़ी बन गए। जोकोविच अगले महीने 37 वर्ष के हो जायेंगे। फेडरर जून 2018 में जब आखिरी दिन रैंकिंग में शीर्ष पर थे तब वह जोकोविच से छोटे थे। जोकोविच को शीर्ष पर कुल 420 सप्ताह हो गए जबकि फेडरर 310 सप्ताह तक नंबर एक पर थे। जोकोविच ने पुरुष टेनिस के इतिहास में सर्वाधिक 24 ग्रैंडस्लैम जीते हैं। फेडरर के नाम 20 और रफेल नडाल के नाम 22 खिताब हैं। कोच गोरान इवानीसेविच से अलग होने के बाद जोकोविच पहला टूर्नामेंट 26 मई से फ्रेंच ओपन खेलेंगे। आस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन यानिक सिनेर सोमवार को जारी रैंकिंग में दूसरे जबकि स्पेन के कार्लोस अल्काराज तीसरे नंबर पर हैं।

भारतीय दौड़ में लेकिन नेपोम्नियाश्चि प्रबल दावेदार

टोरंटो। कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट में मुकाबले अभी ही शुरू हुए हैं लेकिन भारत के आर प्रज्ञानानंदा, डी गुकेश और विदित गुजराती का प्रदर्शन अभी तक अच्छा रहा है। ये तीनों खिताब के दावेदार नहीं थे लेकिन गुकेश और प्रज्ञानानंदा ने शुरुआती कठिन मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन किया है। गुजराती के बारे में हालांकि यह बात नहीं कही जा सकती जो एक सप्ताह पहले भारतीयों में सबसे प्रबल दावेदार था। टूर्नामेंट के 14 में से चार दौर हो गए हैं और रूस के इयान नेपोम्नियाश्चि चार में से तीन अंक लेकर शीर्ष पर हैं। प्रतिबंध के कारण वह फिडे के ध्वज तले खेल रहे हैं। उन्होंने गुजराती और फ्रांस के फिरोजा अलीरजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना और गुकेश उनसे आधा अंक पीछे हैं।

भारतीय महिला टेनिस टीम की विजयी शुरुआत

चांग्शा। भारतीय महिला टेनिस टीम ने मंगलवार को पेसिफिक ओशिनिया को 3-0 से हराकर बिली जीन किंग कप 2024 एशिया/ओशिनिया ग्रुप एक में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। चीन के चांग्शा में मून आइलैंड क्ले पार्क में आज खेले गये मुकाबले में रुतुजा भोसले और अंकिता रैना ने अपने-अपने एकल मैच जीते, वहीं प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति युगल मुकाबले में विजयी रहे। रैना ने पहले सेट में लगातार 10 अंक जीतकर अपना दबदबा कायम किया और एक घंटे नौ मिनट में मुकाबला अपने नाम कर लिया। महिला युगल मुकाबले में प्रार्थना थोम्बारे और श्रीवल्ली भामिदिपति ने 51 मिनट तक चले मुकाबले में पैसिफिक ओशिनिया की मेहेतिया बूसी और रूबी कॉफिन की जोड़ी को 6-1, 6-3 से हराया। भारतीय टेनिस टीम बुधवार को मेजबान चीन से भिड़ेगी। चीनी टीम ने चीनी ताइपे के खिलाफ अपना पहला मैच भी 2-1 से जीता।

जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी राजस्थान रॉयल्स

जयपुर, एजेंसी

अब तक अपराजेय राजस्थान रॉयल्स इंडियन प्रीमियर लीग में खराब दौर से जूझ रही गुजरात टाइटंस के खिलाफ बुधवार को उतरेगी तो यशस्वी जायसवाल पर अच्छी पारी खेलने का दबाव होगा। रॉयल्स की शुरूआत शानदार रही है जिसने चार में से चारों मैच जीते हैं, लेकिन भारतीय टीम के लिये शानदार प्रदर्शन करने वाले जायसवाल चार मैचों में सिर्फ 39 रन ही बना सके हैं। उनके सलामी जोड़ीदार जोस बटलर ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ नाबाद शतक जमाकर फॉर्म में वापसी की है।

कप्तान संजू सैमसन ने चार मैचों में 178 रन बनाये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। रॉयल्स के लिये इस सत्र की खोज रियान पराग रहे हैं। गुवाहाटी के इस हरफनमौला ने अब तक 185 रन बना लिये हैं जिसमें दो अर्धशतक शामिल हैं। शिमरोन हेटमायेर और ध्रुव जुरेल को मध्यक्रम में अच्छी पारियां खेलनी होगी। राजस्थान के पास ट्रेंट बोल्ट और नांद्रे बर्गर के रूप में उम्दा तेज गेंदबाज हैं जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल का प्रदर्शन भी अच्छा रहा है। रविचंद्रन अश्विन का खराब फॉर्म हैरानी का सबब है जिन्होंने अभी तक चार मैचों में एक ही विकेट लिया है। दूसरी ओर गुजरात टाइटंस ने अभी तक पांच में से दो मैच जीते और तीन गंवाये हैं। शुभमन गिल की टीम हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी लेकिन रॉयल्स के खिलाफ यह आसान नहीं होगा। लखनऊ सुपर जाइंट्स के खिलाफ खराब प्रदर्शन करने वाले बल्लेबाजों को बेहतर खेल दिखाना होगा। गिल ने अभी तक पांच मैचों में 183 रन बनाये हैं। उनके सलामी जोड़ीदार बी साइ सुदर्शन अभी तक अर्धशतक नहीं बना सके हैं। गेंदबाजी में मोहित शर्मा और उमेश यादव ने अच्छा प्रदर्शन किया लेकिन पंजाब किंग्स के शशांक सिंह और आशुतोष शर्मा जैसे बल्लेबाजों के सामने वे कोई प्रभाव नहीं छोड़ सके।

गुजरात टाइटंस : शुभमन गिल (कप्तान), डेविड मिलर, मैथ्यू वेड, रिद्धिमान साहा, रोबिन मिंज, केन विलियमसन, अभिनव मंधार, बी साई सुदर्शन, दर्शन नालकंडे, विजय शंकर, अजमतुल्लाह उमरजई, शाहरुख खान, जयंत यादव, राहुल तेवतिया, कार्तिक त्यागी, सुशांत मिश्रा, स्पेंसर जॉनसन, नूर अहमद, साई किशोर, उमेश यादव, राशिद खान, जोशुआ लिटिल, मोहित शर्मा और मानव सुथार। **राजस्थान रॉयल्स :** संजू सैमसन (कप्तान), आबिद मुश्ताक, अवेश खान, ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, जोस बटलर, कुलदीप सेन, कुणाल सिंह राठौड़, नंद्रे बर्गर, नवदीप सैनी, रविचंद्रन अश्विन, रियान पराग, संदीप शर्मा, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, रोवमैन पॉवेल, टॉम कोहलर-कैडमोर, ट्रेंट बोल्ट, यशस्वी जायसवाल, युजवेंद्र चहल और तनुष कोटियान। **समय :** मैच शाम सात बजकर 30 मिनट पर शुरू होगा।

महिला पैराग्लाइडर की गिरकर मौत

शिमला। हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के बैजनाथ उपमंडल के अंतर्गत बीर बिलिंग फ्लाइंग रेंज में पैराग्लाइडिंग करते समय एक महिला पैराग्लाइडर की मौत हो गई। मृतक रितु चोपड़ा पत्नी भारतीय वायु सेना के पूर्व विंग कमांडर आशुतोष चोपड़ा निवासी सेक्टर 25 नोएडा, गौतमबुद्धनगर बीड में पैराग्लाइडिंग कर रही थीं, तभी यह हादसा हुआ। पीड़िता ने अचानक क्राफ्ट पर नियंत्रण खो दिया और वह जमीन पर गिर गई।

सनराइजर्स हैदराबाद ने मैच जीता पंजाब किंग्स ने लोगों का दिल

नितीश के अर्धशतक और गेंदबाजों की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब को 2 रनों से हराया

पंजाब किंग्स के शशांक सिंह ने नाबाद 46 और आशुतोष शर्मा ने नाबाद 33 रनों की पारी खेलकर अंत तक मैच का रोमांच बनाया

अर्शदीप सिंह

मुल्लांपुर, एजेंसी

नितीश कुमार रेड्डी की 64 रन और अब्दुल समद की 25 रनों की तूफानी पारियों और उसके बाद गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन के दम पर सनराइजर्स हैदराबाद ने मंगलवार को इंडियन प्रीमियर लीग के 23वें मैच में पंजाब किंग्स को दो रन से हरा दिया है।

183 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए पंजाब की शुरुआत खराब रही और कमिंस ने जॉनी बेयरस्टो को शून्य पर बोल्ड कर दिया। इसके बाद प्रभसिमरन सिंह चार रन भुवनेश्वर का शिकार बन गये। कप्तान शिखर धवन भी 14 रन बनाकर पवेलियन लौट गये। 10वें ओवर में सैम करेन 29 रन बनाकर आउट हो गये। इसके बाद उनादकट ने सिकंदर रजा को 28 रन पर आउट कर दिया। जितेश शर्मा 19 रन बनाकर आउट हुये। शशांक सिंह ने नाबाद 46 रन बनाये। वहीं आशुतोष शर्मा 33 बनाकर नाबाद रहे। पंजाब किंग्स निर्धारित 20 ओवर में छह विकेट पर 180 रन ही बना सकी। हैदराबाद की ओर से भुवनेश्वर कुमार को दो विकेट मिले। पैट कमिंस, थंगारसु नटराजन, नितीश कुमार रेड्डी और जयदेव उनादकट ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स जीत के लिए 183 रनों का लक्ष्य दिया था। महाराज यदविंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में पंजाब के कप्तान शिखर धवन ने टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया है। हैदराबाद ने चौथे ओवर में सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड 21 रन का विकेट खो दिया। इसी ओवर में ऐडन मार्करम भी बिना खाता खोल ही पवेलियन लौट गये। उसके बाद बल्लेबाजी करने आये नितीश कुमार रेड्डी ने पारी को संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में अभिषेक शर्मा 16 रन बनाकर चलते बने। राहुल त्रिपाठी 11 रन, हेनरिक क्लासेन नौ रन, कप्तान पैट कमिंस तीन रन बनाकर आउट हुये। पंजाब किंग्स की ओर से अर्शदीप सिंह ने चार विकेट झटके। हर्षल पटेल और सैम करेन को दो-दो विकेट मिले।

नितीश कुमार रेड्डी

हैदराबाद 182/9 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
ट्रैविस हेड का धवन बो अर्शदीप सिंह	21	15	4/0
अभिषेक शर्मा का शशांक सिंह बो करेन	16	11	2/1
ऐडन मार्करम का जितेश बो अर्शदीप	00	02	0/0
नितीश कुमार रेड्डी का रबाडा बो अर्शदीप	64	37	4/5
राहुल त्रिपाठी को जितेश शर्मा बो पटेल	11	14	1/0
हेनरिक क्लासेन का करन बो पटेल	09	09	1/0
अब्दुल समद का पटेल बो अर्शदीप	25	12	5/0
शाहबाज अहमद नाबाद	14	07	1/1
पैट कमिंस बो रबाडा	03	04	0/0
भुवनेश्वर कुमार का बेयरस्टो बो करेन	06	08	0/0
जयदेव उनादकट नाबाद	06	01	0/1

गेंदबाजी : कागिसो रबाडा 4-0-32-1, अर्शदीप सिंह 4-0-29-4, सैम करेन 4-0-41-2, हर्षल पटेल 4-0-30-2, हरप्रीत बरार 4-0-48-0

पंजाब 180/6 — 20 ओवर, अतिरिक्त : 02

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
शिखर धवन स्टंप क्लासेन बो भुवनेश्वर	14	16	2/0
जॉनी बेयरस्टो बो कमिंस	00	03	0/0
प्रभसिमरन का नितीश बो भुवनेश्वर	04	06	1/0
सैम करेन का कमिंस बो नटराजन	29	22	2/2
सिकंदर का क्लासेन बो उनादकट	28	22	2/2
शशांक सिंह नाबाद	46	25	6/1
जितेश का अभिषेक बो नितीश	19	11	1/1
आशुतोष शर्मा नाबाद	33	15	3/2

गेंदबाज : भुवनेश्वर कुमार 4-1-32-2, पैट कमिंस, 4-0-22-1, थंगारसु नटराजन 4-0-33-1, नितीश कुमार रेड्डी 3-0-33-1, जयदेव उनादकट 4-0-49-1, शाहबाज अहमद 1-0-10-0

न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 में आमिर, इमाद की टीम में वापसी

लाहौर, एजेंसी

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला बदलने वाले तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर और बाएं हाथ के स्पिनर इमाद वसीम की 18 अप्रैल से न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाली पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की 17 सदस्यीय टीम में वापसी हुई है। दस दिन तक चलने वाली इस श्रृंखला के तीन मैच रावलपिंडी जबकि दो मैच लाहौर में खेले जाएंगे।

स्पॉट फिक्सिंग के आरोप में दोषी पाए जाने के बाद इंग्लैंड में कुछ समय के लिए जेल की सजा भी काटने वाले आमिर ने पिछला अंतरराष्ट्रीय मुकाबला 2020 में खेला था और फिर दुनिया भर में टी20 लीग में खेलने के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था। उन्होंने तत्कालीन कोच मिसबाह उल हक और वकार यूनिस के साथ मतभेद के कारण यह कदम उठाया था। स्पिन ऑलराउंडर इमाद ने नवंबर 2023 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कहा था लेकिन बोर्ड और चयनकर्ताओं के मनाने के बाद उन्होंने अपना फैसला बदल दिया। उन्होंने पाकिस्तान सुपर लीग में शानदार प्रदर्शन किया और उनकी टीम खिताब जीतने में सफल रही। मोहम्मद यूसुफ, अब्दुल रज्जाक, असद शाफिक, वहाब रियाज और बिलाल अफजल की मौजूदगी वाली चयन समिति ने उस्मान खान, इरफान खान नियाजी और स्पिनर अबरार अहमद जैसे युवा खिलाड़ियों को भी टीम में जगह दी है।

पाकिस्तानी टीम

बाबर आजम (कप्तान), मुहम्मद रिजवान, उस्मान खान, इमाद वसीम, फखर जमां, मोहम्मद आमिर, सईम अयूब, शादाब खान, इरफान खान नियाजी, इफ्तिखार अहमद, आजम खान, शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह, जमान खान, अब्बास अफरीदी, अबरार अहमद और उसामा मीर।

हार की हैट्रिक से बचना चाहेगी भारतीय हॉकी टीम

पर्थ। भारतीय पुरुष हॉकी टीम पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के तीसरे मैच में बुधवार को जब ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य हार की हैट्रिक से बचने का होगा। पेरिस ओलंपिक की तैयारी के लिये महत्वपूर्ण इस श्रृंखला में भारत को पहले मैच में 1-5 और दूसरे में 2-4 से पराजय का सामना करना पड़ा। मनदीप सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, गुरजंत सिंह और सुखजीत को मौकों को भुनाना होगा। भारतीय कोच क्रेग फुल्टोन ने पहले दो मैचों में अलग रणनीति आजमाने की कोशिश की। चौथा मैच 12 अप्रैल को और पांचवां 13 अप्रैल को खेला जायेगा।

ऐश्वर्या का चैंपियनशिप का कांस्य पदक रजत में बदलेगा

नयी दिल्ली, एजेंसी

शीर्ष भारतीय एथलीट ऐश्वर्या मिश्रा का एशियाई चैंपियनशिप 2023 की 400 मीटर स्पर्धा का कांस्य पदक रजत पदक में बदलेगा क्योंकि इस स्पर्धा में शुरुआत में दूसरे स्थान पर रही उज्बेकिस्तान की फरीदा सोलियेवा डोप परीक्षण में विफल रही हैं।

पिछले साल बैंकॉक में एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान 13 जुलाई को लिए गए सोलियेवा के मूत्र के नमूने में प्रतिबंधित पदार्थ मेल्डोनियम पाया गया है और डोपिंग से निपटने के लिए अंतरराष्ट्रीय महासंघ की इकाई एथलेटिक्स इंटीग्रिटी यूनिट ने उस तारीख से उनके सभी नतीजों को अमान्य कर दिया है। एआईयू ने कहा, ''एआईयू ने प्रतिबंधित पदार्थ की मौजूदगी/इस्तेमाल के लिए 13 सितंबर 2023 से फरीदा सोलियेवा को तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। 13 जुलाई 2023 से उनके सभी नतीजों को अमान्य किया जाता है।'' सोलियेवा 52.95 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रहीं थी जबकि ऐश्वर्या ने 53.07 सेकेंड के साथ तीसरा स्थान हासिल किया था।

बॉलीवुड हलचल

'देवरा: पार्ट 1' देखकर गर्व होगा : एनटीआर

10 अक्टूबर को रिलीज होगा पहला भाग

मुंबई, एजेंसी। मैन ऑफ़ मासेस एनटीआर जूनियर ने कहा कि उनकी आने वाली फिल्म ''देवरा : पार्ट 1'' को देखकर सभी को गर्व महसूस होगा। मैन ऑफ मासेस एनटीआर जूनियर की बहुप्रतीक्षित और सबसे महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट ''देवरा : भाग 1'' पर सभी की निगाहें टिकी हुई हैं, फैंस बेसब्री से फिल्म की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म में एनटीआर जूनियर के साथ सैफ अली खान और जान्हवी कपूर प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एनटीआर जूनियर ने कहा कि फिल्म देवरा का इंतजार न केवल सार्थक होगा बल्कि लोगों को गर्व से भर देगा। यह मेरा आप सभी से वादा है कि 'देवरा' का इंतजार सार्थक होगा और फिल्म रिलीज होने पर हर फैंस गर्व से अपना कॉलर ऊंचा उठाएगा कोराटाला शिवा द्वारा निर्देशित, ''देवारा'' दो भागों में प्रदर्शित होगी, जिसका पहला भाग 10 अक्टूबर, 2024 को रिलीज होगा। इस फिल्म का निर्माण युवासुधा आर्ट्स और एनटीआर आर्ट्स द्वारा किया गया है और इसे नंदमुरी कल्याण राम द्वारा प्रस्तुत किया गया है। फिल्म का संगीत अनिरुद्ध रविचंदर द्वारा दिया गया है, और छायांकन आर रत्नावेलु द्वारा किया गया है।

कल सिनेमाघरों में रिलीज होगी 'बड़े मियां छोटे मियां'

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार-टाइगर श्राफ की फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' 11 अप्रैल को रिलीज होगी। अली अब्बास जफर के निर्देशन में बनी फिल्म 'बड़े मियां छोटे मियां' को वासु भगनानी और जैकी भगनानी के प्रोडक्शन हाउस पूजा एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है। 'बड़े मियां छोटे मियां' अक्षय कुमार और टाइगर श्रॉफ के साथ सोनाक्षी सिन्हा, मानुषी छिल्लर और अलाया एफ शामिल हैं। 'बड़े मियां छोटे मियां' पहले 10 अप्रैल को रिलीज होने वाली थी। अब इस फिल्म के रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। चूंकि भारत में 11 अप्रैल को ईद मनाई जाएगी, इसलिए दर्शकों के लिए इसे खास बनाने के लिए निर्माताओं ने त्योहार के दिन ही फिल्म रिलीज करने का फैसला किया है। अली अब्बास जफर द्वारा लिखित और निर्देशित, वाशु भगनानी, दीपशिखा देशमुख, जैकी भगनानी, हिमांशु किशन मेहरा, अली अब्बास जफर द्वारा निर्मित फिल्म बड़े मियां छोटे मियां 11 अप्रैल को हिंदी, तमिल, तेलुगु, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होगी। इस फिल्म में स्टार अक्षय कुमार, टाइगर श्रॉफ, पृथ्वीराज सुकुमारन, सोनाक्षी सिन्हा, अलाया एफ और मानुषी छिल्लर प्रमुख हैं।



अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करेंगे बॉबी देओल

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता बॉबी देओल फिल्मकार अनुराग कश्यप की थ्रिलर फिल्म में काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि बॉबी देओल ने हाल ही में अनुराग कश्यप के साथ सच्ची घटना पर आधारित एक थ्रिलर फिल्म साइन की है।बॉबी और अनुराग पिछले कई वर्षों से एक-दूसरे के साथ काम करना चाहते हैं, लेकिन बीच में कोई ऐसा प्रोजेक्ट नहीं आया। कुछ महीने पहले ही अनुराग ने इस फिल्म की कहानी बॉबी को सुनाई, जो बॉबी को काफी पसंद आई और उन्होंने उसके लिए अपनी स्वीकृति दे दी। फिल्म की कहानी दुष्कर्म के झूठे आरोप में फंसे एक व्यक्ति के इर्द-गिर्द घूमती है। निर्माताओं की योजना अगले महीने से इस फिल्म की शूटिंग शुरू करने की है।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

दरोगा जी...आरती उतारती हूं फरियाद सुन लो चोर पकड़ लो

रीवा (मध्यप्रदेश), एजेंसी

- विरोध का गजब तरीका, कार्रवाई न होने पर थाल सजाकर थाने पहुंची महिला फरियादी

पुलिस अगर किसी मामले में कार्रवाई नहीं करती है तो आपने कई तरीकों से विरोध होते हुए देखा होगा। लेकिन रीवा के सिटी कोतवाली पुलिस चोरी के एक मामले में कार्रवाई नहीं कर रही थी जिससे नाराज होकर एक महिला अपने पति और दो छोटे बच्चों के साथ आरती की थाली लेकर थाने पर पहुंची, थाना प्रभारी की आरती उतारने लगी।

महिला के ऐसा करने पर थाना प्रभारी उसे रोकने की कोशिश करने लगे। वहीं पास में खड़ा एक युवक इस पूरी घटना का वीडियो बना रहा था, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल है। दरअसल, सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में कुछ दिनों पहले एक चोरी हुई थी। अनुराधा सोनी नाम की महिला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र में सोने चांदी का काम करती है। इनकी दुकान में चोरी हो गई थी, जिसका आरोप दुकान के कारीगर पर लगाया गया था। महिला ने शिकाय दर्ज कराई गई थी। घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस ने कहा है कि आरोपी की तलाश कर रही है, लेकिन महिला का आरोप है कि पुलिस कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। जिसके बाद महिला अनुराधा सोनी नाराज होकर अनोखे अंदाज में पुलिस का विरोध किया।

प्राचीन इतिहास की आलोचना नहीं कर सकते

नई दिल्ली, एजेंसी

- एनएसए अतीत डोभाल बोले-भारत की सभ्यताओं में से एक है प्राचीनता

राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल ने भारतीय इतिहास को लेकर कहा कि देश के इतिहास को लेकर कोई सवाल नहीं उठा सकता है, यहां तक की भारत के आलोचक भी नहीं।

एनएसए अजीत डोभाल ने यह बयान मंगलवार को दिल्ली में 'प्राचीन भारत का इतिहास' पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम के दौरान दिया। डोभाल ने इस बात पर जोर दिया कि भारतीय इतिहास के बारे में कुछ ऐसे सवाल थे जिन पर आपके आलोचकों सहित किसी ने भी सवाल नहीं उठाया। पहली इसकी प्राचीनता है कि यह सबसे पुरानी सभ्यताओं में से एक है और शायद मानव जीवन विकसित हो चुका था और समाज ने खुद को बहुत ऊपर तक परिपूर्ण कर लिया था। अब, यह किसने किया? क्या वे मूल लोग थे या वे बाहर से आए थे, वे इसके बारे में पक्षपाती हो सकते हैं, लेकिन वे सभी मानते हैं कि यह प्राचीन सभ्यता है। भारतीय सभ्यता की दूसरी विशेषता का उल्लेख करते हुए डोभाल ने 'निरंतरता' पर बल दिया। उन्होंने कहा कि दूसरा निरंतरता है।

यानी अगर इसकी शुरुआत 4000 या 5000 साल पहले हुई तो यह आज तक लगातार जारी है। उसमें कोई व्यवधान नहीं है। तीसरी विशेषता इसका विशाल विस्तार था। यह कोई छोटा-मोटा गांव नहीं था जो आपको किसी विकसित द्वीप या उस जैसी किसी जगह पर मिलता हो। यह ऑक्सस नदी से लेकर संभवतः दक्षिण पूर्व एशिया और अन्य स्थानों तक है, जहां सभ्यता के पदचिह्न स्पष्ट रूप से दिखाई देते हैं। डोभाल ने आगे कहा कि 'राष्ट्रीयता के सदस्य वे लोग हैं जो इतिहास की सामान्य समझ, अतीत में हमारे पूर्वजों की उपलब्धियों की सामान्य समझ और अपने भविष्य के लिए एक समान दृष्टि साझा करते हैं। इस विचार में विश्वास करने वाले सभी लोग हमारे राष्ट्र की एकता में योगदान देते हैं। डोभाल ने इसके अलावा इस बात पर जोर दिया कि अलेक्जेंडर की भारत यात्रा भारतीय इतिहास में एक घटना नहीं थी, बल्कि पश्चिमी इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण घटना थी।

ऐ दिल है मुश्किल का गाया गीत, चुनौती स्वीकार कर खुशी नागर ने पा ली जीत

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- मुंबई में सोनी टीवी के कार्यक्रम में सोरों की खुशी ने लहराया परचम

अमृत विचार : फिल्म ऐ दिल मुश्किल का गीत, ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती मिली तो सोरों की खुशी ने सहजता से स्वीकार कर ली। हालांकि यह उसके लिए लीक से हटकर गीत था, लेकिन उसने इतने अच्छे तरीके से गाया कि जजों से लेकर सभी लोग मुग्ध हो गए। मुंबई में सोनी टीवी के संगीतमय कार्यक्रम में खुशी नागर की जीत ने निर्णायक दानिश को स्त्री कपड़ों में नृत्य करने की सजा भी दिलवा दी। अब खुशी के पक्ष में सोनी टीवी की वेबसाइट पर शनिवार से वोटिंग शुरू होगी। मूलरूप से कस्बा सोरों के रहने वाले मुकेश नागर 20 वर्ष से दिल्ली में रहकर रेडीमेड कपड़े का कार्य करते हैं। उनकी बेटी 14 वर्षीय खुशी नागर को बचपन से ही संगीत में रुचि रही। अपने स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गायन से वाहवाही लूटी।

फिर धीमे-धीमे कदम बढ़ाते हुए पिछले महीने सोनी टीवी के सुपर स्टार सिंगर कार्यक्रम में जगह बनाई। अब इंडियन आइडल में हिस्सा लेने जा रही है। सोमवार को मुख्य जज नेहा कक्कड़ की निगरानी में चुनौती कार्यक्रम हुआ। इसमें सहयोगी निर्णायक गायक मोहम्मद दानिश ने खुशी को ऐ दिल है यार बुलिया गाने की चुनौती दी। खुशी ने ऐसी प्रस्तुति दी कि अन्य निर्णायकों ने उसे विजेता घोषित कर दिया।

एक नजर

केरल में दो बेटों की हत्या के बाद महिला क्लर्क ने की खुदकुशी

कासरगोड। केरल में कासरगोड जिले के चीमेनी में मंगलवार को एक 32 वर्षीय महिला ने दो बेटों की हत्या के बाद खुद भी खुदकुशी कर ली। पुलिस के अनुसार, पेरिंगोम-वायक्कारा ग्राम पंचायत कार्यालय की वरिष्ठ क्लर्क सजना (32) के रूप में पहचान की गई। दो पुत्र गौतम (8) और थेजस (4), चीमेनी के विवेकानंद स्कूल के छात्र थे। सजना के पति, टी. ए. रंजीत, चॉययोकोड में केरल राज्य विद्युत बोर्ड (केएसईबी) के उप-अभियंता के रूप में कार्यरत हैं। पुलिस को संदेह है कि पुत्रों को जहर दिया गया, खुद फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल की जांच की और साक्ष्य एकत्र किए हैं।

रूस का दावा, 24 घंटे में यूक्रेन के 480 से अधिक सैनिकों की मौत

मॉस्को। रूस ने दावा किया है कि यूक्रेन के पिछले 24 घंटों में 480 से अधिक सैनिक मारे गए हैं। रूसी रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को कहा है कि, रूसी सशस्त्र बलों ने यूक्रेन के क्षेत्र अवदीवका की तरफ 11 जवाबी हमले किए हैं और डोनेट्स्क की दिशा में चार जवाबी हमले किए हैं। मंत्रालय ने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन के सशस्त्र बलों के 480 से अधिक सैन्य कर्मी मारे गए हैं और सात सैन्य वाहनों को नष्ट कर दिया गया है। उन्होंने अपने बयान में कहा कि यूक्रेन ने अवदीवका की तरफ में 240 सैनिक और दक्षिण डोनेट्स्क में 110 सैनिकों की मौत हुई है।

जबरन धर्मांतरण को लेकर मौलवी को पद से हटाया, जांच समिति गठित

श्रीनगर। जम्मू-कश्मीर वक्फ बोर्ड ने कथित जबरन धर्म परिवर्तन को लेकर एफआईआर दर्ज होने के कुछ दिनों बाद हजरतबल दरगाह के मौलवी को पद से हटा दिया है और उनकी भूमिका की जांच के लिए एक जांच समिति का गठन किया है। जुमात-उल-विदा को एक वीडियो में एक गैर-स्थानीय को इस्लाम में परिवर्तित होते और श्रीनगर के हजरतबल मंदिर में कलमा पढ़ते हुए दिखाया गया। पुलिस ने उसी दिन विभिन्न धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की, जिसमें आरोप लगाया गया कि श्रीनगर के एक निवासी ने अपने घरेलू नौकर जो गैर-स्थानीय व्यक्ति है, को इस्लाम में परिवर्तित होने के लिए मजबूर किया।

नेपाल में राजशाही बहाली की मांग कर रहे प्रदर्शनकारी पुलिस से भिड़े

काठमांडू। नेपाल में राजशाही बहाल करने की मांग कर रहे सैकड़ों प्रदर्शनकारियों की राजधानी काठमांडू में पुलिस के साथ झड़प हो गई। वर्ष 2008 में सत्ता से हटाए गए पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के समर्थकों ने प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख सरकारी विभागों के कार्यालयों तक पहुंचने के लिए अवरोधकों को तोड़ने का प्रयास किया। पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए लाठियां चलाई और पानी की बौछार की। बता दें, किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। विरोध प्रदर्शन का आह्वान ज्ञानेंद्र का समर्थन करने वाली राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी ने किया था।

अगर कोई हमारे स्वाभिमान को ठेस पहुंचाएगा तो मुंहतोड़ जवाब देंगे

चीन सीमा के पास रैली में राजनाथ की दो टूक-स्थानों के नाम बदलने से कुछ नहीं होता

नामसाई, एजेंसी



तमिलनाडु के मदुरै में मीनाक्षी मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद महंतों से भेंट करते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अरुणाचल प्रदेश के नामसाई में एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित किया। उन्होंने अरुणाचल प्रदेश पूर्वी निर्वाचन क्षेत्र के उम्मीदवार तापिर गाओ के समर्थन में रोड शो किया।

उन्होंने कहा कि चीन ने अरुणाचल प्रदेश के तीन स्थानों के नाम बदल दिए हैं और अपनी वेबसाइट पर पोस्ट कर दिए हैं। मैं अपने पड़ोसी को बताना चाहता हूं कि नाम बदलने से कुछ नहीं होने वाला है। अगर कल हम चीन के कुछ प्रांतों और कुछ राज्यों के नाम बदल दें, तो क्या ऐसा करने से वे क्षेत्र भारत का हिस्सा बन जायेंगे? रक्षा मंत्री ने कहा कि हम अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहते हैं लेकिन अगर कोई भारत के सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज भारत उसका जवाब देने की ताकत रखता है। रक्षा मंत्री ने अरुणाचल प्रदेश के लोगों की भी सराहना की और उन्हें रणनीतिक संपत्ति बताया। बोले- इसलिए हमारे हृदय में आप सभी के प्रति विशेष प्रेम और सम्मान की भावना है। जब भी चीन से युद्ध हुआ तो आपकी जो भूमिका रही, उसे पूरा भारत कभी नहीं भूल सकता। उन्होंने कहा, मेरी बहनो और भाइयो, भारत हमेशा आपका ऋणी रहेगा। यह हम सभी का घर है। सरकारी ग्लोबल टाइम्स अखबार ने 31 मार्च को अपनी खबर में कहा था कि चीनी नागरिक मामलों के मंत्रालय ने जंगनान में मानकीकृत भौगोलिक नामों की चौथी सूची जारी की है। चीन अरुणाचल प्रदेश को जंगनान कहता है और उस पर दक्षिण तिब्बत के हिस्से के रूप में दावा करता है। पिछले साल अप्रैल में भी जब चीन ने अरुणाचल के 11 स्थानों के लिए अपने मानकीकृत नामों की तीसरी सूची जारी की थी तो भारत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की थी।

आज के भारत के पास जवाब देने की ताकत

चुनावी रैली में चीन की करतूत पर दो टूक जवाब देते हुए राजनाथ सिंह ने कहा कि अगर भारत चीन के कुछ जगहों और कुछ प्रांतों के नाम बदल दें तो क्या वो भारत का हिस्सा बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि भारत अपने पड़ोसियों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखना चाहता है। बावजूद इसके, अगर कोई हमारे सम्मान को ठेस पहुंचाने की कोशिश करता है तो आज के भारत में जवाब देने की ताकत है।

कनाडाः गोलीबारी में भारतीय मूल के कारोबारी की मौत

ओटावा। सोमवार को कनाडा के दक्षिण एडमोंटन शहर में गोलीबारी हुई। इस घटना में एक भारतीय मूल के युवक सहित दो लोगों की मौत हो गई। भारतीय मूल के व्यक्ति की पहचान एडमोंटन स्थित गिल बिल्ट होम्स के मालिक बूटा सिंह गिल के रूप में की गई है। घटना की जानकारी देते हुए एडमोंटन शहर की पुलिस ने कहा, सोमवार को दक्षिण-पश्चिम शाखा के गश्ती अधिकारियों ने कैवनघ बुलेवार्ड एसडब्ल्यू और चेर्नियक वे एसडब्ल्यू के क्षेत्र से गोलीबारी की रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया दी थी।

पुलिस ने आगे कहा कि अधिकारियों के पहुंचने पर तीन घायल पुरुषों का पता चला। जिसमें से दो पुरुष, एक 49 वर्षीय और एक 57 वर्षीय व्यक्ति की मृत्यु पाया गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने दो मृत घोषित कर दिया, वहीं एक घायल का उपचाराधीन है। पुलिस ने कहा कि शवोंपरीक्षण के लिए भेज दिया गया है। पुलिस ने कहा, जिसमें एक भारतीय मूल का करोबारी युवक भी शामिल है। मामले की जांच की जा रही है।

भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर अमेरिका का टिप्पणी से इनकार

वाशिंगटन, एजेंसी

- पाकिस्तान ने भारत पर लगाए थे आतंकियों की हत्याओं के आरोप

बीती साल पाकिस्तान में हुईं भारत के दुश्मनों की हत्याओं पर पड़ोसी देश ने इसका आरोप भारत पर लगाया है, लेकिन भारत ने इन आरोपों से साफ इनकार कर दिया। अब इसे लेकर अमेरिका ने दोनों देशों को बातचीत के जरिए समाधान ढूंढने की अपील की।

अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान पाकिस्तान के आरोपों को लेकर सवाल किया गया। इस पर मैथ्यू मिलर ने कहा कि 'इस मुद्दे पर हम नजर बनाए हुए हैं। हम आरोपों पर कोई टिप्पणी नहीं करेंगे। हम इस मामले में नहीं पड़ना चाहते, लेकिन हम दोनों पक्षों को बातचीत के जरिए समाधान खोजने के लिए प्रेरित करते हैं।' ब्रिटिश मीडिया की कुछ रिपोर्ट्स में पाकिस्तान के आरोपों की खबर प्रकाशित की गई है। हालांकि भारत ने इन रिपोर्ट्स को भ्रामक और झूठा प्रोपेगैंडा फैलाने वाली खबर बताया है। इन रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि भारतीय खुफिया एजेंसी रॉ ने विदेशी धरती पर देश के दुश्मनों को निशाना बनाया। 2019 में हुए पुलवामा हमले के बाद से अब तक 20 ऐसी घटनाएं हो चुकी हैं, जिनमें अज्ञात हमलावरों ने भारत के दुश्मनों को विदेशी धरती पर निशाना बनाया।

मीडिया रिपोर्ट्स में कथित तौर पर भारत और पाकिस्तान के खुफिया अधिकारियों के हवाले से कहा गया है कि भारत सरकार विदेशी धरती पर रहने वाले आतंकवादियों की हत्या करा रही है। ब्रिटिश मीडिया को पाकिस्तान ने भी कुछ कथित सबूत मुहैया कराए हैं, जिनमें गवाहों के बयान, गिरफ्तारी के रिकॉर्ड, वित्तीय लेन-देन के सबूत आदि शामिल हैं।

रिपोर्ट में विदेशों में खालिस्तानी आतंकियों की हत्या के पीछे भी भारत का हाथ बताया गया है। ब्रिटिश मीडिया के अनुसार, भारत को विदेश में अपने दुश्मनों की हत्याएं करने के लिए इस्राइली खुफिया एजेंसी मोसाद और रूसी खुफिया एजेंसी केजीबी से प्रेरणा मिली है।

भक्तों का जनसैलाब

श्रीनगर : चैत्र नवरात्र शुरू होने पर माता वैष्णो देवी के दर्शन के लिए मंगलवार को भक्तों का तांता लगा रहा। दरबार में हाजिरी लगाने हजारों श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। पहले दिन पवित्र गुफा में शत चंडी महायज्ञ का आयोजन किया गया। त्रिकुटा पहाड़ी के ऊपर सभी के लिए सद्भाव और अच्छे स्वास्थ्य की कामना के लिए नौ दिन पवित्र अनुष्ठान किया जाएगा। वहीं प्रतिदिन दोपहर 12 बजे से एक बजे तक एमएच1 श्रद्धा चैनल पर हवन का सीधा प्रसारण किया जाएगा। 2023 के पहले तीन महीनों के मुकाबले इस साल 77838 ज्यादा भक्तों ने दर्शन किया है। ● एजेंसी

छत्तीसगढ़ में बस खाई में गिरी, 12 की मौत, 14 घायल

दुर्ग (छत्तीसगढ़)। छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले में मंगलवार को एक बस खाई में गिर गई, जिसमें सवार 12 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य 14 लोग घायल हुए हैं।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कुम्हारी थाना क्षेत्र के अंतर्गत खपरी गांव के पास अनियंत्रित बस 40 फुट गहरी खाई में गिर गई। घायल को पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। केडिया डिस्टिलरीज की बस में लगभग 30 कर्मचारी सवार थे। पुलिस के मुताबिक, घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस दल को घटनास्थल के लिए रवाना किया गया और बचाव कार्य शुरू कर दिया गया।

अमेरिका में बीते माह से लापता भारतीय छात्र का शव बरामद

न्यूयॉर्क, एजेंसी

- एक हफ्ते में यह दूसरी घटना आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने गया था हैदराबाद का छात्र

अमेरिका में एक और भारतीय छात्र की मौत हो गई है। दरअसल बीते महीने लापता हुए भारतीय छात्र मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव मिला है। मोहम्मद अब्दुल अरफात का शव अमेरिका के क्लीवलैंड से बरामद हुआ है। एक हफ्ते में यह दूसरी घटना है, जब किसी भारतीय छात्र की अमेरिका में मौत हुई है।

मोहम्मद अब्दुल अरफात भारत के हैदराबाद के नचारम का निवासी था और वह बीते साल मई में क्लीवलैंड यूनिवर्सिटी से आईटी में मास्टर्स की पढ़ाई करने अमेरिका आया था। परिवार से आखिरी बार 7 मार्च को हुई थी बात अरफात के पिता मोहम्मद सलीम ने बताया कि अरफात से उनकी आखिरी बार 7 मार्च को बात हुई थी, उसके बाद से परिवार के साथ उसका कोई संपर्क नहीं था। उसका मोबाइल फोन भी बंद था।' अरफात के साथ रह रहे युवक ने अरफात के पिता को बताया था कि उन्होंने पुलिस में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करा दी थी। 19 मार्च को अरफात के परिवार को एक अज्ञात कॉल आया, जिसमें कहा गया कि अरफात का ड्रग्स बेचने वाले गैंग ने अपहरण कर लिया है और उन्होंने उसे छोड़ने के एवज में 1200 अमेरिकी डॉलर की मांग की। कॉल भरी धमकी में फिरौती की रकम नहीं देने पर वे अरफात की किडनी बेच देंगे।

डब्ल्यूएफआई के निलंबन पर खेल मंत्रालय से जवाब मांगा

नई दिल्ली। दिल्ली हाईकोर्ट ने निलंबन के खिलाफ भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) की याचिका पर जवाब देने का केंद्र सरकार को निर्देश दिया है। जस्टिस सुब्रमण्यम प्रसाद ने केंद्रीय खेल और युवा कार्य मंत्रालय को नोटिस जारी करके चार सप्ताह के भीतर याचिका पर जवाब देने के लिए कहा है।

मामले की अगली सुनवाई 28 मई को होगी। बता दें, केंद्र ने 24 दिसंबर 2023 को चुनाव के बाद डब्ल्यूएफआई को फैसले लेते समय अपने ही संविधान के प्रावधानों का पालन नहीं करने की वजह से निलंबित कर दिया था। सीनियर एडवोकेट डी कृष्णन ने कहा कि अनिश्चित काल के लिए निलंबित पर कोई कारण बताओ नोटिस जारी नहीं किया गया।

विज्ञान अब सुलझेगी सूर्य के कोरोना की अबूझ पहेली, पूर्ण सूर्यग्रहण देखने भारत से कई वैज्ञानिक भी पहुंचे टैक्सास और मैक्सिको

54 वर्ष बाद सूर्य के तेज पर पड़ी अंधकार की छाया

नैनीताल कार्यालय

एरीज के वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण की तस्वीर को कैमरे में किया कैद।

अमृत विचार : सूर्य के कोरोना के रहस्य को समझने के लिए पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान दुनियाभर के सौर वैज्ञानिक उत्तरी अमेरिका में एकत्र हुए। 54 वर्ष बाद वैज्ञानिकों की उम्मीद जगी है कि यह सूर्यग्रहण सूर्य कोरोना के भीतरी रहस्य को समझने में मददगार साबित हो सकता है।

ध्यान रहे पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान ही सूर्य के कोरोना को देखा जा सकता है। सूर्यग्रहण अध्ययन के लिए भारत से कई वैज्ञानिक टैक्सास व मैक्सिको पहुचे थे। जिनमें आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान के वैज्ञानिकों की टीम भी पहुची हुई थी। एरीज के वैज्ञानिकों ने बीती रात पूर्ण सूर्यग्रहण के तस्वीरों को कमरे में कैद किया। इन तस्वीरों से आगे का अध्ययन किया जाएगा। वैज्ञानिकों ने पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान संयुक्त राज्य अमेरिका के टेक्सास में सूर्य ग्रहण की पल पल की तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया। इन तस्वीरों से सूर्य की उच्च आवृत्तियों पर आंतरिक कोरोना की गतिशीलता को समझने मे मदद मिलेगी। साथ ही कोरोना की गतिविधियों को समझा जा सकेगा। इस अध्ययन में एरीज के साथ अमेरिका में कार्यरत भारतीय मूल के सौर विज्ञानी भी शामिल रहे। यह दुर्लभ सूर्यग्रहण था और वैज्ञानिक दृष्टि से यह अत्यंत महत्वपूर्ण घटना थी। पूर्ण सूर्यग्रहण के दौरान हरी उत्सर्जन कही जाने वाली लाइन में सौर कोरोना के एक उच्च-ताल नैरोबैंड की प्रत्येक तस्वीरों को कैमरे मे कैद किया है। इससे सूर्य के कोरोना के उच्च-आवृत्ति दोलन और परिवर्तनीय घटनाओं की जांच की जा सकेगी।

वैज्ञानिकों को उम्मीद है कि यह अध्ययन सूर्य के बारे में कूछ नए रहस्य उजागर कर सकेगा। जिसका आगे की जांच में पता चलेगा। प्रो दीपांकर बनर्जी के साथ डा एस. कृष्णा प्रसाद व डा टी.एस. कुमार के अलावा अमेरिका में कार्यरत भारत के पूर्व छात्र रितेश पटेल, सुभमोय चटर्जी और विभूति कुमार झा अध्ययन में शामिल हुए थे। उधर भारतीय तारा भौतिकी संस्थान बंगलुरू के पूर्व खगोलविद प्रो आरसी कपूर भी इस अभियान मे शामिल थे।

टेक्सास के बाउल स्टेडियम में 10 हजार लोगों का उमड़ा हुजूम

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के निदेशक प्रो. दीपांकर बनर्जी ने सूर्य ग्रहण अध्ययन की जानकारी देते हुए बताया कि टेक्सास कॉटन डलास के बाउल स्टेडियम में दस हजार से अधिक लोग सूर्यग्रहण अवलोकन के लिए कई देशों से पहुचे हुए थे। जिनमें वैज्ञानिकों समेत पेशवर लोग शामिल हुए थे, जो अपनी दूरबीनों के साथ मौजूद थे। यह स्थल अंतराष्ट्रीय स्तर का सार्वजनिक आउटरीच कार्यक्रम भी था। यह ग्रहण दुर्लभ था। जिसे देखने के लिए दुनियाभर के लोग उत्तरी अमेरिका पहुचे हुए थे। वैज्ञानिक दृष्टि से इसका बड़ा महत्व था। जिस कारण दुनिया के लगभग सभी देशों के सौर विज्ञानी पहुचे हुए थे।

गाजा में मानवीय संकट अस्वीकार, रोकें युद्ध

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी

भारत ने गाजा में चल रहे इजराइल-हमास संघर्ष के कारण उत्पन्न मानवीय संकट को बिल्कुल अस्वीकार्य बताया है। इसके साथ ही संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के उस प्रस्ताव को सकारात्मक कदम बताया जिसमें रमजान के महीने में तत्काल युद्धविराम की मांग की गई है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में सोमवार को विचार व्यक्त करते हुए भारत की स्थायी प्रतिनिधि रुचिरा कंबोज ने कहा कि हम गाजा में चल रहे संघर्ष से बेहद परेशान हैं। रुचिरा कंबोज ने कहा कि इससे मानवीय संकट गहरा गया है और क्षेत्र व उसके बाहर अस्थिरता बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि भारत संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद द्वारा 25 मार्च को एक प्रस्ताव को अपनाने को सकारात्मक कदम के रूप में देखता है। इजराइल और हमास के बीच चल रहे संघर्ष में बड़े पैमाने पर नागरिकों, विशेषकर महिलाओं और बच्चों की जान गई है।

उन्होंने कहा कि इससे उपजा मानवीय संकट पूरी तरह से अस्वीकार्य है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में पिछले महीने अपनाए गए प्रस्ताव में रमजान के महीने के लिए तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। इसका सभी पक्षों से सम्मान करने की बात कही गई थी, जिससे एक स्थायी युद्धविराम हो सके। कंबोज ने कहा कि आतंकवाद के सभी स्वरूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध भारत का दीर्घकालिक और समझौता न करने वाला रुख रहा है, हम सभी बंधकों की तत्काल और बिना शर्त रिहाई की मांग करते हैं।

लोगों को तत्काल मानवीय सहायता उपलब्ध कराई जाए

रुचिरा कंबोज ने कहा कि भारत ने फलस्तीन के लोगों को मानवीय सहायता उपलब्ध कराई और आगे भी करता रहेगा। हम इसके साथ पिछले वर्ष सात अक्टूबर को इजराइल के निरीह नागरिकों की हत्या की कड़ी निंदा करते हैं। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरस ने कहा कि गाजा पर लंबे समय से प्रतीक्षित प्रस्ताव को लागू किया जाना चाहिए, विफलता अक्षम्य होगी।